तस्मै विषभयं नास्ति सर्वत्र विजयी भवेत्॥

(8) महाकुम्भ पर्व के अवसर पर प्रमुख स्नान करें और कुम्भ में स्थित शिव मन्दिर में जाकर विधिपूर्वक पूजन करें। चाँदी के बने नाग-नागिन के कम-से-कम ११ जोड़ों को प्रतिदिन शिवलिंग में चढ़ाएँ तथा महादेव से इस कुयोग से मुक्ति प्रदान करने की प्रार्थना करें।

(9) सोना-७ रत्ती, चाँदी-१२ रत्ती, तांबा-१६ रत्ती-ये तीनों मिलाकर सर्पाकार अंगूठी अनामिका अंगुली में धारण करने से वांछित लाभ प्राप्त होता है। जिस दिन धारण करें, उस दिन राहु की सामग्री का आंशिक दान भी करना चाहिए।

(10) नागपंचमी का व्रत करें तथा नवनाग स्तोत्र का पाठ करें। 'अनन्त चतुर्दशी' का व्रत भी विधिपूर्वक रखें।

(11) प्रत्येक बुधवार को काले वस्त्र में उड़द या मूंग एक मुट्ठी डालकर, राहु का मन्त्र जाप कर किसी भिखारी को दे देवें। यदि दान लेने वाला कोई नहीं मिले तो बहते पानी में उस अन्न को छोड़ देना चाहिए। इस प्रकार 72 बुधवार करते रहने से अवश्य लाभ होता है।

(12) यदि किसी स्त्री की कुंडली इस योग से दूषित है तथा संतति का अभाव है, पूजन-विधि नहीं करवा सकती तो किसी अश्वत्थ (बट) के वृक्ष से नित्य १०८ प्रदक्षिणा (घेरे) लगाने चाहिए। तीन सौ दिन में जब २८००० प्रदक्षिणा पूरी होगी तो दोष दूर होकर स्वतः ही संतति की प्राप्ति होगी।

(13) इसके अतिरिक्त महाकाल रुद्र स्तोत्र, मनसादेवी नाग स्तोत्र, महामृत्युञ्जय आदि स्तोत्रों का विधि-विधान से पूजन, हवन करने से कालसर्प दोष की शान्ति हो जाती है।

कालसर्प दोष की शान्ति के लिए हमारी पुस्तक की प्रतीक्षा कीजिए।

फलित ज्योतिष में प्रसिद्ध ग्रह योग

(1) योगों का फल प्राप्ति काल—

यस्य योगस्य यः कर्ता बलवान् जितदृग्युतः।
अधियोगादि योगेषु स्वदशायां फलप्रदः।। ६६।। जातक पारि.

अर्थात्—किसी भी योग का जो ग्रह कारक होवे, यदि बली होकर बली ग्रह से दृष्ट या युत हो, तो वह ग्रह अपनी दशा में उस विशिष्ट योग का फल देता है।

(2) भाग्य का उदय अपने देश में अथवा विदेश में होगा ?

स्वस्वामिदृष्ट युक्तं स्वदेशफल फलदायकं मुनिभिरूक्तम्।
अन्येन सहित दृष्टं परदेशफलप्रदं भवति भाग्यम्।। (सारावली) द्वात्रिंशोऽध्याय।।

अर्थात्—यदि भाग्य भाव अपने स्वामी से दृष्ट वा युक्त हो तो अपने देश में ही फल देने वाला होता है तथा भाग्यभाव स्वामी से दृष्ट व युक्त न होकर अन्य किसी ग्रह से दृष्ट वा युक्त हो, तो जातक का भाग्य परदेश में फलीभूत होता है। ऐसा मुनिगणों का कथन है।

उदा. कुण्डली 25-02-1936
7-21 A.M. Hoshiarpur

(3) विदेश गमन सम्बन्धी अन्य योग—

यदि भाग्येश व पंचमेश, अष्टमेश युक्त होकर द्वादश भाव में चरराशिस्थ होकर बैठे हों, तो जातक अपने जन्म स्थल से दूर रहकर धनार्जन करता है। धनेश ग्रह की धन भाव पर स्वगृही दृष्टि हो, तो जातक धनी व उच्च प्रतिष्ठित होगा।

(4) पुत्र जन्म से भाग्य वृद्धि के योग—

पुत्र स्थानाधिपे स्वोच्चे लग्नाद् वा द्वित्रिकोणगे।
गुरूणा संयुते दृष्टे वा पुत्र भाग्यमुपेति सः।।१५।। (पराशर होरा.)

अर्थात्—यदि **पंचमेश ग्रह** अपने उच्च में हो (मूल त्रिकोण या स्वक्षेत्र में), अर्थात् राशिबली हो एवं 1, 5 या 9वें स्थान में हो और गुरू से दृष्ट रहे, तो पुत्र जन्म के बाद, जातक का भाग्य चमकता है।

(5) पुत्र जन्म से कलह-क्लेश एवं हानि के योग—

त्रियतुः पापसंयुक्ते सुते सौम्य विवर्जिते।
सुतेशे नीचराशिस्थे नीचसंस्थो भवेत्शिशुः।।१६।। पाराशर होराः।।

अर्थात्—यदि पंचम भाव में कोई शुभ ग्रह न हो तथा तीन चार पापग्रह पंचम में हों एवं **पंचमेश** नीच राशि में हो, तो जातक का पुत्र निंद्य कर्म करने वाला एवं जातक के परिवार को हानि पहुँचाने वाला होगा। (वृहद-पाराशर होराशास्त्र)

(6) राज योग—

चन्द्रः पश्येत् यदाऽऽदित्यं बुधः पश्येत् निशापतिम्।।
अस्मिन्योगे तु यो जातः सः भवेद् वसुधाधिपः।। (मानसागरी)

अर्थात्—जन्म कुण्डली में यदि चन्द्रमा सूर्य को देखता हो और बुध चन्द्रमा को देखता हो, तो इस योग में उत्पन्न होने वाला राज तुल्य सुख-साधनों से युक्त होता है।

(7) अपने गुणों से विख्यात राजयोग—

नक्षत्रनाथसहितः सविता नभःस्थः सौरिः विलग्नभवने हिबुके सुरेज्यः।
देवारिपूज्य बुध भूमि सुतै सलाभैः ख्यातो महीपतिरिहगुणैर्नरः स्यात्।।(सारावली)

अर्थात्—यदि कुण्डली में चन्द्रमा के साथ सूर्य दशम भाव में हो तथा लग्न में शनि व चतुर्थ में गुरु एवं एकादश भाव में बुध, शुक्र, भौम हों, तो जातक अपने गुणों द्वारा अर्जित राजा तुल्य सुखों को प्राप्त करता है।

(8) प्रसिद्ध राज योग—

यदि कुं. में मकर लग्न में शनि, सप्तम भाव में सूर्य, अष्टम भाव में शुक्र वृश्चिक राशि में मंगल, कर्क राशि में चन्द्रमा हो, तो जातक भूमि, जायदाद का स्वामी बनकर प्रसिद्ध राजा (नेता) होता है। (सारावली)

(9) यदि कुं. में मकर लग्न में निर्मल (उच्च) का मंगल हो, नवम में शनि, सप्तम भाव में सूर्य व चन्द्र हो, तो जातक अस्थिर स्वभाव वाला राजतुल्य योग होता है।

(10) गजकेशरी योग—

चन्द्रमा से केन्द्र में (१, ४, ७, १०) भाव में गुरू (बृहस्पति) हो, तो गजकेशरी योग होता है।

यदि शुक्र या बुध नीच या अस्त न होकर उच्च, स्वराशि में हों तथा गुरू लग्न भाव को स्वगृही दृष्टि से देखता हो, तो प्रबल गजकेशरी योग होता है। इस सम्बन्ध में भूतपूर्व राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की जन्म कुण्डली द्रष्ट्व्य है, जोकि अनन्य राष्ट्रभक्त एवं सत्यनिष्ट राष्ट्रनेता थे।

भूतपूर्व राष्ट्रपति
डॉ. राजेन्द्र प्रसाद

गजकेशरी योग में उत्पन्न जातक तीव्र बुद्धिमान, मेधावी, विवेकशील, लोकप्रिय, लोकमान्य, उच्चप्रतिष्ठित किंवा किसी पार्टी या समुदाय में प्रमुख राजनेता होता है। मृत्यु के बाद भी उसकी प्रसिद्धि अक्षुण्ण रहती है।

गजकेशरी सञ्जातः तेजस्वी धनधान्यवान्।
मेधावी गुण सम्पन्नो राजप्रिय करो भवेत्।।

(11) केमद्रुम योग—

परिभाषा—यदि जन्म कुण्डली में चन्द्रमा के दोनों ओर अर्थात् चन्द्रमा से दूसरे एवं बारहवें भावों में कोई ग्रह न हो, तथा न ही चन्द्र को कोई भी शुभाशुभ देखता हो, तो केमद्रुम योग बनता है।

फल—इस योग के फलस्वरूप जातक का जीवन अत्यन्त संघर्षपूर्ण, परिवारिक सुखों से हीन, आर्थिक परेशानियों से ग्रस्त, विदेश में (गृह से दूर) विचरण करने वाला, शत्रुभय से युक्त एवं निम्न कर्मों में रहने वाला होता है।

केमद्रुम भंग योग—यदि चन्द्र स्वराशि या स्वोच्च स्थिति में अथवा मित्र राशि में होकर गुरू, शुक्र, बुधादि शुभ ग्रह से युक्त या दृष्ट हो, तो केमद्रुम का अशुभ फल न होकर जातक धन, स्त्री-पुत्रादि सुखों से युक्त होता है।

(12) पुत्र सन्तति योग

पापे स्वर्क्षगते सुते तनयभाक् तस्मिन् सपापे पुनः पुत्राः स्युः बहुला शुभस्वभवने साग्रे सुते पुत्रहा।

संज्ञां च अल्प सुतर्क्षमित्यलिवृषस्त्री सिंहभानां विदुः तद्राशौ सुत भावगेऽल्प सुतवान् कालान्तरेऽसाविति। (फलदीपिका)

यदि कोई पाप-ग्रह पंचम स्थान का स्वामी होकर उसी स्थान में हो, तो पुत्र सन्तति होगी, लेकिन यदि कोई शुभ-ग्रह स्वराशि का स्वामी होकर पंचम में हो और साथ पंचम में पाप ग्रह हो, तो सन्तान नष्ट हो जाती है।

तात्पर्य यह है कि पाप ग्रह यदि स्वराशि का हो, तो वह अपने स्थान को नहीं बिगाड़ता, परन्तु यदि दूसरे घर में बैठा हो, तो जिस घर में बैठता है, उसको बिगाड़ता है।

(13) पुत्राभाव या पुत्र के कारण क्लेश योग—

पापे लग्ने लग्नपे पुत्रसंस्थे धीशे वीर्ये वेश्मनीन्दावपुत्रः।
ओजर्क्षेशे पुत्रगे सूर्यदृष्टे चन्द्रे पुत्र क्लेश भाक् स्यादसूनुः।। फलदीपिका

(1) पापग्रह लग्न में हों, लग्नेश पंचम में हो, पंचमेश तीसरे घर में हो, और चन्द्रमा चौथे घर में हो तो इस योग से पुत्र सुख नहीं होता।

(2) चन्द्रमा ओज* राशि और ओज अंश में स्थित होकर पाँचवें घर में हो, और सूर्य से देखा जाता हो। ऐसे ग्रह योग के कारण या तो पुत्र नहीं होता, अथवा पुत्र के कारण क्लेश हो।

*मेष, मिथुन, सिंह, तुला, धनु और कुम्भ-ये सभी ओज राशियां कहलाती हैं।
**अल्पसँज्ञक राशियाँ—वृष, सिंह, कन्या और वृश्चिक अल्प (कम सन्तान वाली) राशियाँ कहलाती हैं। यदि ये राशियाँ पंचम में हो, तो थोड़ी सन्तति होगी और वह भी बहुत समय बाद।

(14) स्थान विशेष से ग्रहों की विफलता—

सभानुरिन्दुः शशिजश्चतुर्थे गुरुसुते भूमिसुतः कुटुम्बे।
भृगुः सपत्नेरविजः कलत्रे विलग्नतस्ते विफला भवन्ति।।७२।। जातकपारिजात

अर्थात्—सूर्य के साथ चन्द्रमा, लग्न से चौथे भाव में बुध, पाँचवें भाव में बृहस्पति, दूसरे में मंगल, छठे में शुक्र और सातवें भाव में शनि हों, तो अपना शुभ फल देने में विफल होते हैं।

(15) ग्रह सहचर्य से बल वृद्धि अर्थात्—
(कौन किसका बल बढ़ाता है)

अर्केण मन्दः शनिना महीसुतः, कुजेन जीवो, गुरुणा निशाकरः।
सोमेन शुक्रोऽसुरमन्त्रिणा बुधो, बुधेन चन्द्रः खलु वर्द्धते सदा।। जातक परि.

अर्थात्—**सूर्य से शनि**, शनि से मंगल, मंगल से वृहस्पति, **बृहस्पति से चन्द्रमा**, चन्द्र से शुक्र, शुक्र से बुध और बुध से चन्द्रमा सदा बढ़ते हैं।

अर्थात्—सूर्य के साथ रहने से **शनि का बल** बढ़ता है। **शनि के साथ मंगल** का बल बढ़ता है एवं मंगल के साथ गुरू का, गुरू के द्वारा चन्द्रमा का, चन्द्रमा के द्वारा शुक्र का, एवं शुक्र के द्वारा बुध का और बुध के द्वारा चन्द्रमा का बल बढ़ता है।।६०।। (जातक पारिजात)

(16) जन्म एवं गोचर ग्रहों का फल देने का समय—*

आद्यन्त मध्यभवनोपगता नभोगाश्च आदिव्यभूमि तनयौ शनिशीतरश्मी।
जीवासुर इन्द्रसचिवौ फलदाः क्रमेण तारासुतः सकलकाल फलप्रदः स्यात् ।।

सूर्य और मंगल राशि के आदि में, शनि और चन्द्रमा राशि के मध्य में, बृहस्पति और शुक्र राशि के अन्त्य में फल देते हैं और बुध सम्पूर्ण राशि में फल देता है। (जातक पारिजात)

रामाचार्य द्वारा भी ऐसा कहा गया है—

राश्यदिगौ रविकुजौ फलदौ, सितेज्यौमध्ये, सदा शशिसुतश्चरमेऽब्ज मन्दौ।।

(16) अन्य ग्रह के योग से ग्रह दोष निवारण—*

राहुदोषम्बुधो हन्यात् उभयोस्तु शनैश्चरः।
त्रयाणां भूमिजो हन्ति चतुर्णां दानवार्चितः।। ७३।।
पंचानां देव मन्त्री च षण्णां दोषं तु चन्द्रमाः।
सप्तदोषं रविः हन्यात् विशेषात् उत्तरायणे।। ७४।। जा. पारिजात

राहु का दोष बुध नाश करता है। इन दोनों के दोषों को शनैश्चर नाश (दूर) करता है। इन तीनों के दोषों को मंगल नाश करता है। फिर इन चारों के दोषों को शुक्र नाश करता है। इन पांचों के दोषों का नाश वृहस्पति करता है। इन छहों ग्रहों के दोषों का संहार चन्द्रमा करता है। सात दोषों का हनन सूर्य करता है। सूर्य यदि उत्तरायण में हो, तो विशेष रूप से दोषों का नाश करता है।

आयुनिर्णय (एक दृष्टिकोण)

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार आयु के योग तीन प्रकार के होते हैं–
अल्पायु, मध्यायु और दीर्घायु।।

त्रिविधाश्चायुषो योगाः स्वल्पायुर्मध्यदीर्घोत्तमाः।

32 वर्ष तक अल्पायु कहलाती है। 32 वर्ष के पश्चात् 64 वर्ष तक मध्यायु कहलाती है तथा 65 के उपरान्त सौ (100) वर्ष तक **दीर्घायु** कहलाती है। सौ (100) वर्ष से अधिक **उत्तम आयु** कहलाती है।

द्वात्रिंशात्पूर्वमल्पायुर्मध्यमायुस्ततो भवेत्।।
चतुःषष्ठयाः पुरस्तात् तु ततो दीर्घमुदाहृता।
उत्तमायुः शतातूर्ध्वं ज्ञातव्यं मुनिसत्तम्।।

श्री मन्त्रेश्वर अनुसार बारह वर्ष की अवस्था तक बालक/बालिका की आयु का विचार निश्चयपूर्वक नहीं किया जा सकता। बालक की कुण्डली में दीर्घायु योग होने पर भी माता-पिता के लिए हुए पाप-कर्म या बालारिष्ट ग्रह योगों के कारण बच्चे की अकालमृत्यु हो सकती है।

अन्यत्र भी इस विषय में उल्लेख मिलता है–

आद्वादशाब्दात् जन्तूनामायुः ज्ञातुं न शक्यते।
जप होमचिकित्साद्यैः बालरक्षां तु कारयेत्।।

अर्थात् बारह (12) वर्ष की अवस्था तक बच्चे की आयु का ज्ञान नहीं हो सकता है, तब तक जप, होम, औषधि, प्रभु प्रार्थना आदि से बालक की रक्षा करनी चाहिए। बारह वर्षों में जातक की अपमृत्यु का कारण बतलाते हुए श्री मन्त्रेश्वर महाराज लिखते हैं, कि प्रथम बारह वर्ष की आयु में से **प्रथम चार वर्ष** की आयु तक **माता के पापों के कारण** बालक की अपमृत्यु हो जाती है। चार वर्ष से आठ वर्ष तक की आयु में पिता के पापों के कारण और आठ से बारह वर्ष तक की आयु में बच्चे की अपने पूर्व जन्म के पापों के कारण अपमृत्यु होती है–

आद्ये चातुष्के जननीकृताद्यैःमध्ये च पित्रार्जित पाप संघैः।
बालस्तदन्त्यासु चतुःशरत्सु स्वकीयदोषैः समुपैति नाशम्।।

बालारिष्टादि योग–जन्म से आठ वर्ष तक विशेष शरीर कष्ट होने से [A]बालारिष्ट कहलाता है। आठ वर्ष से बीस वर्ष तक योगारिष्ट, बीस से 32 वर्ष तक अल्पायु कहलाती है। 32 से 70 तक मध्यमायु और 70 से 100 वर्ष तक पूर्णायु कहलाती है। (मतान्तर से 32 से 64 वर्ष तक को मध्यमायु तथा 65 से 100 तक पूर्णायु मानते है, जैसा कि लेख के प्रारम्भ में उल्लिखित है।)

इस सम्बन्ध में आचार्य वैद्यनाथ रचित **'जातक पारिजात'** के मत अनुसार सात प्रकार के आयु के भेद कहे गए हैं–

बालारिष्ट योग संजातमल्पं तेषां भङ्गान्मध्यमं दीर्घमायुः।
दिव्यं योगाभ्यासमन्त्र क्रियाद्यैरायुः सप्तैतानि संकीर्तितानि।।

अर्थात् (1) बालारिष्ट 8 वर्ष तक, (2) योगारिष्ट 20 वर्ष तक, (3) अल्पायु 32 वर्ष तक, इनके भंग से (4) मध्यमायु 70 वर्ष तक, (5) दीर्घायु 100 वर्ष तक, उसके बाद (6) देवायु, उसके अनन्तर, (7) योगाभ्यास मन्त्रादिक अनुष्ठानादि द्वारा असँखयायु– ये सात प्रकार के आयु के भेद कहे गए हैं।

अल्पायु सम्बन्धी कुछ बालारिष्ट योग

(1) विलग्नयातस्त्वपि देवमन्त्री विनाश रिःफारिगते शशांके।
विलोकिते पापवियच्चरेण विभानुना मृत्युमुपैति बालकः।। (जा. पारि.)

अर्थात् जन्मकाल में यदि क्षीण चन्द्रमा छठे, आठवें या 12वें भाव में रहकर सूर्य के अतिरिक्त पाप ग्रह (मंग., शनि, राहु, केतु) ग्रह से देखा जाता हो, तो गुरू (बृहस्पति) के लग्न में रहने पर भी बालक मृत्यु को प्राप्त होता है, अर्थात् यह प्रबल अरिष्ट योग है। यदि उक्त दुःस्थानों में क्षीण चन्द्र की भौम या शनि या राहु से अंशात्मक युति हो, तो भी विशेष अरिष्टप्रद होता है।

(2) गण्डान्ततारा सहिते मृगांके पापेक्षिते पापसमन्विते वा।
बालो लयं याति समृत्युभागे चन्द्रे तथा पापनिरीक्षितो वा।।

अर्थात् गण्डान्त नक्षत्र में चन्द्रमा हो, वह पापग्रह से दृष्ट या युक्त हो, तो बालक को अरिष्ट होता है, अथवा अष्टम भाव में स्थित चन्द्र पर पाप ग्रह की दृष्ट हो, तो भी बालक को अरिष्ट होता है, अथवा मृत्यु को प्राप्त होता है।

नोट–कर्क, बृश्चिक व मीन का अन्त्य भाग तथा मेष, धनु का प्रारम्भ भाग को गण्डान्त (राशि सन्धि) संज्ञा होती है।

A-बालारिष्ट के अन्तर्गत तिथि, वार, लग्न या लग्ननेशादि या राहु आदि अनिष्ट ग्रह सम्बन्धी योगों का होना या क्षीण चन्द्र का 6, 8, 12वें स्थान में पड़ना अथवा लग्न गण्डान्त, नक्षत्र गण्डान्त, विषघटी आदि नक्षत्रांशों पर बालक का जन्म होना, बालारिष्ट दोष कहलाता है।

(3) क्षीण चन्द्र लग्न में हो, पाप ग्रह (मंगल, शनि, या राहु या केतु) केन्द्र अथवा अष्टम भाव में हों, तो बालक की अपमृत्यु होने की सम्भावना होती है। 6, 8 वें भावों में शुभ ग्रह पापग्रहों से दृष्ट हों, तो बालक की मृत्यु एक मास में होती है।

(4) चन्द्र पाप ग्रह से युक्त या दृष्ट होकर 1, 6, 8 या 12 वें भाव में स्थित हो, और चन्द्र शुभ ग्रह से दृष्ट न हो तथा केन्द्र भावों में शुभ ग्रह का अभाव हो, तो बालक की आयु को अरिष्ट योग होता है।

(5) चन्द्र क्रूर ग्रहों से युक्त होकर 1, 7, 8 या 12वें भाव में हों, केन्द्र में शुभ ग्रह न हों और चन्द्र पर शुभ ग्रह की दृष्टि न हो, तो बालक की आयु को अरिष्ट होता है।

(6) निम्नलिखित योगों में बालक/बालिका की आयु को अरिष्ट योग होता है–

(क) जन्म कुण्डली के चारों केन्द्रों में क्रमशः चन्द्र, सूर्य, मंगल एवं शनि हों। अर्थात् एक केन्द्र में चन्द्र, दूसरे केन्द्र में सूर्य, तृतीय में मंगल तथा चौथे केन्द्र में शनि हो।

(ख) 2, 6, 8 एवं 12वें भावों में पाप ग्रह हों।

(ग) बुध, गुरू, शुक्र, ग्रह, वक्री होकर क्रूर ग्रहों से दृष्ट हों तथा लग्न में शुभ ग्रह न हों।

(घ) छठे भाव में मंगल, शनि हों, बुध बारहवें भाव में हो तथा लग्न में चन्द्रमा हो।

(ङ) अष्टमेश ग्रह केन्द्र में हो, और लग्नेश निर्बली हो।

(च) चन्द्र या शनि से युक्त सूर्य अष्टम भाव में हों, तो भी अपमृत्यु योग होता है।

दशा से मृत्यु परिज्ञान

- यदि अष्टमेश ग्रह छटे, आठवें या बारहवें स्थान में स्थित हो, तो उसकी दशा या अन्तर्दशा में मृत्यु जाननी चाहिए।
- *अथवा* शनि की अधिष्ठित राशि के स्वामी की दशा में अष्टमेश की अन्तर्दशा में जातक की मृत्यु होती है।
- *अथवा* अष्टमेश ग्रह की दशा में मृत्यु होती है। या अष्टमेश ग्रह से युक्त ग्रह की अन्तर्दशा अरिष्टकर होती है।
- मारक दशा का निश्चय करने में अष्टमेश एवं आयुष्य के कारक शनि की दशा आदि का विचार करना चाहिए। अष्टमेश यदि दुष्ट स्थानों में स्थित हो, तो वह दशा विशेष अरिष्टकर होगी।
- अष्टमेश, लग्नेश, दशमेश तथा शनि–इनमें जो ग्रह निर्बह हो तथा राहु से युक्त हो, तो उसकी दशा अरिष्टकारक होती है।
- *अथवा* इस राहु युक्त ग्रह से जो ग्रह दृष्ट या युक्त हो उसकी दशा या अन्तर्दशा अरिष्टकर या मारक होती है।
- अष्टमेश या लग्नेश की अधीष्ठित राशि के स्वामी की दशा अरिष्टकारक होती है।
- लग्न, चतुर्थ, पंचम, सप्तम, नवम या दशम स्थानों में यदि लग्नेश तथा अष्टमेश हों तथा वे किन्हीं ग्रहों से युक्त हो, तो उन ग्रहों में जो सबसे निर्बल ग्रह होगा, उसकी दशा में बालक/बालिका की आयु को अरिष्ट होता है।

गर्भाधान से जन्म तक महीनों के स्वामी ग्रह

गर्भाधान से लेकर नौ या दस महीनों तक की अवधि में, प्रत्येक मास का अलग-अलग स्वामी ग्रह माना जाता है। यदि किसी जातक या जातिका की जन्म-कुण्डली में ग्रहदशा/अन्तर्दशा अथवा गोचर स्थिति अशुभ चल रही हो, तो गर्भ हानि होने की सम्भावना होती है। गर्भवती स्त्री के गर्भ-मासानुसार पीड़ित ग्रह की पूजा, जप, दानादि करवाने से शान्ति होती है।

यो ग्रहो विवर्णो भवेत्तन्मासे गर्भे पीडा, तथा
यो ग्रहों निपीडितो भवेत्तन्मासे गर्भस्य स्खलनं -वाच्यम् (जातक परि.)

प्रथम मास का शुक्र, दूसरे मास का मंगल, तीसरे मास का गुरू, चौथे मास का सूर्य, पांचवें मास का चन्द्र, छठे का शनि, सातवें मास का बुध है। आठवें मास का स्वामी आधान लग्नेश, नवमें मास का स्वामी चन्द्रमा और दशवें मास का स्वामी सूर्य है।

मासाधिपति ग्रह पीड़ित हो, तो अपने मास में गर्भपात करता है, निर्बल हो तो पीड़ा देता है, बलवान् हो, तो गर्भ की पुष्टि करता है। (जातक परि.)

गर्भ के महीनों के स्वामी ग्रह

गर्भ मास	१	२	३	४	५	६	७	८	९	१०
स्वामी	शुक्र	मंगल	गुरू	सूर्य	चन्द्र	शनि	बुध	आधान लग्नेश	चन्द्र	सूर्य

अशुभ एवं पीड़ित ग्रह की (स्त्री के गर्भ-मासानुसार) विधिपूर्वक पूजा जप, दान एवं ब्राह्मण भोजन करवाने से शान्ति होती है।

अरिष्ट भङ्ग योग

(1) शुभ ग्रह से दृष्ट या युक्त बलान्वित लग्नेश केन्द्र में पाप ग्रह की दृष्टि से रहित हो, तो बालक भाग्यशाली एवं दीर्घायु होता है।

अत्यन्तसत्त्वं यदि लग्ननाथे, सौम्यान्विते तादृश दृष्टि योगे।
केन्द्र स्थिते पापदृशा विहीने सद् भाग्य युगजीवति दीर्घमायुः।।

(2) तीसरे, छटे या ग्यारहवें (3, 6, 11)वें भाव में भौम, शनि, राहु, इकट्ठे या दो, या एक-एक हो, तो सब अरिष्टों को दूर करते हैं।

त्रिषडैकादशे भौमस्त्रिषडैकादशे शनिः।
त्रिषडैकादशे राहुः, सर्वारिष्ट निवारकाः।।

(3) पूर्ण चन्द्रः, शुभग्रह (स्वराशि, उच्चादि) की राशि में या शुभ ग्रह के नवांश में हो, और गुरू, शुक्रादि शुभ ग्रह की दृष्टि हो तो सब अरिष्ट नाश होते हैं–

चन्द्र सम्पूर्ण गात्रस्तु सौम्य क्षेत्रांशगोऽपि वा।
सर्वारिष्ट निहन्ता स्यात् विशेषात् शुभवीक्षितः।

(4) बुध, गुरू, शुक्र–इन तीनों में एक भी बलान्वित होकर केन्द्र में हो और पापग्रह से दृष्ट या युक्त न हो, तो अरिष्ट का नाश होता है।

(5) कृष्णपक्ष में दिन का जन्म हो अथवा शुक्ल पक्ष में रात्रि का जन्म हो, और ऐसे योग 6, 8 एवं 12वें भावस्थ चन्द्र माता की तरह पुत्र का पालन करता है, अर्थात् अरिष्ट दूर करता है। अर्थात् त्रिकस्थ चन्द्र को शुभाशुभ ग्रह देखते हों, तो भी अरिष्ट दूर होता है–

कृष्ण पक्षे दिवा जन्म शुक्ल पक्षेऽथवा निशि।
रिष्फारि रन्ध्रगश्चन्द्रो मृतृवत्परिपालकः।।

(6) **केन्द्रपगोऽतिबलवान् स्फुरंदशुमाली।**
स्वर्लोकराजिसचिवः शमयेद् अवश्यम्।।

अर्थात् बलवान् गुरु केन्द्र-त्रिकोण में हो तो अनेकों अरिष्ट दूर होते हैं।

(7) बली लग्नेश केन्द्र-त्रिकोण (1, 4, 5, 7, 9, 10) भावों में हो तो अरिष्ट योग होने पर भी बालक की चिरायु होती है।

(8) जिसकी कुण्डली में केन्द्र, त्रिकोण और अष्टम में पाप ग्रह न हों तथा लग्न का स्वामी और बृहस्पति केन्द्र में हो, तो ऐसा व्यक्ति पुण्यकर्म करने वाला, अनेक सुख, भोग एवं ऐश्वर्यों से युक्त, नीरोग रहता हुआ सौ वर्ष तक जीता है।

केन्द्रत्रिकोण निधनेषु न यस्य पाप लग्नाधिपः सुरगुरूश्च चतुष्टयस्थौ।
भुक्त्वा सुखानि विविधानि सुपुण्यकर्माजीवेच्च वत्सरशतं स विमुक्तरोगः।।२४।।

(फलदीपिका अध्याय १३।।

सामान्यतः 6, 8 या 12वें स्थानों के स्वामी जिस भाव में जाते हैं, उन्हीं भावों का नाश करते हैं, परन्तु अष्टमेश व लग्नेश एक ही ग्रह हो, जैसे मेष लग्न में मंगल, तो वह शुभफलदायक होता है। सूर्य व चन्द्रमा यदि अष्टमेश भी हों, तो भी अशुभ फल नहीं देते हैं। यही दोनों यदि मारक स्थान (2, 7) के स्वामी भी हों, तो भी मारकेश नहीं होते हैं।

किसी जातक की जन्मपत्री में सूक्ष्मफल कथन में भाव पद्धति, दशापद्धति, सुदर्शनपद्धति, गोचरपद्धति और अष्टकवर्ग आदि पद्धतियों का अनुशीलन अवश्य करना चाहिए।

श्रीपत्युदीरित दशाभिरथष्टवर्गात् यत्कालचक्रदशयोडु दशाप्रकारात्।
सम्यक्स्फुटाभिहतया क्रिययाप्त वाक्यात् आयुर्बुधो वदतु भूरिपरीक्षया च।।

अर्थात् जन्मकुण्डली में आचार्यों के आदेश अनुसार ग्रह स्पष्ट, दशा आदि का गणित कर श्रीपति द्वारा प्रतिपादित ग्रह दशाएँ, अष्टकवर्ग, कालचक्र दशा आदि का पूरा विचार कर आयु का निर्णय करना चाहिए।

जड़ी-बूटियों से अनिष्ट ग्रहों की शान्ति

हमारे परम दयालु महार्षियों ने (जो लोग बहुमूल्य रत्नों को धारण करने में असमर्थ हैं–उनके) ग्रह दोषों की शान्ति के लिए जड़ी-बूटी को धारण करना भी बतलाया है। वह इस प्रकार समझें–

सूर्य पीड़ाकारक हो तो बेलपत्र की जड़ गुलाबी डोरे में रविवार को धारण करें। **चन्द्र पीड़ाकारक** हो तो खिन्न की जड़ सफेद डोरे में सोमवार को, **मंगल पीड़ाकारक** हो तो अनन्तमूल की जड़ लाल डोरे में मंगलवार को, **बुध पीड़ाकारक** हो तो विधारा की जड़ हरे डोरे में बुधवार को। **गुरु पीड़ाकारक** हो तो नारंगी या **केले की जड़** पीले डोरे में गुरुवार को, **शुक्र पीड़ाकारक** हो तो सरपोंखा की जड़ सफेद डोरे में शुक्रवार को धारण करें। **शनि पीड़ाकारक** हो तो बिच्छू की जड़ काले डोरे में शनिवार को धारण करें। **राहु पीड़ाकारक** हो तो सफेद चन्दन नीले डोरे में बुधवार को धारण करें। **केतु पीड़ाकारक** हो तो अष्टगन्ध की जड़ आसमानी डोरे में गुरुवार को धारण करें।

नव ग्रह पीड़ा निवारक यन्त्र

८ ॐ ह्रीं राहवे नमः	१ ॐ ह्रीं सूर्याय नमः	६ ॐ ह्रीं शुक्राय नमः
३ ॐ ह्रीं भौमाय नमः	५ ॐ ह्रीं गुरवे नमः	७ ॐ ह्रीं शनये नमः
४ ॐ ह्रीं बुधाय नमः	९ ॐ ह्रीं केतवे नमः	२ ॐ सों सोमाय नमः

उपर्युक्त यन्त्र को नवग्रह स्तोत्र के पाठ उपरान्त अष्टगन्ध से एवं भोजपत्र पर सप्त या अष्टधातु की प्लेट पर खुदवा कर शुभ मुहूर्त्त कालीन दानपूर्वक अपने पास रखने से नवग्रह जनित नेष्टफल दूर हो जाता है।

चैत्र प्रतिपदा, अक्षय तृतीया, दशहरा, दीपावली की रात, अयनकाल, ग्रहणकाल, सायनसंक्रांतिकाल, पूर्णिमा, गुरुपुष्ययोग, त्रिपुष्कर आदि योग भी शुभ मुहूर्त्त काल माने जाते हैं।

अनिष्ट ग्रहों के चमत्कारी उपाय

जन्म कुण्डली में पड़े ग्रह मनुष्य जीवन के शुभाशुभ कर्मों के नियामक (Determinant) नहीं, बल्कि सूचक होते हैं। मनुष्य जीवन में घटित होने वाली समस्त शुभाशुभ घटनाएं, लाभ-हानि, भाग्य में उन्नति व अवनति, सफलता-असफलता, सुख-दुख, जन्म व मृत्यु की स्थिति आदि बीज रूप में गर्भकाल से ही प्रस्फुटित होने लगते हैं। किसी जातक की जन्म कुण्डली उसके पूर्वजन्म के संचित एवं प्रारब्ध कर्मों का ही प्रतिफल है तथा मनुष्य का वर्तमान जीवन उसके पूर्वकृत संकल्पों एवं क्रियमान कर्मों का ही परिणाम है।

हमारे धर्म शास्त्रों के अनुसार भी मनुष्यों को अपने पिछले जन्मों में किए गए कर्मों के फल को अवश्य ही भोगना पड़ता है-

अवश्यमेव भोक्तव्यं कृतं कर्म शुभाशुभम्।

आजकल बाज़ार में उपायों के नाम पर पुस्तकों में मनघढ़न्त व अनर्गल उपाय बताकर स्वयं को स्वयंभू भगवान/गुरु प्रदर्शित करने की प्रवृत्ति बढ़ रही है। अधिकांश समाचार पत्र एवं टेलीविजन मीडिया के लोग भी इस प्रवृत्ति की सम्पुष्टि का कार्य करते हुए सामान्य लोगों को भ्रमित करने की कोशिश करते हैं। सुविज्ञ पाठकों से अनुरोध है कि वे शास्त्र अनुमोदित उपायों का ही अनुसरण करते हुए अपने कल्याण का मार्ग प्रशस्त करें। श्रीमद् भगवद्गीता में भी भगवान् श्रीकृष्ण ने निर्देश दिया है-

यः शास्त्र विधिं उत्सृज्य वर्तते कामकारतः।
न स सिद्धिमाप्नोति न सुखं न परां गतिम्।।

अर्थात् जो लोग शास्त्र प्रतिपादित विधियों को छोड़कर मनमाने ढंग से आचरण करते हैं, न वो कार्यसिद्धि को प्राप्त करते हैं, न उन्हें सुख व शान्ति मिलती है तथा न उनकी परलोक में गति होती है।

द्वादश भावों में अशुभ सूर्य के उपाय- *लाल किताब मतानुसार*

(1) प्रथम भाव में सूर्य अशुभ फलकारक होने पर —

1. सार्वजनिक स्थानों पर नल या पियाऊ लगवाना शुभ होगा।
2. धर्मस्थान या चैरिटेबल स्थानों पर अनाज,नारियल, तेल, बादाम, उड़द, चने की दाल, और दवाईयों का दान करना शुभ होगा।
3. भगवान श्री विष्णु का पूजन एवं देसी खांड, मसूर की दाल, सौंफ, छुआरे, शहद आदि का दान रविवार के दिन करना शुभ होगा।
4. शराब, मांस, मछली आदि का पूरी तरह से परहेज़ करना।

(2) द्वितीय भाव में सूर्य अशुभ फलकारक होने पर —

1. भगवान सूर्य को अर्घ्य देना शुभ होगा।
2. अनाज, धान और हरी वस्तुओं को कभी भी बिना मूल्य दिए न लें अर्थात् इन सब को खरीद कर ही प्रयोग करें।
3. ज़मीन-जायदाद सम्बन्धी झगड़े से बचना चाहिए।
4. यदि शरीर कष्ट हो तो तांबे का सिक्का चलते पानी में बहाना शुभ रहेगा।

(3) तृतीय भाव में सूर्य अशुभ फलकारक होने पर —

1. भगवान सूर्य को शुद्ध जल में गुड़ डालकर अर्घ्य मंत्रपूर्वक **"ॐ घृणिः सूर्याय नमः"** देना शुभ रहेगा।
2. रविवार का व्रत विधिपूर्वक करें।
3. श्री लक्ष्मी नारायण मन्दिर में दूध, चावल, चीनी और बर्फी का दान करना।
4. अपने जन्मदिन पर गंगादि पवित्र तीर्थ पर स्नान करके श्री लक्ष्मी नारायण की पूजा करना शुभ रहेगा।

(4) चतुर्थ भाव में सूर्य अशुभ फलकारक होने पर —

1. बहन व बुआ की सन्तान की सेवा करना शुभ होगा।
2. अपने पैतृक मकान न होने की स्थिति में अन्ध विद्यालय, अन्धचक्षु जनों को अन्न, फल, वस्त्र, धनादि द्वारा सहायता करना शुभ होगा।
3. अपने खानदानी या पैतृक कार्य से लाभ के लिए भगवान सूर्य को मीठे जल का लाल पुष्प डालकर अर्घ्य मंत्रपूर्वक देना शुभ होगा।
4. सोने का छल्ला बाएं हाथ में धारण करें।

(5) पंचम भाव में सूर्य अशुभ फलकारक होने पर —

1. बन्दरों को गुड़, चने, एवं भुनी हुई कनक(शक्कर सहित) खिलाना शुभ होगा।
2. पंचम में सूर्य यदि राहु युक्त हो तो पितृदोष के कारण संतान सुख में कमी होती है, पितृदोष के लिए बड़ वृक्ष एवं पीपल के वृक्ष का पूजन करें।
3. संतान सुख में वृद्धि के लिए बृहस्पति के दिन चने की दाल, केसर, हल्दी, पीले पुष्प, पीला वस्त्र दक्षिणा सहित कुल पुरोहित को दान करें।
4. अपने मकान में रसोई पूर्व दिशा की दीवार के साथ बनाना शुभ रहेगा।

(6) षष्ठ भाव में सूर्य अशुभ फलकारक होने पर —

1. रविवार को धर्म स्थान पर यथाशक्ति अन्न, वस्त्र, फलादि का दान करें।
2. चांदी की डिब्बी में गंगाजल भर कर घर में पवित्र स्थान पर रखना शुभ होगा।
3. श्री लक्ष्मी नारायण मन्दिर में पूर्णमाशी को चावल, दूध, चीनी, चांदी, सफेद मोती एवं नारियल आदि चढ़ाना तथा खीर का प्रशाद कन्याओं में बांटना शुभ होगा।
4. पिता की आयु तथा पैतृक सुखों में वृद्धि के लिए रात को पानी सिरहाने रखकर सोना और प्रातः पानी बट वृक्ष की जड़ में डालना शुभ होगा।
5. रात को भोजन बनाने के पश्चात् चूल्हे (अग्नि को) को दूध के छींटे देकर बुझाना शुभ होगा।

(7) सप्तम भाव में सूर्य अशुभ फलकारक होने पर —

1. काले वर्ण की गाय की सेवा करना शुभ होगा।

2. तांबे के चौरस 7 सिक्के ज़मीन में गाड़ना शुभ होगा।

3. लड़के का विवाह 22 वर्ष के पश्चात् 23, 25, 27 आदि विषम वर्षों में करें तथा कन्या का विवाह 24, 26, 28 आदि सम वर्षों में करना शुभ होगा।

4. पूर्णमाशी का व्रत रखें तथा कोई महत्वपूर्ण कार्य आरम्भ से पहले पानी पीना शुभ होगा।

(8) अष्टम भाव में सूर्य अशुभ फलकारक होने पर —

1. रविवार को 800 ग्राम कनक व 800 ग्राम गुड़ मन्दिर में चढ़ाना शुभ , ऐसा शुक्लपक्ष के रविवार से शुरु करके आठ रविवार करें।

2. अपने पिता एवं बड़े भाई की आज्ञा का पालन करना तथा लाल वर्ण की गौओं की सेवा करना शुभ होगा।

3. अपना मकान दक्षिण मुखी द्वार वाला न बनाएं।

4. स्वास्थ्य रक्षा के लिए लाल वस्त्र में बाजरा, शिलाजीत, तांबा, गेहूँ, गुड़, नारियल,सूखा नारियल बांध कर रविवार को चलते पानी में बहाना शुभ होगा।

(9) नवम भाव में सूर्य अशुभ फलकारक होने पर —

1. मन्दिर अथवा किसी भी धर्मस्थान में चावल, चांदी एवं दूध आदि श्वेत वस्तुओं का दान देना शुभ होगा, परन्तु इन्हीं वस्तुओं का स्वयं दान लेना अशुभ होगा।

2. चितकबरे रंग की गाय को मीठी चपातियां खिलाना शुभ होगा।

3. घर में रखे पीतल एवं चांदी के बर्तनों में चावल भरकर रखना अर्थात् उन्हें खाली न रखें।

4. यदि सूर्य-राहु का योग हो तो जौं दूध में धोकर चलते पानी में बहाना स्वास्थ्य की दृष्टि से शुभ होगा।

5. अपनी चारपाई के पायों में तांबे की कील लगाना शुभ होगा।

(10) दशम भाव में सूर्य अशुभ फलकारक होने पर —

1. चलते पानी में तांबे का सिक्का डालें तथा गाय की सेवा करना शुभ रहेगा।

2. श्वेत या शर्बती रंग की पगड़ी या टोपी पहनना और स्त्रियों को भी सिर ढक कर रखना शुभ रहेगा।

3. धर्म स्थान पर हैण्ड पम्प या पियाऊ लगाना शुभ होगा।

4. काले-नीले रंग के वस्त्रों तथा तामसिक भोजन से परहेज़ रखें।

(11) एकादश भाव में सूर्य अशुभ फलकारक होने पर —

1. शनिवार रात्रि को पाँच मूलियां सिरहाने रखकर रविवार की प्रातः धर्मस्थान में देना।

2. ताम्र बर्तन में कनक भरकर धर्मस्थान में दान करें तथा अपना चालचलन शुद्ध रखें- संतान सुख में वृद्धिकारक होगा।

3. अपने जन्मदिन से शुरु करके लगातार 43 दिन तक भूमि पर शयन करना और श्री लक्ष्मी नारायण जी का पूजन करना शुभ रहेगा।

4. रविवार का व्रत करना और कुष्ठ आश्रम में भोजन कम से कम 11 व्यक्तियों को करवाना शुभ होगा।

(12) द्वादश भाव में सूर्य अशुभ फलकारक होने पर —

1. रविवार के दिन बन्दरों को गुड़, चने एवं भुनी हुई कनक खिलाना तथा अन्ध विद्यालय में मिष्ठान सहित भोजन करवाना।

2. भूरे रंग की गाय को मीठी चपातियां तथा भूरी चीटियों को त्रिचौली खिलाना शुभ होगा।

3. विवाह के पश्चात् किसी से भी बिजली का सामान मुफ्त में नहीं लेना चाहिए अर्थात् खरीद करके ही प्रयोग करना शुभ रहेगा।

4. प्रत्येक रविवार और संक्रान्ति को सूर्याष्टक स्तोत्र, नेत्रोपनिषद्, गायत्री मंत्र का पाठ करना शुभ रहेगा।

5. स्वयं सद्चरित्र का पालन करना शुभ रहेगा।

द्वादश भावों में अशुभ चन्द्र के उपाय– लाल किताब मतानुसार

(1) प्रथम भाव में चन्द्र अशुभ फलकारक होने पर —

1. भगवान शिव का पूजन एवं मन्त्र जप करना तथा माता पिता की सेवा करना और उन का आशिर्वाद लेना।

2. रात को दूध, पानी, थोड़ी चीनी सिरहाने रखकर सोमवार की प्रात वट या कीकर के वृक्ष की जड़ में डालना।

3. सोमवार को सफेद वस्त्र में मिश्री बांधकर चलते पानी में बहावें।

4. चांदी की अंगूठी में मोती धारण करें तथा कांच के गिलास में पानी, दूध, चाय आदि के सेवन से परहेज़ रखना शुभ होगा।

(2) द्वितीय भाव में चन्द्र अशुभ फलकारक होने पर —

1. माता से कुछ चावल एवं चांदी लेकर सफेद वस्त्र में बांध कर रखने अथवा कुछ पुराने चावल चांदी की डिब्बी में संभाल रखना शुभ होगा।

2. अपनी माता की सेवा करके उनका आशीर्वाद ग्रहण करने से चन्द्र शुभ देने लगता है।

3. दूध व चावल धर्म स्थान पर दान करना तथा पलंग का चारों पावों पर चार चांदी के कील लगवाना शुभ होगा।

4. मकान की नींव में चांदी की प्लेट या पतरा शुभफली होगा।

(3) तृतीय भाव में चन्द्र अशुभ फलकारक होने पर —

1. कन्या के जन्मदिन पर दूध, चावल, चीनी, चांदी और चन्द्र की वस्तुएं तथा पुत्र के जन्मदिन पर सूर्य की (गेहूं, गुड़, तांबा, लाल वस्त्र आदि) वस्तुएं धर्म स्थान पर दान करना शुभ होगा।

2. सामान्य स्थिति में सूर्य की वस्तुएं दान देना अच्छा होगा, श्री दुर्गा पूजा एवं दुर्गा सप्तशती का पाठ करना शुभ होगा।

(4) चतुर्थ भाव में चन्द्र अशुभ फलकारक होने पर —

1. यहां शुभता के लिए विशेष कार्य पर जाने से पूर्व दूध या पानी का कुम्भ या गड़वा सामने रहना शुभ होगा।

2. दूध का दान करना शुभ होगा, परन्तु दूध या वस्त्रादि श्वेत वस्तुओं का व्यापार करना हानिकारक होगा।

3. चन्द्र चतुर्थ के सामने शुक्र दशम में हो तो माता और स्त्री दोनों से सहायता प्राप्त हो।

4. चंद्र से सप्तम (अर्थात् दशम) में बुध हो तो विदेश गमन से विशेष लाभ हो।

5. चतुर्थ में चन्द्र वाले जातक दादा-पौत्र अथवा नान-दोहता एक साथ धर्म स्थान पर जाकर दान आदि शुभ कार्य करें तो विशेष फल प्रदायक होगा। मानसिक शान्ति के लिए श्री शिवपूजन करना शुभ होगा।

(5) पंचम भाव में चन्द्र अशुभ फलकारक होने पर —

1. सोमवार को श्वेत कपड़े में चावल व मिश्री बांधकर बहते पानी में बहाना शुभ होगा।

2. आम्रफल का रस शिवलिङ्ग पर चढ़ाना शुभ होगा।

3. सच्चाई और ईमानदारी का मार्ग अपनाने से सुख व ऐश्वर्य में वृद्धि होगी।

4. सोने से पहले दम्पत्ति दूध में सोने की सिलाई गर्म करके बुझा कर पीना (यह पुत्रोत्पत्ति के लिए शुभ है)।

(6) षष्ठ भाव में चन्द्र अशुभ फलकारक होने पर —

1. रात को दूध के सेवन से परहेज करें, परन्तु अपने पिता जी की सेवा दूध, दही, मक्खन आदि द्वारा करना शुभ होगा।

2. सूर्य, मंगल एवं बृहस्पति की वस्तुएं (जैसे गेहूँ, गुड़, केशर, शहद, हल्दी आदि) का दान देना अच्छा फल देगा।

3. किसी चैरिटेबल अस्पताल या शमशान में प्याऊ लगाना शुभ फल देगा।

4. श्री शिवपंचाक्षर स्तोत्र का पाठ करना भी शुभ रहेगा।

(7) सप्तम भाव में चन्द्र अशुभ फलकारक होने पर —

1. जातक दूध या पानी विक्रय व्यापार करे तो पुत्र सन्तति के सुख में बाधाकारक होगा।

2. जातक 24वें वर्ष विवाह न करें।

3. माता के साथ सद्व्यवहार रखें।

4. यदि लड़की की कुण्डली में 7वें चन्द्र हो तो उसके दहेज में चावल एवं चांदी के बर्तन देना उसके दाम्पत्य जीवन में सुख समृद्धि कारक होगा। श्रीमङ्गला गौरी की पूजा करना शुभ रहेगा।

उपरोक्त मैटर हमारी छपी पुस्तक अनिष्ट ग्रहों के चमत्कारी उपाये व टोटके से लिया गया है। लेख का शेष भाग आगामी वर्ष की पंचाँग में दिया जाएगा।

नव सम्वत्सर का फल और माहात्म्य

भारत की गौरवमयी सभ्यता एवं संस्कृति में **सम्वत्सर** का विशेष महत्त्व है। हिन्दुओं के प्रायः सभी शुभ **संस्कारों** (विवाह-मुण्डनादि) एवं मन्त्र-जपादि **अनुष्ठानों में संकल्पादि के समय सम्वत् के नाम का प्रयोग प्रमुखता से किया जाता है।** चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से नवीन सम्वत् का प्रारम्भ होता है। सत्ययुग का आरम्भ भी इसी दिन हुआ माना जाता है तथा ब्रह्मा जी ने सृष्टि का आरम्भ भी चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को किया था। **''चैत्रे मासि जगद् ब्रह्मा संसर्ज प्रथमेऽहनि (ब्रह्मपुराण)।''** सम्भवतः इसी कारण **इसे स्वयं सिद्ध मुहूर्त्त** माना जाता है। इस दिन किए गए जप-दानादि शुभ कर्मों के प्रभाव से वर्ष भर धन-सम्पदा एवं सुख-शान्ति बनी रहती है। संवत् 2070 में चैत्र शुक्ल प्रतिपदा, 11 अप्रैल, 2013 ई० गुरूवार से **'पराभाव'** नामक नया संवत्सर प्रारम्भ होगा।

नव सम्वत्सर के आगमन पर प्रातः तैलाभ्यंग, नित्य कर्मों से निपटकर आसन, पाद्य, अर्घ्य, वस्त्र, यज्ञोपवीत, गन्ध, अक्षत, पुष्प, धूप-दीप, ताम्बुल, नैवेद्य, फल, आदि से सम्वत्सर पूजन एवं फल श्रवणादि, नवरात्र घट-स्थापन, मिट्टी के पात्र में रखी रेत-मिट्टी में जौं-गेहूँ आदि के बीज बोना, ओंकार सहित श्री गणेश, ब्रह्मा, विष्णु, शिव एवं श्री दुर्गा-इन पंचदेवों तथा नवग्रहों की स्वयं अथवा किसी सुयोग्य ब्राह्मणों द्वारा पूजार्चना करवा कर उन्हें क्षीर सहित सात्त्विक भोजन करवाकर उनका **'पंचांगदिवाकर'**, सहित यथाशक्ति अन्न, वस्त्र, फल एवं धनादि देकर सत्कार करना चाहिए।

पूजन के समय भगवान् ब्रह्मा एवं विष्णु की मूर्तियों के समक्ष पुष्पाक्षत, नैवेद्य, अर्घ्य गंगा जल आदि लेकर निम्न मन्त्र पढ़ें–

ॐ ब्रह्मणे नमः से ब्रह्मा जी का आवाहन तथा बहुरूपाय विष्णवे परमात्मने नमः परमात्म-विष्णुमावाहयामि स्थापयामि च। फिर सम्वत्सर की मूर्त्ति अथवा प्रतीक रूप में सुपारी रखकर निम्न मन्त्रों से पूजन एवं प्रार्थना करें–

''भगवंतस्त्वत्प्रसादेन वर्षं क्षेममिहास्तु मे। संवत्सरोपसर्गा मे विलयं यान्त्वशेषतः।''

ॐ सम्वत्सराय नमः, चैत्राय नमः, वसन्ताय नमः। आदि नाम-मन्त्रों से पूजन करके विद्वान् ब्राह्मण का अर्चन करें। तथा क्षीर सहित भोजन करवाकर यथाशक्ति वस्त्र, फलों नया पंचाँग दिवाकर आदि का दान करें।

तदुपरान्त स्वास्ती वाचन, शान्ति पाठ आदि मांगलिक मन्त्रों का पाठ करने के पश्चात् सूर्य देव को ताम्र बर्तन से मन्त्र-पूर्वक तीन बार अर्घ्य देकर **गायत्री मन्त्र** का जाप करना चाहिए। तत्पश्चात् दिवाकर पंचाँग में किसी ब्राह्मण के श्री मुख से **सम्वत् का नाम**, सम्वत् **का वास**, **सवारी राजा, मन्त्री आदि का फल श्रवण करना** चाहिए चैत्र, प्रतिपदा से लेकर नवमी तक भगवान्-विष्णु, शिव एवं श्री दुर्गा के समक्ष नित्य ज्योति जलाकर श्रद्धानुसार श्री दुर्गासप्तशती का जप पाठ करने का विधान है।

चैत्र प्रतिपदा से नवमी तक प्रतिदिन प्रातः कटु नीम की कोमल पत्तियाँ व पुष्पों का चूर्ण बनाकर, उसमें काली मिर्च, हींग, सेंधा नमक, ईमली, अजवायन, जीरा तथा शक्कर या चीनी बराबर मात्रा में मिलाकर चूर्ण बनाकर भगवान् को भोग लगाकर ग्रहण करने से वर्षभर आरोग्यता बनी रहती है तथा रक्त विकार, त्वचा, कुष्ठ आदि रोगों का भय नहीं रहता॥

बारह संक्रान्तियों का प्रवेशफल एवं महत्त्व (वि. संवत् २०७०)

सूर्य जब एक राशि को छोड़कर दूसरी राशि में प्रवेश करता है, उस काल या दिन को संक्रान्ति कहते हैं।

रवे संक्रमणं राशौ संक्रान्तिरिति कथ्यते।
स्नानदानजप श्राद्ध, होमादि महाफलम्।। **(पु. चिन्तामणि)**

मेष, वृष, मिथुन आदि 12 राशियों से सम्बन्धित ही बारह संक्रान्तियाँ एवं उन पर आधारित 12 महीने बनते हैं। भारतीय सौर पद्धति के अनुसार उनके नाम वैशाख, ज्येष्ठ, आषाढ़, श्रावण, भाद्रपद, आश्विन, कार्तिक, मार्गशीर्ष, पौष, माघ, फाल्गुन, चैत्र संज्ञा है। भारतीय मनीषियों द्वारा प्रत्येक मास की पूर्णिमा को पड़ने वाले नक्षत्र के नाम पर ही भारतीय महीनों का नामकरण किया गया है। जैसे-चित्रा नक्षत्र के नाम से चैत्र, पूर्णिमा को इत्यादि। प्राचीन ऋषियों ने नक्षत्रों, ग्रहों एवं राशियों का आधार लेकर द्वादश संक्रान्तियों की परिकल्पना की, जिसकी पृष्ठभूमि सूर्य एवं अन्य आकाशीय पिण्डों पर आधारित है।

सूर्य कालचक्र का नियामक भी है। मनुष्य जीवन को नियमित और सुव्यवस्थित रूप प्रदान करने के लिए हमारे प्राचीन ऋषियों ने कालचक्र का सूत्रपात किया। (27) नक्षत्र, 12 राशियां और नवग्रह आदि–ये सब काल तत्त्व के सूचक है। सन् 2013-14 ई. में 12 संक्रान्तियों का प्रवेश, पुण्यकाल तथा फल, माहात्म्य इस प्रकार होगा–

वैशाख संक्रान्ति–13 अप्रैल, 2013 ई., शनिवार, चैत्र शुक्ल पक्ष, तृतीया तिथि को रात्रि 1 बजकर 28 मिनट (25/28 घं. मिं.) पर कृतिका नक्षत्र कालीन धनु लग्न में प्रवेश करेगी। वैशाख सं. 30 मुहूर्त्ति है। इसका पुण्यकाल अगले दिन 14 अप्रैल को प्रातः 7/52 (घं. मिं.) तक रहेगा। वारानुसार राक्षसी नामक यह संक्रान्ति नीच एवं दुष्टजनों को फलदायक होगी। **वैशाख मास** में प्रतिदिन **वैशाख माहात्म्य** का पाठ, श्रीविष्णुसहस्रनाम एवं **''ॐ नमो भगवते वासुदेवाय''** मन्त्र का पाठ करने का विशेष माहात्म्य होता है। वैशाख संक्रान्ति शनिवार को होने से वर्ष (संवत्) का मन्त्री भी शनि होगा। **शनिवार की संक्रान्ति** का फल शास्त्रों में अशुभ लिखा है। मेष राशि पर **चतुर्ग्रही** एवं **पंचग्रही योग** बनने से सब प्रकार के धान्य, अनाज आदि महंगे होंगे। राजनेताओं व विपक्षी नेताओं में परस्पर टकराव व युद्ध के समाचार मिलेंगे। वैशाख में 25 अप्रैल को **खण्डग्रास चन्द्रग्रहण** भी घटित हो रहा है। चैत्र पूर्णिमा को **चित्रा नक्षत्र** होने से उस दिन स्नानोपरान्त विविध अनाज व रंग-बिरंगे वस्त्रों का दान करना सौभाग्यवर्द्धक होगा। इस मास मंगल-शनि के मध्य समसप्तक योग भी विभिन्न प्रदेशों में अग्निकाण्ड, हिंसक व विस्फोटक घटनाएं, राजनीतिक उथल-पुथल घटित होने के भी संकेत मिलते हैं।

ज्येष्ठ संक्रान्ति–14 मई, 2013 ई., मंगलवार, वैशाख शुक्ल चतुर्थी तिथि को रात्रि 10 बजकर 21 मिनट (22/21 घं. मिं.) पर धनु लग्न में प्रवेश करेगी। 45 मुहूर्त्ति इस संक्रान्ति का पुण्यकाल मध्याह्न बाद शुरु होगा। वारानुसार महोदरी नामक यह संक्रान्ति चोरों एवं बेईमानों को लाभप्रदायक होगी। मंगलवार की संक्रान्ति तथा ज्येष्ठ मास में वृष राशि पर चार एवं पंचग्रही योग बनने से कहीं उपद्रव, अग्निकाण्ड, युद्ध व कहीं छत्रभंग होने का भय होगा। सत्तारूढ़ नेताओं के लिए चुनौतिपूर्ण समय होगा।

भौमस्यवारे यदि संक्रमश्च करोति पृथव्यां असुखं महर्घता।
क्षारं रसं वैघृततैलसंयुतं कर्पूरकस्यैवं महर्घता च।।

ज्येष्ठ मास में गङ्गा-दशहरा एवं निर्जला एकादशी आदि पर्वों पर श्रद्धापूर्वक व्रत रखकर जलापूरित घड़ा, गेहूँ, चावल, सत्तू, अनाज व दूध-चीनी, छाता, पंखा आदि अन्य ग्रीष्मोपयोगी वस्तुओं का दान दक्षिणा सहित करने का विशेष माहात्म्य होता है।

आषाढ़ संक्रान्ति–14 जून, 2013 ई., शुक्रवार की मध्यरात्रि के बाद एवं 15 जून की प्रातः मघा नक्षत्र कालीन 4 बजकर 56 मिनट (28/56) पर वृष लग्न में प्रवेश करेगी। ३० मुहूर्ति इस संक्रान्ति का पुण्यकाल अगले दिन दोपहर 11/20 (भा.स्टैं.टा.) तक रहेगा। वारानुसार मिश्रा तथा नक्षत्रानुसार घोरा नामक यह संक्रान्ति गोपालकों के लिए शुभ, पाखण्डियों को हानिकारक तथा क्षत्रियों को लाभ देने वाली होगी। शूद्रों एवं नीच जनों को लाभप्रद होगी। आषाढ़ मास में भगवान् विष्णु की प्रसन्नता के लिए ब्रह्मचारी रहते हुए स्नानोपरान्त नित्यप्रति श्री सहित विष्णु पूजार्चन एवं विष्णु स्तोत्र पाठ के बाद ब्राह्मण दम्पत्ति को क्षीर सहित भोजन करवाना पुण्यप्रद होगा। **आषाढ़ मास में गुरु अतिचारी तथा शनि वक्री होने से** देश के कुछ भागों में राज्य विग्रह, उपद्रव, सत्ता-परिवर्तन, अग्निकाण्ड एवं हिंसा की घटनाएं घटित होने के संकेत हैं। कहीं विचित्र प्रकार के रोगों की व्याप्ति का भय होगा। राजनीतिक व्यवस्था में अस्थिरता का माहौल बनेगा।

श्रावण संक्रान्ति–16 जुलाई, मंगलवार, सन् 2013 ई. की दोपहर 3 बजकर 56 मिनट (15/56) पर, आषाढ़ शुक्ल अष्टमी तिथि, चित्रा नक्षत्र एवं तुला राशिस्थ चन्द्रमा कालीन वृश्चिक लग्न में प्रवेश करेगी। ३० मुहूर्ति इस संक्रान्ति का पुण्यकाल प्रातः 9/22 से प्रारम्भ होगा। वारानुसार महोदरी तथा नक्षत्रानुसार मन्दाकिनी नामक यह संक्रान्ति राजनेताओं, चोरों एवं दुष्ट लोगों को लाभकारी होगी। श्रावण संक्रान्ति मंगलवार की होने से राजनेताओं में परस्पर टकराव एवं विग्रह हो, कहीं छत्रभंग, उपद्रव एवं हिंसक घटनाएँ घटित होंगी। बाढ़, सूखा आदि प्राकृतिक आपदाएं बढ़ेंगी। श्रावण मास में

भगवान् शिव की पूजा का विशेष महत्त्व है। प्रतिदिन श्रावण माहात्म्य, श्रीशिवमहापुराण एवं श्रीशिवस्तोत्रों का विधिपूर्वक पाठ करके दूध, गंगाजल, बिल्वपत्र, फलादि सहित शिवलिङ्ग का पूजन **''ॐ नमः शिवायः''** मन्त्र का जप करते हुए करना चाहिए।

भाद्रपद संक्रान्ति–16 अगस्त, शुक्रवार, 2013 ई., की अर्द्धरात्रि 12 बजकर 03 मिनट (24/08) पर, श्रावण शुक्ल दशमी तिथि, मूल नक्षत्र कालीन वृष लग्न में प्रवेश करेगी। इस 30 मुहूर्त्ति सं. का पुण्यकाल अगले दिन प्रातः 6/32 (घं. मिं.) तक रहेगा। वारानुसार मिश्रा तथा नक्षत्रानुसार राक्षसी नामक यह संक्रान्ति चौपाय पालकों के लिए लाभप्रद रहेगी। नीच, दुष्टजनों के लिए सुखकर रहेगी। रक्षाबन्धन (20/21 अगस्त) तथा श्रीकृष्णजन्माष्टमी (जयन्ती योग) (28 अग.) के पुण्य पर्व भी इस वर्ष इस मास में आ रहे हैं।

आश्विन संक्रान्ति–16 सितम्बर, सोमवार, 2013 ई., की अर्द्धरात्रि 12 बजकर 03 मिनट (24/03) पर, भाद्रपद शुक्ल द्वादशी तिथि, धनिष्टा नक्षत्र तथा मकर राशिस्थ चन्द्रमा कालीन मिथुन लग्न में प्रवेश करेगी। इस 30 मुहूर्ति सं. का पुण्यकाल अगले दिन प्रातः 6/27 तक रहेगा। वारानुसार ध्वांक्षी तथा नक्षत्रानुसार महोदरी नामक यह संक्रान्ति व्यापारियों के लिए सुखकर होगी। श्राद्ध पक्ष में (20 सितं. से 4 अक्तू. तक) गंगा स्नान, जप एवं ब्राह्मणों को भोजन, तर्पण एवं श्राद्धादि का विशेष महत्त्व होता है।

कार्तिक संक्रान्ति–17 अक्तू., गुरुवार, 2013 ई. को दोपहर 12/00 बजे, आश्विन शुक्ल चतुर्दशी तिथि, उ.भा. नक्षत्र कालीन धनु लग्न में प्रविष्ट करेगी। इस 45 मुहूर्ति सं. का पुण्यकाल सूर्योदय से ही प्रारम्भ हो जाएगा। वारानुसार नन्दा तथा नक्षत्रानुसार सुलोचन नाम की यह संक्रान्ति ब्राह्मणों, पठन-पाठन करने वाले व्यापारियों के लिए सुखकारी होगी। इस मास में प्रतिदिन कार्तिक माहात्म्य का पाठ तथा नित्य भगवान् विष्णु का पूजन, तुलसी पूजन, तुलसी व पीपल के मूल में दीपक जलाने का विशेष माहात्म्य है। धार्मिक एवं आध्यात्मिक दृष्टि से पुराणों में कलियुग में कार्तिक मास को अन्य मासों में श्रेष्ठ एवं कल्याणकारी बतलाया गया है।

मार्गशीर्ष संक्रान्ति–16 नवम्बर, 2013 ई., शनिवार को दोपहर 11 बजकर 48 मिनट पर, कार्तिक शुक्ल चतुर्दशी तिथि, भरणी नक्षत्र कालीन मकर लग्न में प्रविष्ट होगी। इस 15 मुहूर्ति सं. का पुण्यकाल भी सूर्योदय से प्रारम्भ हो जाएगा। वारानुसार राक्षसी तथा नक्षत्रानुसार घोरा नामक यह सं. नीच, चोर एवं दुष्टजनों के लिए लाभप्रद होगी। मार्ग. मास में कार्तिक पूर्णिमा के दिन कृतिका नक्षत्र आने से **'पद्मक योग'** भी बन रहा है। इस दिन तीर्थ स्नान, दान का विशेष महत्त्व होगा। **'पुष्कर तीर्थ'** पर इस दिन विशेष मेला एवं पर्व घटित होगा।

पौष संक्रान्ति–15 दिसम्बर, रविवार, 2013 ई० की अर्द्धरात्रि के बाद 2 बजकर, 28 मिनट (26/28) पर, मार्गशीर्ष शुक्ल त्रयोदशी तिथि, रोहिणी नक्षत्र कालीन कन्या लग्न में प्रविष्ट होगी। इस 45 मुहूर्ति सं. का पुण्यकाल अगले दिन प्रातः 8/52 बजे तक रहेगा। वारानुसार घोरा तथा नक्षत्रानुसार नन्दा नामक यह सं. नीच, दुष्ट तथा ब्राह्मणों के लिए सुखकर होगी। पौष मास में गेहूँ, चने, चावल, धान्यादि अनाज, कम्बल, ईंधन सामग्री, मौसमी फल, मिष्ठान्न आदि दक्षिणा सहित दान करने का विशेष माहात्म्य होता है।

माघ संक्रान्ति–14 जनवरी, 2014 ई०, मंगलवार को दोपहर 1 बजकर 13 मिनट (13/13) पर, पौष शुक्ल चतुर्दशी तिथि, आर्द्रा नक्षत्र कालीन मेष लग्न में प्रविष्ट होगी। इस 15 मुहूर्ति सं. के स्नान, जप-पाठ, दानादि का पुण्यकाल प्रातः 6 बजकर 49 मिनट से शुरू हो जाएगा। वारानुसार महोदरी तथा नक्षत्रानुसार राक्षसी नाम की होगी। जोकि चोरों, दुष्टों एवं बेईमान लोगों के लिए लाभप्रद रहेगी। इस मास में प्रतिदिन माघ माहात्म्य का पाठ, भगवान् विष्णु का पूजन, तिलों से हवन एवं ब्राह्मणों को यथाशक्ति अनाज, चावल, फलों, तिल के बने पदार्थों एवं गर्म वस्त्र का दान करना चाहिए। इस मास में विशेष रूप से षट्तिला एकादशी, मौनी अमावस एवं श्रीगणेश चतुर्थी का व्रत विधिपूर्वक करके यथाशक्ति दान संकल्पपूर्वक ब्राह्मण को करने का विधान है। **मंगलवार की संक्रान्ति** होने से सर्व प्रकार के अनाजों में तेजी, किसी राज्य में छत्रभंग होगा। नेताओं में परस्पर टकराव की स्थिति बनेगी।

फाल्गुन संक्रान्ति–12 फरवरी, बुधवार, 2014 ई. को अर्द्धरात्रि के बाद 2 बजकर 13 मिनट (26/13) पर, माघ शुक्ल त्रयोदशी तिथि, पुष्य नक्षत्र कालीन वृश्चिक लग्न में प्रवेश करेगी। 30 मुहूर्त्ति इस संक्रान्ति का पुण्यकाल अगले दिन 13 फर. को प्रातः 8/37 तक रहेगा। वारानुसार मन्दाकिनी नाम की यह संक्रान्ति राजनेताओं को लाभकारी तथा नक्षत्रानुसार ध्वांक्षी नाम की वैश्यों अर्थात् व्यापारियों के लिए लाभकारी होगी। इस मास में (27 फर.) श्रीमहाशिवरात्रि को व्रत धारण करके शिवपूजन, शिवकथा, **'ॐ नमः शिवाय'** और अन्य शिव स्तोत्रों का पाठ करना, शिवलिङ्ग पूजन एवं रात्रि जागरण करने का विधान है।

चैत्र संक्रान्ति–14 मार्च, शुक्रवार, 2014 ई० को रात्रि 11 बजकर, 06 मिनट (23/06) पर, फाल्गुन शुक्ल त्रयोदशी तिथि, मघा नक्षत्र कालीन तुला लग्न में प्रविष्ट होगी। वारानुसार मिश्र नामक यह संक्रान्ति चौपायों, पशुपालकों को लाभकारी तथा नक्षत्रानुसार घोरा नामक नीचजनों को लाभकारी होगी। राजनीतिक परिस्थितियाँ अस्थिर होंगी। सत्तारूढ़ व विपक्षी दलों के नेताओं में परस्पर टकराव व खींचातानी बढ़ेगी।

सूर्यादि ग्रहों के अनिष्टफल की शान्ति हेतु दान एवं जपादि मन्त्र

सूर्यादि ग्रहों के अनिष्टफल की शान्ति हेतु दान एवं जपादि मन्त्र													जप संख्या	जपकाल	जपनीय बीजमन्त्रा:	हवन समिधा
सूर्य	कनक	माणिक्य	तांबा	सोना	लाल गाय	गुड़	घी	कमलादि	रक्तवस्त्र	लालचंदन	मूंगा	केशर	७०००	सूर्योदय	ॐ ह्रां ह्रीं ह्रौं सः सूर्याय नमः	आक् काष्ठ
चन्द्र	चावल	मोती	चांदी	सोना	श्वेत बैल	मिश्री	दही	श्वेत पुष्प	श्वेतवस्त्र	श्वेतचंदन	शंख	कपूर	११०००	संध्याकाले	ॐ श्रां श्रीं श्रौं सः चन्द्रमसे नमः	पलाश
मंगल	मसूर	मूंगा	तांबा	सोना	लाल बैल	गुड़	घी	लाल कनेर	लालवस्त्र	लाल चंदन	केशर	कस्तूरी	१००००	सू.उ. २।१५	ॐ क्रां क्रीं क्रौं सः भौमाय नमः	खैर
बुध	मूंग	पन्ना	कांस्य	सोना	शस्त्र	शक्कर	घी	सर्व रंग पु.	हरावस्त्र	अनेक फल	हाथीदांत	कपूर	९०००	सू.उ. ५ घड़ी	ॐ ब्रां ब्रीं ब्रौं सः बुधाय नमः	अपामार्ग
गुरू	पीतधान्य	पुखराज	कांस्यपात्र	सोना	अश्व	लवण श	घी	पीले पुष्प	पीतवस्त्र	पीला फल	धर्मग्रंथ	लवणशहद	१९०००	संध्याकाले	ॐ ग्रां ग्रीं ग्रौं सः गुरवे नमः	पीपल
शुक्र	चावल	हीरा	चांदी	सोना	श्वेत घोड़ा	मिसरी	दूध	श्वेत पुष्प	सफेदवस्त्र	सफेद चंदन	दही	सुगन्धित द्रव्य	१६०००	सू. उ. काल	ॐ द्रां द्रीं द्रौं सः शुक्राय नमः	गूलर
शनि	उड़द	नीलम	लोहा	सोना	काली गाय	कुलथी	तैल	काले पुष्प	कालावस्त्र	काले जूते	भैंस	कस्तूरी	२३०००	संध्याकाल	ॐ प्रां प्रीं प्रौं सः शनये नमः	शमी
राहु	सप्तधान्य	गोमेद	सीसा	सोना	काला घोड़ा	ताम्र पात्र	तैल	कृष्ण पुष्प	नीलवस्त्र	नारियल	कंबल	खड्ग	१८०००	रात्रि	ॐ भ्रां भ्रीं भ्रौं सः राहवे नमः	दूर्वा
केतु	सप्तधान्य	लसनिया	लोहा	सोना	बकरा	नारियल	तेल	धूम्र पुष्प	कालावस्त्र	शस्त्र ध्वज	कंबल	कस्तूरी	१७०००	रात्रि	ॐ स्त्रां स्त्रीं स्त्रौं सः केतवे नमः	कुशा
मुंथा	चावल	मोती	कांस्यपात्र	सोना	श्वेतचंदन	ऋतुपुष्प	घृत	श्वेतपुष्प	श्वेतवस्त्र	हाथीदांत	मुंथेश ग्रह.	ग्रह अनुसार	मुंथेश ग्रहानुसार	प्रातः	मुन्था स्वामी मन्त्र	

विशेष—ध्यान रहे, प्रत्येक ग्रह के दाने के साथ यथाशक्ति दक्षिणा भी अवश्य देनी चाहिए। **सप्तधान्य**—गेहूँ, उड़द, मूंगी, चने, जौं, कंगनी और धान्य, चावल।

सूर्यादि ग्रहों के अरिष्ट निवारण हेतु औषधि स्नान

सूर्य	चन्द्रमा	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि	राहु	केतु
मन:शिला	पंचगव्य	बिल्व छाल	गोबर	चमेलीपुष्प	पिपरामूल	कालेतिल	लोबान	लोबान
इलायची	गोदूध	लाल पुष्प	अक्षत	पुष्प	जायफल	सूरमा	तारपीन	तारपीन
देवदारू	गोबर	हींग	मोती	श्वेत सरसों	केशर	लोबान	मोथा	तिलपत्र
केशर	गजमद	गोदनी	शहद	शहद	मूली बीज	सौंफ	गजदंत	गजदंत
खस	शंख सीप	जटामांसी	सुवर्ण	गुलर	मन:शिल	खस	कस्तूरी	छागमूत्र
रक्तपुष्प	गंगाजल	मौलसिरी	जायफल	दमयंती	इलायची	खिल्ला	बिल्वपत्र	लाल चंदन
रक्तचंदन	श्वेत चंदन	सिगरफ	पिपरामूल	मुलट्ठी	श्वेतचंदन	शतकुसुम	गंगाजल	गंगाजल
कनेर पुष्प	स्फटिक	मालकंगनी	नागकेशर	नवीनपत्ते	गंगाजल	गाँदमिश्रित	लालचंदन	कस्तूरी
मि. गंगाजल	गोमूत्र	गंगाजल	गंगाजल	गंगाजल	श्वेतकमल			

होमादि में अग्नि वास जानना

जिस दिन को होम/हवन करना हो, उस दिन की तिथि और वार की संख्या को जोड़कर १ जमा करें फिर कुल जोड़ को ४ द्वारा भाग देवें। यदि शेष शून्य (०) अथवा ३ बचें, तो **अग्नि का वास पृथ्वी** पर होगा। इस दिन होम करना कल्याणकारक होता है। यदि शेष २ बचें तो अग्नि का वास **पाताल में** होता है। इसी दिन होम करने से धन का नुक्सान होता है। यदि ४ का भाग देने से १ शेष बचे तो आकाश में अग्नि का वास होगा, इसमें होम करने से आयु का क्षय होता है। **वार की गणना रविवार से तथा तिथि की गणना शुक्ल प्रतिपदा से** करनी चाहिए। तदुपरान्त ग्रह के मुख आहुति चक्र का विचार करना चाहिए।

ग्रहों के मुख में आहुति चक्र

सूर्य के नक्षत्र से चन्द्रमा के नक्षत्र तक गिनने से यदि ३ या ३ से कम की संख्या आए तो होमाहुति सूर्य के मुख में जाने, तीन से आगे की संख्या से ६ तक की संख्या में मिले, तो बुध के मुख में आहुति जानें। इसी प्रकार, निम्न क्रमानुसार सब ग्रहों में होमाहुति जानें।

ग्रह	सूर्य	बुध	शुक्र	शनि	चंद्र	मंग.	गुरु	राहु	केतु
नक्षत्र	३	३	३	३	३	३	३	३	३
फल	अशुभ	शुभ	शुभ	अशुभ	शुभ	अशुभ	शुभ	अशुभ	अशुभ

नवग्रहों के जपनीय होमार्थ (हवन) मन्त्र

सूर्य मन्त्र—अर्क (आक) समिधा द्वारा "ॐ आकृष्णेन रजसा वर्त्तमानो निवेशयन्नमृतं मर्त्यं च हिरण्येन सविता रथेना देवो याति भुवनानि पश्यन्॥ ॐ सूर्याय स्वाहा। इदं सूर्याय न मम॥१॥

चन्द्रमा मन्त्र—(पलाश या ढाक समिधा के साथ)-"ॐ इमं देवाऽसपत्न Ω सुवध्वम् महते क्षत्राय महते ज्येष्ठयाय महते जानराज्यायेन्द्रस्येन्द्रियाय इमममुष्य पुत्रममुष्यै पुत्रमस्यै विश एष वोऽमी राजा सोमोऽस्माकं ब्राह्मणानां Ω राजा। ॐ सोमाय स्वाहा॥ इदं चन्द्रमसे न मम॥२॥

भौम मन्त्र—(खैर की लकड़ी से) "ॐ अग्निर्मूर्द्धा दिवः ककुत्पतिः पृथिव्या अयम्। अपा Ω रेता Ω सि जिन्वति स्वाहा। ॐ भौमाय स्वाहा॥ इदं भौमाय इदं न मम॥"

बुध मंत्र—(अपामार्ग की समिधा से) ॐ उद्बुध्यस्वाग्ने प्रति जागृहित्वमिष्टापूर्ते स Ω सृजेथामयं च। अस्मिन्त्सधस्थे अध्युत्तरस्मिन् विश्वेदेवा यजमानश्च सीदत॥ ॐ बुधाय स्वाहा। इदं बुधाय इदं न मम॥

गुरू मन्त्र—(पीपल) ॐ बृहस्पते अति यदर्यो अर्हाद् द्युमद्विभाति क्रतुमज्जनेषु। यद्दीदयच्छवस ऋतप्रजात तदस्मासु द्रविणं धेहि चित्रम्॥ ॐ बृहस्पतये स्वाहा॥ इदं बृहस्पतये, इदं न मम।

शुक्र मन्त्र—(गूलर) ॐ अन्नात् परिस्रुतो रसं ब्रह्मणा व्यपिबत् क्षत्रं पयः। सोमं प्रजापतिः ऋतेन सत्यमिन्द्रियं पिवानं Ω शुक्रमन्धसऽइन्द्रस्येन्द्रियमिदं पयोऽमृतं मधु॥ ॐ शुक्राय स्वाहा॥ इदं शुक्राय, न मम।

शनि मन्त्र—(शमी की समिधा) ॐ शन्नो देवीरभिष्टय आपो भवन्तु पीतये। शंय्योरभिस्त्रवन्तु नः। ॐ शनैश्चराय स्वाहा। इदं शनैश्चराय, इदं न मम्॥

राहु मन्त्र—(दूर्वा) ॐ कयानश्चित्र आ भुवदृती सदा वृधः सखा। कया शचिष्ठया वृता॥ ॐ राह्वे स्वाहा॥ इदं राहवे इदं न मम॥

केतु मन्त्र—(कुशा से) ॐ केतुं कृण्वन्न केतवे पेशो मर्या अपेशसे। समुषद्भिरजा यथाः। ॐ केतवे स्वाहा॥ इदं केतवे, इदं न मम॥

ग्रहों के गुण, वर्ण, स्वभाव, उच्च-नीच, स्व-गृही राशि आदि चक्र

नाम ग्रह	स्व-ग्रही राशि	मूल त्रिकोण	गुण	चरादि	वर्ण जाति	रंग	उच्च राशि	नीच राशि	पुरुष स्त्री	तत्त्व	कारक	संबंध	स्व-भाव	प्रकृति	धातु	रस	शरीरांग	दिशा	दृष्टि विशेष	भाग्योदय काल
सूर्य Sun	सिंह	सिंह	सत्त्व	स्थिर	क्षत्रिय	रक्त वर्ण	मेष	तुला	पुरुष	अग्नि	आत्मा	पिता	क्रूर	पित्त	सोना	तिक्त	शिर, नेत्र	पूर्व	७	२२ से २४
चन्द्र Moon	कर्क	वृष	सत्त्व	चंचल	वैश्य	श्वेत	वृष	बृश्चि.	स्त्री	जल	मन	माता	सौम्य	वातश्ले	चांदी	क्षार	बुद्धि, रक्त	पशि. उत्तर	७	२४ से २५
मंगल Mars	मेष, वृश्चिक	मेष	तम	चर	क्षत्रिय	लाल	मकर	कर्क	पुरूष	अग्नि	बल	भाई	क्रूर	पित्त	ताम्र	कटु	मज्जा	दक्षिण	७,४,८	२८ से ३२
बुध Merc	मिथुन, कन्या	कन्या	रज	द्विस्वभा	वैश्य	हरा	कन्या	मीन	नपुंसक	पृथ्वी	वाणी	बंधु/मित्र	मिश्र	त्रिधातु	कांस्य	मिश्र	त्वचा, मुख	उत्तर	७	३२ से ३६
गुरू Jup.	धनु, मीन	धनु	सत्त्व	स्थिर	ब्राह्मण	पीला	कर्क	मकर	पुरूष	आकाश	विद्या	संतान	शुभ	कफ	सोना	मधुर	चर्बी	ईशान	५७९	१६ से २४
शुक्र Ven.	वृष, तुला	तुला	रज	चर	वैश्य	सफेद	मीन	कन्या	स्त्री	जल	काम	स्त्री	शुभ	वात, कफ	चांदी	अम्ल	वीर्य	दक्षि., पूर्व	७	२६ से २८
शनि Sat.	मकर, कुम्भ	कुम्भ	तम	स्थिर	शुद्र	नीला काला	तुला	मेष	नपुंसक	वायु	संघर्ष	भृत्य	क्रूर	वात, श्ले	लोहा	कषाय	स्नायु	पश्चि.	३,७,१०	३६ से ४२
राहु Rahu	कन्या	कर्क	तम	चर	अत्यज	धूम्र	वृष	बृश्चि.	पुरुष	छाया	दु:ख	शत्रु	क्रूर	वायु	लोहा	कषाय	हड्डी	दक्षिण	७	४४ से ५०
केतु Ketu	मीन	मकर	तम	चर	शूद्र	धूम्र	बृश्चि.	वृष	पुरुष	छाया	कष्ट	बाधा	क्रूर	वायु	लोहा	कषाय	चर्म	उत्तर	७	४८ से ५०

राशियों के गुण-स्वभाव तत्त्व, शुभ रत्नादि चक्र

राशि	स्वा. ग्रह	अंग्रेज़ी नाम	वर्ण	जाति	क्रूरादि	चरादि	तत्त्व	गुण	जीवादि	समादि	दिशा	शुभ रत्न	बल समय	शरीरांग	दीर्घादि	नरादि	प्रकृति	गुण	पृष्ठोदय आदि
मेष	मंगल	Aries	लाल	क्षत्रिय	क्रूर	चर	अग्नि	रज	धातु	विषम	पूर्व	मूंगा	रात्रि	शिर	ह्रस्व	पशु	पित्त	उष्ण	पृष्ठोदय
वृष	शुक्र	Taurus	श्वेत	वैश्य	सौम्य	स्थिर	पृथ्वी	तम	मूल	सम	दक्षिण	हीरा	रात्रि	नेत्र	ह्रस्व	पशु	वात	शांत	पृष्ठोदय
मिथुन	बुध	Gemini	हरा	शूद्र	क्रूर	द्वि. स्व.	वायु	सत	जीव	विषम	पश्चि.	पन्ना	रात्रि	भुजाएँ, गला	सम	नर	वात	चंचल	शीर्षोदय
कर्क	चंद्र	Cancer	श्वेत	विप्र	सौम्य	चर	जल	रज	धातु	सम	उत्तर	मोती	रात्रि	वक्ष, फेफड़े	सम	जल चर	कफ	शांत	पृष्ठोदय
सिंह	सूर्य	Leo	लाल	क्षत्रिय	क्रूर	स्थिर	अग्नि	तम	मूल	विषम	पूर्व	माणक	दिन	मेरू, रक्त, हृदय	दीर्घ	पशु	पित्त	उष्ण	शीर्षोदय
कन्या	बुध	Virgo	मिश्रित	वैश्य	सौम्य	द्वि. स्व.	पृथ्वी	सत	जीव	सम	दक्षिण	पन्ना	दिन	पेट, नाभि	दीर्घ	नर	त्रिदोष	शीत	शीर्षोदय
तुला	शुक्र	Libra	नीला	शूद्र	क्रूर	चर	वायु	रज	धातु	विषम	पश्चि.	हीरा	दिन	गुर्दे, कमर	दीर्घ	नर	वात	उष्ण	शीर्षोदय
बृश्चिक	मंगल	Scorpio	ताम्र	विप्र	सौम्य	स्थिर	जल	तम	मूल	सम	उत्तर	मूंगा	दिन	गुप्तांग	दीर्घ	कीट	कफ	शीत	शीर्षोदय
धनु	गुरु	Sagittarius	पीला	क्षत्रिय	क्रूर	द्वि. स्व.	अग्नि	सत	जीव	विषम	पूर्व	पुखराज	रात्रि	जंघा	सम	नर पशु	पित्त	उष्ण	पृष्ठोदय
मकर	शनि	Capricor	भूरा	वैश्य	सौम्य	चर	पृथ्वी	रज	धातु	सम	दक्षिण	नीलम	रात्रि	घुटने	सम	जल पशु	वात	शीत	पृष्ठोदय
कुम्भ	शनि	Aquarius	काला	शूद्र	क्रूर	स्थिर	वायु	तम	मूल	विषम	पश्चि.	नीलम	दिन	पिंडली	लघु	जल चर	त्रिदोष	उष्ण	शीर्षोदय
मीन	गुरु	Pisces	पीला	विप्र	सौम्य	द्वि. स्वा.	जल	सतो	जीव	सम	उत्तर	पुखराज	दिन	पाँव दोनों	लघु	जल चर	कफ	शीत	उभयोदय

चर, शीर्षोदयादि राशियों का महत्त्व–उपरोक्त राशियों के **गुण, स्वभाव, तत्वादि** का फलित ज्योतिष में विशेष महत्त्व होता है। संक्षेप में, **चर** का अर्थ है चलित अर्थात् जिसमें कार्य जल्दी हो। यात्रा करें, तो शीघ्र वापिस आ जावे। स्थिर लग्न राशि में कार्य करने से स्थायी प्रभाव होता है। मकान, दुकान, व्यवसायादि में प्रवेश करे, तो बहुत वर्षों तक रहे। द्वि-स्वभाव राशि में मिला-जुला प्रभाव होता है। अर्थात् पहिला आधा भाग स्थिर प्रभाव दिखाता है, अन्तिम आधा भाग 'चर' का प्रभाव दिखाता है। इसी भान्ति धातु का अर्थ है, सोना, चाँदी, लोहा, भूमि, सवारी धनादि पदार्थ। **'मूल'** का अर्थ है, फल, वृक्ष, अनाजादि भोग्य पदार्थ। **'जीव'** का अर्थ प्राणी-स्त्री, पुत्र, पौत्र, भाई आदि। **उदाहरणार्थ**–मान लीजिए, सौम्य राशि **मीन** में यदि कोई सौम्य ग्रह (शुक्र) बैठा है, तो प्रश्नकर्त्ता को स्त्री, संतानादि का सुख लाभ होगा (क्योंकि मीन राशि जीव सम्बन्धी राशि है) और यदि कोई अशुभ या क्रूर ग्रह स्थित हो, तो स्त्री, संतानादि सुख सम्बन्धी हानि होगी। ऐसा कहना चाहिए। इसी भान्ति, राशियों की दिशा बताने का तात्पर्य यह है कि जिस राशि में कारक ग्रह बैठे हो, उस राशि की दिशा में भाग्योदय होता है। **उदाहरण** के लिए किसी की जन्म कुण्डली में लग्नेश एवं नवमेश ग्रह वृष राशि में हो, तो जातक का भाग्योदय जन्म से दक्षिण दिशा में होगा–ऐसा कहना चाहिए। जैसे-यदि **कन्या लग्न** हो, तो बुध लग्नेश, दशमेश होगा। द्वितीयेश व नवमेश शुक्र, बुध (लग्नेश) सहित नवम् (भाग्य) स्थान पर इकट्ठे हों, तो वृष राशि (दक्षिण) में भाग्योदय होगा।

होमादि में अग्निवास ज्ञान कोष्ठक

वार → तिथि ↓	रवि	चन्द्र	मंगल	बुध	गुरु	शुक्र	शनि
शुक्ल 1	3	0	1	2	3	0	1
2	0	1	2	3	0	1	2
3	1	2	3	0	1	2	3
4	2	3	0	1	2	3	0
5	3	0	1	2	3	0	1
6	0	1	2	3	0	1	2
7	1	2	3	0	1	2	3
8	2	3	0	1	2	3	0
9	3	0	1	2	3	0	1
10	0	1	2	3	0	1	2
11	1	2	3	0	1	2	3
12	2	3	0	1	2	3	0
13	3	0	1	2	3	0	1
14	0	1	2	3	0	1	2
15	1	2	3	0	1	2	3
कृष्ण 1	2	3	0	1	2	3	0
2	3	0	1	2	3	0	1
3	0	1	2	3	0	1	2
4	1	2	3	0	1	2	3
5	2	3	0	1	2	3	0
6	3	0	1	2	3	0	1
7	0	1	2	3	0	1	2
8	1	2	3	0	1	2	3
9	2	3	0	1	2	3	0
10	3	0	1	2	3	0	1
11	0	1	2	3	0	1	2
12	1	2	3	0	1	2	3
13	2	3	0	1	2	3	0
14	3	0	1	2	3	0	1
30	0	1	2	3	0	1	2

प्रेषक : पं. भुबनेश्वर दत्त शर्मा ज्योतिषी, गाँव-बसन्तपुर (लसहराना) सन्धोल, ज़िला-मण्डी (हि. प्र.)

होमादि में अग्निवास जानना

किसी भी प्रकार के हवन या यज्ञारम्भ करने से पूर्व अथवा नव-वधू द्वारा पहली बार भोजन बनाने के समय अग्नि का वास अवश्य देखा जाता है।

शुक्ल प्रतिपदा से गिनकर वर्तमान तिथि में 1 जोड़ें, इसमें वर्तमान वार की संख्या (रविवार से प्रारम्भ करके) को जोड़े और फिर उस संख्या को 4 द्वारा भाग देवें-

यदि शेष 3 या 0 बचे, तो अग्नि का वास पृथ्वी पर होता है, उस दिन होम करना शुभ होता है, उससे सुख, लाभ मिलता है। यदि शेष 2 बचें तो अग्नि का वास पाताल में होता है, इस दिन होम करने से धन का अपव्यय होता है। यदि भाग देने के बाद 1 शेष बचे तो अग्नि का वास आकाश में होता है। इसमें होम करना अशुभ होता है। पं. भुवनेश्वर दन्त शर्मा, जिला-मण्डी (हि.प्र.) द्वारा प्रेषित संलग्न चार्ट भी यहाँ दे दिया गया है, जिससे आप तुरन्त अभीष्ट तिथि का अग्निवास जान सकते हैं।

अग्निवास का परिहार-

विवाहयात्रा व्रत गोचरेषु चूड़ोपनीति ग्रहणे युगादौ।
दुर्गा विधाने सुत प्रसूते नैवाग्नि चक्रं परिचिन्तनीयम्॥

अर्थात् नित्य नैमित्तिक कार्य, जन्म व मृत्यु के समय, विवाह में, यात्रा आरम्भ या यात्राकाल में, व्रतोद्यापन में ग्रहों की अनिष्ट गोचर स्थिति में मुण्डन, उपनयादि संस्कार में, ग्रहण शान्ति, रोग-पीड़ा की शान्ति, नवरात्र-दुर्गा-पूजा, पुत्रादि सन्तान जन्म काल में अग्निवास का विचार नहीं किया जाता।

—वार अनुसार शुभ कार्य—

✦ **गर्गाचार्य अनुसार**

सोने के आभूषणों के कार्यों में **रविवार** एवं **मंगलवार** शुभ फलकारी होते हैं। तथा **शनिवार** के दिन लोहे का कार्य करने पर शुभफल की प्राप्ति होती है-

काञ्चनाभूषणे प्रशस्तौ भौम मार्तण्डौ, रविजो लोह कर्माणि॥ १५॥ गंगाचार्य

✦ क्षीणचन्द्र का दिन और **शनि** व **मंगल** के वक्री होने के दिन शुभ नहीं होते हैं।

तारा अस्त और विकार से युक्त वार के दिन भी अभीष्ट (अच्छे) नहीं होते अर्थात् अशुभ होते हैं-

क्षीणेन्दु सौरि कुज वक्रि दिने न शस्तं शस्तं च कर्म यदि चोपचयस्थिताः स्युः।

✦ **अस्तङ्गतस्य विकृतस्य च नेष्टमह्नि**
सर्वं प्रशस्तमिह शेषदिनेशवराणाम् ॥ १७॥

तथा अस्त व विकार युक्त वार के दिन अभीष्ट नहीं होते-अर्थात् अशुभ होते हैं, शेष शुभ होते हैं।

✦ मंगलवार को कर्ज लेने से बचना चाहिए। तथा बुधवार के दिन कर्जा देना नहीं चाहिए। मंगलवार के दिन ऋण वापिस करना और बुधवार के दिन संग्रह करना चाहिए यथा-

ऋणं भौमे न गृह्णीयात् न देयं बुधवासरे।
ऋणच्छेदं कुजे कुर्यात् सञ्चयं सोमनन्दने॥ (ज्योतिः सार)

अरिष्ट ग्रहों के दान, पूजा एवं उपाय

अनिष्ट ग्रहों की शान्ति के लिए ज्योतिष शास्त्र में अनेक प्रकार के उपाय बतलायें गए हैं–जैसे मंत्रजाप-हवन, दान, ग्रह औषाधि स्नान; तीर्थ-स्नान, व्रत रखना, नग एवं यंत्र धारण करना इत्यादि। पाठकों के लाभार्थ, आगे कुछ उपायों का संक्षिप्त विवरण लिखा जाता है। **ध्यान रहे,** सूर्य चन्द्रादि ग्रहों की उपासना के माध्यम से हम सर्वपिता परमात्मा की ही उपासना करते हैं। क्योंकि विश्व के सभी सौरपिण्डों के द्वारा ईश्वर की असीम शक्ति की ही सतत अभिव्यक्ति हो रही है।

पूर्वा जन्मों में कृत शुभाशुभ कर्मों के अनुसार एवं ग्रहों के द्वारा अनुप्रेरित होकर मनुष्य ऐहिक जीवन में सुख-दुख, लाभ-हानि, इष्ट-अनिष्टादि फल प्राप्त करता है। जन्मपत्री एवं वर्ष कुण्डली में पड़े क्रूर ग्रह मनुष्य को प्रतिकूल एवं कठिन समस्याएं उत्पन्न करवाते हैं, जबकि शुभ एवं योगकारक ग्रह अनुकूल व सौभाग्यवर्द्धक परिस्थितियां बनाने में सहायक होते हैं।

यदि अशुभ ग्रहों के प्रभावस्वरूप बार-बार प्रयत्न करने पर भी जीवन में विघ्नों एवं विफलताओं का सामना पड़े और भाग्य साथ न देता हो, तो अशुभ ग्रहों की अनुकूलता हेतु ज्योतिष आचार्यों द्वारा प्रतिपादित अनिष्ट ग्रहों के उपायों को अपनाकर जीवन को स्वस्थ, खुशहाल एवं सुखी बनाने का प्रयास करना चाहिए।

परन्तु जन्मकुण्डली में किसी ग्रह का शुभाशुभ निर्णय करना सरल कार्य नहीं। किसी जातक की कुण्डली में यदि मंगल आदि कोई ग्रह नीचादि अशुभ अवस्था में स्थित होने पर भी तुरन्त एकदम अशुभ फल नहीं कह देना चाहिए। देखना चाहिए कि विचारणीय ग्रह किस भाव का स्वामी होकर नीचावस्था में बैठा है। नीचस्थ मंगल पर यदि गुरु की पंचम/नवमादि शुभ दृष्टि पड़ रही हो अथवा यदि नवांश कुण्डली में मंगल मित्र या उच्च राशि में पड़ा हो, अथवा मंगल स्थित राशि (कर्क) का स्वामी ग्रह चन्द्रमा मित्र या उच्चादि राशि में स्थित हो अथवा मंगल, चन्द्रमा, गुरु आदि शुभ ग्रहों के साथ बैठा हो, तो ऐसी स्थिति में मंगल विशेष अधिक अशुभ फल नहीं करेगा। इसके अतिरिक्त विचारणीय भाव के कारक ग्रह की भी शुभाशुभ स्थिति का भी विचार कर लेना चाहिए।

◆सूर्य शान्ति के लिए उपाय◆

यदि किसी जातक की जन्म अथवा वर्ष कुंडली में सूर्य अशुभ कारक हो तो उसको निम्नलिखित मन्त्र की (अपनी सामर्थ्यानुसार) कम-से-कम 7000 की संख्या में जप करना चाहिए। जप का आरम्भ शुक्लपक्षीय रविवार प्रातः सूर्योदय से करना चाहिए। पाठ करते समय समीप ताम्र बर्तन में शुद्ध जल, ताण्डुल, लाल चन्दन, लाल पुष्प, गंगाजल, थोड़ा गुड़ डालकर पात्र को लाल वस्त्र, आम के पत्तों एवं नारियल द्वारा ढक लेना चाहिए। साथ ही दान योग्य वस्तुओं को संकल्पपूर्वक पहले से पास में रख लेनी चाहिएं।

बीज मंत्र–ॐ ह्रां ह्रीं ह्रौं सः सूर्याय नमः (जप संख्या 7000)

सूर्य दान हेतु वस्तुएँ–गेहूँ, लाल चन्दन, गुड़, लाल पुष्प, लाल वस्त्र, घी, लाल वर्ण की गाय, सुवर्ण, माणिक्य, ताम्र बर्तन, नारियल आदि लाल फल, मिष्ठान, दक्षिणा आदि।

उपाय–(1) तांबे की अँगूठी में माणिक्य अथवा विधिवत् तैयार किया हुआ सूर्य-यन्त्र (ताम्र पत्र पर) धारण करें।

(2) खाना खाते समय सोने अथवा तांबे के चम्मच का प्रयोग करना तथा 11 रविवार तक सूर्य स्नान करना। जब जन्म या वर्ष कुण्डली में सूर्य अशुभ हो तो–

(3) 108 रविवार तक ताम्र बर्तन में शुद्ध जल, लाल चन्दन मिलाकर सूर्य को अर्घ्य देकर सूर्य स्तोत्र का पाठ करना शुभ है।

(4) 40 या 43 दिन तक चलते पानी में गुड़ या तांबे के सिक्के बहाना शुभ होगा।

(5) सर्वप्रथम प्रातःकाल उठकर स्नान उपरान्त ताम्र कलश (गड़वी) में जल, दूध, पुष्प, गंध, लाल-चंदन आदि लेकर पूर्व दिशा में मुख करके गायत्री मंत्र तथा सूर्यार्घ्य मंत्र के उच्चारण से सूर्य को अर्घ्य प्रदान करना चाहिए।

(6) रविवार को नमक से परहेज़ रखें। लवणरहित सादा भोजन करें। ग्यारह रविवार पर्यन्त केवल दही और चावल का सेवन करना चाहिए।

(7) जिन जातकों का सूर्य नीच का हो, उन्हें कार्तिक मास में तुलसी पौधे पर दीपक प्रज्वलित करना चाहिए तथा पं. देवीदयालु कृत 'कार्तिक माहात्म्य' का पाठ करना चाहिए।

◆चन्द्रमा शान्ति के लिए उपाय◆

जब जन्म या वर्ष कुण्डली में चन्द्र ग्रह अशुभ कारक हो तो निम्नलिखित मन्त्र की 11 हज़ार की संख्या में जप करना और तदुपरान्त दशमांश संख्या में हवन करना कल्याणकारी होगा। जप का आरम्भ पूर्णिमा या शुक्ल पक्ष के सोमवार से करना चाहिए।

तन्त्रोक्त चन्द्र मंत्र–ॐ श्रां श्रीं श्रौं सः चन्द्रमसे नमः (जप संख्या 11,000)

दान योग्य वस्तुएँ–चावल, सफेद चन्दन, शंख, कपूर, घी, दही, चीनी या मिश्री, क्षीर, मोती, श्वेत वस्त्र, श्वेत पुष्प, श्वेत फल, चांदी, मिठाई और दक्षिणा। **उपाय=**

(1) चांदी के बर्तनों का प्रयोग करना एवं चारपाई के पायों में चांदी के कील ठुकवाना।

(2) सफेद मोतियों की माला अथवा चांदी की अँगूठी में मोती धारण करना।

यदि कुण्डली में चन्द्र अशुभ हो, तो चन्द्रमा के अशुभत्व के निवारण हेतु उपाय–

(3) शीशे के गिलास में दूध, पानी आदि पीने से परहेज़ रखना तथा चाँदी के बर्तनों में दूध, पानी पीना शुभ होगा।

(4) पानी में कच्चा दूध मिलाकर चन्द्रमा का बीज मन्त्र पढ़ते हुए पीपल को डालना।

(5) लगातार 16 सोमवार व्रत रखकर सायंकाल सफेद वस्तुओं का दान करना चाहिए तथा पाँच छोटी कन्याओं को क्षीर सहित भोजन कराना चाहिए।

(6) सोमवार को ही प्रातःकाल स्नानादि करके ताम्र या चांदी के बर्तन में कच्ची लस्सी (जल तथा थोड़ा सा दूध) भगवान् की मूर्त्ति या शिवलिंग पर चढ़ाना चाहिए।

(7) चांदी का कड़ा, चैनी या सिक्का धारण करना चाहिए।

◆मंगल शान्ति के लिए उपाय◆

जन्म या वर्ष कुंडली में मंगल अशुभकारक एवं बाधाकारक हो, तो निम्न मन्त्र की कम-से-कम 10 हज़ार संख्या में शुक्ल पक्ष के मंगलवार से प्रारम्भ करें।

तन्त्रोक्त मंगल मन्त्र–ॐ क्रां क्रीं क्रौं सः भौमाय नमः (जप संख्या 10,000)

दान योग्य वस्तुएँ–गेहूँ, मसूर, लाल बैल, घी, गुड़, सुवर्ण, मसूर, मूंगा, ताम्र बर्तन, कनेर पुष्प, लाल चन्दन, लाल वस्त्र, केशर, लाल फल, नारियल, मीठी चापाती, गुड़ से निर्मित रेवड़ियां, दक्षिणा आदि। मंगल का दान युवा ब्राह्मण को करना शुभ है।

उपाय–जब कुण्डली में मंगल शुभ एवं योगकारक होता हुआ भी फल न करता हो तो निम्नलिखित उपाय शुभ होंगे–

(1) तांबे की अँगूठी में मूँगा धारण करना अथवा तांबे का कड़ा पहनना।

(2) मंगलवार को घर में गुलाब का पौधा लगाना तथा 108 दिन तक रात को तांबे के बर्तन में पानी सिरहाने रखकर घर में लगाए हुए गुलाब के पौधे को वहीं पानी डालना।

(3) मंगलवार का व्रत रखकर 27 मंगल किसी अपाहज को मीठा विशेषकर गुड़ से निर्मित भोजन खिलाना।

(4) नारियल को तिलक करके तथा लाल कपड़े में लपेटकर लगातार 3 मंगलवार चलते पानी में बहाएँ।

(5) लाल रंग की गाय या लाल वर्ण के कुत्ते को भोजन खिलाना शुभ होगा।

(6) मंगलवार का व्रत रखना चाहिए। विशषकर उन कन्याओं को जिनकी कुण्डली में मंगल मंगलीक योग बनकर विवाह में बाधा, विलम्ब उत्पन्न कर रहा हो–उन्हें मंगलागौरी का व्रत लगातार 7 मंगलवार रखना चाहिए।

◆बुध शान्ति के लिए उपाय◆

जन्म या वर्ष कुंडली में बुध ग्रह अशुभफली हो तो भगवान् विष्णु का ध्यान करके शुक्ल पक्ष के बुधवार को आरम्भ करके 9000 की संख्या में बीज मंत्र का जप करना चाहिए।

तन्त्रोक्त बुध मन्त्र–ॐ ब्रां ब्रीं ब्रौं सः बुधाय नमः (जप संख्या 9000)

दान योग्य वस्तुएँ–मूंगी, 5 हरे फल, चीनी, हरे पुष्प, हरी इलायची, कांस्य-पत्र, पन्ना, सोना, हाथी का दांत, षड्रसों से युक्त भोजन हरी सब्ज़ी, हरा कपड़ा, दक्षिणा सहित दान करें।

उपाय–कुंडली में बुध शुभ होता हुआ भी फलकारक न हो तो निम्न उपाय शुभ होंगे–

(1) हरे रंग का पन्ना बुधवार को सोने की अँगूठी में धारण करना। हरे रंग के वस्त्रों को पहनना तथा हरे रंग के पर्दे लगाना शुभ होगा। हरे रंग की गाड़ी, स्कूटर या साईकिल आदि का प्रयोग करें। परन्तु यदि बुध अशुभ हो, तो हरे वस्त्र कदापि न पहनें।

(2) बुधवार को चाँदी या कांस्य के गोल टुकड़े को हरे रंग के कपड़े में लपेट कर जेब में रखें या भुजाओं के साथ बांधें।

यदि बुध अशुभ हो तो–(3) मूंगी साबत के सात दाने, हरा पत्थर, कांसे का गोल टुकड़ा, हरे वस्त्र में लपेट कर बुधवार को चलते पानी में बहाना शुभ होगा। पानी में बहाते समय कम-से-कम 7 बार बुध का बीज मन्त्र पढ़ें।

(4) हरे रंग के वस्त्र (परिधान) किसी हिजड़े को बुधवार के दिन शुभ होगा।

(5) बुधवार के दिन 6 इलायची हरे रूमाल में लपेटकर अपने पास रखें तथा इसके पश्चात् एक इलायची व तुलसीपत्र का सेवन करना शुभ रहेगा।

◆गुरु शान्ति के लिए उपाय◆

जब किसी व्यक्ति की जन्म या वर्ष कुंडली में गुरु शुभ फल प्रकट न कर रहा हो तो उसे शुक्ल पक्ष के बृहस्पतिवार को, शुभ मुहूर्त में निम्नलिखित मन्त्र का 19,000 की संख्या में पाठ करना तथा तदोपरान्त दशांश संख्या में हवन करना कल्याणकारी होगा।

तन्त्रोक्त गुरु मन्त्र–ॐ ग्रां ग्रीं ग्रौं सः गुरवे नमः (जप संख्या 19,000)

गुरु दान की वस्तुएं–पीले चावल, पुखराज, चने की दाल, हल्दी, शहद, पीला कपड़ा, पीले पुष्प व पीले फल (जैसे-आम, केले आदि), कांस्यपात्र, घोड़ा, लवण, शक्कर, घी, धर्मग्रन्थ, सुवर्ण, पीली मिठाई, दक्षिणा आदि।

उपाय–जन्म कुंडली में बृहस्पति शुभ व योगकारक होता हुआ भी शुभ फल प्रकट न कर रहा हो तो निम्नलिखित उपाय करें–

(1) सोने या चांदी की अँगूठी में तर्जनी अंगुली में तथा शुभ मुहूर्त्त में पुखराज धारण करें।

(2) 27 गुरुवार केसर का तिलक लगाना तथा केसर की पुड़िया पीले रंग के कपड़े या कागज़ में अपने पास रखना शुभ होगा।

गुरु के अशुभ प्रभाव के निवारण हेतु निम्नलिखित उपाय करें–

(3) चलते पानी में बादाम एवं नारियल पीले कपड़े में लपेटकर बहाना शुभ होगा।

(4) पीपल के वृक्ष को गुरुवार एवं शनिवार को गुरु का बीज मन्त्र एवं गुरु गायत्री मन्त्र पढ़ते हुए जल दें।

(5) वृद्ध ब्राह्मण को यथाशक्ति पीली वस्तुएँ, जैसे–चने की दाल, लड्डू, पीले वस्त्रों, शहदादि का दान करना चाहिए।

◆शुक्र शान्ति के लिए उपाय◆

जन्म या वर्ष कुंडली में शुक्र अशुभकारक हो तो शुभ मुहूर्त्त में निम्न मन्त्र का 16,000 की संख्या में जाप करना तथा तदुपरान्त दशांश संख्या में हवन करना कल्याणकारी होगा।

तन्त्रोक्त शुक्र मन्त्र–ॐ द्रां द्रीं द्रौं सः शुक्राय नमः (जप संख्या 16,000)

शुक्रदान की वस्तुएँ–चाँदी, चावल, सुवर्ण, दूध, दही अथवा दुग्ध निर्मित वस्तुएँ, मिश्री, श्वेत चन्दन, श्वेत घोड़ा, श्वेत वस्त्र, श्वेत पुष्प, श्वेत फल एवं सुगन्धित पदार्थ।

उपाय–कुंडली में यदि शुक्र शुभ एवं योगकारक होता हुआ भी फलीभूत न हो रहा हो तो निम्न उपाय कल्याणकारी रहेंगे–

(1) चाँदी की कटोरी में सफेद चन्दन, मुश्कपूर, सफेद पत्थर का टुकड़ा रखकर सोने वाले कमरे में रखे चन्दन की अगरबत्ती जलाना शुभ होगा।

(2) घर में तुलसी का पौधा लगाना, सफेद गाय रखना, सफेद पुष्प लगवाना शुभ होगा तथा क्रीम रंग के रेशमी कपड़े में चाँदी के चौरस टुकड़े पर शुक्र यन्त्र खुदवाकर विधिपूर्वक अपने पास रखें।

शुक्र अशुभ प्रभावी होने की स्थिति में नीचे लिखे उपाय कल्याणकारी होंगे–

(3) शुक्रवार को श्री दुर्गा पूजन, 5 कन्या पूजन उन्हें खीरादि श्वेत वस्तुएँ देना तथा गौशाला में शुक्रवार से शुरु करके सात दिन तक गाय को हरा चारा, शक्कर एवं चरी डालना।

(4) सफेद रंग के पत्थर पर चन्दन का तिलक लगाकर चलते पानी में बहा देना या चांदी के टुकड़े पर शुक्र यन्त्र खुदवा कर रेशमी क्रीम रंग के वस्त्र में लपेट कर शुक्रवार को नीम के वृक्ष के नीचे दबाना।

(5) शुक्रवार का विधिवत् व्रत रखना चाहिए तथा पाँच शुक्रवार पाँच कन्याओं का पूजन कर उन्हें मिश्री सहित श्वेत वस्तुओं की भेंट देनी चाहिए।

◆शनि शान्ति के लिए उपाय◆

जन्म या वर्ष कुण्डली में शनि अशुभ फल प्रदायक हो तो किसी शुभ मूहूर्त्त में आरम्भ करके निम्न मन्त्र का श्रद्धापूर्वक भगवान् शंकर का एवं शनि के रूप का ध्यान करते हुए 23 हज़ार संख्या पूर्ण करने के पश्चात् उसी मन्त्र सहित दशांश की संख्या में हवन करने से शुभ प्रभाव पड़ता है।

तन्त्रोक्त शनि मन्त्र–ॐ प्रां प्रीं प्रौं सः शनैश्चराय नमः (जप संख्या 23,000)

शनि के दान योग्य वस्तुएँ–नीलम, लोहा, तिल, उड़द (माश), सरसों का तेल, काला वस्त्र, काली गाय, कुल्थी, लौह निर्मित पात्र, जूता, भैंस, कस्तूरी, सुवर्ण, नारियल, काले अथवा नीले पुष्प, फल, दक्षिणा इत्यादि।

उपाय–शनि शुभ होता हुआ भी शुभफल प्रकट न कर रहा हो तो निम्न उपाय शुभ होंगे–

(1) सोने की अँगूठी में नीलम धारण करें। उसके अभाव में नाव के कील की अँगूठी अथवा काले घोड़े के नाल (खुरों) की अँगूठी बनवाकर मध्यमा अंगूली में धारण करें।

(2) घर में नीले रंग के पर्दे तथा नीले रंग की चादरों का प्रयोग करना और स्वयं भी बहुधा नीले रंग के वस्त्रों का प्रयोग करना शुभ होगा। जब कुण्डली में शनि नीच या अरिष्टकर फल प्रकट कर रहा हो तो निम्न उपाय करें–

(3) शनिवार का व्रत और दशरथकृत '**शनि स्तोत्र**' का पाठ करें।

(4) स्टील या लोहे की कटोरी में तेल का छाया-पात्र करके तेल पाँच शनिवार तक आक के पौधे पर अथवा '**शनि मन्दिर**' में डालना शुभ होगा। 5वें शनिवार को तेल चढ़ाने के बाद तेल वाली कटोरी को वही दबा देना या वही चढ़ा देना शुभ होगा। तेल चढ़ाते समय शनि का बीज मन्त्र पढ़ें। (देखें गत पृष्ठ)

◆राहु शान्ति के लिए उपाय◆

जन्म या वर्ष कुंडली में राहु अशुभ फलदायक हो तो निम्नलिखित मन्त्र का 18,000 की संख्या में जाप करके दशमांश का हवन करें–

मन्त्र–ॐ भ्रां भ्रीं भ्रौं सः राहवे नमः (जप संख्या 18,000)

राहु दान योग्य वस्तुएँ–सप्तधान्य, गोमेद, सीसा, काला घोड़ा, तिल, तैल, सोने या चाँदी का सर्प, उड़द, खड्ग (तलवार), कवच, नीला वस्त्र, काले रंग के पुष्प, नारियल, दक्षिणा आदि।

उपाय–अशुभ राहु या राहु की महादशा या अन्तर्दशा में निम्नलिखित उपाय करें–

(1) काले व नीले वस्त्र पहनने से परहेज़ करें तथा चाँदी की चेनी व लॉकिट पहनना शुभ होगा।

(2) चापाती को खीर लगाकर कौओं को एवं काले रंग की गाय को खिलाएँ।

(3) काले तिल, कच्चा कोयला, नीले रंग के ऊनी कपड़े में बाँधकर शनिवार अथवा राहु के नक्षत्रों में घर के आंगन में दबाना शुभ होगा। अथवा नीले वस्त्र के बांधे रूमाल को राहु मन्त्र पढ़ते जल में प्रवाह कर देवें।

◆केतु शान्ति के लिए उपाय◆

जन्म या वर्ष कुण्डली में केतु अशभु फलकारी हो तो किसी शुभ मुहूर्त्त में नीचे लिखे मन्त्र की 17 हज़ार की संख्या में जाप करें तथा दशमांश का हवन करें।

मन्त्र–ॐ स्त्रां स्त्रीं स्त्रौं सः केतवे नमः (जप संख्या 17,000)

केतु की दान योग्य वस्तुएँ–लहसुनिया, लोहा, बकरा, नारियल, तिल, सप्तधान्य, धूम्र (धुएँ जैसा) वर्ण का वस्त्र, कस्तूरी, लौह चाकू, कपिला गाय, दक्षिणा सहित।

उपाय–(1) केतु की शान्ति के लिए श्री गणेश चतुर्थी का व्रत रखें तथा श्रीगणेश पूजन तथा लड्डुओं का भोग लगाना शुभ होगा।

(2) काले वस्त्र में बाँधकर काले व सफेद तिल चलते पानी में बहाना।

(3) रंग-बिरंगी (चितकबरी) गाय की सेवा करना एवं रंग-बिरंगे कुत्ते को दूध व चापाती (Bread) डालना। शास्त्रोक्त एवं लाल किताब सम्बन्धी अधिक जानकारी एवं उपायों के लिए हमारी पुस्तक '**अरिष्ट ग्रहों के चमत्कारी उपाय एवं टोटके**' मंगवाकर पढ़ें।

व्यापारिक वस्तुओं तथा शेयर-बाज़ार में मन्दा-तेजी—सन् 2013 ई०

वायदा व्यापारियों के लिए आवश्यक सुझाव—व्यापारिक वस्तुओं अथवा जिन्सों के दैनिक उतार-चढ़ाव के अध्ययन के बाद ही वस्तुओं का क्रय-विक्रय करना सफल व्यापार की कुंजी है। संसार के सभी पदार्थों पर प्रभाव रखने वाले ग्रह होते हैं तथा अपने में सभी पदार्थों का समावेश करने वाली राशियां होती हैं। जब ग्रह भ्रमण करता हुआ राशि-भोग करता है, तो उसकी हर गति का प्रभाव प्रत्येक वस्तु पर पड़ता है, क्योंकि उस समय वे पदार्थ उस ग्रह के प्रभाव में रहते हैं और वस्तु के मूल्यों में जो परिवर्तन (घटाबढ़ी) होता है, उसे हम तेजी-मन्दी कहते हैं।

ज्योतिष शास्त्र का वायदा-व्यापार से गहरा सम्बन्ध है। ध्यान रहे, हाजिर एवं वायदा बाज़ार पर राजनीतिक, सामाजिक, प्राकृतिक एवं आजकल अन्तर्राष्ट्रीय घटनाओं का प्रभाव भी अवश्य रहता है। इसके अतिरिक्त कुशल व्यापारी को अपनी वर्तमान विशोंतरी ग्रहदशा तथा आर्थिक सामर्थ्य को ध्यान में रखते हुए ही व्यापार करना चाहिए। जन्म/वर्ष कुण्डली में हानिप्रद या अनिष्ट ग्रह से सम्बन्धित वस्तु का व्यापार न करें। अनुकूल ग्रह-दशा जातक को व्यवसाय में विपुल धन लाभ तथा प्रतिकूल ग्रहदशा अकस्मात् धन-हानि करवा सकती है। सदैव उतने ही लाभ की आशा करके व्यापार करें, जितनी की हानि साधारणतया उठा सकने का सामर्थ्य हो।

गतवर्षों सन् 2010 से 2012 ई० में हमारे द्वारा निर्दिष्ट ग्रहस्थिति एवं तेजी-मन्दी के चान्सों से सोना, चाँदी, गुड़, सोयाबीन, कॉपर, तेल, लोहे, स्टील, चने तथा शेयरों से सम्बन्धित अनेक व्यापारी लाभान्वित हुए। (विशेषकर जून-जुलाई में सोने-चांदी में हुई तेजी-मन्दी से विशेष लाभ उठाया।)

आगे गोचर ग्रहों, नक्षत्रों के आधार पर व्यापारिक वस्तुओं (जिन्सों) के दैनिक मन्दा-तेजी की विशेष लाइनों एवं तूफानी तेजी आदि का विवरण लिख रहे हैं। **यदि आप प्रतिमास किसी विशेष एक जिन्स (वस्तु) की दैनिक तेजी-मन्दी रिपोर्ट या वायदा हाजिर का चांस चाहते हैं तो प्रति जिन्स की एक मास की फीस 751 रु., 2 मास की फीस 1400 रु. होगी। पूरी फीस अग्रिम ड्राफ्ट द्वारा भेजें।** रिपोर्ट लिखित रूप में रजिस्ट्री या कोरियर के माध्यम से भेज दी जाएगी। D.D. (ड्राफ्ट) या चैक या मनीआर्डर इस पते पर भेजें। —पं० **विवेक शर्मा S/o पं. पन्ना लाल शर्मा, अड्डा होशियारपुर चौंक, जालन्धर—144008 (पंजाब), फोन 0181-2457959**

जनवरी—मासारम्भ से मंगल अतिचारी गति से शनि की राशि मकर में संचरणशील है तथा मेष राशिस्थ केतु पर मंगल व शनि-दोनों क्रूर ग्रहों की दृष्टियाँ पड़ रही है। तथा 4 जन. को शुक्र शीघ्र गति से मूल नक्षत्र एवं धनु राशि में प्रवेश करेगा। सोना, चाँदी, ताँबा, जिस्त आदि धातुओं, गेहूँ, जौं, चना आदि अन्न में अच्छी तेजी बनेगी। रूई, कपास, सूत में पहले मन्दी बनकर फिर तेजी बनेगी।

5 जन. को बुध पू.षा. में तथा गुरु रोहिणी नक्षत्र के प्रथम चरण में आने से सोना, चाँदी, गुड़, चीनी में अच्छी मन्दी का झटका लगेगा। रुई में घटाबढ़ी रहेगी। सोना, चाँदी धातुओं तथा गुड़, चीनी, चने आदि अनाजों में यह मन्दी अस्थायी रहेगी। 1-2 दिन बाद पुनः तेजी का रुख शुरु हो जाएगा।

10 जन. को सूर्य उ.षा. में आने से भी उड़द, मूँग, चावल, चना, गेहूँ, गुड़, चीनी, लाल-शक्कर, कपास, पिप्पलामूल, सरसों में तेजी बनेगी।

13 जन. को **सूर्य मकर राशि में अतिचारी मंगल के साथ मेल करेगा। इसी दिन बुध भी उ.षा. नक्षत्र में आएगा।** घी, तेल, अलसी, गुड़, शक्कर, खाण्ड, रूई, कॉटन, सोना, ताँबा में तेजी बनेगी। चना, गेहूँ आदि अनाज तथा बारदाना में मन्दी बनेगी।

15 जन. को बुध मकर राशि में आकर सूर्य के साथ मेल करेगा, शुक्र भी इसी दिन प्रातः पू.षा. में आएगा। मूँग, मोठ, उड़द, तिल, तेल, सरसों, नमक में मन्दी बनेगी। परन्तु सोना, चाँदी, ताँबा आदि धातुओं तथा बैंकिंग शैयर्ज़ में विशेष तेज़ी बनेगी।

17 जन. को मंगल धनिष्ठा नक्षत्र में आने से राई, जौं, पीपल, सोना, चाँदी, ताँबा, पीतल, जिस्त, लोहा में तेजी बने, गुड़, शक्कर, चीनी, घी, रूई, सूत, अनाज में मन्दी बने।

परन्तु 18 जन. को शनि स्वाती नक्षत्र के चतुर्थ चरण में आने से चीनी, गुड़, दूध, दही, तेल, तिलहन तेज हो जाएंगे।

21 जन. को बुध श्रवण में आने से गुड़, खांड, अलसी, चना, चावल तेज होंगे।

ता. 23 जन. को सूर्य भी श्रवण नक्षत्र में बुध के साथ मेल करेगा। गेहूँ, जौं, चावल, रूई, सूत, सन, सोना, चाँदी, गुड़, खाण्ड, अलसी, सुपारी, लौंग, पीपल में तेजी का रुख बनेगा।

25 जन. को मंगल कुम्भ राशि में तथा शुक्र उ.षा. में आएगा। **रुई-चाँदी में अच्छी घटाबढ़ी होगी। गुड़-खाण्ड, सोना, ताँबा, क्रूड-आयल, लोहे में अच्छी तेजी बनेगी। (इस तेजी से अवश्य लाभ उठाएं)** 26 जन. को भी तेजी का रुख रहे।

28 जन. को शुक्र मकर राशि में आकर सूर्य व बुध के साथ मेल करेगा। शेयर्ज़, सोना, चाँदी, ताँबा, कपास, सूत व गेहूँ, तिलहन आदि एवं सर्व प्रकार के अनाजों में तेजी बनेगी। **साफ्टवेयर शेयरों में विशेष तेजी बनेगी।**

29 जन. को बुध धनिष्ठा में आने से सोना, चाँदी में मामूली मन्दी, गुड़, खाण्ड, अलसी, चना में तेजी बने।

30 जन. को वृष राशिस्थ गुरु मार्गी होने से बाज़ारों के रुख में अचानक परिवर्तन हो सकता

है। सावधानीपूर्वक आगे बढ़े। रूई, चावल, सोना, सूती वस्त्र मन्दे होंगे। जिन वस्तुओं में मन्दी चल रही होगी, वे तेज हो जाएंगी तथा जो तेज होंगी, उनमें मन्दी बन जाएगी।

31 जन. को अतिचारी मंगल पश्चिम में अस्त होने से गेहूँ, अलसी, जौं, चना, गुड़ में तेजी रहे। रूई में घटाबढ़ी रहेगी।

शेयर-बाज़ार का रूख—नववर्ष के प्रथम सप्ताह तथा ता. 10 से 15 तक निफ्टी मुख्यत: तेज रहेगी। ता. 16 से 20 के मध्य 100-150 Point का नुकसान होगा। परन्तु ता. 23 से 28 के मध्य पुन: मज़बूत होगा।

☞ फरवरी—ता. 2 फर. को बुध कुम्भ राशि में अतिचार गति प्राप्त मंगल के साथ मेल करेगा तथा इस दिन मंगल शतभिषा नक्षत्र में आएगा। रूई, अलसी, सोना, चाँदी, शेयर्ज़ में पहले मन्दी बनकर बाद दोपहर तक तेजी बन जाएगी। घी, तेल, गुड़, खाण्ड, मूँग, ग्वार तेज रहेंगे।

5 फर. को बुध शतभिषा नक्षत्र में आकर मंगल के साथ एक नक्षत्र सम्बन्ध बनाएगा। इसी दिन बुध पश्चिम में उदय होगा तथा सूर्य धनिष्टा व शुक्र श्रवण नक्षत्र में दाखिल होंगे। अलसी, रूई, मूँग, मसूर, गेहूँ, चना आदि अनाजों में तेजी रहे तथा सोना, चाँदी, गुड़, शक्कर, खाँड में मन्दी बनकर तेजी बनेगी। **जिन वस्तुओं या जिन्सों में यहाँ अस्थायी मन्दी आई, तो वहाँ स्टॉक करने से जल्दी ही आगे लाभ मिलेगा।**

10 फर. को शुक्र पूर्व में अस्त होगा। सूर्य-शुक्र पर गुरु की दृष्टि चल रही है। रूई, चान्दी, कपास में घटाबढ़ी होकर तेजी बनेगी। सोना, ताँबा, पीतल, जिस्त, हींग, सूरजमुखी, हींग, केसर, ग्वार में तेजी बनेगी।

11 फर., सोमवार को कुम्भस्थ चन्द्रमा कालीन चन्द्रदर्शन होने से दाल वाले अनाज, चना, अरहर, मसूर, मोठ, मूँग, सोना, चाँदी, पीतल, जिस्त आदि में तेजी बनेगी।

12 फर. को सूर्य कुम्भ राशि में आकर अतिचारी मंगल एवं बुध के साथ मेल करेगा। संक्रान्ति वारानुसार खप्पर योग भी बन रहा है। घी, तेल, सरसों, सोयाबीन, मूँगफली, राईं, क्रूड-आयल में अच्छी तेजी बनेगी। रुई, अलसी, एरण्ड, गेहूँ, आदि अनाज, गुड़, शक्कर, खाण्ड में मन्दी बनकर तेजी बनेगी।

14 फर. को बुध पू.भा. नक्षत्र में आने से सोना, चाँदी, कापर, निफ्टी, सोयाबीन, अनाज, सूत, कपास, चना में अच्छी तेजी का झटका लगेगा।

16 फर. को शुक्र धनिष्ठा में आने से चावल, मूँग, मोठ, उड़द, ज्वार, बाजरा, सोना, चाँदी, रुई, कपास में तेजी का ही रुख रहेगा।

18 फर. को तुला राशिगत शनि वक्री होगा। शनि-राहु का योग पहले ही चल रहा है। सभी प्रकार के तेल तथा तेल पदार्थों, खाद्य-तेलों, क्रूड-आयल, फरनैस-आयल, सोना, ताँबा, सीमेंट में अच्छी ज़ोरदार तेजी की उम्मीद है। यदि 1-2 दिन तेजी नहीं भी बनी, तो व्यापारी सज्जन इन्तज़ार कर सकते हैं।

19 फर. को सूर्य शतभिषा तथा मंगल पू.भा. नक्षत्र में आने से सोना-चाँदी, सूत, सन, कपास, तिल, तेल, एरण्ड, सरसों, हींग, जायफल, दाख, छुहारा, सोंठ, हल्दी, गेहूँ, गुड़ में तेजी बनेगी।

21 फर. को शुक्र कुम्भ राशि में आकर सूर्य, मंगल एवं बुध के साथ मेल करेगा। चाँदी, रूई, गुड़, खाण्ड, गेहूँ, चना, जौं, मूँग, ज्वार, बाजरा में घटाबढ़ी के बाद तेज़ी बनेगी।

23 फर. को कुम्भराशिगत बुध वक्री होने से सभी प्रकार के बाज़ारों में अच्छी घटाबढ़ी चलेगी। शेयर-बाज़ार, बैंकिंग शेयर्ज़, सोना, चाँदी, मूँग, रूई, चना में अच्छी तेजी चलेगी।

24 फर. को गुरु रोहिणी नक्षत्र के द्वितीय चरण में आने से सभी प्रकार के रत्नों, अनाज, चाँदी, रूई, कपास, सन्, गुड़, खाण्ड में तेजी बनेगी। सुपारी, मिर्च, सरसों, राईं, हींग, खजूर, छुहारा, हल्दी में मन्दी बनेगी।

25 फर. को वक्री बुध पश्चिम में अस्त होने से रूई, शेयरों, घी में मन्दी, सोना, चाँदी में तेजी बनेगी।

26 फर. को शुक्र शतभिषा नक्षत्र में आने से गेहूँ, गुड़, खाण्ड, चावल, घी, सरसों, रूई, सोना, चाँदी में तेजी बनेगी।

मासान्त तक शेयर-बाज़ार, सोना-चाँदी आदि धातुओं में घटाबढ़ी का माहौल रहेगा।

☞ मार्च—मासारम्भ में ता. 1 से 2 को मुख्य जिन्सों में तेजी का रुख रहेगा।

4 मार्च को सूर्य पू.भा. नक्षत्र में आएगा। इसी दिन मंगल मीन राशि में आकर शनि के साथ षडाष्टक सम्बन्ध बनाएगा तथा वक्री बुध शतभिषा नक्षत्र में आएगा। सोना, चाँदी, कॉपर, रेशम, गेहूँ, चना, उड़द, चावल, ज्वार, बाजरा, घी, सरसों, तिल, तैल, गुड़, खाण्ड, गुग्गुल, पीपलामूल, रुई तेज होंगी।

8 मार्च को मंगल उ.भा. नक्षत्र में आने से सोना, चाँदी, कॉपर, चन्दन, कपूर आदि सुगन्धित पदार्थों, गेहूँ, जौं, चना में तेजी बनेगी।

9 मार्च को शुक्र पू.भा. में आने से रूई, कपास, अरहर, ग्वार, जिस्त, क्रूड में तेजी बने।

11 मार्च को वक्री बुध पूर्व में उदय होने से चना, चावल, तिलहन, घी, रूई, खल-बिनौला, शेयरों, लाल मिर्च में घटाबढ़ी के बाद तेजी बनेगी।

13 मार्च बुधवार को मीन राशिगत चन्द्रदर्शन होने से सोना, चाँदी, रूई, सूत, बारदाना, जूट आदि गुड़, शक्कर, खाण्ड में मन्दी, अन्न और घी में तेजी होगी।

14 मार्च को सूर्य मीन राशि में आकर मंगल के साथ मेल करेगा। तिल, तेल, अलसी, सरसों, खाण्ड, गुड़, शक्कर, रूई, सोना में तेजी बनेगी। चना, बाजरा, गेहूँ आदि अनाज में पहले तेजी, फिर मन्दी बनेगी।

17 मार्च को शुक्र मीन राशि में आकर सूर्य एवं मंगल के साथ मेल करेगा। अकेला शुक्र यद्यपि यहाँ पहले मन्दा करता है, परन्तु हमारे विचार अनुसार यहाँ क्रूर ग्रह योग से मन्दी न बनकर तेजी बनेगी। इसी दिन सूर्य उ.भा. नक्षत्र में आएगा तथा बुध मार्गी भी होगा। गुड़, चावल, खाण्ड, शक्कर, गेहूँ, तेल, सोना, सुपारी, सोंठ, सरसों, लाख, चमड़ा, अलसी, एरण्डी में मन्दी न बनकर तेजी बनेगी। चाँदी में अच्छी तेजी का झटका लगेगा।

19 मार्च को शुक्र उ.भा. में आने से चावल, मोती, चाँदी, कपूर, नमक, खांड, रूई, कपास आदि सफेद वस्तुओं में मन्दी का रुख बनेगा।

22 मार्च को वक्री शनि स्वाती (3) में आने से चना, अनाज, कपास, रूई, तिलहन में तेजी बनेगी।

24 मार्च को गुरु रोहिणी (3) में आने से तिल, तेल, घी, गुड़, खाण्ड, कपास, रूई, जौं, चना में तेजी का रुख बनेगा।

26 मार्च को मंगल रेवती में आने से गेहूँ, चना, मूँग, मोठ, सोना, जौं, ज्वार, बाजरा में मन्दी बने। चाँदी, रूई, में घटाबढ़ी के मध्य तेजी बनेगी।

30 मार्च को शुक्र भी रेवती नक्षत्र में आकर मंगल के साथ एक नक्षत्र सम्बन्ध बनाएगा। रूई, कपास, चाँदी, चावल, चन्दन, कपूर, गुड़, खाण्ड, शक्कर में मन्दी की जगह तेजी का रुख बनेगा।

31 मार्च को सूर्य भी रेवती नक्षत्र में आकर मंगल-शुक्र के साथ एक नक्षत्र में आ जाएगा। अलसी, सरसों, एरण्ड, मूँगफली, लहसुन, मोती, लाख, रूई, गेहूँ, जौं, चना, चावल, सोना, ताँबा में अच्छी तेजी बनेगी।

शेयर-बाज़ार—ता. 6 से 10 मार्च के मध्य कुछ मन्दी रहने के बाद ता. 11 से 15 तथा पुनः 17-18 एवं 29 से 31 मार्च तक शेयर बाज़ार में तेजी के झटके लगेंगे।

☞ अप्रैल—मासारम्भ में ही बुध पू.भा. नक्षत्र में आने से सोना, चान्दी, तांबा, लोहा, चना आदि अनाज में थोड़ा मन्दी का झटका लगेगा। घटाबढ़ी के मध्य पहले 1-2 दिन कुछ तेजी, फिर मन्दी का रुख रहेगा। ता. 8 अप्रै. तक मन्दी प्रधान रह सकती है। यहाँ माल पकड़ लें तो आगे अच्छा मुनाफा मिलेगा।

9 अप्रै. को बुध मीन राशि में आकर सूर्य, मंग., शुक्र के साथ मेल करेगा। चतुर्ग्रही योग बनने से रूई, गुड़, खाण्ड, शक्कर, बिनौला में अच्छी तेजी बनेगी, सोना, चाँदी, कॉपर में भी घटाबढ़ी के मध्य तेजी रहेगी।

10 अप्रै. को शुक्र मेष राशि में आकर केतु के साथ मेल करेगा। इन पर शनि की दृष्टि भी रहेगी। फलस्वरूप जौं, चना, गेहूँ आदि अन्न, घी, गुड़, शक्कर, बारदाना, पाट में तेजी होगी। सोना, चान्दी में विशेष तेजी बनेगी। तिल, तेल, सरसों, अलसी, एरण्डी में भी घटाबढ़ी के बाद तेजी बनेगी।

11 अप्रै., गुरुवार को मेष राशिस्थ चन्द्रदर्शन होने से सरसों, अलसी, तेल, घी, रूई, सूत तथा सूती, रेशमी, ऊनी वस्त्र, कपास में तेजी बनेगी। सोना, चाँदी, खाण्ड, गुड़ में कुछ मन्दी बने।

12 अप्रै. को मंगल अश्विनी नक्षत्र तथा मेष राशि में आकर शुक्र एवं केतु के साथ मेल करेगा। इन पर शनि की भी दृष्टि रहेगी। सोना, चाँदी, कॉपर आदि धातु, मूँगा, मोती आदि रत्न, ऊन, रूई, कपास, पाट, बारदाना तथा गुड़, रसादि पदार्थों में तेजी बनेगी।

13 अप्रै. को सूर्य भी अश्विनी नक्षत्र तथा मेष राशि में आकर मंग., शुक्र एवं केतु के साथ मेल करेगा। इन पर शनि की सप्तम दृष्टि रहेगी। रूई, कपास, सोना-चाँदी, क्रूड-आयल, कॉपर, लोहा, तिल, तेल, सरसों, सोयाबीन, सुपारी, बादाम, गुड़, खाण्ड, शक्कर में अच्छी तेजी बनेगी। व्यापारी वर्ग इस तेजी का अवश्य लाभ उठाते हुए निकल जाएं। परन्तु **इसी दिन गुरु रोहिणी (4) में आने से शहद, चने, मूँग, चावल, अरहर, जौं, ग्वार में मन्दी का रुख बनेगा। इसलिए तेजी बनते ही तुरन्त तेजी का काम करते हुए निकल जाएं।**

ता. 20 को बुध रेवती में आने से लाल-चन्दन, लाल-मिर्च आदि वस्तुओं में, केसर, मजीठ, ग्वार में तेजी तथा गुड़, खाण्ड, सरसों, घी, चाँदी में मन्दी बनेगी।

21 अप्रै. को भी शुक्र भरणी नक्षत्र में आने से सोना, चाँदी, लाल रंग की वस्तुओं, सरसों, तिल, तेल, अलसी, घी, उड़द, नारियल में मन्दी, चना, मूँग, मोठ, ज्वार, ग्वार में तेजी बनेगी।

22 अप्रै. को शुक्र पश्चिम में उदय होने से घी, खाण्ड, ग्वार में मन्दी, रुई, कपास, सूत, सन, सोना, चाँदी, तिल, चावल में तेजी बनेगी।

27 अप्रै. को सूर्य भरणी नक्षत्र में आकर शुक्र के साथ एक नक्षत्र सम्बन्ध बनाएगा। सोना, चाँदी, कॉपर, मूँगा, लोहा, गेहूँ, जौं, चना, चावल, मोठ, अलसी, रुई, सरसों, गुड़, खाण्ड, घी में तेजी तथा अलसी में मन्दी बनेगी।

28 अप्रै. को बुध भी अश्विनी नक्षत्र तथा मेष राशि में आकर सू., मं., शु., के. आदि ग्रहों के साथ मेल करेगा। **इन पर शनि की दृष्टि पहले से ही चल रही है। यद्यपि अकेला बुध यहाँ पर मन्दीकारक होता है। परन्तु यहां ग्रह योग से हमारे विचारनुसार विशेष तेजी बनेगी। सोना, चाँदी, बैंकिंग शेयर्ज़, I.T. सेक्टर, तिल, गुड़, खाण्ड, घी, क्रूड-आयल में तेजी बनेगी।**

परन्तु ता. 29 को ही बुध पूर्व में अस्त होने से अनाज, घी, ग्वार में मन्दी, रुई, सोना, चाँदी में अच्छी घटा-बढ़ी के बाद तेजी बनेगी।

30 अप्रै. को मंगल भरणी नक्षत्र में आकर सूर्य, शुक्र के साथ एक नक्षत्र सम्बन्ध बनाएगा। इसी दिन गुरु मृगशिर (1) में आएगा। गेहूँ, चना आदि अनाजों, चान्दी, ताँबा, रूई में तेजी की लाईन बनेगी। तिल, कपास भी तेज होंगे।

शेयर-बाज़ार—अप्रै. मास में शेयर सूचकांक निफ्टी, सैन्सेक्स में विशेष उथल-पुथल रहेगी। प्रथम 8 (1 से 8 अप्रै.) कुछ कमज़ोर रहने के बाद 8 से 16 अप्रै. तक विशेष तेज़ी, पुनः 21 से 25 अप्रै. तक विशेष तेजी बनेगी। ऑयल, बैंकिंग, रियल एस्टेट क्षेत्र विशेष प्रभावित रहेंगे।

☞ मई—ता. 2 को शुक्र कृतिका नक्षत्र में आने से जौं, चावल, हींग, तिल, तेल, सरसों, रूई, सूत, कपास, चाँदी, सोना, मोती आदि जवाहरात में मन्दी बनेगी।

ता. 4 मई को शुक्र वृष (स्व) राशि में आकर गुरु के साथ योग करेगा। बाज़ार के रुख में विशेष परिवर्तन होगा। रूई, कपास, खाण्ड में मन्दी तथा सोना, चान्दी, ग्वार में अच्छी घटा-बढ़ी के बाद तेजी होगी। राजनीतिक वातावरण के कारण भी शेयर-बाज़ार में विशेष घटा-बढ़ी चलेगी।

5 मई को बुध भरणी नक्षत्र में आकर सूर्य-मंगल के साथ मेल करेगा। चावल, चना, गेहूँ आदि अनाजों में तेजी का रुख बने। सोना-चाँदी भी तेज हों।

9 मई को वक्री शनि स्वाती के द्वितीय चरण में आने से गेहूँ, चना आदि अनाज तेज होंगे।

11 मई को सूर्य एवं बुध दोनों कृतिका नक्षत्र में आएंगे। घी, रूई, सोना, चाँदी, अलसी, एरण्डी, गेहूँ, जौं, चना, मूँग, मोठ, चावल, राई, सरसों में तेजी बने।

12 मई को शुक्र रोहिणी नक्षत्र में आने से सोना, चाँदी आदि धातु, अलसी, एरण्ड, सरसों, घी, तेल, गुड़, खाण्ड, सुपारी, नारियल, ऊन में मन्दी बनेगी।

13 मई को बुध वृष राशि में आकर गुरु एवं शुक्र के साथ मेल करेगा। रूई, सोने, चाँदी, बैंकिंग शेयर्ज़ में विशेष घटाबढ़ी चलेगी। गेहूँ, जौं, चना, चावल, मटर, रूई, कपास, सूत, तिल, तेल आदि में तेज़ी बनेगी।

14 मई को सूर्य भी वृष राशि में आकर, बु. गु. एवं शु. के साथ मेल करेगा। सोना, चाँदी, गुड़, खाण्ड, शक्कर, कपास, रूई, सूत, तिल, तेल, सरसों, सोयाबीन, चना, अरहर में तेजी बनेगी।

16 मई को गुरु मृगशिर (2) में आने से चने, चावल आदि धान्य, तिल, कपास तेज होगी। चाँदी में मन्दी बने।

17 मई को बुध रोहिणी नक्षत्र में आने से रूई, कपास, सूत, सोना, चान्दी, तिल, तेल, सरसों, चावल, गुड़, खाण्ड में तेजी बनेगी। रूई में पहले तेजी बनकर फिर मन्दी बने।

18 मई को मंगल कृतिका नक्षत्र में आने से गेहूँ, मूँग, मोठ, चावल, राई, मसूर, तिल, तेल, सरसों, घी, चान्दी, सूत, कपास में तेजी बनेगी।

23 मई को मंगल वृष राशि में आकर सू. बु., गु., शु. ग्रहों के साथ योग करके पंचग्रही योग बनाएगा। राजनीतिक घटनाक्रम व्यापार जगत को विशेष रूप से प्रभावित करेगा। सोना, चान्दी, ताम्बा, जिस्त आदि धातुओं तथा शेयर-बाज़ार में विशेष तेजी बनेगी। लाल-चन्दन, लाल मिर्च तथा अन्य लाल रंग की वस्तुओं (जिन्सों), रूई, कपास, सूत, सरसों, सोयाबीन, क्रूड-आयल आदि में तेजी बनेगी। इसी दिन बुध पश्चिम में उदय तथा शुक्र मृगशिर नक्षत्र में आएगा। रूई में पहले मन्दी बनकर फिर तेजी बने, गुड़, खाण्ड, शक्कर में भी तेजी बने।

24 मई को बुध मृगशिर में आने से रूई, चान्दी में घटाबढ़ी के बाद तेजी, सरसों, उड़द, गेहूँ में मामूली मन्दी का झटका लगेगा।

25 मई को सूर्य रोहिणी नक्षत्र में आकर तिल, तेल, एरण्ड, अलसी, सरसों, गुड़, खाण्ड, गेहूँ, घी, जौं, चना, ज्वार, बाजरा, सन, सुपारी, मिर्च, राई में तेजी बनेगी। चान्दी में मामूली मन्दी का झटका लगे।

27 मई को बुध मिथुन राशि में आने से रूई, कपास, सोना, चान्दी में मन्दी का रुख रहे, सरसों, तेल, तारामीरा, सोयाबीन में घटाबढ़ी रहे।

29 मई को शुक्र मिथुन राशि में आकर बुध के साथ मेल करेगा। यद्यपि अकेला शुक्र मिथुन राशि में आकर अच्छी मन्दी का वातावरण बनाता है। परन्तु बुध के साथ मेल करने से यहाँ घटाबढ़ी का वातावरण बनेगा। रूई, कपास, सूत, बारदाना, अरण्डी, तिल, तेल, सरसों, अरहर, ग्वार में मन्दी बनकर फिर मामूली तेजी बनेगी। अलसी, गुड़, घी, गेहूँ, चना, जौं, चावल में तेजी बनेगी।

31 मई को शुक्र मिथुन राशि में आकर बुध के साथ मेल करेगा। यद्यपि अकेला शुक्र मिथुन राशि में आकर अच्छी मन्दी का वातावरण बनाता है। परन्तु बुध के साथ मेल करने से यहाँ घटाबढ़ी का वातावरण बनेगा। रूई, कपास, सूत, बारदाना, अरण्डी, तिल, तेल, सरसों, अरहर, ग्वार में मन्दी बनकर फिर मामूली तेजी बनेगी। अलसी, गुड़, घी, गेहूँ, चना, जौं, चावल में तेजी बनेगी।

31 मई को बुध आर्द्रा में आएगा तथा गुरु मिथुन राशि में आकर बुध एवं शुक्र के साथ मेल करेगा। रूई में मन्दी बनकर तेजी बनेगी। सोना, चाँदी, सरसों, लोहा, तांबा में मन्दी की जगह तेजी बनेगी।

शेयर-बाज़ार—ता. 4 से 12 मई तक कुछ घटाबढ़ी के बीच मन्दी का रुख रहेगा। तदुपरान्त 14 से 25 तक अच्छी तेजी बनकर मासान्त में निफ्टी 200-210 Pts तक लुढ़क सकती है।

☞ जून—मासारम्भ में 3 जून को शुक्र आर्द्रा में आने से चना, गेहूँ आदि अनाजों में कुछ मन्दी का रुख रहेगा।

6 जून को मंगल रोहिणी नक्षत्र में आकर सूर्य के साथ मेल करेगा। गुरु भी पश्चिम में अस्त होगा। रूई, कपास, सूत, रेशम, सरसों, तिल, तेल, लाल-मिर्च, हींग, शेयरों में तेजी बनेगी। सोने में कुछ मन्दी बनेगी।

8 जून को सूर्य मृगशिर नक्षत्र में आएगा। रूई, सूत, रेशम, सन, कपूर, कस्तूरी, चन्दन, सोना, चान्दी, उड़द, मूँग, मोठ, चना, बाजरा, अलसी आदि में तेजी बनेगी। शनिवारी अमावस भी आगे तेजी का रुख बनाएगी।

10 जून सोमवार को बुध पुनर्वसु में आएगा तथा मिथुन राशिगत चन्द्रदर्शन होने से चान्दी, रूई, कपास, सूत, सन, में मन्दी, सोने में कुछ तेजी बने।

14 जून को सूर्य मिथुन राशि में आकर बुध, गुरु एवं शुक्र के साथ मेल करेगा। यह चतुर्ग्रही योग बाज़ार में पुनः तेजी लेकर आएगा। रेशम, सूत, कपास, रूई, सूत, बादाम, सुपारी, तिल, तेल, सोना, सरसों आदि में अच्छी तेजी बनेगी। जौं, चना, गेहूँ, मटर, अरहर, चावल में घटाबढ़ी के मध्य मन्दी बनकर मामूली तेजी बने। घटाबढ़ी के मध्य तेजी का रुख ता. 21 तक चलेगा।

21 जून को सूर्य आर्द्रा नक्षत्र में आने से भी रूई, सूत, कपास, खल, अलसी, एरण्ड, गेहूँ, चावल, चना, जौं, चान्दी, सोने में तेजी बनेगी।

22 जून को शुक्र कर्क में आएगा। शुक्र पर शनि की दृष्टि रहेगी। रूई, अलसी, एरण्ड, तेल, घी, गुड़, खाण्ड, शक्कर, तिल, सरसों, सोना, चान्दी, चना में मन्दी बनकर तुरन्त तेजी का रुख बनेगा।

25 जून को मंगल मृगशिर तथा शुक्र पुष्य नक्षत्र में आएगा। रूई, सूत, सन, चावल आदि धान्य, चान्दी में तेजी बने, गुड़, खाण्ड, शक्कर में मन्दी बने।

26 जून को बुध वक्री होने से गुड़, खाण्ड, घी, शक्कर, बैंकिंग शेयर्ज़ में तेजी, गेहूँ, जौं, चने आदि अनाजों में मन्दी बने।

27 जून को मंगल पूर्व में उदय होने से गुड़, कॉपर, शक्कर, सोने में तेजी बनेगी।

29 जून को गुरु आर्द्रा (1) में आने से सोना, चांदी, रूई, कपास में घटाबढ़ी के बाद मन्दी बनेगी।

शेयर्स-बाज़ार—ता. 1 से 5 जून तक शेयर-बाज़ार में मन्दी, ता. 6 से 9 जून तक तेजी, पुनः 14 से 23 ता. तक तेजी का रूख रहेगा।

☞ जुलाई—1 जुला. को ही वक्री बुध पश्चिम में अस्त होने से शेयरों, मूँग, रुई, कपास, ग्वार में घटाबढ़ी के बाद मन्दी बने। चान्दी, सोने में अच्छी तेजी बनेगी।

2 जुला. को गुरु पूर्व में उदय होने से चान्दी, रूई, अनाज, सोयाबीन, चने में तेजी बने, सोने में मामूली मन्दी बने।

4 जुला. को मंगल मिथुन राशि में आकर सूर्य, बुध एवं गुरु के साथ मिलकर पुनः चतुर्ग्रही योग बनाएगा। रूई, गुड़, खाण्ड, शक्कर, अलसी, कॉपर, लाल मिर्च तथा अन्य लाल रंग की वस्तुओं में विशेष तेजी का रुख बनेगा।

5 जुला. को सूर्य पुनर्वसु में आकर रुई, सोना, चान्दी, गुड़, खाण्ड, कपास, बिनौला, एरण्डी, अलसी, सरसों, लाख, ज्वार, मोठ, उड़द, चावल, नमक, सुपारी, केसर, सोंठ, गुग्गल आदि सुगन्धित पदार्थों में तेजी बनेगी।

6 जुला. को ही शुक्र आश्लेषा में आकर रूई, चावल, कपास में मामूली मन्दी का झटका लगाएगा।

8 जुला. को तुलागत शनि मार्गी होने से चान्दी, सोने, तिल, तेल, सरसों, हींग, मिर्च में तेजी बनेगी। रूई में पहले मन्दी, फिर तेजी बने।

10 जुला., बुधवार को कर्क राशिगत चन्द्रदर्शन होने से सोना, चान्दी, रूई, सूत, सन्, बारदाना, जूट आदि गुड़, शक्कर, खाण्ड में मन्दी बनेगी।

13 जुला. को गुरु आर्द्रा (2) में आने से सोना, चांदी, कॉपर आदि धातुएँ, नारियल, लौंग आदि सुगन्धित पदार्थ कुछ ही दिनों में तेज होंगे। रूई में कुछ मन्दी बने।

14 जुला. को मंगल आर्द्रा में आने से रूई, कपास, सूत, अलसी, एरण्ड, गुड़, खाण्ड, तिल, तेल, नमक, चने में तेजी और चान्दी में मन्दी बने।

16 जुला. को सूर्य कर्क राशि में आएगा। सूर्य-शुक्र पर शनि की दृष्टि रहेगी। रूई, सूत, बादाम, सुपारी, फल, गुड़, खाण्ड, शक्कर, तिल, सरसों, सोना, चान्दी, कॉपर, क्रूड-आयल में तेजी बने।

17 जुला. को शुक्र मघा नक्षत्र एवं सिंह राशि में आएगा। सोना, ताम्बा, जिस्त, चना, गेहूँ, लाल-चन्दन, मजीठ, लाल-मिर्च, लाल रंग की वस्तुएँ, घी में तेजी बनेगी। रूई, चान्दी में घटाबढ़ी के बाद तेजी बनेगी।

19 जुला. को सूर्य पुष्य नक्षत्र में आएगा। इसी दिन वक्री बुध पूर्व में उदय होगा। तिल, तेल, सरसों, खाण्ड, चावल, गेहूँ, जौं, ज्वार, बाजरा, सुपारी, सोंठ, गुग्गल, मोम, हींग, हल्दी, लाख, सोना, चान्दी में तेजी बनेगी।

20 जुला. को मिथुन राशिगत बुध मार्गी होने से रेशम, तेल, अलसी, एरण्डी, गुड़, बिनौला, मूँगफली, कपूर, चन्दन आदि सुगन्धित वस्तुओं में मन्दी, रूई-चान्दी में घटावढ़ी होकर तेजी बने।

24 जुला. को बुध पुनर्वसु में आकर चाँदी, रूई, कपास, सूत, सन् में मन्दी का रुख रहेगा।

28 जुला. को शुक्र पू.फा. में आने से गेहूँ, जौं, ज्वार, बाजरा, उड़द, मूँग, चना में मामूली मन्दी बनेगी।

29 जुला. को गुरु आर्द्रा (3) में आने से सोना, चान्दी आदि धातु, तिल, तेल, तेज होंगे।

शेयर्स-बाज़ार—जुला. मास में निफ्टी/सैंसेक्स में खासी उथल-पुथल होगी। निफ्टी 250-300 Pts पर्लस होकर लगभग 150-200 Pts गिरेगी भी। ता. 6 जुला. से मुख्यतः तेजी की लाईन रहेगी।

☞ अगस्त—2 अग. को सूर्य आश्लेषा नक्षत्र में आने से सोना, चाँदी, रूई, बिनोला, गेहूँ, चावल, उड़द, चना, गुड़, शक्कर, घी, तिल, तेल, सरसों, एरण्ड, अलसी, मिर्च में तेजी बने।

3 अग. को मंगल पुनर्वसु में आने से रूई, चान्दी, नमक, खाण्ड, तिल, तेल, सरसों में तेजी बनेगी।

4 अग. को बुध कर्क राशि में आकर सूर्य के साथ मेल करेगा। इन पर शनि की दृष्टि भी रहेगी। रूई, गुड़, दूध, तेल, मूँगफली, सोयाबीन, सरसों, सोने में घटाबढ़ी होकर तेजी बनेगी।

5 अग. भौमवती अमावस के दिन बुध पुष्य में आने से सोने, चान्दी, रूई में घटाबढ़ी के मध्य पहले मन्दी, फिर मामूली तेजी बनेगी।

8 अग. को शुक्र उ.फा. में आने से चना, गेहूँ आदि अनाज, रूई, कपास में तेजी बने, सोना-चाँदी में घटाबढ़ी रहे।

11 अग. को शुक्र कन्या राशि में आएगा। इस पर मंगल की दृष्टि रहेगी। गेहूँ, चान्दी, कॉपर, गुड़, खाण्ड, ऊनी व रेशमी वस्त्रों में तेजी बनेगी।

12 अग. को बुध पूर्व में अस्त होने से अनाज, घी आदि में मन्दी, रूई-सोने में घटाबढ़ी होकर तेजी बनेगी।

14 अग. को बुध आश्लेषा में तथा गुरु आर्द्रा (4) में आने से तिल, तेल, सरसों, गुड़, खाण्ड, उड़द, मूँग, मूँगफली में तेजी बनेगी।

16 अग. को सूर्य मघा नक्षत्र तथा सिंह राशि में आने से सोना, चान्दी, रूई, गुड़, खाण्ड, शक्कर, तिल, तेल, एरण्ड, सरसों आदि तथा लाल रंग की वस्तुओं में तेजी बने। शेयर, अनाज, चनादि में मन्दी बने।

18 अग. को मंगल कर्क (नीच) राशि में आकर बुध के साथ मेल करेगा तथा मंग.-

शनि के मध्य दृष्टि सम्बन्ध भी बनेगा। रूई, सरसों, एरण्ड, अलसी, तेल, क्रूड-आयल, गुड़, शक्कर, अनाजादि में तेजी बने।

20 अग. को बुध मघा नक्षत्र, सिंह राशि में आकर सूर्य के साथ मेल करेगा। सोना, चान्दी, सूत, रूई, कपास व ऊनी वस्त्र में तेजी, कपूर, गुड़, खाण्ड, शक्कर में मन्दी बने।

23 अग. को मंगल पुष्य नक्षत्र में आने से चान्दी, रूई, कपास, ग्वार, चीनी में घटाबढ़ी चले। सोने में अच्छी तेजी बने।

27 अग. को बुध पू.फा. में आने से गुड़, खाण्ड, गेहूँ आदि में मन्दी बने।

30 अग. को सूर्य भी पू.फा. नक्षत्र में आकर बुध के साथ एक नक्षत्र सम्बन्ध बनाएगा। जीरा, सोना, गुड़, खाण्ड, सरसों, तिल, तेल, घी, गेहूँ, ज्वार, चावल, सूत में तेजी बने। चाँदी में घटाबढ़ी रहे।

शेयर-बाज़ार—प्रथम सप्ताह कुछ तेज रहने के बाद 8 से 11 ता. के मध्य मन्दी पुनः 11 से 17 तक तेजी, तदुपरान्त मन्दी बनेगी।

☞ सितम्बर—ता. 1 सितं. को गुरु पुनर्वसु (1) में आने से चान्दी, रूई में मन्दी, चना, अनाजादि में तेजी बने।

3 सितं. को बुध उ.फा. में तथा शनि स्वाती नक्षत्र के तृतीय चरण में आने से उड़द, मूँग, मोठ, मसूर, अरहर में कुछ तेजी, चान्दी रूई में घटाबढ़ी के बीच मन्दी रहेगी।

5 सितं. को बुध कन्या राशि में आकर शुक्र के साथ मेल करेगा। गेहूँ, जौं, चना, गुड़, शक्कर, खाण्ड, हल्दी, सोने में तेजी बनेगी। रुई, चान्दी में घटाबढ़ी के बाद तेजी बनेगी।

6 सितं. को शुक्र तुला (स्व.) राशि में आकर शनि एवं राहु के साथ मेल करेगा। इन पर मंगल एवं गुरु–दोनों ग्रहों की दृष्टियां पड़ रही हैं। व्यापारिक वस्तुओं में विशेष तेजी बनकर अचानक मन्दी का रुख बन सकता है। रुई, चान्दी, सोने, ताम्बे, गुड़, खाण्ड, कपास में अच्छी तेजी का वातावरण बनकर अचानक मन्दी का रुख भी शुरु हो सकता है। सावधानीपूर्वक आगे बढ़ें तथा हमारी दैनिक रिपोर्ट से मार्गदर्शन ले सकते हैं।

10 सितं. को बुध पश्चिम में उदय होने से रूई में पहले मन्दी बनकर तेजी बने, तिल, तिलहन, चाँदी, सोने, शेयरों में भी तेजी का रुख रहे।

11 सितं. को बुध हस्त तथा शुक्र स्वाती नक्षत्र में आने से गुड़, खाण्ड, चान्दी में तेजी, गेहूँ, चना, चावल आदि अनाजों में मन्दी बने।

13 सितं. को सूर्य उ.फा. में तथा मंगल आश्लेषा नक्षत्र में प्रवेश करेगा। रूई, कपास, रेशम, सूत, सोना, चान्दी, लोहा, घी, तेल, अलसी, सरसों, एरण्ड, चावल, उड़द, ज्वार, सुपारी में तेजी बने। 1-2 दिनों में ही चान्दी में झटके से मन्दी बनेगी।

16 सितं. को सूर्य कन्या राशि में आकर बुध के साथ मेल करेगा। रूई, कपास, सुपारी, तिल, तेल, सोयाबीन, लाल वस्तुओं में तेजी बने, चान्दी व शेयरों में मन्दी बनकर मामूली तेजी बने।

20 सितं. को बुध चित्रा में आने से रूई, चान्दी, चना, अनाज आदि में घटाबढ़ी के बाद तेजी बनेगी।

23 सितं. को गुरु पुर्न (2) तथा शुक्र विशाखा में आने से रूई, चना, अनाज में मन्दी बनेगी।

25 सितं. को बुध तुला राशि में आकर शुक्र, शनि, राहु के साथ मेल करेगा। इन पर मंगल तथा गुरु की दृष्टि भी रहेगी। रूई, गुड़, खाण्ड, सोना, ताम्बा, सोयाबीन में तेजी बनेगी। चान्दी, अलसी, सरसों, एरण्डी, बिनौला, मूँगफली में घटाबढ़ी के बीच पहले मन्दी फिर तेजी बनेगी।

26 सितं. को सूर्य हस्त नक्षत्र में आकर गेहूँ, जौं, ज्वार, गुड़, खाण्ड, कपास, रूई, सूत, जूट, नमक, हरड़, हींग, हल्दी में तेजी बनेगी।

30 सितं. को बुध स्वाती में रूई, कपास, चान्दी, ग्वार में कुछ मन्दी रहेगी।

शेयर-बाज़ार—मासारम्भ में कुछ कमज़ोर रहने के बाद ता. 6 से पुनः तेज होगा। ता. 16 से 22 तक पुनः कुछ तेज रहेगा।

☞ अक्तूबर—मासारम्भ 2 अक्तू. को शुक्र वृश्चिक राशि में आकर रूई, शेयर, चान्दी, गुड़ में घटाबढ़ी के मध्य पहले मन्दी फिर तेजी तथा गेहूँ, जौं, उड़द, मूँग, मोठ, बाजरा में भी तेजी करेगा।

5 अक्तू. को मंगल सिंह राशि में आएगा। सोना, चान्दी, तांबा लोहा आदि धातु, गुड़, शक्कर, खाण्ड, गेहूँ, अलसी, रूई, लाल-मिर्च, लाल रंग की जिन्सों में तेजी बनेगी।

6 अक्तू., रविवार को तुला राशिकालीन चन्द्रदर्शन होने से गुड़, तेल, सोना-चान्दी में तेजी तथा रूई में घटाबढ़ी के बाद मन्दी होगी।

7 अक्तू. को शनि स्वाती (2) में आने से खाण्ड, गुड़, तेल, दही, दूध में तेजी बने।

10 अक्तू. को सूर्य चित्रा नक्षत्र में आकर रूई, सूत, सोना, चान्दी, कॉपर, गुड़, खाण्ड, अरहर, गेहूँ, चना, तिल, केसर, कपूर में तेजी बनेगी। घटाबढ़ी के मध्य साधारण तेजी का यह क्रम 16 अक्तू. तक रहेगा।

17 अक्तू. को सूर्य तुला राशि में आकर बुध, शनि, राहु के साथ मेल करेगा। इन पर गुरु की दृष्टि रहेगी। मुख्य जिन्सों में तेजी का वातावरण बनकर जल्दी ही मन्दी बन जाएगी। अतएव मुनाफा काट लेना चाहिए। रुई, चान्दी, गेहूँ, जौं, चना, अलसी, सोना, ताम्बा, लाल मिर्च, सोयाबीन, सरसों में तेजी बनेगी। बाद में मन्दी बने। इसी दिन शुक्र ज्येष्ठ में आने से भी जल्दी ही सोना, चांदी, सरसों, तेल, हींग में मन्दी का झटका लगेगा।

20 अक्तू. को तुला राशिगत बुध वक्री होने से घी, गुड़, खाण्ड, शक्कर, ताम्बे, सोने में अच्छी तेजी बनेगी।

23 अक्तू. को सूर्य स्वाती में आने से रूई, सूत, सोना, चान्दी, गुड़, शक्कर, बिनौला, सुपारी, मिर्च, अलसी, सरसों, राई, हींग, गुग्गुल में तेजी बनेगी।

26 अक्तू. को वक्री बुध पश्चिम में अस्त होने से रूई, चान्दी, बैंकिंग शेयर्ज़ में तेजी के अच्छे झटके लगेंगे। सोना, अलसी, चना, बिनौला भी घटाबढ़ी के बाद तेज होंगे।

27 अक्तू. को मंगल पू.फा. में आने से भी तिल, तेल, सरसों, मूँगफली, घी, गुड़, खाण्ड, नमक में तेजी बनेगी।

29 अक्तू. को वक्री बुध स्वाती (4) में आने से रूई, कपास, चीनी में घटाबढ़ी के बाद मामूली मन्दी बने।

30 अक्तू. को शुक्र धनु राशि में आकर गुरु के साथ समसप्तक योग बनाएगा। शुक्र पर शनि की दृष्टि भी रहेगी। गेहूँ, जौं, चना आदि अन्न, सोना, चान्दी, ताम्बा आदि धातुओं, शेयरों में अच्छी तेजी बनेगी। रूई, कपास, ग्वार, निक्कल में घटाबढ़ी के बाद तेजी बने।

शेयर-बाज़ार—अक्तू. मास में शेयर-बाज़ार में विशेष घटाबढ़ी रहेगी। ता. 17 से 19 तथा पुनः ता. 22 से मासान्त तक विशेष तेजी बनेगी।

☞ नवम्बर—मासारम्भ 3 नवं. को राहु स्वाती (2), केतु अश्विनी (4) में आने से तेल, सरसों, सोना, चान्दी में तेजी बनेगी। रविवारी दीपावली भी तेजीकारक रहेगी।

4 नवं. को शनि विशाखा नक्षत्र में प्रवेश करने से गेहूँ, चावल, चने, क्रूड-आयल में तेजी बनेगी।

6 नवं. को सूर्य विशाखा नक्षत्र में आकर शनि के साथ एक नक्षत्र सम्बन्ध बनाएगा। जौं, चावल, गेहूँ, मसूर, गुड़, खाण्ड, रूई, सूत, सरसों, तिल, एरण्ड, अलसी, चान्दी, क्रूड में अच्छी तेजी बन सकती है।

7 नवं. को मिथुन राशिगत गुरु वक्री होने से सोना, ताम्बा, चना, सरसों, चावल, हींग में तेजी बनेगी।

8 नवं. को वक्री बुध पूर्व में उदय होने से घी, अनाज, शेयरों, चान्दी, चना, कपास, खल-बिनौला, सोना, रूई में घटाबढ़ी के बाद तेजी बने।

10 नवं. को तुला राशिगत बुध मार्गी होने से घी, शक्कर, अलसी, रूई, चान्दी, बैंकिंग शेयर्ज़ में घटाबढ़ी के बाद तेजी बने।

13 नवं. को शुक्र पू.षा. में आने से मूँग, मोठ, उड़द, तिल, तेल, सरसों, नमक में कुछ मन्दी का झटका लगे।

16 नवं. को सूर्य वृश्चिक राशि में आएगा। सूर्य पर मंगल की चतुर्थ दृष्टि रहेगी। रूई, ताम्बा, सोना, चान्दी, गुड़, सोयाबीन, सरसों, ऊनी वस्त्रों में विशेष तेजी बनेगी।

19 नवं. को सूर्य अनुराधा नक्षत्र में आने से जौं, चना आदि धान्य, सोना, चान्दी, कॉपर आदि धातुओं में तेजी बनेगी।

20 नवं. को मंगल उ.फा. में आने से तिल, तेल, सरसों, मूँगफली, घी, गुड़, खाण्ड, नमक में तेजी बनेगी।

23 नवं. को शनि पूर्व में उदय होने से लोहा, जिस्त, सीसा, क्रूड-ऑयल, चावल, गुड़, खाण्ड, सोने में तेजी बने। रूई, शेयर्ज़, अलसी, सरसों, एरण्ड, बिनौला, मूँगफली में मन्दी बनेगी।

24 नवं. को बुध विशाखा में आने से चना, गेहूँ, बाजरा, रूई, कपास में मन्दी बनेगी।

26 नवं. को मंगल कन्या राशि में आने से रूई, चान्दी, सोना, ऊनी, सूती व अन्य वस्त्रों, कपास, अलसी, गेहूँ एवं अन्य लाल रंग की वस्तुओं में तेजी बनेगी।

29 नवं. को शुक्र उ.षा. में आने से गुड़, खाण्ड, सोना, चांदी, अलसी, एरण्ड में मन्दी, अनाज, चना, रुई में तेजी बने।

शेयर-बाज़ार—7-8 नवं., 16-17, 23-24, 26-27 नवं. को निफ्टी में तेजी की उम्मीद है।

☞ दिसम्बर—1 दिसं. को बुध वृश्चिक राशि में आकर सूर्य के साथ मेल करेगा। घी, तेल, सरसों, रुई, सोयाबीन, चना, चान्दी, सोने, ताम्बे में अच्छी तेजी बनेगी।

2 दिसं. को सूर्य ज्येष्ठा में आने से सोना, चाँदी, चावल, गेहूँ, जौं, चना, अलसी, सरसों, एरण्ड, हींग, गुग्गुल, गुड़, खाण्ड, रुई में तेजी बनेगी।

3 दिसं. को बुध अनुराधा नक्षत्र में आने से सोना, चान्दी, सूत, सन, रुई, कपास में कुछ मामूली मन्दी बनेगी।

5 दिसं. को शुक्र मकर राशि में आएगा। बुध भी पूर्व में अस्त होगा। शेयर्ज़, गुड़, खाण्ड, घी, गेहूँ, चना में तेजी बनेगी। रूई, चान्दी, कपास में भी घटाबढ़ी के बाद तेज़ी बनेगी। घटाबढ़ी का यह रुख ता. 11 तक रहेगा।

12 दिसं. को बुध ज्येष्ठा में आने से घी, गुड़, खाण्ड, चावल में तेजी बनेगी।

15 दिसं. को सूर्य धनु राशि में आएगा। इस पर मंगल एवं शनि-दोनों क्रूर ग्रहों की दृष्टियां रहेंगी। गुरु की भी दृष्टि रहेगी। व्यापारिक वस्तुओं में विशेष उथल-पुथल होगी। रूई, कपास, सूत, तिल, तेल, सोना, चान्दी, ताम्बा, गुड़ में विशेष तेजी बनेगी।

20 दिसं. को बुध धनु राशि में आकर सूर्य के साथ मेल करेगा। मं.-शनि-गु. ग्रहों की दृष्टियां रहेगी। जिन वस्तुओं में तेजी बन रही होगी, बुध ग्रह उन्हें ओर बल देगा। बैंकिंग शेयर्ज़, सोना, चान्दी, रूई, कपास, सोयाबीन में अच्छी तेजी बनेगी।

21 दिसं. को शुक्र वक्री होने से व्यापारिक जिन्सों की लाईन बदलेगी। फिर भी चान्दी, सोना, रूई में तेजी ही प्रतीत हो रही है।

22 दिसं. को गुरु पुनर्वसु नक्षत्र में आकर रूई, कपास, चान्दी में मामूली मन्दी करेगा। (22 से 27 दिसं. तक धातुओं, रूई आदि में अच्छी घटाबढ़ी चलेगी।

28 दिसं. को सूर्य एवं बुध-दोनों पू.षा. नक्षत्र में आकर विशेष तेजी का रुख बनाएंगे। तिल, तेल, सरसों, बिनौला, गुड़, खाण्ड, हल्दी, ऊनी-वस्त्र, सन्, सोना-चान्दी में तेजी का रुख बने।

शेयर-बाज़ार—ता. 15 दिसं. से शेयर-बाजार के रुख में अचानक परिवर्तन होगा यदि पहिले तेजी की लाईन रहे, तो ता. 15 के बाद मन्दी के झटके तथा यदि पहिले मन्दी रहे, तो बाद में तेजी की लाईन बनेगी।

नोट—ऊपर दिए गए व्यापारिक रुख, लाईन तथा चांसों के विपरीत बाजार का रुख चले या वायदा व्यापार की लाईन न चले, तो तुरन्त सौदा काटकर हानि से बचें। व्यापार में किसी प्रकार की हानि-...

चमत्कारिक मन्त्र-तन्त्र एवं यन्त्र

'मन्त्र' वह दिव्य शक्ति है, जिसके द्वारा दैवी शक्तियों का अनुग्रह उपयुक्त साधना द्वारा सुगमता से प्राप्त किया जा सकता है। धर्म, अर्थ, काम एवं मोक्ष की प्राप्ति के लिए कर्त्तव्य की प्रेरणा देनी वाली शक्ति साधना को भी मन्त्र कहते हैं।

मन्त्र सिद्धि एवं साधना के लिए दृढ़ संकल्प शक्ति एवं श्रद्धा भावना का होना आवश्यक है। जैसा कि 'भावचूड़ामणि' में लिखा गया है-

बहुजापात् तथा होमात् कायक्लेशादिविस्तरैः। न भावेन विना देवो यन्त्रमन्त्राः फलप्रदाः॥

अर्थात् चाहे कितना भी अधिक जप, होम तथा शारीरिक प्रयास किया जाए, परन्तु भाव के बिना देवता, मन्त्र और यन्त्र आदि फलप्रद नहीं होते।

प्राचीनाचार्यों ने मन्त्र-तन्त्रादि के अनुष्ठान एवं सिद्धि के लिए कुछ विशेष नियमों को पालन करने के भी निर्देश दिए हैं। जैसे-गोपनीयता, मन व शरीर की शुद्धि, शुभ स्थान, सात्विक भोजन, शुभासन, विनियोग, मन्त्र, देवता, दिशा एवं शुभ मुहूर्त्तादि का ज्ञान होना आवश्यक बताया गया है। जिनका पालन करके मन्त्रानुष्ठान शीघ्र व सुलभ हो जाती है। इनकी विस्तृत व्याख्या हमारी प्रकाशित पुस्तक **'शिव मन्त्रावली'** में दी गई है।

मन्त्र एवं यन्त्रों के अनुष्ठान एवं सिद्धि के लिए सूर्यग्रहण, चन्द्रग्रहण, सूर्य-चन्द्र क्रान्तिसाम्य का काल, श्रीमहाशिवरात्रि काल, दीपावली, अक्षय तृतीया, सायन एवं निरयण संक्रान्ति पुण्यकाल, होलाष्टक, रवि-गुरु पुष्यादि योग, नवरात्रों में, अमृत सिद्धि योगों, भौमवासरी अमावस आदि पर्वों को विशेष प्रशस्त माना गया है।

मन्त्र-तन्त्र साधना के लिए महत्त्वपूर्ण काल

सायन संक्रान्ति प्रवेश एवं पुण्यकाल-सन् 2013-14 ई.

भारतीय मुहूर्त्त शास्त्रों ने निरयण संक्रान्ति के पुण्यकाल की भान्ति सायन संक्रान्ति के पुण्यकाल को भी यन्त्र-मन्त्र साधना हेतु विशेष सिद्धिदायक बताया है।

2013-14 ई.	राशि	प्रवेशकाल	पुण्यकाल विवरण (भा. स्टैं. टा.)
19 जनवरी	कुम्भ	27-22	रात्रि 9/22 से अगले दिन प्रातः 9/22 तक
18 फरवरी	मीन	17-32	दोपहर 11/32 से रात्रि 11/32 तक
20 मार्च	मेष	16-32	प्रातः 10/32 से रात्रि 10/32 तक
19 अप्रैल	वृष	27-33	रात्रि 9/33 से अगले दिन प्रातः 9/33 तक
20 मई	मिथुन	26-40	रात्रि 8/40 से अगले दिन प्रातः 8/40 तक
21 जून	कर्क	10-34	प्रातः 4/34 से सायं 16/34 तक
22 जुलाई	सिंह	21-26	दोपहर 15/26 से अगले दिन प्रातः 03/26 तक
22 अगस्त	कन्या	28-32	रात्रि 10/32 से अगले दिन प्रातः 10/32 तक
22 सितम्बर	तुला	26-14	रात्रि 8/14 से अगले दिन 8/14 तक
23 अक्तूबर	वृश्चिक	11-40	प्रातः 5/40 से सायं 5/40 तक
22 नवम्बर	धनु	9-18	प्रातः 3/18 से दोपहर 3/18 तक
21 दिसम्बर	मकर	22-41	सायं 16/41 से अगले दिन प्रातः 04/41 तक
20 जन.(2014)	कुम्भ	9-21	प्रातः 03/21 से दोपहर 15/21 तक
18 फरवरी	मीन	23-11	सायं 17/11 से अगले दिन प्रातः 5/11 तक
20 मार्च	मेष	22-27	सायं 16/27 से अगले दिन प्रातः 04/27 तक

क्रान्तिसाम्य काल-2013-14 ई.

यहां नीचे सूर्य-चन्द्र का सूक्ष्म क्रान्तिसाम्य काल दिया जा रहा है। (महापात गणित द्वारा) विवाहादि मुहूर्त्तों में इसी सूक्ष्म क्रान्तिसाम्य काल को वर्जित किया गया है। यह समयावधि विवाहादि शुभ मुहूर्त के लिए अशुभ परन्तु मंत्र-यन्त्र अनुष्ठान के लिए श्रेष्ठ होती है।

प्रारम्भ काल		समाप्ति काल	
तारीख	घं. मिं.	तारीख	घं. मिं.
21 जन.	14 57	22 जन.	07 01
3 फर.	12 24	3 फर.	19 48
15 फर.	08 42	15 फर.	15 28
28 फर.	14 52	28 फर.	20 03
12 मार्च	12 46	12 मार्च	17 57
25 मार्च	20 15	25 मार्च	25 14
6 अप्रै.	16 08	6 अप्रै.	21 28
19 अप्रै.	22 35	20 अप्रै.	04 59
1 मई	15 38	1 मई	22 54
14 मई	07 11	14 मई	21 15
31 जुला.	08 10	31 जुला.	20 51
13 अग.	13 34	13 अग.	20 47
25 अग.	05 30	25 अग.	11 46
7 सितं.	14 43	7 सितं.	20 12
19 सितं.	11 52	19 सितं.	16 58
2 अक्तू.	16 35	2 अक्तू.	22 07
14 अक्तू.	12 31	27 अक्तू.	20 01
8 नवं.	10 33	8 नवं.	19 36
(सन् 2014 ई.)			
26 जन.	12 34	27 जन.	04 43
6 फर.	17 51	7 फर.	02 47
20 फर.	02 49	20 फर.	09 28
3 मार्च	17 50	3 मार्च	23 12
16 मार्च	22 56	17 मार्च	04 40
28 मार्च	24 32	29 मार्च	05 32

वारुणी पर्व

7 अप्रै.	15 25	7 अप्रै.	सूर्यास्त
(सन् 2014 ई.)			
28 मार्च	7 52	29 मार्च	04 52

महोदय योग (सन् 2013 ई.)

9 फर.	15 20	9 फर.	सूर्यास्त

चन्द्रग्रहण (सन् 2013 ई.)

25 अप्रै.	25 22	25 अप्रै.	25 53

दीपावली पर्व

यन्त्र-मन्त्र साधना, अनुष्ठान के लिए 3 नवम्बर, रविवार को दीपावली पर्व में प्रदोष, निशीथ काल विशेष सिद्धिदायक होगा। देखें पृष्ठ 84-85

अभीष्ट वर प्राप्ति के लिए पार्वती स्तोत्र

जानकी उवाच

शक्तिस्वरूपे सर्वेषां सर्वाधारे गुणाश्रये।
सदा शंकरयुक्ते च पतिं देहि नमोऽस्तुते।।१।।
सृष्टिस्थित्यन्त रूपेण सृष्टिस्थित्यन्त रूपिणी।
सृष्टिस्थियन्त बीजानां बीजरूपे नमोऽतु ते।।२।।
हे गौरि पतिमर्मज्ञे पतिव्रतपरायणे।
पतिव्रते परिरते पतिं देहि नमोऽतु ते।।३।।
सर्वमंगल मंगल्ये सर्वमंगल संयुते।
सर्वमंगल बीजे च नमस्ते सर्वमंगले।।४।।
सर्वप्रिये सर्वबीजे सर्व अशुभ विनाशिनी।
सर्वेशे सर्वजनके नमस्ते शंकरप्रिये।।५।।
परमात्मस्वरूपे च नित्यरूपे सनातनि।
साकारे च निराकारे सर्वरूपे नमोऽतु ते।।६।।
क्षुत् तृष्णेच्छा दया श्रद्धा निद्रा तन्द्रा स्मृतिः क्षमा।
एतास्तव कलाः सर्वाः नारायणि नमोऽस्तु ते।।७।।
लज्जा मेधा तुष्टि पुष्टि शान्ति संपत्ति वृद्धयः।
एतास्त्व कलाः सर्वाः सर्वरूपे नमोऽस्तु ते।।८।।
दृष्टादृष्ट स्वरूपे च तयोर्बीज फलप्रदे।
सर्वानिर्वचनीये च महामाये नमोऽस्तु ते।।९।।
शिवे शंकर सौभाग्ययुक्ते सौभाग्यदायिनि।
हरिं कान्तं च सौभाग्यं देहि देवी नमोऽस्तु ते।।१०।।
स्तोत्रणानेन याः स्तुत्वा समाप्ति दिवसे शिवाम्।
नमन्ति परया भक्त्या ता लभन्ति हरिं पतिम्।।११।।
इह कान्तसुखं भुक्त्वा पतिं प्राप्य परात्परम्।
दिव्यं स्यन्दनमारुह्य यान्त्यन्ते कृष्णसंनिधिम्।।१२।।
श्री ब्रह्मवैवर्त पुराणे जानकीकृतं पार्वतीस्तोत्रं सम्पूर्णम।।

जानकी बोली–(1) सबकी शक्ति स्वरूपे ! शिवे ! आप सम्पूर्ण जगत् की आधारभूता हैं। समस्त सद्गुणों की निधि हैं तथा सदा भगवान् शंकर के संयोग-सुख का अनुभव करने वाली हैं ; आपको नमस्कार है। आप मुझे सर्वश्रेष्ठ पति दीजिए। (2) सृष्टि पालन और संहार के जो बीज हैं, उनकी भी बीजरूपिणी आपको नमस्कार है। (3) पति के मर्म को जानने वाली पतिव्रतपरायणे गौरि ! पतिव्रते ! अनुरागिणी ! मुझे पति दीजिए ; आपको नमस्कार है। (4) आप समस्त मंगलों के लिए भी मंगलकारिणी हैं। संपूर्ण मंगलों से सम्पन्न हैं, सब प्रकार के मंगलों की बीजरूपा हैं ; सर्वमंगले ! आपको नमस्कार है। (5) आप सबको प्रिय हैं, सबकी बीजरूपिणी हैं, समस्त अशुभों का विनाश करने वाली हैं। सबकी ईश्वरी तथा सर्वजननी हैं ; शंकरप्रिये ! आपको नमस्कार है। (6) हे परमात्मस्वरूपे ! नित्यरूपिणी ! सनातनि ! आप साकार और निराकार भी हैं ; सर्वरूपे आपको नमस्कार है। (7) क्षुधा, तृष्णा, इच्छा, दया, श्रद्धा, निद्रा, तन्द्रा, स्मृति और क्षमा–ये सब आपकी कलाएं हैं ; नारायणि ! आपको नमस्कार है। (8) लज्जा, मेधा, तुष्टि, पुष्टि, शान्ति, सम्पत्ति और वृद्धि–ये सब भी आपकी ही कलाएं हैं ; सर्वरूपिणी ! आपको नमस्कार है। (9) दृष्ट और अदृष्ट दोनों आपके ही स्वरूप हैं, आप उन्हें बीज और फल दोनों प्रदा करती हैं। कोई भी आपका निर्वचन (निरूपण) नहीं कर सकता। हे महामाये ! आपको नमस्कार है। (10) शिवे आप शंकर सम्बन्धी सौभाग्य से सम्पन्न हैं तथा सबको सौभाग्य देने वाली हैं। देवि ! श्री हरि ही मेरे प्राणवल्लभ और सौभाग्य हैं। उन्हें मुझे दीजिए। आपको नमस्कार है। (11) जो स्त्रियां व्रत की समाप्ति पर इस स्तोत्र से शिवादेवी की स्तुति कर भक्तिपूर्वक उन्हें मस्तक झुकाती हैं ; वे साक्षात् श्रीहरि को पतिरूप में पाती हैं। (12) इस लोक में परात्पर परमेश्वर को पतिरूप में पाकर कान्त सुख का उपभोग करके अन्त में दिव्य विमान पर चढ़कर भगवान् श्रीकृष्ण के समीप चली जाती है। (श्री ब्रह्मवैवर्त पुराण में जानकी जी द्वारा किया गया पार्वती स्तोत्र पूर्ण हुआ।)

अभीष्ट वर प्राप्ति के लिए विभिन्न मन्त्र–

जिस कन्या के विवाह-कार्य में बार-बार विघ्न-बाधाएँ पड़ती हों। उसको गुरु-पुष्य, रवि पुष्य, अक्षया तीज, श्रावण मास में, दीपावली, बसन्त अथवा नवरात्रों में निम्नलिखित मन्त्र का आरम्भ करके यथेष्ठ संख्या में ५१ हज़ार अथवा सवा लाख की संख्या में नियमित रूप में, शिव-पार्वती अथवा माता के मन्दिर में धूप, दीप जलाकर पीले एवं लाल पुष्प चढ़ाकर सुनिश्चित समय में नियमित रूप से संकल्पपूर्वक एवं विधिवत् जप करना चाहिए। इससे देवी की कृपा से अवश्य कामना सिद्धि होती है–

(१) ॐ ह्रीं गौर्ये नमः
हे गौरि शंकरार्धांगि यथा त्वं शंकर प्रिया।
तथा मां कुरु कल्याणि कान्तकान्तां सुदुर्लभाम्॥

(हे गौरी, शङ्कर की अर्द्धाङ्गिनी ! जिस प्रकार तुम शङ्कर की प्रिया हो, उसी प्रकार हे कल्याणी ! मुझ कन्या को दुर्लभ वर प्रदान करो।)

एक अन्य उपयोगी मन्त्र–

(२) ॐ कात्यायनि महामाये महायोगिनी अधीश्वरी।
नन्दगोपसुते देवि ! पतिं मे कुरु ते नमः॥

(हे कात्यायनि, महामाया, महायोगिनियों की अधीश्वरि ! मुझे भगवान् कृष्ण सदृश पति प्रदान करो ! तुम्हें नमस्कार है।)

(३) ॐ देवेन्द्राणि नमस्तुभ्यं देवेन्द्रप्रियभामिनी।
विवाहं भाग्यमारोग्यं शीघ्रं लाभं च देहि मे॥

(ॐ देवेन्द्राणि ! देव इन्द्र की प्रिय पत्नी ! तुम्हें नमस्कार है। मुझे विवाह, भाग्य, आरोग्य और शीघ्र लाभ प्रदान करें।)

इस मन्त्र का भी प्रतिदिन कम से कम 108 बार लगातार अभीष्ट सिद्धि तक करते रहें।

जप करने से पहले प्रतिष्ठित तुलसी-पादप की पूजा करके 12 परिक्रमाएँ करें, तदनन्तर दाएँ

अर्थ– हम परमपिता त्र्यम्बक (भगवान शिव) की आराधना करते हैं। वह परमसुखदायक

जप करने से पहले प्रतिष्ठित तुलसी-पादप की पूजा करके 12 परिक्रमाएँ करें, तदनन्तर दाएँ हाथ से दुग्ध और बाएँ हाथ से जल द्वारा श्रीसूर्यनारायण को 12 बार समन्त्र अर्घ्य दें। तदनन्तर जप करें। इस प्रकार प्रतिदिन अर्घ्यदान और जप करने से तथा प्रयास करते रहने से शीघ्र कार्य सिद्धि होगी।

(४) मन्त्र– **"ॐ शं शङ्कराय सकल जन्मार्जित पापविध्वंसनाय।**
पुरुषार्थचतुष्टयलाभाय च पतिं देहि कुरु कुरु स्वाहा॥"

(हे समस्त जन्मों में अर्जित पापों के विध्वंसक भगवान शङ्कर ! पुरुषार्थ चतुष्टय की प्राप्ति के लिए अनुकूल पति प्रदान करो। नमस्कार है, नमस्कार है।)

अशुभ ग्रहों के प्रभाव से निवारर्णाथ तथा आर्थिक समस्याओं से पीड़ित जातिका को शिव-पार्वती की सविधि पूजा करनी चाहिए। प्रतिदिन 3 माला कम से कम 40 दिन या अभीष्ट प्राप्ति तक करें। केले के पौधे पर अथवा उसका स्तम्भ (टाहनी) पर मौली की 11 आवृत्तियां लपेटकर इस मन्त्र का जप करें। जप समाप्ति पर पौधे की परिक्रमा करें। जो कन्या नित्यप्रति इस मन्त्र का जाप करती है, उसका शीघ्र विवाह होता है।

पति वशीकरण यन्त्र

यह यन्त्र उन स्त्रियों के लिए उपयोगी है जिनके पति दूसरी स्त्रियों में रूचि लेते हैं। इस यंत्र के प्रभाव से उनके पति दूसरी स्त्रियों से विरक्त होकर उन्हीं के प्रति समर्पित बने रहेंगे। इसके लिए किसी भी मास की शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी तिथि की रात्रि में उत्तर दिशा की ओर मुँह करके अनार की कलम और कस्तूरी, कुंकुम एवं गोरोचन की स्याही द्वारा भोजपत्र पर ऊपर दिए गए यंत्र का लेखन करें। फिर पंचोपचार से 7 दिनों तक यंत्र की पूजा करें। अंतिम दिन 7 ब्राह्मणों को भोजन करवाकर निम्न मन्त्र का 7 बार जप करके यंत्र को अभिमंत्रित करें। इसके बाद यंत्र को लाल कपड़े में लपेटकर और लाल धागे में पिरोकर गले में धारण कर लें। इस प्रयोग से पति आपके वश में रहेगा। मन्त्र इस प्रकार है–

ॐ नमो महायक्षिण्यै मम पति मे वशं कुरू कुरू स्वाहा॥

'दीर्घायु व रोगनाश के लिए महामृत्युञ्जय मन्त्र'

'ॐ हौं जूँ सः, ॐ भूर्भुवः स्वः। ॐ त्र्यम्बकं यजामहे सुगन्धिं पुष्टिवर्धनम्। उर्वारुकमिव बन्धनात् मृत्योर्मुक्षीय मामृतात्। स्वः भुवः भूः ॐ। सः जूँ हौं ॐ।'

अर्थ–हम परमपिता त्र्यम्बक (भगवान् शिव) की आराधना करते हैं। वह परमसुखदायक एवं पुष्टिवर्धक हैं। जैसे तरबूज आदि फल (पक जाने पर स्वयं ही) बेल से छूट जाता है, वैसे ही (पूर्ण आयु भोगकर) मैं मृत्युमय जीवन से (बिना कष्ट भोगे) छूट जाऊँ, परन्तु अमृतमय जीवन से मत छूटूँ।

संक्षिप्त विधि–यह सम्पुटयुक्त मन्त्र है। ॐकार का प्रतीक शिवलिङ्ग है; उसी के ऊपर अविच्छिन-अनवरत जलधारा के प्रवाहवत अपनी दृष्टि स्थिर करते हुए विश्वासपूर्वक मृत्युंजय महामन्त्र का जाप करता रहे तो ध्यानावस्था प्रत्यक्ष खड़ी हो जाती है और एक विलक्षण आनन्द की अनुभूति होती है।

किसी शुभ मुहूर्त्त में शुद्ध शान्तचित्त, संयमपूर्वक देवालय (विशेषकर शिव मन्दिर), गंगादि तीर्थ स्थान, जलाशय, पीपल वृक्ष के पास अथवा अपने निवास स्थान में स्वच्छ एकान्त स्थान पर संकल्पपूर्वक निश्चित विषम संख्या (एक, तीनादि) में नियमित रूप में श्रद्धापूर्वक पाठ करने से अवश्य लाभ मिलता है। जप संख्या में उलट-फेर या कमी बेशी करने से विक्षिप्तता का भय रहता है। जपसंख्या पूर्ण हो जाने पर जपसंख्या का दशमांश हवन, हवन का दशांश तर्पण तथा एवं तर्पण का दशांश मार्जन एवं यथेष्ठ दानादि सहित ब्राह्मण भोजन करवाना चाहिए तथा पाठोपरान्त शिव कवच पढ़ना चाहिए। जप के बाद इस प्रकार प्रार्थना करनी चाहिए।

गुह्यातिगुह्यगोप्ता त्वं गृहाणास्मत्कृतं जपम्। सिद्धिर्भवतु मे देव त्वत्प्रसादन्महेश्वर॥
मृत्युंजय महारुद्र त्राहि मां शरणागतम्। जन्ममत्युजरारोगैः पीडितं कर्मबन्धनैः॥

श्रीमहामृत्युञ्जय मंत्र के जप से अकालमृत्यु का निवारण, दीर्घायु व आरोग्य की प्राप्ति होती है। इसके अतिरिक्त जन्मकुण्डली में ग्रह-नक्षत्र दोष, नाड़ी दोष, मंगलीक दोष, शत्रुष्डाष्टक, विधुर एवं वैधव्यादि दोषों के निवारण हेतु तथा अतिशय क्लिष्ट एवं असाध्य रोगों और मृत्युतुल्य शारीरिक एवं मानसिक रोगों में उपायस्वरूप अचूक एवं सिद्ध मन्त्र माना गया है।

"श्रीमहामृत्युंजय कवच यन्त्रम्"

भोजपत्र पर अष्टगन्ध से यन्त्र लिखकर गुग्गुल का धूप देकर पुरुष के दाहिने और स्त्री के बायें हाथ में बाँध देना चाहिए। गोत्र, पिता का नाम, पुत्र या पुत्री (रोगी) का नाम यथास्थान लिख देना चाहिए। साथ में रुद्राक्ष माला से महामृत्युञ्जय जप करते रहें।

♣ शिव पुराणोक्त उपयोगी मन्त्र एवं प्रयोग ♣

(1) आयुवृद्धि के लिए–आयुवृद्धि के लिए महामृत्युञ्जय मन्त्र का एक लाख जप करना और शिवलिङ्ग पूजन करते समय एक लाख दूर्वादलों से पंचाक्षरी मन्त्र का जप करते हुए विशेष पूजन करने से सिद्धि होती है।

(2) लक्ष्मी प्राप्ति के लिए—इसके लिए कमलों एवं बिल्वपत्रों से तथा शखीपुष्पों से महादेव का **"ॐ महादेवाय नमः"** मन्त्र पढ़कर पुष्प चढ़ावें। बिल्वपत्रों को पंचाक्षरी मन्त्र पढ़कर एक लाख की संख्या में चढ़ाना सिद्धि प्रदान करता है।

(3) पुत्र प्राप्ति के लिए—पुत्र की अभिलाषा के लिए लाल डंठल वाले धतूरे के पुष्पों से पूजन शुभ माना गया है। अतः एक लाख धतूरे के पुष्पों से पूजन करना और श्री शिवसहस्रणाम का पाठ करने से इच्छित कामना पूर्ण होती है।

(4) मान-यश एवं मोक्ष प्राप्ति के लिए—अगस्त्य के एक लाख फूलों से पूजन करने वाले मनुष्य को महान यश की प्राप्ति होती है। तुलसी पत्र से पूजन करने से भोग और मोक्ष दोनों ही उपासक के लिए सुलभ होते हैं। **"ॐ नमो भगवते रूद्राय"** मन्त्र का एक लाख की संख्या में जप करना और इसी मन्त्र को पढ़ते हुए तुलसी पत्रों से पूजन करना चाहिए।

(5) वाहन सुख—चमेली के पुष्पों से **"ॐ महादेवाय नमः"** मन्त्रों का उच्चारण करते हुए पूजन करने से वाहन सुख मिलता है। सवा लाख का विधान है।

(6) शुभलक्षणा पत्नी प्राप्ति के लिए—बेला के फूल श्रीशिवपार्वती को **"ॐ भगवत्यै उमादेव्यै शंकरप्रियायै नमः"** मन्त्र जप करना और पुष्प चढ़ाने से शुभलक्षणा पत्नी भगवान् शंकर की कृपा से मिलती है।

(7) मुक्ति के लिए—तिलों से उत्पन्न पुष्प मुक्तिदायक होते हैं। इनसे भगवान् शंकर का पूजन **"ॐ शंकराय नमः ॐ"** मन्त्र जप करते हुए तिल पुष्प चढ़ाने से मुक्ति प्राप्त होती है। इसमें कोई संशय नहीं है।

पुष्पाणि तिलजातानि मुक्तिदानि न संशयः।।

(8) रोग शान्ति के लिए—कनेर के फूलों से मृत्युञ्जय मन्त्र जप करते हुए अथवा मृत्युञ्जय मन्त्र करना सम्भव न हो तो पंचाक्षरी मन्त्र पढ़कर कनेर के पुष्पों से पूजन करके आरोग्य लाभ होता है।

विशेष रूप से—चम्पा और केतकी के पुष्प निषिद्ध हैं अर्थात् इनका प्रयोग पूजन में नहीं करना चाहिए। अगर कोई विशेष पुष्प उपलब्ध नहीं होता तो वर्तमान ऋतु में पैदा होने वाले फूल भी यदि भगवान् शिव को समर्पित किये जाएं तो वे मोक्ष देने वाले होते हैं। इसमें संशय नहीं है। सभी फूल भगवान् शिव (चम्पा और केतकी को छोड़कर) को चढ़ाये जा सकते हैं।

विविध द्रव्यों द्वारा शिवपूजन से अभीष्ट प्राप्ति

(1) लक्ष्मी वृद्धि के लिए—महादेव जी का चावलों से पूजन (चढ़ाने से) करने से लक्ष्मी की वृद्धि होती है। **तंडुलारोपणे नृणां लक्ष्मी वृद्धिः प्रजायते।।**

विशेष रूप से चावल चढ़ाने की विधि इस प्रकार है—चावल अखण्डित (अक्षत) होने चाहिए। इन्हें उत्तम भक्तिभाव से चढ़ाना चाहिए। रूद्रपूजा के विधान अनुसार **रूद्र प्रधान मन्त्र** से पूजा करके भगवान् शिव के ऊपर बहुत सुन्दर वस्त्र चढ़ायें और उसी पर चावल रखकर समर्पित करें। भगवान् शिव के ऊपर एक श्रीफल, गंध, पुष्प, धूप, दीप आदि निवेदन करने से पूजा का पूरा-पूरा फल प्राप्त होता है। वहां शिव के समीप बारह ब्राह्मणों को भोजन कराने से मन्त्रपूर्वक साङ्गोपाङ्ग पूजा सम्पन्न होती है। जहां सौ मन्त्र जपने की विधि हो, वहां पर 108 मन्त्र जपने का विधान है। लक्ष्मी की वृद्धि होती है।

(2) संतान प्राप्ति—गेहूँ के बने हुए पकवान से भगवान् शंकर की पूजा निश्चय ही बहुत उत्तम मानी गई है। एक लाख बार पूजन करने से संतान सुख में वृद्धि होती है।

(3) धर्म-अर्थ-काम-भोग की वृद्धि—इसके लिए प्रियंगु (कंगनी) द्वारा सर्वाध्यक्ष परमात्मा शिव का पूजन करने से सिद्धि होती है। उपासक को समस्त सुखों को देने वाली होती है।

(4) रोग शान्ति के लिए—उड़द की पूजा रोग शान्ति के लिए कही गई है। इसके साथ ही विधिपूर्वक पूजन करना भी शुभ होता है। इसके अतिरिक्त भक्तिभाव से विधिपूर्वक श्री शिवपूजन करके जलधारा समर्पित करनी चाहिए। ज्वर के कोप की शान्ति के लिए भी जलधारा विशेष शुभ होती है।

(5) सन्तान सुख एवं वंशवृद्धि के लिए—शतरूद्रिय मन्त्र से, रूद्री के ग्यारह पाठों से, रूद्रमन्त्रों के जप से, पुरुष सूक्त से, छः ऋचावाले रूद्रसूक्त से, महामृत्युञ्जय मन्त्र से, गायत्री मन्त्र से अथवा शिव के शास्त्रोक्त नामों के आदि में प्रणव और अन्त में **नमः** पद जोड़कर बने हुए मन्त्रों द्वारा जलधारा अर्पित करनी चाहिए। जैसे—**ॐ नमः शिवाय।** उत्तम भस्म धारण करके उपासक को प्रेमपूर्वक नाना प्रकार के शुभ एवं दिव्य द्रव्यों द्वारा शिवलिङ्ग की पूजा करनी चाहिए और शिव पर उनके सहस्रनाम मन्त्रों से घी की धारा चढ़ानी चाहिए। ऐसा करने से **वंश का विस्तार** होता है. इसमें संशय नहीं है।

(6) प्रमेह आदि रोग की शान्ति के लिये केवल दुग्ध की धारा शिवजी पर विशेषतः करनी चाहिए।

(7) बुद्धि-उज्जवल करने के लिए—भगवान् शंकर को शक्कर मिश्रित दुग्ध की धारा चढ़ाने से तथा दस हज़ार मन्त्रों का जप (पंचाक्षरी मन्त्र) करने से बृहस्पति के समान उत्तम बुद्धि प्राप्त हो जाती है।

विशेष रूप से गङ्गाजल की धारा तो भोग और मोक्ष दोनों फलों को देने वाली है। सभी प्रकार की धारा चढ़ाने के समय मृत्युञ्जय मन्त्र पढ़ते हुए चढ़ानी चाहिए। दस हज़ार जप का विधान है और ग्यारह ब्राह्मणों को भोजन कराना चाहिए।

(8) शत्रुनाश के लिए—राई के पुष्पों से पूजन करना शत्रु को मृत्युतुल्य कष्ट प्रदान करने वाला होता है। इन पुष्पों को एक-एक करके एक लाख की संख्या में चढ़ाना चाहिए। शत्रु को ताप देने के लिए तेल की धारा देनी चाहिए। विशेष रूप से सरसों के तेल की धारा दे तो शत्रु का नाश होता है।

उपरोक्त विधि से शिवपूजन एवं पार्थिव लिङ्ग की पूजा करने से उपासक को तीन मास में सिद्धि हो जाती है। इसमें कोई संशय नहीं—

एवमर्चयतः पुंस पार्थिव लिंगमुत्ततम।
मासत्रयेण सिद्धिः स्यात्रात्र कार्याविचारणा।।

नोट—सम्पूर्ण जानकारी के लिए **'शिव-मंत्रावली'** पुस्तक का अध्ययन कीजिए।

जनरल बुक डिपो, जालन्धर।

श्री लक्ष्मी-विशांक यन्त्र (बीसा यन्त्र)

बीसा यन्त्र को यदि एक लाख मन्त्र जपकर हवन द्वारा यन्त्र सिद्ध कर लिया जाए तो इसका दर्शनमात्र ही समस्त संकटों का निवारण कर देता है। धन-सम्पदा, अर्थ-लाभ, वैभव-सम्मान प्राप्ति, शत्रु-दमन के लिए बीसा यन्त्र एक अद्भुत एवं परम प्रभावी यन्त्र है।

प्रतिदिन स्नान, पूजा के पश्चात् श्रीलक्ष्मी जी की मूर्त्ति, चित्र (या यन्त्र जो भी हो) के सामने धूप-दीप जलाकर लक्ष्मी जी का ध्यान करते हुए नीचे लिखे किसी भी मन्त्र का जाप (१, ३, ७ माला) नियमित रूप से संयमपूर्वक निर्धारित संख्या (५१ हज़ार अथवा सवा लाख) में करें अथवा किसी सुयोग्य ब्राह्मण द्वारा करवाएँ। कमलगट्टे की माला हो तो अच्छा है। पाठ से पूर्व एवं पाठ के बाद निम्न श्री लक्ष्मी स्तुति पढ़ लेवें तो अत्यन्त शुभकारी होगा-

भवानि त्वं महालक्ष्मीः सर्वकाम प्रदायिनी। सुपूजिता प्रसन्नां स्यान्महालक्ष्म्यै नमोऽस्तुते॥
सर्वज्ञ सर्व वरदे सर्व दुष्ट भयंकरी। सर्व दुख-हरे देवि महालक्ष्मि नमोऽस्तुते॥

श्रीमहालक्ष्मी मन्त्राः-

* **"ॐ श्रीं ह्रीं क्लीं ह्रीं श्रीं महालक्ष्म्यै नमः"**
* **ॐ श्रीं ह्रीं क्लीं महालक्ष्म्यै नमः॥ ॐ श्री ह्रीं श्री कमले कमलालये प्रसीद प्रसीद।**
* **श्रीं ह्रीं श्री महालक्ष्म्यै नमः॥ ॐ श्रीं ह्रीं क्लीं श्री सिद्ध लक्ष्म्यै नमः।**
* **ॐ ह्रीं महालक्ष्म्यै च विद्महे विष्णुपत्नीम् व। धीमहि तन्नोलक्ष्मी प्रचोदयात् ह्रीं ॐ॥**

उपरोक्त मन्त्रों में से कोई एक मन्त्र संकल्प एवं श्रद्धापूर्वक किसी शुभ मुहूर्त्त जैसे नवरात्रे, अक्षय तृतीया, गुरुपुष्य, रविपुष्य योग, दीपावली, ग्रहण काल में यथेष्ठ संख्या में करने से शीघ्र लाभ होता है। पाठ के उपरान्त श्रीसूक्त अथवा लक्ष्मी स्तोत्र का पाठ करना प्रशस्त रहता है। ध्यान रहे, पाठोपरान्त निष्ठापूर्वक अभीष्ट कार्य हेतु पुरुषार्थ एवं उद्यम करना भी अनिवार्य है।

"संक्षिप्त लक्ष्मी स्तोत्र"

त्रैलोक्यपूजिते देवि कमले विष्णु वल्लभे। यथा त्वमचला कृष्णे तथा भव मयि स्थिरा॥
ईश्वरी कमला लक्ष्मीश्चला भूतिर्हरि प्रिया। पद्मा पद्मालया सम्पदुच्चैः श्री पद्मा धारिणी॥
द्वादशैतानि नमानि लक्ष्मीं सम्पूज्य यः पठेत्। स्थिरा लक्ष्मी र्भवेत्तस्य पुत्रदारादिभिः सह॥

वर्षा लाने के लिए विशेष मन्त्र

शास्त्र में मेघ अर्थात् वर्षा लाने के लिए कुछ आवाहन मन्त्र बतलाए गए हैं। अनावृष्टि के समय भगवान् वरुण, इन्द्रादि देवों की उपासना प्राचीन काल से होती आई है।

प्रथमतः शुद्ध एवं पवित्रीकृत भूमि पर मंत्रपूर्वक कलश स्थापित करें तथा पुष्पाक्षतादि से स्वास्तिवाचक, श्री विष्णु, शिव, गणेश, सूर्य, दुर्गादि पंच महादेवों का पूजन करके निम्नलिखित चारों मंत्रों का दश-दश हज़ार जप करके अथवा किसी सुयोग्य पण्डित द्वारा संकल्पपूर्वक जप/पाठ करवा करके उनकी दशांश सँख्या का होम (हवन) करें। मेघों के **आवाहन मन्त्र** इस प्रकार हैं-

(i) **ॐ ह्रीं मेघदूत्यै नमः आगच्छ २ स्वाहा।**
(ii) **ॐ मेघदूतो कमलोद्भवाय नमः, आगच्छ २ स्वाहा॥**
(iii) **ॐ महानिल राज हिमन्निवासिने आगच्छ २ स्वाहा।**
(iv) **ॐ ह्रीं नंदिकेश्वर राय जठनिवासिने मेघराजाय आगच्छ २ स्वाहा॥**

हवन के पश्चात् सफेद तथा लाल कनेर के फूलों से अथवा अन्य किन्हीं सुगन्धित फूलों से वरुण एवं वायु देवों का पूजन करके जंगल/एकान्त में जाकर निम्न मन्त्र से मेघों का आवाहन करें-

ॐ भूर्भुवः स्वः भो वरूण। इहागच्छ, इह तिष्ठ, स्थापयामि, पूजयामि, आवाह्यामि च मम पूजां गृहाण।

'**ॐ अपां पतये वरूणाय नमः**' कहकर अक्षत-पुष्प कलश पर छोड़ दें।

इसी भान्ति वायु देव का आवाहन करें।

ॐ भूर्भुवः स्वः भो वायु देव ! इहा गच्छ, इह तिष्ठ, स्थापयामि, पूजयामि, आवाह्यामि च, मम पूजां गृहाण। कहकर पुष्पाक्षत प्रतीकरूप सुपारी या कुश पर छोड़ दें॥

फिर इन्द्र देव का आवाहन और पूर्व में स्थापन करें-

इंद्र सुरपति श्रेष्ठं वज्र हस्तं महाबलम्।
आवाहये यज्ञ सिद्ध्यै शत यज्ञाधिपं प्रभुम्॥

ॐ भूर्भुवः स्वः इन्द्र ! इहागच्छ, इह तिष्ठ इन्द्राय नमः, इन्द्रमावाहयामि, स्थापयामि, पूजयामि च। कहकर सुपारी या कुशा पर छोड़ देवें॥ तथा इन्द्रादि देवों का ध्यान करके नमस्कार करें।

पति-पत्नी में संयोग हेतु शाबर-मन्त्र

निम्न मन्त्र उन परिस्थितियों में लाभकारी है जब किसी स्त्री का पति किसी अन्य स्त्री में रूचि लेने लगे या किसी अन्य स्त्री का उसके पति से शारीरिक अथवा मानसिक सम्बन्ध हो। इन हालात में दाम्पत्य सुख में तनाव, कष्ट विदित है। जिस स्त्री अथवा कन्या में पति रुचि ले रहा हो, उसका नाम पहले वाले रिक्त स्थान में रखें तथा दूसरे रिक्त स्थान में अपना

नाम रखें। अपने नाम के स्थान पर '**मेरे पास आ जाए**' यह भी बोला जा सकता है। यह मन्त्र जिस प्रकार से कोई विवाहित स्त्री अपने भ्रमित पति को सम्मोहित करने के लिए कर सकती है, उसी तरह कोई पुरुष अपनी भ्रमित पत्नी को सम्मोहित करने के लिए कर सकता है।

"ओम् सत्यनाम आदेश गुरु को लौंग-लौंग मेरा भाई, इन्हीं लौंग ने शक्ति चलाई पहली लौंग रातीमती, दूजी लौंग जोबन मती, तीजी लौंग अंग मरोडे, चौथी लौंग दोऊ कर जोड़े चारों लौंग जो मेरी खाय----के पास से-----के पास आ जाए गुरु की शक्ति मेरे भक्ति फुरो मन्त्र ईश्वरी वाचा।"

कैद से छुड़ाने हेतु तान्त्रिक प्रयोग

मन्त्र–ॐ हनुमत वीर, वेग आवो अमुक बन्दी को बन्धन से छुड़ाओ। बेड़ी तोड़ो, ताला तोड़ो, सारे बन्धन तोड़ो, मोड़ो अमुक बंदी को बंध से छुड़ावो। मेरी भक्ति गुरु की शक्ति फुरो मन्त्र ईश्वरो बाचा।।

इस मन्त्र की साधना हेतु गुड़ और आटे का तवे पर पुआ बनाना। मूंगे की माला से किसी भी समय रात्रि में लाल रंग के आसन पर दक्षिणा दिशा में बैठकर जप करना। इस मन्त्र जप का सवा लाख का विधान है।

साधना विधि–सबसे पहले जल में गुड़ भिगोकर उसके रस में गेहूँ का आटा मिलाकर तवे पर पुआ बना लें। उस पुए पर बन्दी का (कैदी का) नाम कुंकुम से लिखकर थाली में रख लें। साधना करते समय उस थाली को सामने रखकर उस पर पुष्प चढ़ाएं। फिर मन्त्र जप पूरा होने पर उस पुए को रात्रि में ही रास्ते में रखकर घर आ जाएं। इस प्रकार प्रतिदिन साधना करें। जब सवा लाख जप पूर्ण हो जाए तब किसी कन्या को पुए का ही भोजन कराएं और यथोचित्त धन, वस्त्र आदि देकर संतुष्ट करें। इसके साथ ही श्री हनुमान चालीसा और संकटमोचन हनुमानाष्टक का अधिकाधिक पाठ तथा श्रीहनुमान जी की पूजा करते हुए इस अनुष्ठान को करने पर शीघ्र ही बन्दी कैद से छूट जाता है और आगे भी उस व्यक्ति पर किसी प्रकार की विपत्ति नहीं आती।

कुछ उपयोगी टोटके

(1) शीघ्र विवाह के लिए–(i) यदि किसी कन्या की कुण्डली में मंगली योग होने के कारण उसका विवाह नहीं हो पा रहा तो वह प्रत्येक मंगलवार मूँगे की माला से 'मंगल चंडिका मन्त्र' की 11 माला तथा शनिवार को सुन्दरकाण्ड का पाठ करें।

मूलमन्त्र–'ॐ ह्रीं श्रीं क्लीं सर्वपूज्ये देवि मंगल चण्डिके ऐं क्रूं फट् स्वाहा।"

(ii) आयु होने पर भी कन्या के विवाह में बाधा आ रही हो तो शुक्रवार की रात्रि में 8 सूखे छुहारे जल में अच्छी तरह उबालकर अपने सिरहाने रखकर सोए तथा शनिवार को प्रातः स्नानादि के पश्चात् चलते पानी में प्रवाहित करें।

(iii) विकराल कालसर्प योग वाली और क्रूर मंगली कन्याएं, जिनका विवाह 30 से 40 वर्ष की आयु हो जाने पर भी नहीं होता, वो निम्नलिखित चौपाई का पाठ करें। ईश्वरकृपा से अवश्य संयोग बनेंगे–

तब जनक पाइ वसिष्ठ आयसु ब्याह साज संवारिकै।
मांडवी श्रुत कीरिति उरमिला कुंअरि लाई हंकारिकै।।

(2) ऋण मुक्ति के लिए–(i) किसी हनुमान मन्दिर में जाकर, हनुमान जी के सम्मुख कुश के आसन पर विराजमान होकर सर्वप्रथम हनुमानजी को प्रणाम करें। फिर जनेऊ का 1 जोड़ा व चोला चढ़ाकर चमेली के तेल का दीपक, गुग्गल की धूपबत्ती व चन्दन की अगरबत्ती अर्पित करें। तदनंतर पान के एक पत्ते पर थोड़ा सा शुद्ध मक्खन लगाकर पीले पुष्पों के साथ अर्पित करें। इसके बाद गुड़-चने का भोग लगाएं व 11 रु. अर्पित कर ऋणमुक्ति के लिए श्रीहनुमान जी से प्रार्थना करें। फिर 11 बार परिक्रमा कर 11 बार हनुमान चालीसा का पाठ व 1 बार ऋणमोचन मंगल स्तोत्र का पाठ करें। इस कार्य से निवृत्त होकर पुजारी जी से प्रसाद रूप में थोड़े से चने और गुड़ प्राप्त करें। घर लौटकर गुड़-चनों को लाल वस्त्र में बाँधकर किसी सुरक्षित स्थान पर रख दें। जब ऋण से मुक्ति मिल जाए तो उस प्रसाद को ग्रहण कर लें।

(ii) बुधवार को प्रातःकाल श्वेतार्क की जड़ को पंचामृत से स्नान कराकर लाल रंग के नए कपड़े पर रखें। इसके साथ रक्तचंदन का टुकड़ा, 11 कौड़ियां, 11 गोमती चक्र एवं तांबे का 1 सिक्का रखें। घी का दीपक जलाएं तथा श्वेत कागज़ पर रक्त चन्दन से अपनी प्रार्थना को लिखकर रख दें। फिर गणपति के मन्त्र '**ॐ गं गणपत्ये ऋणहर्त्तार्ये नमः**' मन्त्र का 108 बार जप करें। फिर उस कपड़े को एक पोटली बनाकर संस्थान अथवा गृह में उत्तर-पूर्व दिशा में लटका दें। नित्य उसे धूप देते रहें। ऋणभार का शमन हो जाने पर पोटली जल में प्रवाहित कर दें।

–त्रिखल जन्म फल एवं शान्ति–

तीन कन्याओं के पश्चात् लड़का उत्पन्न होना तथा तीन लड़कों के पश्चात् कन्या की उत्पत्ति त्रिखल दोषकारक मानी जाती है। इसके कारण लड़का पिता, नानके पक्ष को हानि तथा कन्या माता के लिए कष्टप्रद होते हैं। त्रिखल शान्ति करवा लेने से गृह में सुख शान्ति रहती है। शान्ति हेतु सूतकादि के उपरान्त किसी शुभ मुहूर्त्त में पत्नी सहित शुद्ध आसन पर पूर्वाभिमुख होकर संकल्पपूर्वक श्रीगणपति-पूजन व नवग्रहादि पूजनोपरान्त कलश स्थापन करते हुए उसके ऊपर ताम्र पात्र रखकर उसमें श्री विष्णु भगवान् की स्वर्णमयी मूर्त्ति (उसके अभाव में ताम्र की) पूजा करके रखें। फिर विधिपूर्वक त्रिखलशान्ति कर्म किसी सुयोग्य ब्राह्मण द्वारा करवा लेनी चाहिए। यदि किसी कारणवश आप पूजा न कर पाए हों तो फिर बच्चे के जन्मदिन के आसपास किसी मुहूर्त्त में त्रिखल पूजा करवा लेनी कल्याणकारी होगी। दान में तीन अन्न, तीन वस्त्र, तीन धातु (सोना, चाँदी, ताँबा) तथा साथ में गुड़, एक लाल परना व नारियल दक्षिणा सहित संकल्पपूर्वक बच्चे व उसकी माता का हाथ लगवाकर मन्दिर में या ब्राह्मण को दान करें।

(iii) विकराल कालसर्प योग वाली और क्रूर मंगली कन्याएं, जिनका विवाह 30 से 40 | संकल्पपूर्वक बच्चे व उसकी माता का साथ लगवाकर मन्दिर में या ब्राह्मण को दान करें।

मेषादि राशियों का ग्रहगोचर फलादेश-2013 ई०

आगे बारह राशियों का मासिक एवं वार्षिक फल ग्रहों की गोचर स्थित्यनुसार लिखा गया है। अपने जीवन सम्बन्धी और अधिक जानकारी एवं महत्त्वपूर्ण पक्ष जैसे-विद्या, व्यवसाय, नौकरी, विवाह, सन्तान, विदेश गमनादि प्रश्नों सम्बन्धी विशेष फलादेश तथा तत्सम्बन्धी समस्याओं के विशेष उपाय जानने के लिए शुद्ध एवं बड़ी जन्मपत्री का होना आवश्यक है। हमारे कार्यालय से शुद्ध एवं विस्तृत हस्तलिखित जन्मपत्री बनवाने के लिए जातक/जातिका का नाम, जन्म-समय, जन्म स्थान (Place & Time of Birth), माता-पिता एवं व्यवसाय आदि का विवरण तथा अग्रिम रूप में पूरी फीस भेजें। मध्यम विस्तृत जन्मपत्री हस्तलिखित फलादेश सहित की फीस 901, अधिक बृहद् विस्तृत की 1250 रु. से 2100 रुपए। सामान्य मध्यम जन्मपत्री की 501 रु., वार्षिक वर्षफल, उपायों आदि सहित की फीस 501 रु.। विदेश में उत्पन्न जातक की फीस 31 पौंड अथवा 51 डालर होगी। डाक व्यय 50 रु. जोड़कर भेजें, फीस एडवांस M.O. या ड्राफ्ट द्वारा अग्रिम इस पते पर भेजें--**पं. विवेक शर्मा, सुपुत्र पं. पन्ना लाल शर्मा, अड्डा होशियारपुर चौंक, जालन्धर-8 (पंजाब), फोन-0181-2457959**

भविष्यफल-जनवरी-सन् 2013 ई.

मेष-राशि स्वामी मंगल उच्चस्थ होने के कारण उच्च प्रतिष्ठित लोगों के साथ सम्बन्ध बनेंगे। निर्वाह-योग्य आय के साधन बनेंगे। सवारी आदि सुखों की प्राप्ति होगी। मासान्त में आय कम तथा खर्च अधिक होंगे। पारिवारिक उलझनें बढ़ेंगी।

वृष-राशि स्वामी शुक्र अष्टम भाव में स्थित है। स्वास्थ्य कुछ नर्म रहे। स्वभाव में तेज़ी रहेगी। व्यर्थ की भागदौड़ अधिक होगी। विरोधी हानि पहुंचाने का प्रयास करेंगे। ता. 17 के पश्चात् धर्म कर्म में रूचि होगी। और अधिकतर समय शुभ कार्यों में ही व्यतीत होगा। श्रीसूक्त का पाठ करना शुभ होगा।

मिथुन-सूर्य-बुध की संयुक्त दृष्टियां पड़ रही है। मास के पूर्वार्द्ध भाग में शुभ फल घटित होंगे। धनागमन के साधनों में वृद्धि के साथ-साथ खर्च भी अधिक होंगे। उत्तरार्ध भाग में मंगल-बुध का योग होने से बनते कामों में विघ्न एवं स्वास्थ्य कुछ ढीला रहेगा।

कर्क-मास के आरम्भ से ही मंगल-शनि की संयुक्त दृष्टि रहने से बनते कामों में विघ्न, मानसिक तनाव, गुप्तचिन्ता, दुर्घटना में चोटादि का भय और भूमि-जायदाद सम्बन्धी कार्यों में परेशानी होगी। ता. 25 पश्चात् हालात में सुधार होगा।

सिंह-13 जन. तक राशिस्वामी सूर्य पर शनि की दृष्टि रहने से निकट-बन्धुओं से तनाव एवं मतभेद रहेंगे। ता. 25 तक मंगल की दृष्टि होने से उत्साह एवं पुरुषार्थ में वृद्धि होगी। परन्तु स्वास्थ्य कुछ ढीला एवं अनावश्यक खर्च बढ़ेंगे।

कन्या-ता. 15 तक बुध धनु राशिगत अस्तगत में तथा शनि साढ़ेसति का प्रभाव भी रहने से संघर्षमयी परिस्थितियां रहेंगी। बनते कामों में विघ्न, स्वास्थ्य ढीला, स्वभाव में तेज़ी एवं वृथा भागदौड़ अधिक होगी। धन खर्च अधिक होगा। 25 ता. के पश्चात् निर्वाह योग्य आय के साधन बनते रहेंगे।

तुला-शनि-राहु का संचार एवं शनि साढ़ेसति के प्रभाव से भाग्योन्नति में विघ्न, आय से खर्च अधिक, वृथा मानसिक तनाव रहेगा। ता. 4 जन. से धनु राशि में शुक्र-सूर्य-बुध का योग होने से नए-नए मित्रों से सम्बन्ध बनेंगे। परन्तु उत्तरार्ध भाग में परिवारिक समस्याएं व उलझनें रहेंगी। किन्तु नए कार्य की योजनाएं बनेंगी।

वृश्चिक-शनि साढ़ेसति के प्रभाव से बनते कामों में विघ्न, घरेलू व आर्थिक परेशानियां बढ़ेंगी। मन अशान्त एवं असन्तुष्ट रहेगा। परन्तु राशिस्वामी मंगल

मेष राशि (Aries)

चु, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ

ग्रहगोचर : इस राशि पर केतु का संचार तथा शनि की दृष्टि साल भर रहेगी तथा वर्षारम्भ से 24 जन. तक राशिस्वामी **मंगल उच्चराशि** में होगा। आय के साधनों में वृद्धि होगी। **शनि की नीच दृष्टि** भी होने से गुप्त परेशानियाँ व आर्थिक उलझनें होंगी। 12 अप्रै. से 22 मई के मध्य इसी राशि पर मंगल तथा 13 अप्रै. से 13 मई तक सूर्य का शुभ संचार होने से व्यवसाय में लाभ के योग हैं। 4 जुला. से 4 अक्तू. के मध्य मंगल की नीच स्थिति होने से कठिनाईयों के बाद आय के साधन बनेंगे। 25 नवं. से मंगल की दृष्टि होगी। जिससे संघर्ष से धन प्राप्ति के साधन बनते रहेंगे। उपाय-प्रत्येक मंगलवार को श्री सुन्दरकांड का पाठ करके श्री हनुमान मन्दिर में चमेली के तेल का दीया जलाना शुभ रहेगा।

उच्चराशिगत तृतीय भाव में संचार करने से व्यवसाय के क्षेत्र में धन लाभ के अवसर मिलेंगे। पराक्रम में वृद्धि तथा उच्च प्रतिष्ठित लोगों के साथ सम्पर्क बढ़ेंगे।

धनु-शनि-राहु लाभ स्थान में तथा शनि की तृतीय दृष्टि होने से परिश्रम के बाद धन लाभ व उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। परन्तु परिवार में संतान सम्बन्धी चिन्ता, मन अशान्त एवं असन्तुष्ट रहेगा। उत्तरार्ध भाग में हालात कुछ बदलेंगे। खर्च अधिक एवं मनोरंजन आदि कार्यों में ध्यान रहेगा।

मकर-मंगल उच्चस्थ होकर 24 जन. तक संचार करने से धन लाभ एवं अकस्मात् उन्नति के अवसर मिलेंगे। राशि स्वामी शनि भी उच्च राशिस्थ होकर राहु युक्त दशम भाव में होने से व्यवसाय/नौकरी में भाग्योन्नति, आय-वृद्धि के अनेक अवसर प्राप्त होंगे, परन्तु अचानक धन खर्च एवं मानसिक तनाव रहेगा।

कुम्भ-राशिस्वामी शनि भाग्य स्थान पर उच्च स्थिति में होने से धन लाभ एवं पदोन्नति के अवसर प्राप्त होगी। निर्वाह योग्य आय के साधन बनेंगे, परन्तु मासान्त में मंगल इस राशि पर होने से आय कम तथा खर्च अधिक होंगे।

मीन-शनि की ढैय्या का प्रभाव अभी रहेगा। जिससे बनते कामों में विघ्न बाधाएँ, शरीर कष्ट, मानसिक तनाव रहेगा। राशि स्वामी गुरू तीसरे होने से कार्यव्यवसाय में भागदौड़ अधिक रहेगी। आय में कमी तथा आकस्मिक खर्च भी बढ़ेंगे। श्री सूक्त एवं लक्ष्मी स्तोत्र का पाठ करना कल्याणकारी होगा।

भविष्यफल-फरवरी-सन् 2013 ई.

मेष-राशिस्वामी मंगल एकादश भाव में अस्त होकर संचार करने से आय कम और खर्च अधिक होगा। अत्यधिक संघर्ष के पश्चात् निर्वाह योग्य साधन बनेंगे। शनि की दृष्टि के कारण वृथा भागदौड़, मानसिक तनाव, निकट बन्धुओं से मतभेद एवं चोटादि का भय रहेगा। सोची योजनाओं में विघ्न बाधाओं का सामना रहे।

वृष-मासारम्भ में चन्द्रमा छटे भाव तुला राशिगत शनि-राहु का योग होने से दैनिक कार्यों में विघ्न बाधाएं, धन का खर्च अधिक एवं सुख-साधनों में वृद्धि होगी। ता. 10 से राशि स्वामी शुक्र अस्त होने से स्वास्थ्य परेशानी, व्यवसाय में अत्यधिक खर्च और संघर्षपूर्ण हालात का सामना रहेगा।

मिथुन-ता. 2 फर. से राशिस्वामी बुध भाग्य-स्थान पर होने से भाग्यवृद्धि, उच्चप्रतिष्ठित लोगों से सम्पर्क बनेंगे। पराक्रम एवं उत्साह में वृद्धि तथा परिवार

में शुभ कार्यों पर धन का खर्च होगा। ता. 20 के पश्चात् किसी प्रतिष्ठित व्यक्ति के सहयोग से उन्नति के विशेष अवसर प्राप्त होंगे। परन्तु वृथा मानसिक तनाव एवं गुप्त चिन्ताएँ रहे।

कर्क–ता. 12 तक सूर्य की सप्तम दृष्टि रहने से व्यर्थ का वाद-विवाद, मानसिक तनाव, सरकारी क्षेत्र से परेशानी, शत्रु द्वारा हानि की संभावना बनी रहेगी। शनि की ढैय्या भी रहने से आय में कमी एवं परिवारिक परेशानी रहेगी। ता. 22 के पश्चात् हालात में कुछ सुधार एवं पारिवारिक सहयोग प्राप्त होगा।

सिंह–ता. 12 तक राशि स्वामी सूर्य छटे भाव में एवं मंगल की सप्तम दृष्टि रहने से क्रोध अधिक, बनते कामों में विघ्न एवं विलम्ब होगा। परन्तु ता. 12 से सूर्य-मंगल की दृष्टियां होने से वृथा, भागदौड़, धन लाभ, मानसम्मान में वृद्धि होगी। किन्तु क्रोध एवं जल्दबाजी में किए कार्यों में नुक्सान हो सकता है। सावधानी बरतें।

कन्या–ता. 2 से बुध कुम्भ राशिगत संचार करने से पारिवारिक उलझनें एवं व्यवसायिक क्षेत्रों में अत्यधिक भागदौड़ के उपरान्त भी लाभ में कमी रहेगी। शनि साढ़ेसति एवं गुरू की दृष्टि रहने से विपरीत परिस्थितियों में भी निर्वाह योग्य आय के साधन बनते रहेंगे। स्वास्थ्य कुछ ढीला एवं वृथा मानसिक तनाव रहे। धन का खर्च अधिक रहे।

तुला–शनि-राहु का संचार एवं राशि स्वामी शुक्र ता. 21 तक चतुर्थ भाव में होने से अनेक उतार-चढ़ाव एवं परिवर्तनों का सामना व्यवसाय के क्षेत्र में रहेगा। स्थान परिवर्तन भी होने के योग हैं। ता. 22 से हालात में परिवर्तन एवं परिवार में शुभ मंगल कार्यों पर खर्च होगा। विदेशी सम्बन्धों से लाभ के योग हैं।

वृश्चिक–राशिस्वामी मंगल चतुर्थ भावस्थ होने से निर्वाह योग्य आय के साधन बनेंगे। धर्म-कर्म में रूझान रहेगा। परन्तु शनि साढ़ेसति के कारण मन अशान्त एवं असन्तुष्ट रहेगा। ता. 20 के पश्चात् स्वास्थ्य परेशानी, मानसिक तनाव, धन का खर्च अधिक होगा। परिवार में कुछ निजी समस्याएं भी उभरेंगी।

धनु–मासारम्भ में कार्यक्षेत्र में विशेष उतार-चढ़ाव एवं संघर्ष का सामना रहेगा। कुछ सोची योजनाओं में विघ्न बाधाएं उत्पन्न होंगी। मासान्त में शुभ कार्य पर धन का खर्च होगा। वाहनादि का क्रय-विक्रय भी होगा। परन्तु स्वास्थ्य कुछ ढीला रहेगा।

मकर–मासारम्भ से इस राशि पर शुक्र का संचार होने से निर्वाह योग्य आय के साधन बनते रहेंगे। व्यवसाय में संघर्षपूर्ण हालात रहेंगे। परन्तु गुरु की दृष्टि होने से शुभ कार्यों पर धन का खर्च होगा। ता. 22 से हालात में परिवर्तन एवं परिवार में खुशी के अवसर भी मिलेंगे।

कुम्भ–इस राशि पर मंगल का संचार होने से व्यवसाय एवं गृह सम्बन्धी उलझनें बढ़ेंगी। आय कम व खर्च अधिक होंगे। दुर्घटना में चोटादि लगने का भय भी रहेगा। ता. 12 से मंगल-सूर्य-बुध का संचार होने से बनते कामों में विघ्न-बाधाएँ, स्वास्थ्य में खराबी एवं तनाव की स्थिति रहे। वृथा भागदौड़ भी रहेगी।

मीन–राशिस्वामी गुरू तीसरे एवं शनि की ढैय्या के प्रभाव से मिश्रित फल मिलेंगे। व्यवसाय में परिश्रम एवं संघर्ष के बावजूद धन लाभ की स्थिति बनेगी। धर्म-कर्म में रूझान एवं शुभ कार्यों पर खर्च होगा। परन्तु वृथा भागदौड़, मानसिक तनाव, गुप्तचिन्ता, किसी निकट भाई-बन्धु से वृथा तनाव एवं मतभेद भी रहेंगे।

वृष राशि (Taurus)

इ, उ, ए, ओ, व, वि, वे, वो

ग्रहगोचर : वर्षारम्भ में इस राशि पर शुक्र की स्वगृही दृष्टि होगी। जबकि गुरू का संचार 30 मई तक इसी राशि पर रहेगा। 17 मार्च से 10 अप्रै. के मध्य शुक्र उच्चराशि (मीन) में संचार करेगा। आमदन तथा सुख-साधनों में वृद्धि होगी। 10 अप्रै. से 3 मई के मध्य शुक्र व्यय स्थान में होने के खर्च अधिक होंगे। 4 से 28 मई के मध्य शुक्र इसी राशि में शुभ होगा। 11 अग. से 5 सितं. के बीच शुक्र नीचराशि (कन्या) में गर्दिश करेगा। इस अवधि में आर्थिक परेशानियों का सामना रहेगा। खर्च अधिक बढ़ेंगे। प्रत्येक शुक्रवार को व्रत करके कन्यापूजन करना शुभ होगा।

मिथुन राशि (Gemini)

क, कि, कु, घ, छ, के, ह

ग्रहगोचर : वर्षारम्भ में इस राशि पर सूर्य-बुध की संयुक्त दृष्टि रहेगी। ता. 15 जन. से बुध अष्टम स्थान में मंगल के साथ होने से बनते कामों में रूकावटें पैदा होंगी। ता. 2 फर. से बुध भाग्य स्थान में मंगल युक्त होगा। ता. 9 अप्रै. की रात्रि से 27 अप्रै. तक बुध नीच राशि (मीन) में होने से स्वास्थ्य

भविष्यफल–मार्च–सन् 2013 ई.

मेष–मासारम्भ में धनागमन के साधनों में विघ्न, मानसिक तनाव एवं क्रोध अधिक रहे। ता. 5 से राशिस्वामी मंगल द्वादश भाव में होने से धन का खर्च अधिक, दूरस्थ यात्राएँ, विदेशी सम्बन्धियों से लाभ परन्तु परिवार में विभिन्न परेशानियों का सामना रहेगा। व्यवसाय में कठिन हालात का सामना रहे।

वृष–गुरू का संचार होने से आय के साधनों में वृद्धि, धर्म-कर्म में रूझान एवं धन का खर्च भी होगा। परन्तु ता. 17 से राशिस्वामी शुक्र मीन राशि में संचार करने से अकस्मात् धन लाभ के चांस बनेंगे। सुख साधनों पर धन का खर्च अधिक किन्तु संतान सम्बन्धी चिन्ता रहेगी।

मिथुन–राशिस्वामी बुध भाग्यस्थान पर संचार करने से भाग्यवृद्धि तथा उच्चप्रतिष्ठित लोगों के साथ सम्पर्क बनेंगे। कार्यक्षेत्र में व्यस्तताएं बनी रहेंगी। ता. 15 से नवीन मित्रों के साथ मेलजोल बढ़ेगा। धर्म-कर्म में रूचि रहेगी परन्तु वृथा मानसिक तनाव, स्वास्थ्य कुछ ढीला एवं गुप्त चिन्ता बनी रहेगी।

कर्क–शनि की ढैय्या के कारण बनते कामों में विघ्न, वृथा भागदौड़, मानसिक तनाव एवं व्यवसाय में भी संघर्षपूर्ण हालात का सामना रहेगा। उत्तरार्ध भाग में निर्वाह योग्य आय के साधन बनते रहेंगे। सुख-साधनों पर धन का खर्च अधिक एवं मनोरंजन आदि में रूझान बढ़ेगा।

सिंह–ता. 14 तक राशिस्वामी सूर्य की स्वगृही दृष्टि होने से धन लाभ, दौड़-धूप अधिक परन्तु क्रोध व उत्तेजना से बचें। ता. 14 से राशिस्वामी सूर्य अष्टमस्थ होने से स्वास्थ्य में खराबी एवं पिता से कुछ मतभेद रहेंगे। यद्यपि व्यवसाय में उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे। परन्तु घरेलू उलझनों के कारण मन परेशान रहे।

कन्या–मासारम्भ में आय के साधनों में वृद्धि होगी। स्त्री व सन्तान की ओर से शुभ समाचार मिलने के योग हैं। परन्तु शनि साढ़ेसति एवं गुरू की दृष्टि होने से परिवारिक एवं व्यवसायिक उलझनों के कारण मन अशान्त रहेगा। स्वास्थ्य में खराबी तथा चोटादि का भय रहेगा। श्रीरामरक्षास्तोत्र का पाठ करना शुभ रहेगा।

तुला–मासारम्भ में स्वभाव में तेजी एवं बनते कामों में विघ्नों का सामना रहेगा। ता. 4 से मंगल की अष्टम दृष्टि रहने से परिश्रम एवं उत्साह से कार्य करने पर लाभ के संयोग बनेंगे। वाहनादि सावधानीपूर्वक चलाना ठीक रहेगा। चोटादि का भय भी रहे। ता. 20 से वृथा भागदौड़ एवं मानसिक तनाव रहे।

वृश्चिक–किसी नये कार्य की योजना बनेगी। विदेश सम्बन्धी कार्यों में प्रगति होगी। परन्तु शनि साढ़ेसति के कारण बनते कामों में अड़चनें एवं विलम्ब होगा। ता. 24 से व्यवसाय में उन्नति एवं किसी विशिष्ट व्यक्ति के सहयोग से कोई बिगड़ा कार्य बनेगा। परन्तु धन सम्बन्धी कुछ न कुछ समस्या बनी रहेगी।

धनु–पूर्वार्द्ध भाग में कुछ सोची हुई योजनाओं में आंशिक सफलता मिलेगी। व्यवसाय की स्थिति मध्यम रहे। परन्तु राशिस्वामी गुरू छटे भाव में होने से बनते कामों में विघ्न एवं स्वास्थ्य परेशानी रहे। उत्तरार्ध भाग में अचानक यात्रा के संयोग बनेंगे। परन्तु शत्रु भय और धन का खर्च अधिक होगा।

मकर–गुरू की नीच दृष्टि पड़ रही है, जिससे आय की अपेक्षा खर्च अधिक रहेंगे। भाई-बन्धुओं का सहयोग कम प्राप्त होगा। उत्तरार्ध भाग में मिश्रित प्रभाव होगा। नौकरी में उन्नति एवं आर्थिक हालात बेहतर होंगे। कोई रूका हुआ कार्य

बनेगा। यात्रा के भी योग हैं।

कुम्भ–ता. 14 तक मंगल के साथ सूर्य का संचार होने से स्वास्थ्य परेशानी, मानसिक तनाव, आँखों में कष्ट एवं बनते कामों में विघ्नों का सामना रहेगा। उत्तरार्ध भाग में गत हालात में सुधार परन्तु शनि-राहु के कारण व्यवसाय में उलझन रहेगी।

मीन–शनि की ढैय्या होने से आय कम और खर्च अधिक होगा। व्यर्थ की भाग-दौड़ और फिजूलखर्ची बढ़ेगी। धन हानि एवं स्वास्थ्य नर्म होगा। बनते कार्यों में विघ्न उत्पन्न होंगे। ता. 14 से सूर्य-मंगल का संचार होने से अकारण क्रोध, उत्तेजना, शत्रु भय रहेगा परन्तु निर्वाह योग्य आय के साधन बनते रहेंगे।

भविष्यफल–अप्रैल–सन् 2013 ई.

मेष–मासारम्भ में अत्यधिक संघर्ष के बावजूद निर्वाहयोग्य आय के साधन बनते रहेंगे। ता. 12 से मंगल मेष राशि में एवं सूर्य भी ता. 13 से उच्चराशिस्थ होने से धन लाभ एवं पदोन्नति के योग बनेंगे। प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। परन्तु शनि-मंगल व सूर्य-शनि में समसप्तक योग रहने से मानसिक तनाव एवं घरेलू झगड़े रहेंगे।

वृष–मास के पूर्वार्द्ध भाग में कार्य क्षेत्र में व्यस्तताएं बढ़ेंगी। नवीन कार्य की योजना बनेगी। गत दिनों में किए प्रयासों में सफलता मिलेगी। भाई-बन्धु से सहयोग मिलेगा। विशेष परिश्रम से किसी रुके हुए कार्य में सफलता के योग हैं। वैशाख संक्रान्ति से वैशाख माहात्म्य का पाठ करना तथा उस दिन अनाज, फल, वस्त्रादि का यथाशक्ति दान करना शुभ होगा।

मिथुन–ता. 8 तक बुध भाग्यस्थान पर होने से भाग्योन्नति तथा उच्चप्रतिष्ठित लोगों से सम्पर्क बनेंगे। ता. 9 से 28 अप्रै. के मध्य बुध नीचराशिस्थ होने के कारण मानसिक अस्थिरता एवं तनाव रहेगा। परिवार में घरेलू उलझनें उत्पन्न होंगी। परन्तु कार्य व्यवस्थाय में गुजारे योग्य धन प्राप्त होगा। ता. 28 के पश्चात् धनागमन के साधनों में वृद्धि के साथ-साथ खर्च भी बढ़ेंगे।

कर्क–इस मास कार्य स्थिति में सुधार होगा। निर्वाह योग्य आय के साधन बनेंगे। किसी मित्र की सहायता से कोई बिगड़ा कार्य बनेगा। गृह में मंगल कार्य होगा। आशाओं में किंचित सफलता प्राप्त होगी। खर्च अधिक होंगे। परन्तु ता. 12 से मंगल की नीच चतुर्थ दृष्टि रहने से क्रोध, उत्तेजना अधिक, स्वभाव में तेजी एवं चिड़चिड़ापन रहेगा।

सिंह–इस मास मिश्रित फल प्राप्त होंगे। धन लाभ के साथ-साथ खर्च भी बढ़-चढ़ कर होगा। परिवार में व्यर्थ का तनाव व उलझनें रहेंगी। व्यापार अथवा नौकरी में उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे। परन्तु उन अवसरों का उचित लाभ नहीं उठा सकेंगे। वैशाख संक्रान्ति से वैशाख माहात्म्य का स्नान, पाठादि शुरू करें।

कन्या–आय कम और खर्च अधिक होंगे। चिन्ता रहेगी। अत्यधिक कठिनाई से निर्वाह योग्य धन के साधन प्राप्त होंगे। परन्तु पुरुषार्थ द्वारा उन्नति व लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। अपने परिश्रम और उद्यम से लाभ प्राप्त करें। संक्रान्ति से वैशाख माहात्म्य पाठ तथा सूर्य उपासना व दानादि करना शुभ होगा।

तुला–ता. 12 तक मंगल की अष्टम दृष्टि होने से उत्साह एवं परिश्रम से हानि, आय में कमी व खर्चों में तेजी होगी। 27 मई से 3 अग. के मध्य बुध मिथुन राशि बिगड़े कामों में कुछ सुधार होगा। परन्तु 4 अग. से 4 सितं. के मध्य बुध कर्क राशि में होने खर्चों में वृद्धि होगी। ता. 5 सितं. से बुध उच्च स्थिति में होगा। आय के स्रोतों में कुछ सुधार होगा। 21 अक्तू. से कठिन परिस्थितियों का सामना रहेगा। प्रत्येक बुधवार को श्री विष्णुसहस्रणाम का पाठ करने मीठा प्रसाद बांटना एवं गाय को हरा चारा खिलाना शुभ होगा।

कर्क राशि (Cancer)

हि, हु, हे, हो, डा, डी, ड, डे, डो

बड़गोचर : इस राशि पर वर्षभर **शनि की ढैय्या** का प्रभाव रहेगा। जिससे आय में कमी, वृथा खर्च तनाव, पारिवारिक उलझनें रहेगी। वर्षारम्भ से 24 जन. तक मंगल की अशुभ दृष्टि रहने से खर्च ज्यादा, मानसिक तनाव, दुर्घटना में चोटादि का भय होगा। 12 अप्रै से 23 मई तक मंगल की नीच दृष्टि से क्रोध व खर्च अधिक होगा। 16 जुलाई से 16 अग. के मध्य सूर्य का संचार होने से स्वास्थ्य सम्बन्धी परेशानी होगी। 19 अग. से 4 अक्तू. तक मंगल नीचावस्था में संचार करने से तनाव एवं शनि ढैय्या के कारण मन अशान्त रहेगा। उपाय–हर शनिवार को दशरथकृत शनि स्तोत्र का पाठ करके शनि मन्दिर में तेल चढ़ाना। पूर्णमाशी का व्रत विधिपूर्वक करना शुभ होगा।

कार्य करने पर धन लाभ एवं उन्नति के योग हैं। परन्तु ता. 13 से इस राशि पर सूर्य की नीच दृष्टि होने से बनते कामों में विघ्न, व्यवसाय में आय कम व खर्च अधिक रहेंगे। स्वास्थ्य में विकार तथा घरेलू उलझनें बढ़ेंगी।

वृश्चिक–मासारम्भ में उच्चप्रतिष्ठित लोगों से मेल-जोल एवं निर्वाह योग्य आय के साधन बनते रहेंगे, परन्तु ता. 12 से मंगल की इस राशि पर स्वगृही दृष्टि होने से यद्यपि धन लाभ, भूमि-जायदाद सम्बन्धी कार्यों से लाभ होगा। किन्तु तनाव व उत्तेजना बढ़ेगी। वृथा भागदौड़ भी होगी।

धनु–राशि स्वामी गुरू छटे संचार करने से कुछ सोची योजनाओं को क्रियान्वित रूप देने में विलम्ब होगा। ता. 15 से व्यवसाय में आंशिक सफलता एवं विलासादि कार्यों पर धन खर्च होगा। क्रोध एवं उत्तेजना से कोई बना हुआ कार्य बिगड़ने के योग हैं। ता. 26, 27 को आर्थिक उलझनें पैदा होंगी परन्तु पारिवारिक सहयोग प्राप्त होगा।

मकर–इसराशि पर गुरू की नीच दृष्टि होने से व्यवसाय व कारोबार में अनिश्चितता बनी रहेगी। आय से खर्च अधिक होगा। ता. 13 से वृथा मानसिक तनाव, सिर दर्द, आँखों में कष्ट एवं घरेलू उलझनें रहेंगी। ता. 26 के पश्चात् प्रतिष्ठित लोगों से सम्पर्क लाभकारी होंगे।

कुंभ–शनि वक्री अवस्था में रहने से घरेलू हालात में अनिश्चितता बनेगी। आय कम व व्यय अधिक होगा। अत्यन्त कठिन समस्यों का सामना करना पड़े। बनते कार्यों में विघ्न होंगे। आलस्य में वृद्धि होगी। दूरस्थ यात्राएं एवं गुप्त चिन्ता बनी रहेगी।

मीन–मासारम्भ में उच्चप्रतिष्ठित लोगों से सम्पर्क एवं लाभ के अवसर मिलेंगे। ता. 13 से सूर्य-(शनि-राहु) के मध्य समसप्तक योग होने से पारिवारिक सदस्यों में मतभेद एवं तकरार के हालात बनेंगे। वृथा भागदौड़ एवं व्यवसायिक क्षेत्रों में भी आशानुकूल लाभ में कमी रहेगी।

भविष्यफल–मई–सन् 2013 ई.

मेष–मासारम्भ में इस राशि पर सूर्य-मंगल-बुध-शुक्र-केतु आदि ग्रहों के योग होने से व्यवसायिक क्षेत्रों में हालात अस्थिर एवं अनिश्चित रहेंगे। स्वास्थ्य में खराबी, स्वभाव में उग्रता एवं निकट-बन्धुओं से मतभेद उभरेंगे। खर्च अधिक एवं किसी व्यक्ति विशेष से धोखे की संभावना बनी रहेगी। ता. 22 के पश्चात् हालात में सुधार होगा।

वृष–पूर्वार्द्ध भाग में लाभ कम तथा खर्च अधिक होगा। ता. 4 से शुक्र वृष में गुरू के साथ 28 मई तक योग करेगा। जिससे धन लाभ तथा कुछ बिगड़े कार्यों में सुधार होगा। शुभ यात्रा एवं शुभ मंगल कार्यों पर धन खर्च होगा। ता. 29 से मानसिक तनाव, बनते कामों में विघ्न एवं शरीर कष्ट होने के योग हैं।

मिथुन–राशिस्वामी बुध ता. 12 तक मेष राशि में केतु युक्त संचार करने से धन लाभ व अकस्मात् उन्नति के चांस बढ़ेंगे। परन्तु बनते कामों में विघ्न, संतान सम्बन्धी चिन्ता एवं स्वास्थ्य कुछ ढीला रहेगा। उत्तरार्द्ध भाग में बुध द्वादश भाव में होने से अचानक यात्रा, खर्च में वृद्धि एवं स्थानपरिवर्तन भी होने के योग हैं।

कर्क–ता. 23 तक इस राशि पर मंगल की अशुभ दृष्टि पड़ने से व्यवसाय में विघ्न-बाधाएँ तथा आय में कमी होगी। शत्रु हानि पहुँचाने के प्रयास करेंगे।

खर्च भी अधिक होंगे। परन्तु ता. 24 से हालात में विशेष परिवर्तन होंगे एवं शुभ कार्यों पर धन का खर्च होगा। धर्म-कर्म में रूझान रहेगा।

सिंह–ता. 14 तक राशिस्वामी सूर्य उच्चराशिगत संचार करने से देश-विदेश के लोगों के साथ सम्पर्क बनेंगे। विदेश जाने की योजना भी बनेगी। ता. 23 से भाग्येश मंगल की विशेष दृष्टि होने से निर्वाह योग्य आय के साधन बनेंगे। परिवार में खुशी के अवसर प्राप्त होंगे। परन्तु खर्च ज्यादा होंगे।

कन्या–मासारम्भ में बुध-केतु युक्त अष्टम भाव में होने से बनते कामों में विघ्न एवं धन हानि की संभावना बनी रहेगी। ता. 13 से 27 मई के मध्य बुध-गुरू भाग्यस्थान पर होने से बिगड़े कामों में सुधार एवं आय के साधनों में वृद्धि होगी। ता. 27 के पश्चात् व्यवसायिक क्षेत्रों में हालात कुछ अस्थिर रहेंगे।

तुला–शनि-राहु का संचार एवं 13 मई तक शुक्र की स्वगृही दृष्टि होने से मिश्रित प्रभाव होगा। आय में वृद्धि के साथ खर्च अधिक होंगे। ता. 4 से 28 के मध्य शुक्र अष्टम भाव में होने से कभी-कभी धन लाभ, शुभ यात्रा, प्रिय-बन्धुओं से मिलाप एवं सुख-साधनों में वृद्धि होगी। परन्तु वृथा मानसिक तनाव एवं स्वास्थ्य ढीला रहे।

वृश्चिक–मंगल की स्वगृही दृष्टि होने से भूमि-जायदाद सम्बन्धी कार्यों से लाभ, उच्चाधिकारियों से मेल-जोल एवं सम्पर्क बढ़ेंगे। परन्तु निर्वाह योग्य आय के साधन बनते रहेंगे। ता. 24 से बनते कामों में विघ्न, क्रोध अधिक एवं मानसिक तनाव बना रहेगा। चोटादि का भय रहेगा।

धनु–राशिस्वामी गुरू छटे भाव में होने से स्वास्थ्य कुछ ढीला, पेटविकार एवं लीवर में खराबी के योग हैं। व्यवसाय में भी उतार-चढ़ाव एवं परिवर्तनों का सामना रहेगा। ता. 23 से मंगल की दृष्टि रहने से उत्साह में वृद्धि परन्तु क्रोध अधिक, धन का खर्च अधिक एवं वृथा भागदौड़ बनी रहेगी। चोटादि का भय रहे।

मकर–गुरू की नीच दृष्टि होने से व्यवसायिक क्षेत्रों में परिस्थितियां संघर्षपूर्ण रहेंगी। सांझेदारी के कार्यों में हानि एवं गुप्तचिन्ता रहेगी। ता. 20 के पश्चात् आय व सुख साधनों में वृद्धि तथा विदेश कार्यों में प्रगति होगी। धर्म-कर्म के कार्यों पर धन का खर्च अधिक होगा।

कुंभ–राशि स्वामी शनि वक्री अवस्था में रहने से जल्दबाजी में लिए गए निर्णय हानिकारक हो सकते हैं। किसी विशेष से धोखे की संभावना बनी रहेगी। परन्तु उत्तरार्ध भाग में कुछ बिगड़े कामों में कामयाबी, धर्मकर्म में रूझान रहेगा। किसी महत्त्वपूर्ण कार्य में कामयाबी के लिए संघर्ष करना पड़ेगा।

मीन–मासारम्भ में परिवार में विभिन्न समस्याओं का सामना रहेगा। वृथा भागदौड़ एवं धन लाभ में कमी रहेगी। उत्तरार्ध भाग में कुछ बिगड़े कामों में सुधार, परिवार में शुभ मंगल कार्य भी सम्पन्न होंगे। नए लोगों के साथ सम्पर्क और विदेश सम्बन्धी कार्यों में रूझान बढ़ेगा।

भविष्यफल–जून–सन् 2013 ई.

मेष–इस मास मिश्रित फल प्राप्त होंगे। पराक्रम व अपने उद्यम द्वारा आय के साधनों में वृद्धि होगी। उच्चप्रतिष्ठित व्यक्तियों के सम्पर्क बनेंगे। सुख-साधनों में वृद्धि होगी। परन्तु केतु का संचार इस राशि पर होने से मानसिक तनाव एवं अवांछित व्यक्तियों के कारण बनते कामों में परेशानी हो।

सिंह राशि (Leo)

म, मु, मे, मो, टा, टि, टू, टे

ग्रहगोचर : वर्षारम्भ से 13 जन. तक राशिस्वामी सूर्य पर शनि की दृष्टि रहेगी। जिससे बन्धुओं के साथ तनाव व मतभेद होंगे। वर्षारम्भ से 25 जन. तक मंगल की दृष्टि होने से पुरूषार्थ में वृद्धि होगी। परन्तु 14 जन. से 12 फर. तक सूर्य षष्ठस्थ होने से बनते कामों में विघ्न होंगे। 13 अप्रै. से 13 मई तक सूर्य उच्च राशि में संचार से भाग्योन्नति बन सकती है। 16 अग. से 16 सितं. तक सूर्य सिंह राशि में संचार करने से लाभ और प्रगति के अवसर मिलेंगे। 5 अक्तू. से 25 नवं. तक भाग्येश मंगल का संचार करने से उत्साह में वृद्धि तथा 17 अक्तू. से सूर्य नीच में होने से शरीर कष्ट हो। प्रतिदिन श्री आदित्य हृदय स्तोत्र का पाठ करना एवं रविवार का व्रत रखना शुभ होगा।

कन्या राशि (Virgo)

टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो

ग्रहगोचर : शनि साढ़ेसति का प्रभाव इस राशि पर वर्षभर रहेगा। परन्तु वर्षारम्भ से 30 मई तक गुरु की दृष्टि होने से कठिन एवं विपरीत परिस्थितियों के बावजूद निर्वाह योग्य आमदन के

वृष–मासारम्भ में विघ्न-बाधाओं के बावजूद धन लाभ व कार्यों में सफलता प्राप्त होगी। कारोबार में व्यस्तताएं बढ़ेंगी। व्यवसाय में कुछ परिवर्तन का विचार बने। प्रिय बन्धु से मुलाकात होगी। परन्तु उत्तरार्ध में पारिवारिक परेशानी, शरीर कष्ट, वृथा भागदौड़, मन अशान्त एवं असन्तुष्ट रहेगा।

मिथुन–शुक्र बुध-गुरु का योग ता. 22 तक बना रहने से मनोरंजन एवं विलासादि कार्यों पर धन का खर्च होगा। परिवार में खुशी के अवसर मिलेंगे, परन्तु बनते कामों में विघ्न-बाधाएं, स्वास्थ्य कुछ ढीला एवं गुप्त चिन्ता रहेगी। ता. 26 से बुध वक्री होने के कारण क्रयविक्रय के कार्यों में परेशानी के योग हैं।

कर्क–इस मास आकस्मिक धन लाभ होगा। कार्य व्यवसाय में स्थिति कुछ अनुकूल होगी। भाई-बन्धुओं का सहयोग प्राप्त होगा। भूमि व वाहनादि का लाभ होगा। शनि की ढैय्या के कारण संतान सम्बन्धी चिंता रहेगी। ता. 22 से शुक्र कर्क राशि संचार करने से शुभ यात्रा, शुभ कार्यों पर अनावश्यक खर्च भी होंगे।

सिंह–मासारम्भ से गुरू की तृतीयस्थ शनि-राहु पर दृष्टि होने से नए-पुराने मित्रों से नए सम्बन्ध बनेंगे। कुछ बिगड़े कामों में सुधार एवं अकस्मात् धन लाभ के योग हैं। परन्तु मासान्त में घरेलू उलझनें एवं परिवार में विभिन्न परेशानियों का सामना रहेगा। धन का खर्च अधिक एवं मानसिक तनाव रहेगा।

कन्या–गत किए गए प्रयासों में सफलता और श्रेष्ठ व्यक्ति से सम्पर्क लाभकारी होगा। भूमि सुख एवं वाहन प्राप्ति भी सम्भव होगी, परन्तु नौकरी में अफसरों से तनाव हो सकता है। शनि की साढ़ेसति एवं बुध दशमस्थ होने से कुछ बिगड़े कामों में विघ्न, वृथा भागदौड़ एवं तनाव रहेगा। किन्तु निर्वाह योग्य आय के साधन बनते रहेंगे।

तुला–गुरू की पंचम दृष्टि रहने से गत परिस्थितियों में धीरे-धीरे कुछ सुधार होगा। परन्तु शनि-राहु का संचार होने मिश्रित प्रभाव होगा। उच्चप्रतिष्ठित लोगों से सम्पर्क एवं आय के साधन बनते रहेंगे। ता. 27 से क्रोध व उत्तेजना से बचाव रखें। चोटादि का भय रहेगा। सावधानी बरतें।

वृश्चिक–राशिस्वामी मंगल का स्वगृही दृष्टि होने से निर्वाह योग्य धन लाभ के अवसर प्राप्त होते रहेंगे। उच्चप्रतिष्ठित लोगों के साथ सम्पर्क बनेंगे। परन्तु अकस्मात् खर्च की अधिकता, धन हानि एवं चोटादि का भय रहेगा। ता. 25-26 को लेन-देन करते समय सावधानी बरतें। धोखे की संभावना बनी रहेगी।

धनु–गुरू की स्वगृही दृष्टि होने से आय के साधनों में वृद्धि होगी। खर्च भी बढ़-चढ़ कर होंगे। धर्म-कर्म में रूचि तथा मानप्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। परन्तु ता. 22 से क्रोध अधिक, परिवार में मनमुटाव, स्वास्थ्य कुछ ढीला एवं पिता से कुछ मतभेद भी रहेगें। अपनी इच्छा कार्य की प्रवृत्ति बनेगी।

मकर–मास के पूर्वार्द्ध भाग में धन एवं सुख की प्राप्ति होगी। वृथा खर्च भी बढ़ेंगे। आमोद-प्रमोद आदि साधनों में विस्तार एवं वृद्धि होगी। धर्म-कर्म में भी रूझान रहेगा। उत्तरार्द्ध में पारिवारिक उलझनों के कारण मन संतप्त रहे। आकस्मिक खर्चों में वृद्धि के कारण तनाव रहे। शनिवार का व्रत करना शुभ होगा।

कुंभ–आशाओं में किंचित सफलता प्राप्त होगी। शनि-राहु की स्थिति भाग्यस्थान पर होने से अकस्मात् धन लाभ व उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे। नवीन कार्य को कार्य रूप देने के प्रयास लाभकारी रहेगा। मासान्त में परिश्रम करने से

कोई बिगड़ा कार्य बनेगा। परन्तु धन का खर्च अधिक रहेगा। श्री सूक्त का पाठ करना शुभ होगा।

मीन–मासारम्भ में धन का खर्च अधिक, उलझनों के बावजूद निर्वाह योग्य आय एवं विदेशी कार्यों में कुछ प्रगति होगी। परन्तु शनि की ढैय्या के कारण मन अशांत एवं असन्तुष्ट रहेगा। जायदाद सम्बन्धी कुछ समस्या उत्पन्न हो सकती है।

भविष्यफल–जुलाई–सन् 2013 ई.

मेष–इस मास मिश्रित प्रभाव होगा। नवीन कार्य को करने की योजना बनेगी। व्यवसाय की स्थिति मध्यम रहेगी। व्यस्तताएं बढ़ेंगी। किसी विदेशी सम्बन्धी से मुलाकात होगी। परन्तु वृथा-भागदौड़, धन लाभ में विघ्न, स्वास्थ्य में खराबी एवं परिवार सम्बन्धी चिन्ता बनी रहेगी। श्रीदुर्गासप्तशती का पाठ करना शुभ होगा।

वृष–मासारम्भ में धन लाभ एवं विलासादि कार्यों पर धन का खर्च अधिक होगा। गृह में शुभ मंगल कार्य भी होने के योग हैं। परन्तु ता. 17 से शुक्र सिंह राशिगत संचार करने से स्वास्थ्य में खराबी, घरेलू उलझनें वृथा वाद-विवाद में परेशानी रहेगी। समय अनुकूल नहीं है। सावधानीपूर्वक क्रयविक्रय करें।

मिथुन–ता. 4 से मंगल भी इस राशि में आकर बुध-गुरु-सूर्य के साथ मेल करेगा। जिससे मिश्रित प्रभाव होगा। उलझनों के बावजूद पराक्रम में वृद्धि एवं आय के साधनों में बढ़ौत्तरी होगी। परन्तु व्यवसायिक व्यस्तताओं के कारण पर्याप्त लाभ नहीं होगा। यद्यपि परिवारिक सहयोग मिलेगा। परन्तु स्वभाव में तेजी एवं मानसिक तनाव रहे।

कर्क–शनि की ढैय्या के कारण शरीर कष्ट, मानसिक तनाव व स्वास्थ्य हानि के योग हैं। लाभ कम व खर्च अधिक होगा। विभिन्न उलझनों का सामना रहेगा। ता. 16 से सूर्य का संचार इसी राशि पर होने से निकट बन्धुओं से मनमुटाव एवं विरोध बढ़ेंगे। भगवान् सूर्य का पूजन करना शुभ होगा।

सिंह–इस मास में धर्म-कर्म में रूचि बढ़ेगी। राज दरबार में जाने से मान-सम्मान बढ़ेगा। व्यवसाय/नौकरी में उन्नति के साधन बनेंगे। घर की सुख शान्ति में मित्रों द्वारा विघ्न पड़ेगा। थोड़ी सी उत्तेजना से काम बिगड़ सकता है। मासान्त में किसी बिगड़े काम में प्रतिष्ठित व्यक्ति के सहयोग से सुधार होगा।

कन्या–राशिस्वामी बुध स्वराशिगत होने से दैनिक कार्यों में प्रगति होगी। कुछ बिगड़े कामों में सुधार होगा। धन लाभ व उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे। परिवारिक सुख में वृद्धि होगी। किसी शुभ कार्य पर खर्च होगा। परन्तु शनि साढ़ेसाती के कारण तनाव रहेगा। भलाई करने पर भी बुराई मिलेगी, आर्थिक परेशानियों के कारण चिन्ताएं होंगी।

तुला–शनि साढ़ेसति एवं शनि-राहु का संचार इस पर होने से अत्यधिक परिश्रम के बाद धन लाभ और सुख साधनों में वृद्धि होगी। व्यर्थ की भाग-दौड़ और धार्मिक कार्यों पर खर्च होगा। वाद-विवाद से बचें। परन्तु ता. 24 के पश्चात् विदेश सम्बन्धी कार्यों में अनेक उतार-चढ़ाव का सामना रहे।

वृश्चिक–ता. 4 जुला. से राशिस्वामी मंगल अष्टमस्थ संचार करने से स्वास्थ्य सम्बन्धी विशेष सावधानी बरतें। बनते कामों में विघ्न-बाधाएँ एवं अड़चनें रहेंगी और उत्तेजना भी बढ़ेगी। शनि साढ़ेसति के कारण व्यवसायिक क्षेत्रों में संघर्षमयी

साधन बनेंगे। ता. 9 अप्रै. से 27 अप्रै. तक बुध नीच राशि में होगा, जिससे स्वास्थ्य की हानि, आय में कमी एवं खर्चों में वृद्धि होगी। 28 अप्रै. से 13 मई तक बुध अष्टम भाव में केतु युक्त होने से बनते कामों में अड़चने तथा धन हानि के संकेत हैं। 5 सितं. से 24 सितं. के मध्य राशि स्वामी बुध कन्या (स्वराशि) में रहने से शुभ फल प्रकट होंगे। हर बुधवार का व्रत, गोसेवा तथा हरिहर स्तोत्र का पाठ शुभ होगा। बिगड़े कामों में कुछ सुधार होगा।

तुला राशि (Libra)

रा, री, रू, रे, रो, ता, ति, तु, ते

ग्रहगोचर : वर्षभर शनि साढ़ेसति का प्रभाव रहेगा। यद्यपि शनि इस राशि पर उच्च होकर संचार करेगा, परन्तु राहु युक्त होने से भाग्योन्नति, आय-वृद्धि में विघ्न-बाधाएं भी रहेंगी। ता. 13 अप्रै. से 14 मई के मध्य इस राशि पर सूर्य की नीच दृष्टि रहेगी। आय कम व खर्च अधिक रहेंगे। स्वास्थ्य सम्बन्धी विकार होंगे। ता. 31 मई से तुला राशि पर गुरु की पंचम दृष्टि रहने से परिस्थितियों में धीरे-धीरे कुछ सुधार होगा। ता. 11 अग. से 5 सितं. तक शुक्र कन्या (नीच) राशि में संचार करने से आय कम व खर्च अधिक होंगे। ता. 5 सितं. से 2 अक्तू. तक शुक्र तुला (स्वराशि) में होने से मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि, धन लाभ व उन्नति के मार्ग बनेंगे। परन्तु 19 अग. से 4 अक्तू. के मध्य मंगल की दृष्टि रहने से क्रोध से बचें। खर्च अधिक होंगे। शुक्रवार के व्रत रखना तथा श्वेत मूंगा पहनना शुभ होगा।

परिस्थितियां रहेंगी। आय से खर्च अधिक एवं वृथा मानसिक तनाव रहेगा।

धनु–इस राशि पर मंगल की दृष्टि पड़ रही है। निर्वाह योग्य धन लाभ के अवसर प्राप्त होते रहेंगे। परन्तु मनोरंजन एवं विलासादि कार्यों पर खर्च अधिक रहेंगे। संसारिक कार्यों में प्रगति होगी। गृह में खुशी का वातावरण बनेगा। उच्च प्रतिष्ठित लोगों के साथ सम्पर्क बनेंगे। परन्तु ता. 26 से वृथा मानसिक तनाव एवं परिवारिक परेशानी रहे।

मकर–पूर्वार्द्ध भाग में धन एवं विद्या में उन्नति होगी। विलासादि कार्यों पर धन का व्यय होगा। स्त्री एवं संतान की ओर से प्रसन्नता प्राप्त हो। ता. 20 के पश्चात् व्यवसाय में बहुत कठिनाई से निर्वाह योग्य धन की प्राप्ति होगी। वृथा यात्राएं एवं धन का खर्च अधिक होगा।

कुंभ–इस मास में आर्थिक हालात आगे से बेहतर होंगे। कार्यक्षेत्र में व्यस्तताएँ बनी रहेंगी। समाज में मान-इज्जत बढ़ेगी। विदेश से सम्बन्धित कार्यों में कुछ सफलता प्राप्त होने की सम्भावनाएँ हैं। मासान्त में शुभ समाचार और अप्रत्याशित लाभ भी होंगे।

मीन–शनि की ढैय्या होने से व्यवसाय में अनिश्चितता बनी रहेगी। आय कम और व्यय अधिक रहेगा। ता. 10 के पश्चात् परिश्रम करने पर भी धन प्राप्ति आशा अनुरूप नहीं होगी। परिवार में तनाव व वैचारिक मतभेद होंगे। उत्तरार्ध भाग में भूमि-सम्बन्धी क्रय-विक्रय की योजना बनेगी। परन्तु इस कार्य में कुछ समस्या भी उत्पन्न हो सकती है।

भविष्यफल–अगस्त–सन् 2013 ई.

मेष–इस मास मिश्रित प्रभाव होंगे। मासारम्भ में व्यवसाय की स्थिति मध्यम रहेगी। स्त्री व परिवार से सुखद समाचार मिलेगा। विदेश सम्बन्धी कार्य किसी विशिष्ट व्यक्ति के सहयोग से बन जाएंगे। पुरुषार्थ करने पर लाभ होगा। परन्तु 18 अग. से मंगल नीचराशिगत होने से घरेलू सुख में कमी एवं आवास सम्बन्धी उलझनें बढ़ेंगी।

वृष–कुछ सोची हुई योजनाओं में आंशिक सफलता मिलेगी परन्तु धन का खर्च विलास-मनोरंजन आदि कार्य पर अधिक होगा। परन्तु ता. 11 से शुक्र नीचराशिगत होने से सन्तान, परिवारिक उलझनें एवं सेहत सम्बन्धी परेशानी बढ़ेंगी। आय कम और खर्च अधिक रहेंगे।

मिथुन–इस मास मिश्रित फल होगा। धनागमन के साधनों में वृद्धि होगी। ता. 4 से बुध कर्क राशिगत संचार करने से शरीर कष्ट, मानसिक तनाव व चमड़ी सम्बन्धी रोग होने की संभावना बनी रहेगी। ता. 11 से शुक्र भी कन्या राशि में संचार करने से विघ्नों के बावजूद निर्वाह योग्य आय के साधन बनते रहेंगे। मासान्त में आय कम और खर्च अधिक रहेंगे।

कर्क–कार्य व्यवसाय में स्थिति कुछ अनुकूल होगी। भाई-बन्धुओं का सहयोग प्राप्त होगा। किसी शुभ कार्य पर खर्च होगा। उत्तरार्द्ध में अड़चनों के कारण परेशानियां बढ़ेंगी। ता. 18 से मंगल इस राशि पर नीचावस्था में संचार करने से तनाव एवं घरेलू उलझनें बढ़ेंगी। क्रोध भी ज्यादा आएगा।

सिंह–इस मास मिला-जुला फल प्राप्त होगा। व्यवसाय में उन्नति व लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। विलासादि पदार्थों पर धन का व्यय अधिक होंगे। ता. 16 से

सूर्य का संचार इसी राशि पर होने से व्यवसाय में उन्नति एवं विघ्नों के बावजूद बिगड़े कार्यों में सुधार होगा। मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि परन्तु क्रोध से बचें।

कन्या–इस मास मिश्रित प्रभाव होगा। आय के साधन बनते रहेंगे। परन्तु शनि की साढ़ेसति के कारण शुभ कार्यों में अड़चनें रहेंगी। उत्साह की भी कमी रहेगी। ता. 18 के पश्चात् घरेलू उलझनों के कारण मन अशान्त एवं असन्तुष्ट रहेगा। धन का अपव्यय भी होगा।

तुला–मासारम्भ में कुछ बिगड़े कार्य बनेंगे। धन लाभ के अवसर मिलेंगे। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। परन्तु ता. 11 से राशिस्वामी शुक्र नीच राशिगत संचार करने से आय कम व खर्च अधिक रहेंगे। स्वास्थ्य भी ठीक न रहे। शनि साढ़ेसति के कारण मन अशान्त एवं असन्तुष्ट रहेगा।

वृश्चिक–ता. 18 तक मंगल अष्टम भाव में संचार करने से स्वास्थ्य सम्बन्धी विशेष सावधानी बरतें। बनते कामों में विघ्न-बाधाएं और उत्तेजना भी बढ़ेगी। ता. 18 से मंगल नीचराशिगत कर्क में संचार करने से मानसिक तनाव, वृथा खर्च, घरेलू उलझनें एवं व्यवसायिक परेशानियों का सामना रहेगा।

धनु–ता. 19 तक मंगल की दृष्टि रहने से उत्साह में वृद्धि एवं भाग्यवश कोई बिगड़ा काम बनेगा। परन्तु क्रोध अधिक एवं खर्च अधिक होगा। ता. 19 से मंगल अष्टम स्थान में होने से स्वास्थ्य ढीला, घरेलू चिन्ता एवं सांझेदारी के कार्यों में हानि होगी। वाहनादि सावधानी से चलाना चाहिए।

मकर–इस मास मंगल की दृष्टि एवं सूर्य की सप्तम दृष्टि ता. 16 तक रहने से मिश्रित प्रभाव होगा। पूर्वार्द्ध में मानसिक तनाव एवं घरेलू उलझनें बढ़ेंगी। अत्यधिक संघर्ष के बाद धन लाभ अल्प रहेगा। ता. 17 से रुके हुए कार्यों में सुधार, आय कम-खर्च अधिक होगा। ता. 20 से मानप्रतिष्ठा में वृद्धि एवं विदेशी सभ्यता की ओर रूझान रहेगा।

कुंभ–गुरू की शुभ दृष्टि होने से कुछ सोची योजनाओं में सफलता प्राप्त होगी। कुछ रुके हुए कार्यों में सिद्धि प्राप्त होगी। घर में कोई मंगल कार्य होगा व किसी श्रेष्ठ व्यक्ति से सम्बन्ध बनेगा। आय के साधनों में वृद्धि होगी। परन्तु उत्तरार्ध भाग में परिवारिक परेशानियां रहें।

मीन–राशिस्वामी गुरु चतुर्थ भाव में होने के कारण शुभ कार्यों पर व्यय होगा। कुछ बिगड़े काम बनेंगे। नवीन मित्रों के साथ मेल-जोल बढ़ेगा। वाहनादि सुख-सुविधाओं पर खर्च अधिक होंगे। शिव चालीसा का पाठ करना शुभ होगा। उत्तरार्ध भाग में मानसिक तनाव एवं गुप्त चिन्ता रहेगी।

वृश्चिक राशि (Scorpio)

तो, न, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू

ग्रहगोचर : वर्षभर शनि साढ़ेसति का प्रभाव होने से संघर्षमयी परिस्थितियां रहेंगी, परन्तु वर्षारम्भ से 24 जन. तक मंगल उच्च राशिस्थ तृतीय स्थान में होगा, जिससे पराक्रम में वृद्धि सम्पर्क बढ़ेंगे। ता. 30 मई तक गुरु की शुभ दृष्टि तक साढ़ेसति का विशेष अशुभ प्रभाव नहीं होगा। ता. 12 अप्रै. से 3 जुला. तक मंगल की स्वगृही दृष्टि रहेगी। यद्यपि निर्वाह योग्य आय के साधन बनते रहेंगे। ता. 18 अग. से 4 अक्तू. तक मंगल नीचराशि (कर्क) में संचार करने आर्थिक परेशानियों का सामना रहेगा। ता. 5 अक्तू. से 25 नवं. तक मंगल की दृष्टि होने से निर्वाह योग्य आय के साधन बनेंगे। परन्तु खर्च भी बढ़ेंगे। श्रीहनुमान उपासना व मंगलवार का व्रत करना शुभ होगा।

धनु राशि (Sagittarius)

ये, यो, भा, भी, भू, ध, फ, ढ, भे

ग्रहगोचर : वर्षभर शनि की तीसरी दृष्टि होने से स्त्री, सन्तान एवं सवारी आदि की चिन्ता भी रहेगी। ता. 30 मई तक राशि स्वामी

भविष्यफल–सितम्बर–सन् 2013 ई.

मेष–मंगल नीचराशिगत संचार करने से घरेलू सुखों में कमी होगी। संघर्षपूर्ण परिस्थितियों का सामना करना पड़ेगा। व्यर्थ की भागदौड़ और फिजूलखर्ची होगी। विलासादि कार्यों पर व्यय होगा। कार्यों में बाधाएँ उत्पन्न होंगी। उत्तरार्ध भाग में चोटादि का भय भी रहेगा। सावधानी बरतें।

वृष–ता. 6 तक राशिस्वामी शुक्र नीच (कन्या) राशिस्थ होने से संतान एवं परिवार सम्बन्धी चिन्ता रहे। घरेलू उलझनें बढ़ेंगी। ता. 7 से शुक्र-शनि-राहु का योग रहने से विघ्नों के पश्चात् कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी। परन्तु वृथा मानसिक तनाव, परिवारिक परेशानी एवं चोटादि का भय रहे।

मिथुन–ता. 5 से 24 के मध्य राशिस्वामी बुध स्वराशिगत होने से अचानक धन लाभ के योग हैं। उच्चप्रतिष्ठित लोगों से मेल-जोल रहेगा। दैनिक कार्यों में प्रगति होगी। धर्म-कर्म में विशेष रुचि होगी। समाज में मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि हो, परिवार में शुभ कार्यों का व्यय होगा। मासान्त में व्यवसाय में कुछ परिवर्तन का विचार बनें। आकस्मिक खर्चों में विशेष वृद्धि होगी।

कर्क–इस मास परिश्रम व दौड़-धूप अधिक रहेगी। फिर भी निर्वाह योग्य धन की प्राप्ति होगी। कारोबार में कई तरह के उतार-चढ़ाव व अन्य परेशानियां रहेंगी। आकस्मिक खर्च होने के योग हैं। मासान्त में आर्थिक क्षेत्र में उन्नति के योग हैं। किसी उच्चाधिकारी के साथ सम्पर्क रहेंगे।

सिंह–मासारम्भ में सिंह राशि में सूर्य का संचार होने के कारण मिश्रित प्रभाव रहेंगे। नौकरी व व्यापार में यद्यपि उन्नति व लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। परन्तु पारिवारिक एवं निजी उलझनों के कारण लाभ में कमी रहेगी। ता. 17 के पश्चात् कुछ बनते कामों में विघ्न उत्पन्न होंगे। वृथा मानसिक तनाव रहेगा।

कन्या–ता. 5 से 25 सितं. के मध्य राशिस्वामी बुध स्वराशिगत होने से शुभ फल मिलेंगे। किसी नये कार्य की योजना बनेगी। आय के साधनों का विस्तार होगा। विदेश यात्रा की योजना बनेगी परन्तु शनि के कारण संघर्ष बना रहेगा। व्यर्थ की भागदौड़ और परिवारिक सम्पत्ति के लिए मतभेद उभरेंगे।

तुला–शनि साढ़ेसति के प्रभाव से बनते कार्यों में विघ्न उत्पन्न होंगे। आशाओं के अनुरूप सफलता प्राप्त नहीं होगी। मन उदासीन रहेगा। ता. 20-22 को कुछ विवादास्पद मामलें मानसिक तनाव का कारण बनेंगे। मंगल की चतुर्थ दृष्टि होने से गुस्सा ज्यादा एवं किसी निकट सम्बन्धी से तकरार होगी। धन का खर्च अधिक होगा। श्रीसूक्त का पाठ करना शुभ रहेगा।

वृश्चिक–मंगल नीचराशिगत संचार करने तथा शनि-साढ़ेसति के प्रभाव के कारण बनते कामों में विघ्न और विलम्ब होगा। नौकरी में किसी से धोखा मिल सकता है। सावधानी बरतें। खर्च भी अधिकता से मन परेशान और अशांत रहेगा। शरीर कष्ट और चोटादि का भय रहेगा। श्री दुर्गा कवच का पाठ करना शुभ रहेगा।

धनु–संघर्ष के बावजूद धन लाभ के साधन बनते रहेंगे। भूमि, जायदाद एवं वाहनादि पर खर्च अधिक होगा। स्त्री-सुख एवं परिवार में खुशी का वातावरण बनेगा। मासान्त में बनते कामों में अड़चनें पैदा होंगी। क्रोध अधिक एवं परिवारिक परेशानी रहे।

मकर–इस राशि पर मंगल की दृष्टि पड़ने से मान-प्रतिष्ठा एवं आय के साधनों में वृद्धि होगी। विदेश सम्बन्धी कार्यों में प्रगति होगी। परन्तु ता. 18 से वृथा भागदौड़ एवं धन का खर्च अधिक होगा। भाग्यवश कुछ बनते कामों में विघ्नों का सामना रहेगा।

कुंभ–ता. 16 सितं. तक क्रोध अधिक, बनते कामों में विघ्न, आय से खर्च अधिक होगा। घरेलू उलझनों के कारण तथा आर्थिक परेशानियों से मन चिन्तित रहेगा। परन्तु राशिस्वामी शनि भाग्यस्थान पर होने से निर्वाह योग्य आय के साधन बनते रहेंगे।

मीन–शनि की ढैय्या के प्रभाव से व्यवसाय में अनिश्चितता बनी रहेगी। आय कम और व्यय अधिक होगा। उत्तरार्ध भाग में किसी निकट सम्बन्धी से तकरार होगी। मानसिक तनाव एवं गुप्त चिन्ता रहेगी। परन्तु परिवार में बुजुर्गों के सहयोग से किसी विशेष कार्य में सुधार होगा।

भविष्यफल–अक्तूबर–सन् 2013 ई.

मेष–मासारम्भ में किसी नवीन कार्य की योजना बनेगी। परन्तु वृथा मानसिक तनाव एवं परेशानियाँ रहेंगी। घरेलू एवं व्यवसायिक क्षेत्र में विघ्न बाधाओं व अड़चनों के बावजूद गुजारे योग्य आय के साधन बनेंगे। खर्च अधिक रहेंगे। इस राशि की स्त्रियों को अपने स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान रखने की आवश्यकता होगी।

वृष–पूर्वार्द्ध भाग में अत्यन्त परिश्रम के बाद भी गुज़ारे योग्य धन प्राप्ति के साधन बनेंगे। स्वास्थ्य में विकार तथा कारोबारी उलझनों के कारण परेशानियां बढ़ेंगी। किसी निकटस्थ सहयोगी द्वारा धोखा मिलने के संकेत हैं। उत्तरार्द्ध भाग में अकस्मात् धन लाभ के चांस बनेंगे।

मिथुन–इस मास मिश्रित प्रभाव होगा। गत किए गए प्रयासों से किसी विशेष कार्य में सफलता मिले। विदेश सम्बन्धी कार्यों में विघ्नों का सामना रहेगा। ता. 17 के पश्चात् किसी नए कार्य में विनियोग का लाभ होने के योग हैं। स्वास्थ्य कुछ ढीला रहेगा।

कर्क–कार्य व्यवसाय में उन्नति व प्रगति के कुछ मार्ग प्रशस्त होंगे। गृह में कोई मंगल कार्य होगा। कुछ बिगड़े कार्यों में विशिष्ट व्यक्तियों में सम्पर्क करने से सुधार होगा। परिवार में भाई-बन्धु का सहयोग कम प्राप्त होगा। मित्र वर्ग हानि पहुंचाने की चेष्टा करेगा। किसी पर भी भरोसा करना हानिकारक होगा।

सिंह–मासारम्भ में उत्साह में वृद्धि परन्तु व्यर्थ की भागदौड़ रहेगा। ता. 17 से राशिस्वामी सूर्य नीच राशि (तुला) में है। जिसके फलस्वरूप व्यवसाय में अत्यधिक संघर्ष के बाद निर्वाह योग्य आय के साधन बनेंगे। ता. 26 के बाद भूमि, मकान एवं वाहन सम्बन्धी परेशानियां पैदा हों। परिवार में व्यर्थ का तनाव और खर्च की अधिकता रहेगी।

कन्या–व्यवसाय में संघर्षपूर्ण परिस्थितियों का सामना करना पड़ेगा। अत्यधिक भागदौड़ करने पर भी आय से खर्च अधिक होगा। शनि साढ़ेसति के कारण मन अशान्त, असन्तुष्ट, स्वास्थ्य ढीला एवं कैरियर सम्बन्धी चिन्ता रहेगा।

तुला–शनि-राहु का संचार होने से बनते कामों में विघ्न और आशानुकूल लाभ में कमी रहे। परिवार एवं निजी उलझनों के कारण मन अशान्त रहे। ता. 17 से स्वास्थ्य ढीला, आँखों में कष्ट की संभावना बनी रहेगी।

वृश्चिक–किसी नवीन कार्य क्षेत्र में रूझान बढ़ेगा। परन्तु ता. 5 अक्तू. से मंगल की स्वगृही दृष्टि रहने से व्यवसायिक क्षेत्रों में विघ्नों के बावजूद निर्वाह योग्य आय के साधन बनते रहेंगे। भाई-बन्धु से मनमुटाव और धन का अपव्यय होगा। वृथा भागदौड़ तथा मन अशान्त रहे।

धनु–क्रोध अधिक एवं गुप्त चिन्ता रहेगी। परन्तु गुरु की स्वगृही दृष्टि होने से कुछ रुके हुए कार्य बनेंगे। धर्म-कर्म में रूझान रहेगा। परन्तु ता. 17 से वृथा भागदौड़, परिवारिक परेशानी एवं आय के साधनों में कुछ कमी रहेगी। स्वास्थ्य सम्बन्धी सावधानी बरतें।

मकर–मासारम्भ में कुछ बिगड़े कार्य बनेंगे। धन लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। पदोन्नति व मान-सम्मान में वृद्धि होगी। मासान्त में दौड़-धूप तथा फिजूलखर्ची बढ़ेगी। राशि स्वामी शनि-राहु युक्त होने से मानसिक तनाव एवं परिवार में विभिन्न परेशानियों का सामना रहेगा।

कुंभ–व्यवसाय व कारोबार में अनिश्चितता बनी रहेगी। आय से व्यय अधिक होगा। स्वास्थ्य में विकार उत्पन्न हो। प्रयास करने पर धन लाभ के अवसर पहले से बेहतर होंगे। ता. 17 से सूर्य-शनि-राहु का योग भाग्य स्थान पर होने से व्यवसाय में अनेक उतार-चढ़ाव एवं उथल-पुथल के आसार बनेंगे।

मीन–पूर्वार्द्ध भाग में व्यवसाय की स्थिति मध्यम रहे। मित्रों की सहायता से किसी कठिन कार्य में सिद्धि होगी। निर्वाह योग्य धन प्राप्ति के साधन बनते रहेंगे। परन्तु मासान्त में परिवार में धर्म-कर्म के कार्यों पर धन का खर्च अधिक होगा। खुशी के अवसर भी मिलेंगे।

गुरु षष्ठस्थ संचार करने से सोची हुई योजनाओं में विलम्ब होगा। ता. 31 मई के बाद वर्षान्त तक गुरु की स्वगृही दृष्टि होने से रुके हुए कार्यों में सफलता होगी। ता. 7 नवं. से वर्षान्त तक राशि स्वामी गुरु वक्री अवस्था में संचार करेगा। गुरुवार का व्रत रखना धर्म ग्रन्थ का दान करना।

मकर राशि (Capricorn)

भो, ज, जी, खी, खू, खे, खो, ग, गी

ग्रहगोचर : राशिस्वामी शनि वर्षभर उच्च राशिस्थ दशम भाव में राहु युक्त होकर संचार करेगा। फिजूलखर्ची, मानसिक चिन्ता रहेगी। वर्षारम्भ से 25 जन. तक मंगल उच्चस्थ संचार करने से धन लाभ होने के अवसर भी प्राप्त होंगे। ता. **30 मई तक गुरु की दृष्टि भी होने से शुभ** कार्यों पर खर्च भी अधिक रहेंगे। ता. 16 जुला. से 16 अग. के मध्य सूर्य की दृष्टि होने से स्वास्थ्य में विकार, खर्च भी बढ़ेंगे। ता. 4 जुला. से 5 अक्तू. तक मंगल की दृष्टि पड़ने से मान-प्रतिष्ठा तथा आय के साधनों में वृद्धि होगी। उपाय–शनिवार को सरसों के तेल में अपना चेहरा देखकर शनि मन्त्र पढ़ते हुए शनि मन्दिर में चढ़ाना। हर सोम और शनिवार को भगवान् शिव के मन्दिर में कच्ची लस्सी, बिल्वपत्र, "ॐ नमः शिवाय" मन्त्र पढ़कर चढ़ाना शुभ होगा।

भविष्यफल–नवम्बर–सन् 2013 ई.

मेष–मासारम्भ में इस राशि पर सूर्य की दृष्टि पड़ रही है। भागदौड़ अधिक रहे। चिन्ताओं में वृद्धि तथा फिजूल खर्ची बढ़ेगी। दौड़धूप अधिक रहेगी। किसी निकट-बन्धु से मनमुटाव पैदा हो। ता. 26 से मंगल की स्वगृही दृष्टि होने से कुछ बिगड़े कामों में सुधार होगा। धन लाभ व उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे।

वृष–पूर्वार्द्ध भाग में कारोबार में व्यस्तताएं बढ़ेंगी। अत्यन्त कठिनाई से निर्वाह योग्य धन प्राप्ति होगी। परन्तु खर्चों की अधिकता से मन परेशान रहेगा। शरीर कुछ अस्वस्थ रहे। उत्तरार्ध में स्थान परिवर्तन होने के योग हैं। सिर दर्द एवं आँखों में कष्ट की संभावना बनेगी।

मिथुन–इस मास विघ्न-बाधाओं के बावजूद प्रयोजन सिद्धि हो जाएगी। लाभ के मार्ग प्रशस्त होंगे। कुछ अप्रत्याशित सफलताएं प्राप्त होंगी। शत्रु प्रबल होंगे। ता. 28 से अकस्मात् धन-लाभ, बन्धु-मिलाप, स्त्री-सुख आदि शुभ समाचार मिलेंगे। स्वास्थ्य में सुधार होगा। नवीन कार्य की योजना बनेगी। श्रीदुर्गा सप्तशती का पाठ करना शुभ रहेगा।

कर्क–इस मास में रुकावटों के बावजूद पराक्रम में वृद्धि एवं आय के साधन बढ़ेंगे। व्यवसायिक व्यस्तताएं बढ़ेंगी। माता-पिता का सहयोग विशेष लाभकारी होगा। धार्मिक कार्य करने की इच्छा जागृत होगी। ता. 22 विदेशी मित्रों से धन लाभ होगा। परन्तु गुप्त शत्रुओं से सतर्क रहें। श्रीदुर्गा कवच का नित्य पाठ करना कल्याणकारी रहेगा।

सिंह–मासारम्भ में अत्यधिक संघर्ष के बावजूद धन लाभ रहे। अधिकांश समय व्यर्थ के कामों में व्यतीत होगा। उदर में विकार एवं आँखों में कष्ट का भय है। उत्तरार्द्ध भाग में किसी नए मित्र के साथ सम्पर्क पैदा होंगे। विद्या अथवा पूर्व में किए गए प्रयासों में सफलता प्राप्त होगी।

कन्या–मासारम्भ में निर्वाह योग्य आय के साधन बनते रहेंगे। परन्तु शनि साढ़ेसति के कारण परिस्थितियां संघर्षपूर्ण रहेंगी। आराम कम व दौड़धूप अधिक रहेगी। भूमि व वाहन आदि पर खर्च होगा। ता. 15 से 17 को वाहनादि चलाते समय सावधानी बरतें। चोटादि का भय होगा। स्वास्थ्य में विकार एवं बनते कार्यों में विघ्न तथा खर्च अधिक रहेगा।

तुला–मासारम्भ में सूर्य-शनि-राहु का संचार इस राशि पर होने से बनते कामों में विघ्न और विलम्ब होगा। नौकरी में किसी से धोखा मिल सकता है। सावधानी बरतें। खर्च की अधिकता से मन परेशान और अशांत रहेगा। शरीर कष्ट और चोटादि का भय रहेगा। आदित्य हृदय स्तोत्र का पाठ करना शुभ होगा।

वृश्चिक–शनि साढ़ेसति एवं ता. 26 नवं. तक मंगल की स्वगृही दृष्टि रहने से इस मास के पूर्वार्द्ध भाग में व्यवसाय की स्थिति मध्यम रहे। सवारी का सुख मिले। उत्तरार्द्ध भाग में घरेलू उलझनों के कारण मन परेशान रहे। बनते कार्यों में विघ्न उत्पन्न हों। निर्वाह योग्य धन की प्राप्ति हो, खर्च की अधिकता रहे। श्रीहनुमान कवच का पाठ करना शुभ होगा।

धनु–मासारम्भ में गुरू की स्वगृही दृष्टि होने से मिश्रित प्रभाव रहेगा। धर्म-कर्म में रूझान रहेगा। परन्तु ता. 7 से राशिस्वामी गुरू वक्री अवस्था में संचार करने से आर्थिक दृष्टि से विशेष शुभ नहीं होगा। आय से खर्च अधिक एवं वृथा भागदौड़ रहे। बुजुर्गों से मतभेद रहेंगे।

मकर–कार्यक्षेत्र में व्यस्तताएं बनी रहेंगी। कोई रूका हुआ कार्य बनने के योग हैं। विदेश सम्बन्धी कार्यों में कुछ विघ्न उत्पन्न होंगे। ता. 20-21 को नए-नए सम्पर्क एवं गठजोड़ भाग्यवृद्धि में सहायक होंगे। परन्तु शनि-राहु के कारण मानसिक तनाव व खर्चों की अधिकता रहेगी।

कुंभ–ता. 16 नवं. तक भाग्यस्थान पर सूर्य-शनि-राहु का योग होने से इस समयावधि में विशेष उथल-पुथल एवं उतार-चढ़ाव का सामना रहेगा। परिवार में मतभेद उभरेंगे। परन्तु ता. 17 से उच्चप्रतिष्ठित लोगों से सम्पर्क, धर्म-कर्म में रूझान एवं धन का खर्च अधिक होगा। श्रीआदित्य हृदय स्तोत्र का पाठ करना शुभ होगा।

मीन–शनि की ढैय्या के प्रभाव से बनते कार्यों में विघ्न उत्पन्न होंगे। आशाओं के अनुरूप सफलता प्राप्त नहीं होगी। मन उदासीन रहेगा। ता. 26-27 को कुछ विवादास्पद मामलें मानसिक तनाव का कारण बनेंगे। किसी निकट सम्बन्धी से तकरार होगी। धन खर्च अधिक, श्रीसूक्त का पाठ करना शुभ रहेगा।

भविष्यफल–दिसम्बर–सन् 2013 ई.

मेष–राशिस्वामी मंगल की स्वगृही दृष्टि रहने से किसी नए कार्य की योजना बनेगी। व्यवसाय में उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे। परन्तु ता. 17 से दाम्पत्य जीवन में मतभेद होंगे। परेशानी और उलझनें उत्पन्न होंगी। विलास आदि कार्यों पर खर्च अधिक होगा।

वृष–दैनिक कार्यों में प्रगति होगी। धर्म-कर्म में विशेष रुचि होगी। समाज में मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि हो, परिवार में शुभ कार्यों पर व्यय होगा। मासान्त में व्यवसाय में कुछ परिवर्तन का विचार बनें। परन्तु स्वास्थ्य सम्बन्धी विशेष सावधानी बरतें। आकस्मिक खर्चों में विशेष वृद्धि होगी।

मिथुन–मासारम्भ से ता. 20 तक बुध वृश्चिक राशिगत संचार करने से आय में कमी, धन का खर्च अकस्मात् बढ़ेगा। परिवार का सहयोग मिलेगा। परन्तु ता. 20 से बुध धनुराशिगत होने से कठिन व विपरीत परिस्थितियों के बावजूद निर्वाह योग्य आय के साधन बनते रहेंगे। स्वास्थ्य कुछ ढीला रहे।

कर्क–शनि की ढैय्या एवं चतुर्थस्थ शनि-राहु के प्रभाव से इस मास में

परिश्रम व दौड़-धूप अधिक रहेगी। फिर भी निर्वाह योग्य धन की प्राप्ति होगी। कारोबार में कई तरह के उतार-चढ़ाव व अन्य परेशानियां रहेंगी। आकस्मिक खर्च होने के योग हैं। मासान्त में आर्थिक क्षेत्र में लाभ के योग हैं। किसी उच्चाधिकारी के साथ सम्पर्क रहेंगे।

सिंह–इस मास मिश्रित फल होंगे। व्यवसाय में आंशिक लाभ एवं विलासादि कार्यों पर धन का व्यय होगा। क्रोध एवं उत्तेजना से कोई बना हुआ कार्य बिगड़ने के योग हैं। आर्थिक उलझनों के कारण तनाव व चिन्ताएँ रहेंगी। ता. 26 के बाद स्वास्थ्य सम्बन्धी परेशानी रहेगी।

कन्या–शनि साढ़ेसति के प्रभाव से कारोबार में व्यस्तताएं बढ़ेंगी। अत्यन्त कठिनाई से निर्वाह योग्य धन प्राप्ति होगी। खर्चों की अधिकता से मन परेशान रहेगा। गृहस्थ जीवन में तनाव की स्थिति रहे। शरीर अस्वस्थ रहे। ता. 20 के बाद दौड़-धूप एवं घरेलू उलझनें बढ़ेंगी। आय के साधनों में विघ्न-बाधाएं रहेंगी।

तुला–शनि-राहु का संचार एवं शनि साढ़ेसति होने से संघर्षपूर्ण परिस्थितियों का सामना करना पड़े। आय कम व खर्च अधिक हो। व्यवसाय में विघ्न तथा घरेलू उलझनों के कारण मन परेशान रहे। शरीर कष्ट हो। व्यर्थ की भागदौड़ अधिक रहे। अत्यन्त संघर्ष के बावजूद निर्वाह योग्य ही धन की प्राप्ति के साधन बन पाएंगे। श्री लक्ष्मी स्तोत्र का पाठ करना शुभ रहेगा।

वृश्चिक–शनि की साढ़ेसति होने से वृथा मानसिक तनाव एवं बनते कामों में विघ्नों का सामना रहेगा। परन्तु राशि स्वामी मंगल लाभ स्थान पर होने से व्यवसायिक क्षेत्रों में लाभ के अवसर मिलेंगे। किन्तु परिवार में कुछ निजी समस्याओं का सामना रहेगा।

धनु–राशि स्वामी गुरू वक्री अवस्था में होने से धन लाभ में कुछ कमी रहेगी। परन्तु ता. 15 से हालात में कुछ परिवर्तन एवं किसी विशेष व्यक्ति के सम्पर्क साधनों से बिगड़े कामों सुधार होगा। मासान्त में परिवार में विभिन्न परेशानियों का सामना रहेगा।

मकर–मास के पूर्वार्द्ध भाग में धन एवं सुख की प्राप्ति होगी। वृथा खर्च भी बढ़ेंगे। आमोद-प्रमोद आदि साधनों में विस्तार एवं वृद्धि होगी। धर्म कर्म में भी रूझान रहेगा। उत्तरार्द्ध में परिवारिक उलझनों के कारण मन संतप्त रहे। आकस्मिक खर्चों में वृद्धि के कारण तनाव रहे। शनिवार का व्रत करना शुभ होगा।

कुंभ–आशाओं में किंचित सफलता प्राप्त होगी। शनि-राहु की स्थिति भाग्यस्थान पर होने से धन लाभ व उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे। नवीन कार्य को कार्य रूप देने का प्रयास लाभकारी रहेगा। मासान्त में कोई बिगड़ा कार्य बनेगा। परन्तु धन का खर्च अधिक रहेगा। श्री सूक्त का पाठ करना शुभ होगा।

मीन–मासारम्भ में गुरू वक्री होने से धन का खर्च अधिक, उलझनों के बावजूद निर्वाह योग्य आय एवं विदेशी कार्यों में कुछ प्रगति होगी। परन्तु ता. 18 से परिस्थितियों में धीरे-धीरे सुधार होगा। उत्साह से किए कार्यों में सफलता के आसार बढ़ेंगे। किन्तु स्वास्थ्य परेशानी रहेगी।

कुम्भ राशि (Aquarius)

गु, गे, गो, स, सी, सू, से, सो, द

ग्रहगोचर : शनि भाग्य स्थान में उच्चराशिगत (तुला) राहु युक्त होकर संचार करेगा। आय के साधनों में वृद्धि, भाग्योन्नति में कई बार अड़चने रहेंगी। ता. 25 जन. से 4 मार्च तक मंगल कुम्भ राशि में संचार करने से व्यवसाय व गृह सम्बन्धी उलझनें बढ़ेंगी। ता. 12 फर. से 14 मार्च तक कुम्भ राशि पर मंगल के साथ सूर्य का संचार होने से बनते कामों से विघ्न-बाधाएं, तथा तनाव की स्थिति रहे। ता. 31 मई से वर्षान्त तक गुरु की शुभ दृष्टि इस राशि पर रहने से बिगड़े कामों में सुधार होगा। **उपाय**–शनिवार को शनिस्तोत्र का पाठ करके शनि मन्दिर में तेल चढ़ाना।

मीन राशि (Pisces)

दि, दु, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, चि

ग्रहगोचर : वर्ष-भर शनि की ढैय्या के प्रभाव के कारण मानसिक तनाव, शरीर कष्ट आर्थिक उलझनें रहेंगी। गुप्त चिन्ताएं बढ़ेंगी। वर्षारम्भ से 30 मई तक राशि स्वामी गुरु तृतीयस्थ संचार व्यवसाय/नौकरी में प्रयास करने पर अनुकूल वातावरण व लाभ की स्थिति बनेगी। परन्तु किसी ता. 4 मार्च से 12 अप्रै. तक मंगल, फिर 14 मार्च से 13 अप्रै. तक सूर्य का इस राशि पर संचार होने से आय कम व खर्च अधिक। 31 मई से वर्षान्त तक गुरु मिथुन राशिगत चतुर्थ भाव में संचार करने से भूमि-जायदाद सम्बन्धी लाभ होगा। ता. 16 सितं. से 17 अक्तू. तक सूर्य की दृष्टि शुभ होगी। सूर्य उपासना करना शुभ होगा।

वि. संवत् २०७० में संवत्सर एवं राजा-मन्त्री आदि का फल

ॐ स्वस्ति नः श्रीगणेशाय नमः। अचिन्तयाव्यक्तरूपाय निर्गुणाय गुणात्मने। समस्त जगदाधार मूर्तये ब्रह्मणे नमः। आदौ गणपतिं नमस्कृत्य प्रणम्य च पूर्वजानहम्-चन्द्रमिश्रं तत्पुत्रं रामजी दत्तस्य सूनं विश्वविख्यातं पण्डित देवीदयालु ज्यो. स्व प्रपितामहम् स्मरन् भक्त्या लोकहितार्थाय सुख सम्पत्ति हेतवे। **पराभव नामक** नवविक्रमी सम्वत्सरे शुभे अष्टत्रिंशत्योत्तर शत वर्षाणि (१३८) वर्ष प्रवेशे पण्डित पन्नालाल अहं प्रपौत्र पण्डित देवी दयालु मशहूर आलम ज्योतिषी, द्वयोः पुत्रयोः पण्डित विवेक व पंकज शर्मा सहितोऽहं कुर्वे **पंचाँग दिवाकरम्।**

सृष्टि सम्वत् १९५,५८,८५,११४ के अन्तर्गते, **श्रीविक्रमी संवत् २०७०** कलि (कल्कि) संवत् ५११४ श्रीकृष्ण सम्वत् ५२४९ सप्तर्षि संवत् ५०८९, श्रीबुद्ध संवत् २६३६-३७, श्रीमहावीर निर्वाण **संवत् २५३८-३९,** शक संवत् **१९३५-३६,** हिजरी सन् १४३४-३५, इंग्लिश सन् २०१३-१४ ईसवी, फसली सन् १४२०-२१, खालसा संवत् ३१४-१५, नानकशाही सम्वत् ५४४-४५, सृष्टि संवत् के अन्तर्गत सतयुग प्रमाण १७२८०००, त्रेतायुग १२९६०००, द्वापर युग प्रमाण ८६४००० एवं कलियुग का प्रमाण ४३२००० वर्षों का होता है।

"पराभव" नामक नव सम्वत्सर २०७०का फल

नववर्ष प्रवेश लगन

७ श. रा.	६	४
५	३	८
२ गु.	९	११
१ के.	१२ सू. च. मं.बु.शु.	१०

बार्हस्पत्यमान से ४०वां एवं विष्णुविंशती संवत्सरों के अन्तर्गत २०वाँ **'पराभव'** नामक नया **विक्रमी सम्वत् २०७०** चैत्र शुक्ल प्रतिपदा, प्रविष्टे २८ चैत्र, बुधवार, रेवती नक्षत्र एवं वैधृति योग कालीन, दुपैहर तीन बजकर 5 मिनट (इष्ट २२।१८) पर **सिंह लग्न** में प्रवेश करेगा। परन्तु शास्त्र नियमानुसार नवसंवत् का प्रारम्भ तथा राजा आदि का निर्णय चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के वारादि अनुसार ही किया जाता है। तदनुसार **पराभव** नामक नव **विक्रमी संवत् २०७० का** प्रारम्भ तथा चैत्र (वासन्त) नवरात्रों का प्रारम्भ ११ अप्रैल प्रविष्टे २९ चैत्र, गुरूवार, अश्विनी नक्षत्र व विष्कुम्भ योग में होगा।

चैत्र (वासन्त) नवरात्र, अर्थात् 11 अप्रैल (29 चैत्र), गुरुवार से जप, पाठ, पूजन, दान आदि, यज्ञादि धार्मिक अनुष्ठान कर्मों के आदि में, **संकल्पादि** प्रयोग कार्यों में **पराभव** नमक नव सम्वत्सर का प्रयोग होगा। वर्ष का राजा गुरु तथा मन्त्री शनि होगा। **'पराभव'** नामक सम्वत्सर का फल शास्त्रों में इस प्रकार से वर्णित है-

पराभवाब्दे राज्ञः स्यात्मसमरः सहशत्रुभिः।
आमय क्षुद्र सस्यानि प्रभूतानि अल्पवृष्टयः।। (वर्ष प्रबोध)

अर्थात् **पराभव** सम्वत् का आगमन होने पर राष्ट्र प्रमुख नेता शत्रु राष्ट्रों के साथ युद्ध करने में तत्पर होंगे। लोगों में क्लिष्ट रोगों की उत्पत्ति अधिक हो। उपयोगी वर्षा में कमी रहे तथा अनाज का उत्पादन भी कम हो।

नारद संहिता के अनुसार पराभव सम्वत्सर होने पर राजा लोगों अर्थात् अधिकांश राजनेताओं के मान-सम्मान में कमी हो अर्थात् वो तिरस्कृत होंगे। किंवा लोभी वृत्ति के होंगे। कहीं कम तो, कहीं अति वृष्टि होगी, जिससे मोटे अनाजों की पैदावार अच्छी होगी।

पराभवाब्दे राजानः प्राप्नुवन्ति पराभवम्।
आमयः क्षुद्रधान्यानि प्रभूतानि सुवृष्टयः।। (नारद संहिता)

● **रोहिणी का वास-(समुद्र पर)** समुद्रे तु महावृष्टि-संवत् २०७० में रोहिणी का वास समुद्र पर होगा जिससे इस वर्ष देश के कुछ भागों में बारिश बहुत अधिक होगी। गेहूँ, धान्यादि की पैदावार भी बहुत होगी। कहीं पर बाढ़ादि प्रकोपों से जन, धन, कृषि आदि की फसलों की हानि होने के योग हैं। कुछ भागों में धान्य, चावल, मक्की एवं फल-फूलों की पैदावार अच्छी होगी-

यदा पयोनिधि स्थले गतो विरंचिभं तदा।
अतीव वर्षणं भवेत् समस्त धान्यवर्धनम्।। (वर्ष प्रबोध)

● **समय** अर्थात् **संवत्सर का वास माली** के घर होने से वर्षा पर्याप्त अर्थात् प्रचुर मात्रा में वर्षा होगी। सर्व प्रकार के दैनिक उपयोग की वस्तुएँ तेज भाव होंगी।

"सर्ववस्तुसमर्घं स्यान्मालाकार गृहेऽब्दके।
अपिच्चः मालिनः प्रचुरा वृष्टिः।।"

फिर भी वृक्षों व पौधों पर गन्ना, घास, तृण, फल-फूलों व खाद्यान्न की पैदावार अच्छी होगी। पर्वतीय तथा अन्य प्रदेशों में गेहूँ, चने, धान्य, चावल, उड़द, अनाज, घृत, दुग्ध पदार्थों का उत्पादन अधिक मात्रा में होने के बावजूद उनके मूल्यों में वृद्धि होगी।

-समय (संवत् २०७०) का वाहन चातक-

इसके प्रभावस्वरूप देश के कुछ भागों में वर्षा की कमी रहेगी। कहीं अनावृष्टि के कारण दुर्भिक्ष, सूखा, पेयजल की कमी रहेगी। विशेषकर देश के पूर्वी, पश्चिमी एवं दक्षिणी क्षेत्र के कुछ भागों में उपयुक्त वर्षा की कमी एवं जलापूर्ति की कमी होने से कृषक वर्ग व सामान्य लोग परेशान व व्याकुल होंगे। सर्व प्रकार के खाद्यान्न, तिल, तैल, धान्य, ईख, फल-फूल, सब्जियों के मूल्यों में अत्यधिक तेजी होने से सामान्य लोग व्याकुल होंगे।

(1) वर्ष के राजा गुरु का फल–

गुरौ नृपे वर्षति कामदं जलं महीतले कामदुघाश्च धेनवः।
यजन्ति विप्रा बहवोऽग्नि होत्रिणो महोत्सवः सर्वजनेषु वर्तते ॥

सम्वत् का राजा गुरु (बृहस्पति) होने से पृथ्वी पर वर्षा अच्छी होगी। गाय-भैंस आदि चौपाय समुचित मात्रा में दूध देंगे। ब्राह्मण एवं धर्मपरायण लोग यज्ञ, होमादि शुभ कार्यों में संलग्न होंगे। सांभ्रान्त एवं उच्चवर्ग के लोग बड़े उत्सवों में व्यस्त रहेंगे। विरोधी राष्ट्रों के मध्य भी शान्ति वार्ताएँ समायोजित होंगी। अनाज एवं कृषि का उत्पादन तथा मौसमी फलों की पैदावार अच्छी होगी।

(2) वर्ष के मन्त्री शनि का फल–

रविसुते यदि मन्त्रिणि पार्थिवा विनय संरहिता बहुदुखदाः।
न जलदा जलदा जनतापदा जनपदेषु सुखं न धनं क्वचित्॥

अर्थात् वर्ष का मन्त्री शनि होने से राजनेताओं एवं प्रशासक वर्ग का सामान्य लोगों के प्रति व्यवहार कठोर, निर्दयतापूर्ण एवं दुखकारक होगा। देश के कुछ भागों में वर्षा की कमी होने से खाद्यान्नों में कमी एवं प्राकृतिक प्रकोप होने का भय होगा। सामान्य लोगों के पास धन-संपदा एवं सुख संसाधनों की कमी एवं उनमें गहन असंतोष की भावनाएँ व्याप्त रहें। लोहा, स्टील, ताम्बा, जिस्त, सिक्का, चान्दी, दालें, गेहूँ, चावल, तैल आदि खाद्यान्न पदार्थ, पैट्रोल, डीज़लादि और तेज़ भाव होंगे।

(3) सस्येश मंगल का फल–

प्रथम धान्यपतौ धरणी सुते गज तुरंग खरोष्ट्र गवामपि।
प्रभवदो बहुरोग धनों जलं न समसौख्य तुषधान्यहृत्॥

सस्येश (चौमासा फसल का स्वामी) मंगल होने से हाथी, घोड़े, गाय, बैल, भैंस, ऊँट, गधे आदि चौपायों में विचित्र प्रकार के रोग फैलें। कहीं उपयुक्त वर्षा की कमी रहेगी। ग्रीष्म के धान्य (जैसे गेहूँ, जौं, चने, धान्यादि) अनाज, सब्ज़ियों आदि की फसलों को हानि पहुंचेगी एवं च भावों में और तेजी होगी।

(4) धान्येश सूर्य का फल–

पश्चाद् धान्याधिपे सूर्ये पश्चाद् धान्यं तदानहि।
विग्रहं भूभृतां धान्यं महर्घं ज्वरपीडनम॥

धान्यपति सूर्य हो, तो पीछे वाले धान्य (अर्थात् शीतकाल में पैदा होने वाली फसलों (जैसे मूंग, मोंठ, बाजरा, धान्य, ईखादि) की पैदावार में कमी हो, अथवा प्राकृतिक प्रकोपों के कारण कृषि उत्पादन को हानि पहुँचे। फलतः धान्यादि के मूल्यों में वृद्धि होगी। प्रशासकों (राजनेताओं) में परस्पर टकराव एवं विवाद उत्पन्न हों। देश में युद्ध जैसा वातावरण बने। सर्व प्रकार के अनाज तेज भाव हों। लोगों में विचित्र प्रकार के ज्वर एवं रोगों

(5) मेघेश शुक्र का फल–

भृगुसुतो जलदस्यपतिः यदा जलमुचो जलदादि–विशोभनाः।
धन–निधानयुता द्विजपालकाः नृपतयो जनता सुखदायकाः॥

मेघों अर्थात् वर्षा का स्वामी शुक्र होने से आगामी वर्ष वर्षा बहुत अच्छी होगी। उच्चप्रतिष्ठित राजनेता पण्डित एवं विद्वानों का हित करने में प्रयत्नशील होंगे। अधिकांश राजनेता एवं प्रशासक धन-धान्य से समृद्ध होंगे। कुछ नेता व प्रशासक जनता की भलाई एवं सुख कार्यों के लिए भी प्रयास करेंगे।

(6) रसेश गुरू का फल–

यदि गुरू रसपो जनसौख्यदः कमलवन्ति सरांसि तृणानि च।
जनपद द्विज पूजन तत्परा गजतुवाजि रथोष्ट्र युता नृपाः॥

रसों का स्वामी गुरू (बृहस्पति) हो, तो उस साल विशिष्ट लोगों में भौतिक सुखों की वृद्धि होगी। घास, तृण, फल-फूल आदि वृक्षों की पैदावार अच्छी होगी। सामान्य लोग विद्वान पण्डितों की सेवा-सत्कार में तत्पर हों। राजनेता हाथी, घोड़े, सवारी आदि सुख-साधनों से सम्पन्न होंगे।

(7) नीरसेश (धातुओं के स्वामी) मंगल का फल–

नीरसेशो यदा भौमः प्रवाल रक्त वाससाम्।
रक्त चन्दन ताम्राणां अर्घ–वृद्धि दिनेदिने॥

नीरसेश अर्थात् धातुओं का स्वामी मंगल होने से माणिक्य, मूंगा, पुखराज, हीरे आदि रत्न, लाल वस्त्र, गर्म वस्त्र, लाल चन्दन, सोना, पीतल, ताम्बा, लाख, खल-बिनौले आदि लाल वर्ण के पदार्थ दिन-प्रतिदिन महँगे होंगे।

(8) फलेश शुक्र का फल–

यदि फलस्यपतौ भृगुजे धरामृदुकुमार महीरूहराशयः।
बहुफलानरनाथ सुभोगदा द्विजवराः श्रुतिपाठ–परायणाः॥

अर्थात् फलों का स्वामी शुक्र हो, तो उस साल वर्षा अच्छी होगी। पृथ्वी पर कोमल घास, तृण, फल-फूल एवं लघु पौधों का समूह अधिक पैदा होंगे। राजनेता एवं प्रशासक लोग विभिन्न प्रकार की धन-सम्पदा एवं ऐश्वर्यों से सम्पन्न होंगे। द्विजवर्ग अर्थात् कर्मकाण्डी पण्डित पाठ, यज्ञादि अनुष्ठान आदि कृत्य करते हुए लाभान्वित होंगे।

(9) धनेश (कोश) का स्वामी चन्द्र का फल–

धनपतिः मृगलांछनको यदा रसचय–क्रय–विक्रयतो धनम्।
वसन–शालि सुगन्ध रसं बहु द्रविण–तैल युतं नृपसौख्यदम्॥

धनेश (कोशपति) चन्द्रमा होने पर रसादि पदार्थों (दूध, घी, शर्बत, गुड़, जूस, तैल, सेब, मुसम्मी आदि रसकस) के क्रय-विक्रय (खरीद/बेच) द्वारा धन का लाभ अच्छा होगा।

इसके अतिरिक्त वस्त्र, अनाज, तैल, सुगन्धित तैल, दूध, घी, तैल, गुड़ आदि के व्यापारी भी विशेष लाभान्वित होंगे। अवसरवादी नेता विविध प्रकार के सुख-साधनों से सम्पन्न होंगे।

(10) दुर्गेश (सेना के स्वामी) शुक्र का फल–

नगर-देश विशेष पतिर्यदा भृगुसुतो बहुसौख्यकरो मतः।
विनय–वाणिज गेहसमं सुखंनग वने निकटेऽपि च दूरतः॥

सेनापति शुक्र हो, तो देश के राजनेता एवं विशिष्ट वर्ग के लोग ही सुख-साधनों से सम्पन्न एवं समृद्ध होंगे। विनय एवं वाणी के व्यवहार से गृह जैसा सुख व शान्ति प्राप्त होगी। दूरस्थ वनों एवं पर्वतीय स्थलों पर भी सर्व प्रकार की सुख सुविधाएँ उपलब्ध होंगी।

नवमेघों में "तम" नामक मेघ का फल–

रोगधिक्यं जायते नीरशेषर चौराधिक्यं नैवधान्यस्य पोषः।
यास्मिन् वर्षेस्यात्तमोनाम मेघः तस्मिन् दुखं प्राप्नुयाल्लोकसंघः॥

अर्थात् जिस संवत् में तम नाम का मेघ हो, तो उस वर्ष लोगों में विभिन्न प्रकार के रोगों की अधिकता रहे, तथा उपयोगी वर्षा की कमी रहे। चोरी, लूटमार और बेईमानी की वारदातें अधिक हों,तथा सामान्य लोग अनेक प्रकार के आर्थिक दुःखों एवं कष्टों से पीड़ित रहें।

द्वादश नागों में वासुकी नामक नाग का फल–

उदेतियत्र वत्सरेस वासुकिः भुजङ्गमः। प्रभूतन्धान्य दायकः सुवृष्टिकारकस्तथा॥

अर्थात् जिस वर्ष वासुकी नाम का नाग प्रकट हो, तो उस वर्ष देश में उत्तम एवं उपयोगी वर्षा हो तथा धान्य, ईख, गेहूँ आदि की फसलों का उत्पादन अच्छा होगा।

सूर्य का आर्द्रा नक्षत्र में प्रवेश फल–वि. २०७०

सूर्य आर्द्रा प्रवेश कुं.
21 जून, सं. 2013 ई., 28/33

बु. ३ शु. सू. गु.
२ मं.
१ के.
४
१२
५
११
६
८ चं.
१०
७ श. रा.
९

वि. संवत् २०७० में ज्येष्ठ शुक्ल त्रयोदशी तिथि, शुक्रवार तदनुसार 21 जून, सन् 2013 ई० को अनुराधा नक्षत्र, साध्य योग एवं वृश्चिक राशिस्थ चन्द्रमा तथा वृष लग्न कालीन, अर्द्धरात्रि की 22 जून की प्रातः 4 बजकर 33 मिनट (28/33 पर सूर्य भगवान् आर्द्रा नक्षत्र में प्रविष्ट होंगे।

सूर्य आर्द्रा प्रवेश कालीन वृष लग्न उदित हुआ है। वृष राशि, पृथ्वी तत्त्व राशि है। वृष-लग्नेश शुक्र (जल-तत्त्व कारक) द्वितीयस्थ मिथुन राशिस्थ है। मिथुन राशि वायुकारक है तथा यहाँ चतुर्ग्रही योग बना हुआ है। जल तत्त्व ग्रह **चन्द्रमा** भी जल तत्त्व राशि वृश्चिक में है। फलस्वरूप आगामी वर्ष विषम वर्षा के योग हैं। कुछ क्षेत्रों में अत्यधिक वर्षा से बाढ़ जैसे हालात तथा कुछ क्षेत्रों में अल्प वर्षा से अकाल, सूखे जैसी परिस्थितियां बन जाएंगी।

शनि-राहु पर गुरु की दृष्टि तथा सप्तमेश मंगल भी जलतत्त्व राशि (वृष) में होने से 21 जून के बाद भारत में व्यापक रूप से मानसून का प्रारम्भ हो जाएगा। परन्तु वायु वेग की कमी के कारण उपयोगी वर्षा की कमी रहे। यद्यपि उत्पादन में वृद्धि हो, परन्तु गेहूँ, गन्ना, मक्का आदि फसलों की पर्याप्त आकांक्षित पैदावार नहीं हो सकेगी। फलस्वरूप मूल्यों में वृद्धि होगी।

सूर्य का आर्द्रा प्रवेश चतुर्दशी तिथि कालीन होने से सम्पूर्ण धान्य, वस्त्र तथा अन्य दैनिक उपयोगी वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि होगी।

यथा–समस्त धान्यवासांसि महर्घाणि भवति हि।

आर्द्रा प्रवेश अनुराधा नक्षत्र में होने से प्रशासक वर्ग, नेता तथा उच्च वर्ग के लोग अधिक सम्पन्न एवं सन्तुष्ट होंगे-**सर्वलोकाश्च भूपाश्व संतुष्टाः स्युस्तदाभृशम्॥**

शनि की दृष्टि– 15 नवम्बर, सन् 2011 ई. से शनि देव तुला राशि में संचार कर रहे हैं। संवत् २०७० में भी शनि वर्षभर तुला राशि में ही संचार करेगा। इस राशि में संचार के दौरान शनि धनु, मेष तथा कर्क राशियों पर विशेष दृष्टियाँ रखेगा तथा कन्या, तुला एवं वृश्चिक राशि वाले जातक व राष्ट्रों पर शनि-साढ़ेसति का प्रभाव रहेगा। तुला राशि में रहते शनि की दृष्टि पश्चिम की तरफ रहेगी। अतएव पश्चिमी प्रान्तों तथा पश्चिमी देशों (विशेषकर मेष, कर्क एवं धनु राशि वाले देशों/प्रान्तों) जैसे-इंग्लैंड, जर्मनी, जापान, श्रीलंका, हालैण्ड, सिन्ध, स्पेन, गुजरात, उ.प्र.) में प्राकृतिक प्रकोप, बाढ़, तूफान, भूकम्प, आतंकवादी, विस्फोट एवं हिंसक घटनाएं तथा राजनैतिक क्षेत्रों में उथल-पुथल होने की व्यापक सम्भावनाएँ होंगी।

गुर्राफल विचार–(सन् 2013-14 ई०)

इस्लामी नववर्ष कुण्डली

3
2 गु. के.
1
4
12
5
11
6 शु.
8 सू. बु. रा.
10
7 श.
9 चं. मं.

हिजरी सन् 1434

ईस्लामी मतानुसार एक (यकम) मुहर्रम से ही नया हिजरी सन् प्रारम्भ होता है।

वि. संवत् 2069 में 16 नवं., सन् 2012 ई., शुक्रवार को 1 मुहर्रम (यकम) के दिन हिजरी सन् 1434 शुरु होगा। शुक्रवार को हिजरी सन् का प्रारम्भ होने से हिजरी वर्ष का बादशाह शुक्र ही होगा। लग्न भाव में गुरु-केतु योग तथा लग्नेश शुक्र पंचम भाव में नीच स्थिति में है। उस पर गुरु की पंचम दृष्टि पड़ रही है।

फल–ग्रहस्थिति अनुसार इस वर्ष स्त्रियों की स्थिति कुछ बेहतर होगी। समाज तथा राजनीति में उनका प्रभाव बढ़ेगा। पाक, अफ़गानिस्तान, मिस्र, लीबिया, लैबनान, दक्षिणी सूडान, सीरिया आदि मुस्लिम राष्ट्रों की आर्थिक स्थिति शोचनीय रहेगी। इन देशों की अर्थव्यवस्था अमरीका आदि बाह्य देशों की सहायता पर निर्भर करेगी। कहीं अप्रत्याशित रूप से पुनः सत्ता-परिवर्तन के योग हैं। पाकिस्तान में भी अगले वर्ष प्रधाननेता को त्यागपत्र देना पड़ेगा तथा नवाज़ शरीफ़ की पार्टी का प्रभावक्षेत्र बढ़ेगा।

इस्लामी नववर्ष कुण्डली

3 गु. | 2 | 1 के. | 12 | 11 | 4 | 10 | 7 सू. बु. श. रा. | 5 मं. | 9 शु. | 6 | 8 चं.

हिजरी सन् 1435

वि. संवत् 2070 में 5 नवंबर, सन् 2013 ई., मंगलवार को 1 मुहर्रम (यकम) के दिन हिजरी सन् 1435 शुरु होगा। मंगलवार को हिजरी सन् का प्रारम्भ होने से हिजरी वर्ष का बादशाह मंगल (मरीख) ही होगा। लग्न भाव में केतु तथा गुरु-शुक्र के मध्य समसप्तक योग दो देशों के मध्य युद्ध जैसे हालात का संकेत दे रहे हैं।

सन् 2013-14 ई. में मुस्लिम देशों में अग्निकाण्ड, उपद्रव, हिंसक एवं विस्फोटक घटनाएँ अधिक होंगी। कहीं अप्रत्याशित रूप से सत्ता-परिवर्तन के भी योग हैं। गर्मी, खुश्की व त्वचा सम्बन्धी रोग अधिक होंगे। सीरिया, पाक, ईरान, अफगानिस्तान आदि मुस्लिम राष्ट्रों में सत्तारूढ़ सरकारों को ज़बरदस्त राजनैतिक, सामाजिक एवं आर्थिक चुनौतियों का सामना रहेगा। महंगाई, मुद्रा-स्फीति आदि में वृद्धि तथा आतंकी घटनाओं में अप्रत्याशित वृद्धि होगी।

जल आदि चार स्तम्भों का फल–संवत् २०७०

(1) जल स्तम्भ–चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को रेवती नक्षत्र का सम्पर्क लगभग 26% है। जोकि गतवर्ष से भी कम है। गत वर्ष 36% सम्पर्क होने पर इसी कालम में सूखे, दुर्भिक्ष की भविष्यवाणी (देखें पृष्ठ 61) की गई थी। आगामी वर्ष तो ओर भी कम 26% है। फलस्वरूप आगामी वर्ष देश में कम वर्षा के योग हैं। कहीं खण्ड वर्षा एवं कहीं उपयोगी वर्षा की कमी रहेगी। कहीं पेपजल की समस्याएं उत्पन्न होंगी, भूमिगत जलस्तर में गिरावट, नदियों के जलस्तर में भी गिरावट बनेगी। दुर्भिक्ष की परिस्थितियां बनेंगी।

(2) तृण स्तम्भ–वैशाख शुक्ल प्रतिपदा को भरणी नक्षत्र का सम्पर्क मात्र 9% है। फलस्वरूप तिनके, बाँस, घास, पुष्पों, फलों, वनस्पतियों, जड़ी-बूटियों तथा वन्य-औषधियों के उत्पादन में कमी रहेगी। पशुचारे का भी अभाव रहे। फलस्वरूप गाँ, भैंस आदि चौपाय पशुओं द्वारा दुग्ध उत्पादन में कमी रहे। आयुर्वेदिक औषधियां, दूध, पनीर, मक्खन, डेयरी उत्पादन महंगे होंगे।

(3) वायु स्तम्भ–ज्येष्ठ शुक्ल प्रतिपदा को मृगशिर नक्षत्र का सम्पर्क 97% है। फलतः कुछ प्रदेशों में वायु वेग एवं अनुकूल मेघ संचार से वर्षा का क्रम अच्छा रहेगा। परन्तु कुछ प्रदेशों में भीषण वायु वेग, चक्रावात, तेज़ अन्धियों व तूफानों से खड़ी फसलों, जन-धनादि सम्पदा को हानि पहुँचेगी। कुछ क्षेत्रों में वायु का दबाव बढ़ेगा।

(4) अन्न स्तम्भ–आषाढ़ शुक्ल प्रतिपदा को पुनर्वसु नक्षत्र का सम्पर्क लगभग 85% है। फलस्वरूप जल व तृण स्तम्भ नगण्य होने तथा विपरीत जलवायु के बावजूद कुछ प्रदेशों में गेहूँ, जौं, चने, चावल, मक्का, ईख, धान्यादि की पैदावार अच्छी होगी। व्यापारी लोग कम पैदावार का अनुमान लगाकर तेजी का व्यापार करेंगे, जिससे महंगाई ओर बढ़ेगी। किसानों व [illegible] को लाभ मिलेगा।

ऊपरलिखित चार स्तम्भ किसी भी देश की आर्थिक स्थिति को समझने एवं मापने में विशेष महत्त्व रखते हैं क्योंकि अर्थव्यवस्था मुख्य रूप से इन चार स्तम्भों पर निर्भर रहती है।

आर्षमान द्वारा रक्षा फल विचार

अर्षमान को वर्ष में राष्ट्र की रक्षा के चार दुर्गों (किले), समृद्धि एवं सौभाग्य का प्रतीक माना जाता है।

(1) प्रथम आर्ष–गतवर्ष की पौष अमावस्या को मूल नक्षत्र के स्पर्श से माना जाता है। मूल नक्षत्र का अभाव है।

(2) द्वितीय आर्ष–वैशाख शुक्ल तृतीया को रोहिणी नक्षत्र 13 प्रतिशत है।

(3) तृतीय आर्ष–श्रावण पूर्णिमा को श्रवण नक्षत्र का सम्पर्क 16 प्रतिशत है।

(4) चतुर्थ आर्ष–कार्तिक पूर्णिमा को कृतिका नक्षत्र का स्पर्श 36% है।

फल–इस वर्ष प्रथम दुर्ग का अभाव तथा शेष तीनों दुर्ग अत्यल्प-बली है। चारों दुर्गों का विचार चिन्ताजनक स्थिति का संकेत कर रहा है। सुरक्षा, समृद्धि एवं राजनीतिक दृष्टि से यह वर्ष विशेष उलझन एवं चुनौतिपूर्ण रहेगा। सीमावर्ती क्षेत्रों पर विशेषकर उत्तर-पूर्वी सीमा पर चीनी घुसपैठ, पाकिस्तान की ओर से आतंकवादियों की घुसपैठ तथा असम आदि सीमाओं पर बांग्लादेशी घुसपैठ से देश की आंतरिक एवं बाह्य सुरक्षा को गम्भीर संकट उत्पन्न होने का भय है। देश की सुरक्षा एजेन्सीयों को विशेष प्रयास करने की आवश्यकता रहेगी।

इस सम्बन्ध में भड्डुरी की कहावत भी लोक में प्रचलित है–

अखै तीज रोहिणी न होई। पौष अमावस मूल न जोई।।
राखी श्रवणो हीन बिचारो। कातिक पूनो कृतिका टारो।।
महि माहीं खल बलहिं प्रकासै। कहत भड्डुरी सालि विनासै।।

अर्थात् वैशाख की अक्षय तृतीया को यदि रोहिणी न हो, पौष की अमावस्या को मूल न हो, रक्षाबन्धन के दिन श्रवण और कार्तिक की पूर्णिमा को कृतिका न हो, तो पृथ्वी पर दुष्टों का बल बढ़ेगा और उस वर्ष धान की उपज न होगी।

–वर्षादि के विश्वामान–

वर्षादि विश्वा का कुल मान २० विश्वे होते हैं। जिस पदार्थ (विषय) के विश्वा 1 से 20 अंकों के मध्य जितने अधिक (20 अथवा उसके समीपस्थ) होंगे, उस वस्तु के उत्पादन की मात्रा उतनी अधिक होगी। जैसे आगे सं. २०७० में धान्य के विश्वा ९ लिखे हैं, इसका तात्पर्य यह हुआ कि आगामी वर्ष धान्य का उत्पादन मध्यम से कुछ कम ही होगा।

वर्षा ९, धान्य ९, तृण ७, शीत ७, तेज १७, वायु १३, वृद्धि १५, क्षय १५, विग्रह ११, क्षुधा १३, तृषा ९, निद्रा ११, आलस्य १३, उद्यम ५, शान्ति १५, क्रोध १३, दम्भ ५, लोभ ३, मैथुन १५, रस ९, फल १३, उत्साह ११, उग्रता १, पाप १७, पुण्य ५, व्याधि ३, व्याधिनाश १७, आचार १७, अनाचार ५, मृत्यु १, जन्म ९, देशउपद्रव १५, देशस्वास्थ्य ३, चोरभय ९, चोरनाश १, अग्नि १५, अग्निशान्त १, उद्भिज ५, जरायुज ३, अंडज १५, स्वेदज ३, टिड्डी ३, तोता १३, मूषक ३, सोना १७, तांबा ११, स्वचक्र ३, परचक्र ४, वृष्टि ७, अनावृष्टि १५।।

★ वि. संवत 2070 में लाभ-हानि चक्र ★

★ वि. संवत् 2070 में लाभ-हानि चक्र ★

(विंशोत्तरी मतानुसारेण)

आगामी वर्ष में आपको जिस राशि का लाभ-हानि का विवरण ज्ञात करना हो, तो आप निम्नलिखित चक्र में अपनी राशि के नीचे लिखे लाभ-हानि के अंकों को जमा कर दें, फिर कुल जमा जोड़ में से 1 कम करके जोड़ को 8 से भाग दे देवें। भाग करने के पश्चात् यदि 1 बचे तो आगामी वर्ष में धन लाभ अच्छा रहेगा। मनोवांछित योजनाएं सफल होंगी। मनोरंजक कार्यों की ओर रूचि बढ़ेगी। यदि शेष 2 बचे तो, धन लाभ मध्यम पर शुभ कार्यों पर खर्च अधिक होगा। यदि शेष 3 बचें तो लाभ कम, खर्च (अपव्यय) अधिक रहेगा। व्यर्थ भाग-दौड़ अधिक रहेगी और घरेलू उलझनें बढ़ेंगी। यदि शेष 4 बचें तो, मानसिक तनाव, शरीर कष्ट और रोगादि पर खर्च हो, आर्थिक समस्याएं उत्पन्न हों। यदि शेष 5 बचें तो लाभ कम तथा फिजूलखर्ची अधिक रहेगी। बनते कार्यों में विघ्न पड़ेगा। यदि शेष 6 बचें तो, भाग्योन्नति और धन लाभ के मार्ग प्रशस्त होंगे। कोई बिगड़ा कार्य बनेगा। यदि शेष 7 बचें तो, व्यापार, लॉटरी, सट्टे आदि द्वारा अकस्मात् धन लाभ होगा। ज़मीन-जायदाद आदि कार्यों पर खर्च भी रहेंगे। आय के साधनों में भी वृद्धि होगी। यदि 8 अर्थात् 0 बचे, तो उस वर्ष लाभ कम व खर्च अधिक रहेगा, मानसिक परेशानियाँ भी बढ़ने के संकेत हैं।

राशि	मेष	वृष	मिथुन	कर्क	सिंह	कन्या	तुला	वृश्चिक	धनु	मकर	कुम्भ	मीन
लाभ	१४	८	१४	८	११	१४	८	१४	११	५	५	११
हानि	२	११	८	५	२	८	११	२	८	११	११	८

यमघण्टक योग

क्रकय योग, संवर्त, दग्ध, कुलिक, उत्पात, यमघण्टक आदि योग मंगल कर्मों का सम्पादन करने के लिए त्याज्य माने गए हैं। वसिष्ट जी के अनुसार-"**शुभकार्य प्रसूतौ च सर्वदा परिवर्जयेत्।**" शुभ यात्रा एवं छोटे बच्चों के शुभ कार्यों के सम्पादन में तथा छोटे शिशुओं की पैदायश काल में भी इस योग का विचार किया जाता है। ऋषि वसिष्ठ अनुसार दिवसकाल में यमघंटक आदि दुष्ट योग हो तो मृत्युतुल्य कष्ट देता है, परन्तु रात्रिकाल में इसका फल अशुभ नहीं माना जाता है।

दिवा मृत्युप्रदाः पापा दोषस्त्वेतेन न रात्रिषु।

ध्यान रहे, किसी कुयोग के समय अन्य सिद्धि आदि सुयोग भी वर्तमान हो जाए, तो सुयोग की विजय होकर कुयोग अकर्मण्य हो जाता है-

अयोगः सिद्धि योगश्च द्वावेतौ भवतो यदि।
अयोगो हन्यते तत्र, सिद्धि योगः प्रवर्त्तते॥ (राजमार्तण्ड)

ज्वालामुखी योग-(वि. संवत् २०७०)

ज्वालामुखी योग का फल अशुभ माना गया है। इस योग में आरम्भ किया हुआ कार्य पूर्णतया सिद्ध नहीं हो पाता अथवा बार-बार विघ्न-बाधाएं होती हैं। इस योग में शुभ कार्य आरम्भ नहीं करने चाहिए। दुष्ट शत्रुओं पर प्रयोग करने के लिए यह मुहूर्त्त अच्छा समझा जाता है।

जब प्रतिपदा को मूल नक्षत्र, पंचमी को भरणी, अष्टमी को कृतिका, नवमी को रोहिणी अथवा दशमी को आश्लेषा नक्षत्र आता है, तो ज्वालामुखी योग बनता है। इस प्रकार 5 नक्षत्रों एवं 5 तिथियों के संयोग से ज्वालामुखी योग बनता है। इस योग के अशुभ फल को प्रकट करने के लिए निम्नलिखित लोकोक्ति प्रचलित है-

जन्मे तो जीवे नहीं, बसे तो उजड़े गाँव,
नारी पहने चूड़ियां, पुरुष विहीनी होय।
बोवे तो काटे नहीं, कुएँ उपजे न नीर॥

यद्यपि यह लोकोक्ति अतिशयोक्तपूर्ण हो सकती है, परन्तु इसके अशुभ प्रभाव के सम्बन्ध का उल्लेख कई ग्रन्थों में मिलता है। ज्वालामुखी योगानुसार यदि बालक इस योग में पैदा हो तो उसे अरिष्ट योग होता है। यदि इस योग में विवाह किया जाए तो वैधव्य का भय होता है। यदि बीजवपन किया जाए तो फसल अच्छी नहीं होती तथा जल आदि हेतु कूआँ खोदा जावे तो जलाशय (कूआँ) शीर्ष सूख जाए-यदि कोई रोगग्रस्त हो तो जल्दी ठीक न हो-इत्यादि अशुभ फल घटित होते हैं।

ज्वालामुखी योग (संवत् २०७०)

प्रारम्भ काल			समाप्ति काल		
तारीख	घं.	मिं.	तारीख	घं.	मिं.
20 अप्रै.	8	15	20 अप्रै.	19	26
23 जून	17	02	23 जून	25	14
28 अग.	02	02	28 अग.	12	42
29 अग.	04	11	29 अग.	15	29
23 सितं.	14	50	23 सितं.	19	04
28 अक्तू.	20	14	28 अक्तू.	21	38
7 फर. 14	6	14	7 फर. 14	13	27
8 फर.	8	12	8 फर.	15	04
5 मार्च	13	59	6 मार्च	04	27

यमघण्टक योग (सन् 2013 ई.)

प्रारम्भ काल			समाप्ति काल		
तारीख	घं.	मिं.	तारीख	घं.	मिं.
5 जन.	सू.	उ.	5 जन.	13	42
7 जन.	11	31	8 जन.	सू.	उ.
10 जन.	04	53	10 जन.	सू.	उ.
4 फर.	सू.	उ.	4 फर.	16	48
6 फर.	13	33	7 फर.	सू.	उ.
24 फर.	25	21	25 फर.	सू.	उ.
6 मार्च	सू.	उ.	6 मार्च	18	14
19 मार्च	25	52	20 मार्च	सू.	उ.
24 मार्च	10	17	25 मार्च	सू.	उ.
16 अप्रै.	9	46	17 अप्रै.	सू.	उ.
21 अप्रै.	सू.	उ.	21 अप्रै.	20	20
14 मई	सू.	उ.	14 मई	19	57
6 जून	14	24	7 जून	सू.	उ.
7 जून	17	11	8 जून	सू.	उ.
4 जुला.	सू.	उ.	4 जुला.	23	03
5 जुला.	सू.	उ.	5 जुला.	26	06
2 अग.	सू.	उ.	2 अग.	8	22
10 अग.	26	13	11 अग.	सू.	उ.
7 सितं.	8	11	8 सितं.	सू.	उ.
5 अक्तू.	सू.	उ.	5 अक्तू.	15	48
7 अक्तू.	14	29	8 अक्तू.	सू.	उ.
4 नवं.	सू.	उ.	4 नवं.	21	24
2 दिसं.	सू.	उ.	2 दिसं.	7	44
4 दिसं.	सू.	उ.	4 दिसं.	24	06
17 दिसं.	25	14	18 दिसं.	सू.	उ.
22 दिसं.	12	53	23 दिसं.	सू.	उ.

वि. संवत् २०७० में ग्रहों की आकाशी कौंसिल व मुख्य भविष्यवाणियाँ

- नया वि० सम्वत् २०७० में 'पराभव' नामक होने से कुछ देशों के प्रमुख शत्रु राष्ट्रों के साथ टकराव एवं युद्ध करने में तत्पर होंगे। उपयोगी वर्षा में कमी तथा खाद्यान्न की पैदावार भी कम होने से मूल्यों में विशेष तेज़ी होगी। अधिकतर नेता अवसरवादी स्वार्थपरक एवं लोभी होंगे। सामान्य लोग उन्हें तिरस्कार की दृष्टि से देखेंगे।
- वर्ष का राजा गुरू एवं मन्त्री शनि होने से विशेष प्रशिक्षित एवं कुशल लोग प्रतिष्ठित एवं सम्मानित होंगे। धर्म-परायण लोग यज्ञ-होम, धर्म-प्रचार आदि शुभ कार्यों में प्रवृत्त होंगे। धार्मिक एवं सांस्कृतिक समागम अधिक होंगे। भारत-पाक, अमेरिका-ईरान आदि विरोधी देशों के मध्य भी शान्ति वार्ताएँ आयोजित होंगी।
- वर्ष का मन्त्री शनि होने से राजनेताओं एवं प्रशासनिक अधिकारियों का व्यवहार सामान्य लोगों के प्रति कठोर एवं स्वार्थपरक रहेगा। सोना, लोहा, चान्दी, जिस्त, लकड़ी, ताम्बा, पीतल, गेहूँ, चने, चावल, वस्त्र, घृत, खाद्य तैल, बिल्डिंग मैटीरियल, पैट्रोलियम आदि पदार्थों के व्यापारी लोग विशेष रूप से लाभान्वित होंगे।
- नववर्ष प्रवेश कुं. में शुक्र उच्चस्थ होने पर भी अस्तंगत है। फलस्वरूप राष्ट्राध्यक्ष (प्रधानमन्त्री) की स्थिति निष्क्रिय एवं असमंजसपूर्ण रहेगी। स्वास्थ्यादि कारणों से कार्यकाल से पूर्व ही त्यागपत्र भी दे सकते हैं। केन्द्रिय मन्त्री मण्डल में श्री राहुल गान्धी को महत्त्वपूर्ण पद प्राप्त होने के योग हैं।
- जगत् लग्न कुं. में सूर्य-शनि के मध्य समसप्तक योग के प्रभावस्वरूप भारत, पाकिस्तान, सीरिया, ईराक आदि विकासशील देशों में राजनीतिक, सामाजिक एवं आर्थिक परिस्थितियाँ संघर्षपूर्ण, अस्थिर एवं अनिश्चित होंगी। अरब एवं खाड़ी देशों जैसे—सीरिया, मिस्र, लीबिया, सूडान में क्रान्तिकारी परिवर्तन होंगे।
- भारत-पाक सहित कुछ यूरोपीय देश जैसे—स्पेन, फ्रांस, ब्रिटेन, इटली, बैल्जियम, पुर्तगाल भी मन्दी एवं गम्भीर आर्थिक संकट की गिरफ्त में आ जाएंगे।
- अप्रैल, मई एवं जून महीनों में क्रमशः चार एवं पंचग्रही योग बनने से भारत में कहीं आतंकी, हिंसक एवं विस्फोटक घटनाएँ घटित होने के संकेत मिलते हैं।
- वर्तमान प्रधानमन्त्री एवं यू.पी.ए. सरकार की विश्वसनीयता में ज़बरदस्त कमी आएगी। लोकपाल, भ्रष्टाचार, महँगाई, काला-धन आदि ज्वलन्त समस्याओं के दृष्टिगत बाबा रामदेव जी, अन्ना हज़ारे आदि समाजसेवी संस्थाओं द्वारा संचालित जनान्दोलनों के प्रभावस्वरूप आगामी चुनावों में यू.पी.ए. कांग्रेस सरकार को भारी क्षति पहुँचने के योग हैं।
- वर्षभर तुला राशि में शनि-राहु योग तथा मंग.-शनि (12 अप्रै. से 23 मई), गुरु-शुक्र (30 अक्तू. से 4 दिसं.) के मध्य समसप्तक योग होने से पैट्रोल, डीज़ल, सोना, तांबा के मूल्यों में तथा महँगाई में आशातीत वृद्धि होगी। सीमावर्ती प्रदेशों में फौजी अतिक्रमण के कारण चीन व पाक के साथ युद्ध का भय बराबर बना रहेगा।
- आगामी कुछ राज्यों के विधानसभा चुनावों में यद्यपि कांग्रेस को नुकसान होगा, परन्तु भाजपा को भी कुछ क्षेत्रों में पराजय का सामना करना पड़ेगा। हिमाचल, गुजरात, दिल्ली, महाराष्ट्र आदि में यद्यपि भाजपा विजयी होगी, परन्तु कर्नाटक, ३६ गढ़ में कांग्रेस का प्रभाव बढ़ेगा। क्षेत्रीय दलों का प्रभुत्व भी बढ़ेगा।

अप्रत्यक्षाणि शास्त्राणि विवादस्तत्र केवलम्।
प्रत्यक्षं ज्योतिषं चन्द्रार्कौ यत्र साक्षिणौ॥

अनादिकाल से मानव अज्ञात एवं अगोचर को जानने के लिए संवेदनशील एवं जिज्ञासु रहा है। उसकी इसी जिज्ञासा प्रवृत्ति के कारण चिन्तनशील प्रबुद्ध मनुष्यों ने अपने परिवेश से सहस्रों मील दूर संचरणशील ग्रह, नक्षत्र एवं ताराओं के स्वरूप एवं उनके पारस्परिक प्रभावों का गहन निरीक्षण, अध्ययन एवं चिन्तन करना प्रारम्भ कर दिया था।

मानव कल्याण की भावना को ध्यान में रखते हुए एवं मानव जीवन को स्वस्थ, सुव्यवस्थित एवं नियमित रूप प्रदान करने के लिए ही हमारे प्राचीन ऋषियों ने अध्यात्म एवं वैदिक ज्ञान, दर्शनशास्त्र, संगीत, आयुर्वेद, ज्योतिष आदि शास्त्रों का प्रणयन किया। ज्योतिष

प्रकाश के सम्बन्ध में ज्ञान करवाने वाला शास्त्र होता है-अर्थात् जिस शास्त्र से संसार का मर्म, जीवन-मृत्यु का रहस्य और जीवन के सुख-दुख के सम्बन्ध में प्रकाश मिले, वह **ज्योतिषशास्त्र** है। ज्योतिष शास्त्र मानव जीवन के भूत, भविष्य एवं वर्तमान काल की साकार कहानी है। मनुष्य के संचित, प्रारब्ध एवं क्रियमाण (वर्तमान) कर्मों एवं उनके शुभाशुभत्व का ज्ञान ज्योतिष शास्त्र के द्वारा ही सम्भव है। मनुष्य के भूत-भविष्य सम्बन्धी शुभाशुभ घटनाएं, सुख-दुःख, सफलता-असफलता, लाभ-हानि, मान-अपमान, भाग्योदय के कालादि का ज्ञान भी इसी शास्त्र द्वारा किया जा सकता है। जातक के जन्म समय सौर-मण्डल एवं जन्मकुण्डली में जिस प्रकार के ग्रहों की स्थिति होती है, उसी के अनुसार मनुष्य (जीव) का बाह्य एवं अभ्यान्तरिक जीवन प्रभावित होता रहता है-

परमपिता परमात्मा की अपार कृपा से उत्तरी भारत के सर्वाधिक प्रतिष्ठित एवं सर्वप्राचीन प्रकाशन **''पंचांगदिवाकर'', 'मुफीद आलम जन्त्री'** (उर्दू-हिन्दी-पंजाबी) **एवं तिथ पत्रिका** (पंजाबी भाषा) को प्रकाशित होते हुए प्रस्तुत संवत् २०७० (2013-14 ई.) में **गौरवशाली 138 वर्ष** हो जाएंगें। इस पंचांग समूह के प्रवर्त्तक एवं संस्थापक हमारे पूज्य पितामह विश्व विख्यात **मशहूर आलम पण्डित देवीदयालु जी** (लाहौर) से लेकर आज तक की दीर्घावधि में हमारे प्रकाशनों को जो राष्ट्रीय एवं विश्वव्यापी स्तर पर ख्याति एवं प्रशंसा प्राप्त हुई-वह सुविज्ञ पाठकगणों से छिपी नहीं है। उत्तरी भारत में शताब्दि से भी अधिक वर्षों पर्यन्त ज्योतिष के क्षेत्र में **हमारी पंचांग, जन्त्री** एवं अन्य प्रकाशनों का महत्त्वपूर्ण योगदान रहा है। सुविज्ञ पाठकों को सूचित किया जाता है कि वह असली व प्रामाणिक **पंचांगदिवाकर, तिथ पत्रिका गुरूमुखी, मुफीद आलम जन्त्री तथा हमारी नव प्रकाशित 'अर्द्धशताब्दि पंचांग'** एवं दशवर्षीय सहित (संवत् २००१ से २०७० तक) खरीदते समय प्रथम पृष्ठ पर गणितकर्त्ता पं. पन्ना लाल ज्योतिषी एम. ए., पं. विवेक शर्मा (एम.ए.एल.एल.बी.) व पंकज शर्मा तथा मुख्य वितरक **'जनरल बुक डिपो'** जालन्धर का नाम अवश्य पढ़ लिया करें।

गतवर्षीय दिवाकर पंचांगों की चामत्कारिक भविष्यवाणियां

जो ईश्वर कृपा से अक्षरश: सही निकली हैं। जैसे-भारतवर्ष का ब्रिटिश शासन से आज़ाद होना सं० 2004 (1947-48 ई०), प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल का निधन 27 मई, 1964 ई. बंगलादेश के रूप में पाकिस्तान का विभाजन, ईरान-ईराक युद्ध (2039), पूर्व प्रधानमन्त्री इन्दिरा गांधी की आकस्मिक मृत्यु संवत् 2041, सन् 1991 ई., पूर्व प्रधानमन्त्री राजीव गांधी की आकस्मिक मृत्यु सन् 1990 ई., सन् 1998 में मोर्चा सरकार (गुजराल सरकार) का पतन (२०५५) तथा लोकसभा चुनावों में भाजपा का सफल होकर सत्तारूढ़ होना आदि। **संवत् २०५६ के पंचाँग दिवाकर पृ० 49 कालम-II पर** स्पष्टत: पढ़े ''जम्मू-कश्मीर के सीमावर्ती भागों में पाकिस्तानी सेना द्वारा घुसपैठ एवं गोलाबारी करना।'' ''जैसा कि कश्मीर-कारगिल क्षेत्र में हुआ। तथा हरियाणा में बंसीलाल सरकार का टूटना'', पृष्ठ 50 का I

संवत् २०५७ के पंचांगदिवाकर-पाकिस्तान में शरीफ सरकार का तख्ता पलटना तथा आपात् स्थिति का लगना तथा शासन परिवर्तन, छत्रभंग, राजनीतिक टकराव व हिंसक घटनाएं होना (पृष्ठ 51-कालम I व II)

सं. २०५८ के पंचांगदिवाकर पृष्ठ 56, अमेरिका-(कालम II) पर जगत लग्न में कालसर्प योग के कारण मिथुन व धनु राशि वाले देशों में विस्फोटक घटनाएं घटित होंगी। जैसा कि अमरीका में दुखद त्रासदी घटित होना।

संवत् २०६० में ईराक में सत्ता परिवर्तन के योग के बारे में स्पष्टत: पढ़े पृष्ठ 63।

संवत् २०६१ की पंचांग में स्पष्टत: पढ़ें-**आगामी लोकसभा चुनावों में श्रीमती सोनिया गांधी की विजय तथा कांग्रेस पार्टी भाजपा की अपेक्षा अधिक सीटों पर कामयाब होकर निकलेगी।** पृष्ठ 67 कालम I.

संवत् २०६२ (2005-06) ''पाकिस्तान और भारत के मध्य दोस्ती और शान्तिवार्ताओं के नए आयाम जुड़ना (पृष्ठ 56 का II, पृष्ठ 60-I)

संवत् २०६३ (2006-07) की पंचांग में पंजाब, बिहार में नेतृत्व परिवर्तन के योग (पृष्ठ 55) 24 मई से 12 जुलाई के मध्य मंगल-शनि योग के कारण कश्मीर, महाराष्ट्र आदि प्रदेशों में उपद्रव, हिंसा एवं विस्फोटक घटनाएं घटित होने के योग हैं (जैसा कि मुम्बई में 11 जुलाई को बम विस्फोट हुए) पृ. 59 का. II)

संवत् २०६४ (2007-08) में पृष्ठ 56 पर मुख्य बाक्स पर स्पष्टत: पढ़ें-''उ.प्र., उत्तराखण्ड, **पंजाब प्रदेशों में** नेतृत्व परिवर्तन के योग होंगे।'' नतीजे आपके सामने थे।

संवत् २०६५ (2008-09) के पृष्ठ 59 पर मुख्य बाक्स में आप स्पष्टत: पढ़ें-**'गुजरात में अनेक आन्तरिक एवं कांग्रेसी विरोध के बावजूद भाजपा एवं मोदी सरकार का विजयी होना।'**

पृष्ठ 64, कालम II **में हिमाचल प्रदेश** शीर्षक के नीचे स्पष्ट पढ़ें-**'भाजपा का प्रभावक्षेत्र बढ़ेगा तथा शक्तिशाली विजयी पार्टी के रूप में उभरकर सामने आना।'**

संवत् २०६६ (2009-10 ई.) के पृष्ठ 71 पर कालम-I में अमेरिका शीर्षक के अन्तर्गत स्पष्टत: पढ़ें-**''डेमोक्रेट प्रत्याशी बराक ओबामा को संघर्षपूर्ण हालात के बाद सफलता प्राप्ति होना''** पृष्ठ 75 पर जम्मू-कश्मीर शीर्षक के अन्तर्गत **''आगामी विधान व लोकसभा चुनावों में श्रीफारुख एवं उमर अब्दुल्ला के नैशनल कांफ्रेंस गठबंधन का प्रभावक्षेत्र बढ़ना-**यही नहीं **राजस्थान शीर्षक** के अन्तर्गत पढ़ें-''प्रभावराशि पर केतु का संचार प्रधाननेता श्रीमती सिंधिया जी के लिए समय शुभ नहीं है। **भाजपा को चुनावों में हार का सामना। कांग्रेस को विधानसभा में सफलता प्राप्त होना।''**

संवत् २०६७ (2010-11 ई०) के पृष्ठ **67 पर** प्रमुख बाक्स में स्पष्टत: पढ़े-**''भारत की सीमाओं पर चीन, पाकिस्तान व अन्य आतंकी हमलों के खतरे बढ़ेंगे''**। इसी पृष्ठ पर और पढ़ें-**'दैनिक जीवनोपयोगी वस्तुओं के मूल्यों में अत्यधिक तेजी होना।**

हरियाणा प्रान्त के शीर्षक के अन्तर्गत स्पष्टत: पढ़ें-**''विपरीत हालात आक्रोश के बावजूद कांग्रेस विपक्षी दलों को हराकर कांग्रेस प्रत्याशी** श्री भूपेन्द्र हुड्डा पुन: एक और जीत हासिल करेंगे।'' (पृ० 75 कॉलम II)

संवत् २०६८ (2011-12 ई०) के पृष्ठ 68, कालम I में स्पष्ट पढ़ें-''राजा चन्द्र छटेभाव में सूर्य, बुध आदि ग्रहों के साथ क्षीण बली होने से **''केन्द्र के प्रमुख नेता राष्ट्र की मूलभूत समस्याओं के बारे में निर्णयात्मक पग उठाने में अक्षम दिखाई देंगे''।**

पृष्ठ 68 पर कालम II में प्रथम पंक्ति में स्पष्ट पढ़ें-**''अमेरिका सहित** कुछ देशों में आर्थिक मन्दी का प्रभाव।'' जैसा कि अगस्त, 2011 ई० में घटित हुआ। पृष्ठ 68 पर ही

तृतीय पैरा में पढ़े–'वर्ष कुं० में **मीन राशि पर पंचग्रही** योग बनने के कारण खाड़ी देशों में आन्तरिक हालात अस्थिर एवं उद्विग्न होंगे।'–जैसा कि अप्रैल से जुलाई के **मध्य लीबिया, मिस्र, सूडान, सीरिया, चिली, आदि देशों में आंतरिक क्रान्ति तथा सत्ता-परिवर्तन** के रूप में हुआ। पृष्ठ 68 पर 'पाकिस्तान' शीर्षक के अन्तर्गत पढ़ें–"**भारत के साथ वार्ताओं का क्रम पुनः समायोजित होना।**"

पृष्ठ 69, कालम I में पढ़े–**पैट्रोल, डीज़ल, रसोई गैस, बिजली, दूध, लोहा, सोना, चाँदी, ताम्बा आदि के मूल्यों में ज़बरदस्त तेजी का रुख बनेगा।** पृष्ठ 70, कालम-II में पढ़ें 6 जून से कुशल व्यापारी लाभान्वित होंगे।

गत वर्ष संवत् २०६९ के पृष्ठ 65 कालम I में स्पष्ट तौर पर पढ़ें–"समाज में, स्त्री-पुरुषों में बाह्य-आकर्षण, सौन्दर्य, श्रृंगार एवं फैशन परस्ती बढ़ेगी। सिनेमा, संगीत, अभिनय, नाच-गायन, टैलीविज़न का प्रयोग, मनोरंजन कार्य, नृत्य, उत्सव, धन-लोलुपता, पुरुषों व स्त्रियों में प्रदर्शन का रूझान अधिक बढ़ेगा। **देखें पृष्ठ 66 कालम I**—मुस्लिम बाहुल्य देशों जैसे लीबिया, सीरिया, मिस्र, यूगांडा, सीरिया, पाकिस्तान, अफगानिस्तान, ईरान आदि देशों में हकूमतों के विरुद्ध विद्रोह, जनान्दोलन, हिंसक एवं विस्फोटक, घटनाएँ घटित होने के संकेत हैं–लगभग सभी समाचार-पत्रों में इन देशों में हुई विस्फोटक घटनाओं के घटित होने के समाचार प्रकाशित हुए हैं। पुनः शासन तंत्र में परिवर्तन, खाड़ी देशों में वर्तमान निरंकुश **तानाशाह नेताओं के विरुद्ध, लोकतांत्रिक ग्रुप** विद्रोह पर उतर आएँगे। जिससे कुछ खाड़ी देशों में **हिसक एवं विस्फोटक घटनाएँ घटित होना।** देखें–पृष्ठ 66 कालम II. हिंसक टकराव स्वरूप व्यापक अग्निकांड, मृत्यु संहार के समाचार मिलना, पुनः पृष्ठ 67 कालम II अमेरिका सरकार द्वारा पाकिस्तान सरकार को ही जाने वाली वितीया सहायता को बन्द करने की खुली चेतावनी। **सीमावर्ती क्षेत्रों में कुछ कट्टर आतंकवादी ग्रुप विस्फोटक सामग्री एवं जाली करंसी आदि का** घुसपैठ कराने की कोशिशों में रहेंगे।

देखें पृष्ठ 68 I-बढ़ती महँगाई पर काबू पाने के सरकारी प्रयास खोखले सिद्ध होना। जैसा कि स्पष्ट है कि **प्रधानमन्त्री के आश्वासनों के बावजूद महँगाई दर में आशातीत वृद्धि होती रही। कालम II सत्तारूढ़ मन्त्रियों पर लगाए गए भ्रष्टाचार,** विभिन्न भूमि-घोटालों एवं महँगाई सम्बन्धी आरोपों के कारण भारतीय लोकतांत्रिक प्रणाली की गरिमा को गहरा धक्का पहुँचना।

पुनः देखें पृष्ठ 69 कालम I—'साधारण लोग महँगाई की चक्की में पिसते जाएंगे। भारत के उत्तरपूर्वी पर्वतीय क्षेत्रों में कहीं आकस्मिक वर्षा, बाढ़ आदि प्राकृतिक प्रकोपों के कारण जन, धन एवं कृषि आदि सम्पदा की हानि होगी–**जैसा कि जुलाई, 12 में आसाम में भयंकर बाढ़ से व्यापक जन-धन हानि हुई।**' पुनः इसी पृष्ठ पर पढ़ें–**सोना, चान्दी, ताम्बा आदि धातुओं में विशेष तेजी का रूझान** रहेगा।

पृष्ठ 70 कालम II में पंजाब प्रदेश के कॉलम के अन्तर्गत स्पष्टतः पढ़ें–.....**अवरोधों के बावजूद अन्ततः अकाली-भाजपा गठबन्धन के पुनः विजयी होने के योग बनते हैं।–जैसा कि स्पष्ट है, मार्च 2012 ई. में अकाली-भाजपा गठबंधन पुनः विजयी हुई। इस विशेष भविष्यवाणी जो अक्षरशः ठीक हुई है के लिए हमें पाठकों के सैंकड़ों प्रशंसा-पत्र एवं फोन प्राप्त हुए हैं, जिसके लिए हम पाठकों एवं ईश्वर का धन्यवाद करते हैं।**

पृष्ठ 72 कालम I पर भी पढ़ें–"अदूरदर्शी ग़ैर-ज़िम्मेदार एवं स्वार्थी मनोवृत्ति वाले सहयोगी मन्त्रियों की गलत एवं दोषपूर्ण नीतियों के कारण वर्तमान प्रधानमन्त्री की ईमानदार छवि धूमिल होगी। भ्रष्टाचार आदि खास मुद्दों पर उनकी खामोशी एवं निष्क्रियता को लेकर देशभर में निन्दा (भार्त्सना) होगी"–जैसा कि विदित है प्रधानमन्त्री जी की निष्क्रियता के बारे में अमेरिका की Times मैग़ज़ीन ने भी अपनी प्रमुख खबर के रूप में जुलाई, 2012 में प्रकाशित किया है।

पृष्ठ 63-मुख्य भविष्यवाणियों में भी स्पष्ट पढ़ें–"कांग्रेस को आगामी विधानसभा चुनावों में पंजाब, यू.पी. आदि कुछ प्रदेशों में भारी कीमत चुकानी पढ़ेगी। भाजपा पार्टी अपेक्षाकृत अधिक सीटों से विजयी होगी।"

वि. सम्वत् २०७० में ग्रहों की आकाशी कौंसिल और भविष्यफल

ग्रहों की **आकाशी कौंसिल** (ग्रह परिषद्) के **दश अधिकारों में से (इस वर्ष भी गत** संवत् की भान्ति) **छः (6) अधिकार शुभ** (सौम्य) **ग्रहों को** ओर चार अधिकार क्रूर (अशुभ) ग्रहों को प्राप्त हुए हैं। राजा का प्रमुख अधिकार **देव गुरू** बृहस्पति को प्राप्त हुआ है, जबकि मन्त्री का महत्त्वपूर्ण अधिकार क्रूर ग्रह शनि को मिला है। **राजा बृहस्पति** (गुरू) को रसों का अधिकार भी प्राप्त हुआ है। इसके प्रभावस्वरूप साम्भ्रान्त एवं उच्चवर्ग के तथा राजनेता लोग बड़े-बड़े उत्सवों में व्यस्त रहेंगे। भारत-पाकादि विरोधी देशों के मध्य शान्ति वार्ताएँ समायोजित होंगी। कृषि का उत्पादन तथा मौसमी फलों की पैदावार अच्छी होगी। राजनेता एवं उच्चस्तरीय लोग/भूमि, वाहन, धन सम्पदा आदि सुख-साधनों से सम्पन्न होंगे। तकनीकि एवं शैक्षणिक क्षेत्रों में विशेष सुधार किए जाएँगे। धार्मिक, यौगिक एवं सांस्कृतिक समागम अधिक होंगे। मन्त्री शनि के कारण लोहा, स्टील, जिस्त, चान्दी, लकड़ी, ताम्बा, गेहूँ, दालें, घृत, तैल, पैट्रोलियम आदि, बिल्डिंग मैटीरियल, चमड़ा, कलपुर्जों आदि पदार्थों में सम्बन्धित व्यापारी लोग विशेषतया लाभान्वित होंगे। राजनेताओं एवं प्रशासनिक अधिकारियों का व्यवहार सामान्य लोगों के प्रति कठोर एवं निर्दयतापूर्वक होगा। देश के कुछ भागों में वर्षा एवं खाद्यान्नों की कमी रहेगी। लौह, स्टील, ताम्बा, वनस्पति तैल, खाद्यान्न, दालें, पैट्रोल, डीज़ल, बिजली, पेयजलादि उपभोग्य वस्तुएँ और अधिक तेज़ भाव होंगी। सामान्य लोगों में गहन असन्तोष, क्रोध एवं विक्षोभ व्याप्त होगा।

वर्षा (मेघ), फलों एवं **सेना–ये तीनों अधिकार** सौम्य ग्रह **शुक्र को** प्राप्त होने से अधिकांश राजनेता एवं प्रशासक अपना स्वार्थ ही सिद्ध करने के लिए प्रयत्नशील रहेंगे। वह बहु-धन-सम्पदा एवं संसाधनों से सम्पन्न होंगे। विभिन्न प्रकार के वृक्ष, फल, फूल, तृण-

घास आदि एवं फलदार पौधे अधिक होंगे। उच्च-स्तरीय विशेष वर्ग के लोग ही सुख-साधनों से और सम्पन्न होंगे। **धान्येश** सूर्य होने से राजनेताओं में परस्पर टकराव, विग्रह एवं विरोध रहें। देश में युद्ध जैसा वातावरण बने। सर्वप्रकार के अनाज तेज भाव हों। लोगों में क्लिष्ट प्रकार के ज्वर एवं रोग व्याप्ति हो। **सस्येश (कृषि) एवं नीरसेश** (धातुओं) के दोनों अधिकार **क्रूर ग्रह मंगल** को मिले हैं। जिससे श्रावण में उपयोगी वर्षा की कमी रहेगी। ग्रीष्म ऋतु की कृषि जैसे-गेहूँ, जौं, मक्की, चरी, दालें, चना, सब्जियों की फसलों को हानि पहुँचे किंवा उनके भावों में तेज़ी हो। सोना, ताम्बा, पीतल, लाख, खल-बिनौले, पुखराज आदि रत्न दिन प्रतिदिन महँगे होंगे। **धन (कोश)** का अधिकार **चन्द्रमा** के पास होने से धन-दौलत का विस्तार अधिक होगा। सुगन्धित तैल, दूध, घी, वस्त्रों, सौन्दर्य प्रसाधनों का व्यापार करने वाले अच्छा लाभ कमा सकेंगे। अवसरवादी नेता अनेक प्रकार के सुख-साधनों से सम्पन्न होंगे।

सं. २०७० में **पराभव** नामक नया सम्वत्सर होने से अधिकांश अवसरवादी नेता स्वार्थी, लोभी एवं लालची होंगे। सामान्य लोग उन्हें तिरस्कार की दृष्टि से देखेंगे।

नववर्ष प्रवेश एवं जगत् लग्न कुण्डली अनुसार भविष्यफल-सं० २०७०

नववर्ष प्रवेश कुं. २२/१८

जगत् लग्न कुण्डली २५/२८

'पराभव' नामक नव वि. सम्वत् २०७० का प्रवेश 10 अप्रैल सन् 2013 ई. (प्रविष्टे २८ चैत्र), बुधवार, रेवती नक्षत्र एवं वैधृति योग कालीन, दुपैहर 3 बजकर, 5 मिनट पर **सिंह लग्न** में प्रविष्ट होगा। वर्ष लग्न में लग्नेश सूर्य **अष्टम भाव** (जोकि प्राकृतिक आपदाओं, आकस्मिक दुर्घटना एवं गुप्त योजनाओं का भाव है।) में चन्द्र, मंग., बुध एवं शुक्र सहित पँचग्रही योग बना हुआ है। वर्ष कुण्डली में **पंचम भाव** (प्रशासनिक बुद्धि व योजना) का **स्वामी** गुरू (जोकि **वर्ष का राजा** भी है) दशम भाव में शत्रुराशिगत है। सप्तमेश **(विपक्ष) शनि** (वर्ष का मंत्री) तृतीय भाव में उच्च राशिस्थ होने पर भी राजा गुरू के साथ **षडाष्टक स्थिति** में है। ध्यान रहे, शनि भारत की प्रभाव राशि (मकर) का स्वामी भी है।

ग्रहस्थिति के अनुसार विश्व के अधिकतर देशों के मध्य परमाणु एवं अन्य संहारक हथियारों के संग्रह की प्रतिस्पर्धा एवं होड़ बढ़ेगी। शनि-मंगल के मध्य षडाष्टक होने से दक्षिणी एशिया एवं खाड़ी देशों के अन्दरूनी हिस्सों में कहीं अग्निकाण्ड, हिंसक आन्दोलन एवं विस्फोटक घटनाएँ घटित होने के संकेत हैं। वर्ष के प्रथम चार मास भारत, पाकिस्तान, अफगानिस्तान, बंगलादेश, चीन आदि देशों के लिए विशेष घटनाप्रद वाले सिद्ध होंगे। वर्ष लग्नेश सूर्य बुध, चन्द्र, मंगल, शुक्र सहित अष्टम में हैं। द्वितीयेश बुध नीच राशिस्थ है। शुक्र उच्चस्थ होने पर भी अस्तंगत है। फलस्वरूप राष्ट्राध्यक्ष (प्रधानमंत्री) की स्थिति निष्क्रिय एवं असमंजसपूर्ण रहेगी। कार्यकाल से पूर्व भी त्यागपत्र दे सकते हैं। **सूर्य, मंगल, शुक्र** सभी एक ही राशि में होने से सभी प्रकार के अनाज, घी, तैल, मसूरादि महँगे होंगे। कुछ देशों में छत्रभंग अर्थात् सत्ता परिवर्तन हो-

आदित्यो भार्गवश्चैव भूसुतः एक नक्षत्रराशिगाः।
घृतं तैल मसूरान्न महर्घं देश विग्रहः।। (अर्घ प्रकाश)

सिंह लग्न में वर्ष प्रवेश का फल इस प्रकार से लिखा गया है-

सिंहलग्नेदक्षिणस्यां दष्ट्राभयमुदीयते।
धान्येसमर्घतामास षट्कं यावत् धनं महत्।

अर्थात् सिंह में वर्ष प्रवेश हो, तो दक्षिण में उपद्रव, भय एवं धान्यादि अनाज में तेजी हो, और छः मास तक विशेष धन लाभ हो। पश्चिम में सब प्रकार की धातुएँ और फल महँगे हो। उत्तर में महावृष्टि, पूर्व में कृषि की हानि तथा मध्य देश में पांच मास राजयुद्ध रहे।

जगत् (वर्षेश) लग्न कुण्डली में धनु लग्न उदित हुआ है। लग्नेश गुरु छटे भाव में चन्द्र गुरु युक्त है। शनि-मंगल क्रूर ग्रहों का परस्पर **सम-सप्तक** योग बना हुआ है। **तुला राशिस्थ** शनि का मेषस्थ सूर्य के साथ भी समसप्तक योग बन रहा है। इसके प्रभावस्वरूप भारत, पाकिस्तान, नेपाल, बंगलादेश, श्रीलंका आदि विकासशील देशों में राजनीतिक, सामाजिक एवं आर्थिक परिस्थितियाँ संघर्षपूर्ण, अस्थिर एवं अनिश्चित होंगी। इन देशों में भ्रष्टाचार, महँगाई आदि **आर्थिक संकट बढ़ेंगे।** अरब एवं खाड़ी देशों जैसे-सीरिया, लीबिया, मिस्र, स्याम, यूगाण्डा, सूडान आदि देशों में क्रान्तिकारी ग्रुप निरंकुश तानाशाही नेताओं के विरुद्ध बगावत पर उतर आएँगे। कुछ देशों में हिंसक/हत्याएँ, सत्ता-परिवर्तन, यान-दुर्घटनाएँ होने के भी योग हैं। **भारत, पाकिस्तान, अफगानिस्तान आदि एशिया के कुछ देशों सहित अमेरिका एवं अन्य यूरोपीय देश-जैसे ब्रिटेन, फ्रांस, स्पेन, जर्मनी, इटली, बैल्जियम, पुर्तगाल, पोलैण्ड, डैनमार्क आदि देश जबरदस्त महँगाई एवं गम्भीर आर्थिक संकट की गिरफ्त में आ जाएँगे।**

● **विश्व का राजनीतिकमंच**-चीन व पाकिस्तान की बढ़ती सामरिक शक्ति एवं घातक परमाणु हथियारों के संग्रह तथा सीमाओं के विस्तारवाद की प्रवृत्ति के कारण विश्व के गुट

निरपेक्ष राष्ट्र संगठनों को **विश्व शान्ति** के लिए नए सिरे से सोचना होगा। संहारक परमाणु हथियारों के निर्माण के दौड़ में विश्व के अनेक विकसित एवं विकासशील देश शामिल हो जाएँगे। कुछ देशों के मध्य गुप्त सामरिक समझौते विश्व शान्ति हेतु चिन्ता का विषय होंगे।

हिजरी संवत् 1934 के मुताबक नए इस्लामिक वर्ष (1 मुहर्रम) का प्रारम्भ 16 नवम्बर, 2012 ई. शुक्रवार, मूल नक्षत्र कालीन वृष लग्न में हो चुका है। लग्नेश शुक्र **पंचम भाव** (प्रशासनिक बुद्धि) में नीच राशि (कन्या राशि, जोकि पाकिस्तान, टर्की, बगदाद, ग्रीस आदि की भी राशि है) में पड़ा है। सप्तम भाव (अन्तर्राष्ट्रीय सम्बन्ध) में सूर्य, राहु का अशुभ योग बना हुआ है। ग्रह स्थिति के अनुसार **बंगलादेश, अफगानिस्तान, पाकिस्तान, सीरिया, ईराक, युगाण्डा, जार्डन, श्याम, मिस्र आदि मुस्लिम बाहुल्य देशों में राजनैतिक एवं सामाजिक** हालात अनिश्चित रहेंगे। उपरोक्त देशों प्रमुख नेतृत्व सरकारी व सुरक्षा-कर्मचारियों को अफगानी आतंकवादी कट्टर संगठनों द्वारा गम्भीर हिंसक चुनौतियों का सामना रहेगा। आतंकी हमलों एवं विस्फोटक घटनाओं के कारण सामान्य बेकसूर जनता जुल्मों का शिकार होगी।

मुस्लिम राष्ट्रों की वर्ष कुण्डली

नववर्ष प्रवेश कुण्डली और वर्षेश (जगत्) लग्न कुण्डली-दोनों में ग्रह विश्लेषण से लक्षित होता है कि विश्व के अधिकांश देश अपने-अपने देशों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से घातक परमाणु हथियारों के संग्रह करने की दौड़ में शामिल रहेंगे। विश्व की दोनों बड़ी शक्तियाँ रूस किंवा चीन भी अरब एवं खाड़ी देशों में अमेरिका व कुछ अन्य यूरोपीय देशों का हस्तक्षेप सहन नहीं करेंगे। विश्व के प्रमुख देशों के मध्य आपसी टकराव एवं अवरोधों के बावजूद अमेरिका, जर्मनी, फ्रांस, इंग्लैण्ड, आस्ट्रेलिया आदि विकसित देश तथा विकासशील देश, भारत, जापान, सिंगापुर, मलेशिया, हांगकांग, ईरान, पाकिस्तान आदि देशों के मध्य व्यापारिक एवं राजनीतिक सम्बन्धों में वृद्धि होगी। विभिन्न देशों में व्यापारिक एवं सांस्कृतिक आदान-प्रदान, मनोरंजन, दूरसंचार, कम्प्यूटर्ज़, साईंस, हस्तशिल्प, तकनीकि क्षेत्रों, न्यूक्लियर साईंस, परमाणु ऊर्जा, दूरसंचार, अन्तरिक्ष विज्ञान, शिक्षा आदि क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति होगी।

सन् 2013 ई. में ग्रहगोचर और विश्व के हालात

सन् 2013 ई. के प्रारम्भ में ही **पौष मास** में पाँच शनि एवं **पाँच रविवार** होने से विश्व में अनेक देशों के समीकरणों में परिवर्तन एवं कहीं विद्रोहियों एवं तानाशाही सत्ताधारियों के बीच खूनी टकराव एवं हिंसक घटनाएँ घटित होने के समाचार मिलेंगे, विशेषकर **लीबिया, ईराक, सीरिया, स्याम, पाकिस्तान, अफगानिस्तान** आदि मुस्लिम बाहुल्य देशों में दहशतगर्दियों द्वारा हिंसक वारदातें होने के संकेत हैं-

यत्र मासे रविवाराः जायन्ते पंच सततम्।
दुर्भिक्षं छत्रभंग स्यात् दास्ते च महद्भयम्।।

कहीं युद्ध, सैनिक टकराव एवं छत्रभंग (सत्ता परिवर्तन) होने के योग हैं। **फाल्गुन** मास में **पाँच मंगलवार** होने से विश्व में किसी प्रमुख नेता के निधन या अपदस्थ होने एवं शासन परिवर्तन होने के योग हैं-

यत्र मासे महीसूनो पंचवासराः।
रक्तेन पूरिता पृथ्वी छत्रभंगस्तदा भवेत्।।

चान्द्र वैशाख मास (26 अप्रै. से 26 मई) में **पाँच शनिवार** होने से भारत, पाकिस्तान, अफ़गानिस्तान, नेपाल, सीरिया, लीबिया, कोरिया आदि अनेक देशों में आर्थिक संकट के बादल मंडराने लगेंगे। उपभोग्य वस्तुओं के मूल्यों में अत्यधिक तेजी होगी। सामान्य लोगों का जीना दूभर हो जाएगा। कहीं प्राकृतिक अपदाओं से भूस्खलन, भूकम्प, अग्किाण्ड आदि प्राकृतिक उत्पात एवं पूर्वोत्तरी मुस्लिम देश में छत्रभंग होने के संकेत हैं-

शनिवारा यदा पंचपाताले कम्पते फणीः।
ईशान देश भङ्गश्च वह्णि दाहो महर्धता।।

अप्रैल, मई एवं जून-तीन महीनों में क्रमशः मीन, मेष एवं वृष राशियों पर चार एवं **पाँच ग्रही** योग बनने से किसी खाड़ी देश-युगाण्डा, सीरिया, मिस्र, ईरान, अफगानिस्तान, पाकिस्तान आदि देशों में आतंकी, हिंसक एवं विस्फोटक घटनाएँ घटित होने के संकेत मिलते हैं-

एक राशौ यदा यान्ति चत्वारः पंचखेचराः।
प्लावयन्ति मही सर्वां रूधिरेण जलेन वा।।

31 मई से गुरू अतिचार गति से मिथुन राशि में प्रविष्ट होगा, शनि तुला राशि में पहले से वक्र गति से संचार कर रहा है, जिससे खाड़ी देशों एवं अन्य मुस्लिम देशों जैसे-पाकिस्तान, अफगानिस्तान, सीरिया आदि देशों में युद्ध भय एवं हिंसक घटनाएँ घटित होने के योग हैं-

अतिचार गते जीवे वक्री भूते शनिश्चरे।
हा ! हा ! भूतं जगत् सर्वं रूण्डमालां महीतले।।

5 जुलाई से 4 अक्तू. के बीच **मंगल-शनि** के मध्य परस्पर दृष्टि सम्बन्ध होने से चीन, जापान, बंगलादेश, नेपाल तथा अमेरिका, मैक्सिीको व यूरोप के कुछ देशों में, भूस्खलन, ज्वालामुखी विस्फोट, समुद्री, तूफान, यान दुर्घटनाओं या प्राकृतिक आपदाओं के कारण जन-धनादि की भारी क्षति होने के संकेत हैं।

तुला राशिस्थ शनि का प्रभाव

वि. संवत् २०७० के दौरान सारा वर्ष शनि तुला राशि में एवं स्वाती व विशाखा नक्षत्रों में संचार करेगा। तुला राशि में संचार का गोचरफल शास्त्र में अशुभ एवं अनिष्टकर लिखा

में संचार करेगा। तुला राशि में संचार का गोचरफल शास्त्र में अशुभ एवं अनिष्टकर लिखा गया है। विश्व में उपद्रव, अग्निकाण्ड, हिंसक एवं विध्वंसकारी घटनाएँ अधिक होंगी–

सूर्य पुत्रे तुले जाते हि अग्न्युपद्रवं आदिशेत्।
सप्त धान्य महर्घाणि मेदिनी नष्टकारिका।।

दैनिक उपभोग्य एवं आवश्यक वस्तुओं में जबरदस्त तेजी रहने के संकेत हैं। अधिकांश **देश आर्थिक मन्दी का शिकार होंगे।**

विश्व के कुछ अन्य देश

अमेरिका (America)—इसकी प्रभाव राशि मिथुन है। वर्ष प्रवेश कुं. तथा वर्षेश (जगत् लग्न) दोनों कुण्डलियों में राशि स्वामी बुध अस्तंगत स्थिति में है। फलस्वरूप अमेरिका के वर्तमान नेतृत्व (ओबामा) को आगामी (भावी) चुनावों में गम्भीर चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा। विपक्ष द्वारा देश में व्यापारिक एवं आर्थिक क्षेत्रों में व्याप्त मन्दी का मुख्य उत्तरदायित्व प्रैज़िडैण्ट ओबामा को ठहराए जाने से उनकी प्रतिष्ठा को भारी ठेस पहुँचेगी। सीरिया, स्याम, यमन आदि खाड़ी देशों में हस्तक्षेप के सम्बन्ध में रूस, चीन आदि देशों के साथ राजनैतिक टकराव एवं विरोध का सामना रहेगा। अफगानिस्तान में अपना वर्चस्व बनाए रखने के लिए पाकिस्तान को आर्थिक सहायता का क्रम जारी रखेगा। भारत के साथ भी राजनैतिक एवं कूटनीतिक सम्बन्ध द्वारा यथावत् बनाए रखेगा। राष्ट्रपति ओबामा द्वारा किसी विशेषवर्ग (लातीनी) को खुश करने के लिए नई इमीग्रेशन नीति एवं आव्रजन के नियमों में परिवर्तन करने की घोषणा करेंगे। परमाणु एवं अन्तरिक्ष कार्यक्रमों को विशेष प्रोत्साहित करेगा।

पाकिस्तान (Pakistan)–जगत् लग्न कुं. तथा वर्ष कुण्डली में इसकी प्रभावराशि (कन्या) का स्वामी नीचस्थ होकर पड़ा है जबकि मुस्लिम राष्ट्रों की कुं. में इसकी राशि पर शुक्र भी नीच राशि का है तथा शनि साढ़साती का असर भी अभी रहेगा। ग्रह स्थिति के अनुसार पाकिस्तान का सामाजिक, राजनैतिक एवं आर्थिक हालात अस्थिर एवं अनिश्चित रहेंगे। तानाशाही सैनिक दबाव तथा जनता की अमरीका विरोधी भावनाओं के दृष्टिगत नवनिर्वाचित प्रधानमन्त्री राजा परवेज़ अशरफ़ का पूरे कार्यकाल तक सत्तारूढ़ बने रहना संदिग्ध रहेगा। पाकिस्तान के अन्दरूनी हालात उलझनपूर्ण रहेंगे। अफगानी सीमाओं से आतंकियों की घुसपैठ बढ़ेगी। कुछ शीर्षस्थ नेताओं की दोषपूर्ण नीतियों के कारण मुल्क के कुछ हिस्सों में दहशतगर्दी की हिंसक एवं विस्फोटक घटनाओं के कारण बेकसूर लोगों को अपने अमूल्य जीवन गँवाने पड़ेंगे। भारत के साथ शान्ति वार्ताओं के क्रम चलेंगे, परन्तु कोई ठोस परिणाम नहीं निकल पाएँगे।

वि. सम्वत् २०७० में ग्रह स्थिति और भारतवर्ष

जन्म कुं. स्वतंत्र भारत
15 अग., 1947 ई.

कुं. गणतंत्र दिवस
26 जन., 1950 ई.

कुं. स्वतंत्र भारत (66वां वर्ष)
15 अग. 2012-13 ई.

स्व. भारत वर्ष 67वाँ
15-08-2013 ई.

कुं. गणतन्त्र दिवस
26 जन. 2013 ई. वर्ष 64वाँ

स्वतन्त्र भारत के 66वें साल की वर्ष कुण्डली में भारत धनु में प्रविष्ट हो चुका है। वर्ष लग्न का स्वामी ग्रह गुरू छटे भाव में शत्रु राशिगत होकर केतु युक्त है। ग्रह स्थिति के अनुसार आगामी वर्ष केन्द्रिय भारत सरकार तथा सामान्य प्रजा के लिए गम्भीर चुनौतियों एवं कठिन समस्याओं से भरे होंगे। देश के पूर्वी (असम, मेघालय आदि) सीमावर्ती इलाकों में जातीय दंगा-फिसाद तथा पूर्वोत्तरी भागों में माओवादी किंवा नक्सलवादी आतंकियों हिंसक वारदातों के कारण निर्दोष व्यक्तियों के हिंसा का शिकार होने के संकेत मिलते हैं।

द्वितीयेश (आर्थिक एवं व्यापारिक स्थिति का स्वामी) शनि एकादश स्थान में मंगल युक्त होकर मुंथा के साथ है। फलस्वरूप व्यापारिक क्षेत्रों में बढ़ता हुआ मुद्रा प्रसार, तीव्र

गति से बढ़ती जनसंख्या, दैनिक उपभोग्य वस्तुओं के मूल्यों अत्यधिक वृद्धि, देश में दिन-प्रतिदिन बढ़ता भ्रष्टाचार, बेईमानी, कानून और व्यवस्था की समस्या, बेरोज़गारी, दुर्भिक्ष (सूखा) एवं अनेक राज्यों में बिजली और पेयजल का संकट इत्यादि बुनियादी समस्याओं में अत्यधिक वृद्धि के कारण सामान्य लोगों का जीना दूभर हो जाएगा। सामान्य लोगों में वर्तमान प्रधानमन्त्री एवं यू.पी.ए. II सरकार **की विश्वसनीयता में ज़बरदस्त कमी आएगी।**

18 अग. से 4 अक्तू. के मध्य **मंगल-शनि** के बीच पारस्परिक दृष्टि सम्बन्ध होने तथा **स्वतन्त्र-भारत के 67वें वर्ष की कुण्डली में अष्टमभाव में मुंथा नीचराशिस्थ चन्द्र युक्त होने से केन्द्रिय मन्त्रीमण्डल में विशेष** परिवर्तन होने तथा किसी मूर्धन्य नेता के अपदस्थ या आकस्मिक निधन होने के योग पाए जाते हैं।

गणतन्त्र दिवस (26 जनवरी, 2013 ई.) के 64वें साल की वर्ष-कुण्डली में भारतवर्ष वृष लग्न में प्रवेश करेगा। वर्ष लग्नेश शुक्र अष्टम भाव (आकस्मिक विपत्ति या दुर्घटना भाव) में शत्रु राशि, धनु में है, तथा अष्टमेश गुरु लग्न में स्थित होने से स्थान-विपर्यय योग बना है, और अष्टमभावस्थ शुक्र पर मुंथा की विशेष दृष्टि पड़ना तथा मुंथेश बुध का भाग्य स्थान में होना इत्यादि स्थितियां संकेत करती हैं कि वर्ष का पूर्वार्द्ध भाग (प्रथम 6 महीने) प्रधानमन्त्री डॉ. मनमोहन सिंह तथा यू.पी.ए. सरकार के लिए संकटपूर्ण होंगे। देश के भीतर आन्तरिक सामाजिक, राजनीतिक एवं आर्थिक परिस्थितियां अस्थिर एवं चुनौतिपूर्ण होंगी। दैनिक उपभोग्य वस्तुओं के मूल्यों में उत्तरोत्तर वृद्धि एवं आवश्यक वस्तुओं में कमी के कारण सामान्य लोगों के धीरज का बाँध टूटने की कगार पर होगा। दिल्ली तथा देश के विभिन्न प्रदेशों में जबरदस्त महँगाई एवं व्याप्त भ्रष्टाचार, काला धन एवं टैक्सों में भारी वृद्धि आदि समस्याओं को लेकर यू.पी.ए. सरकार के विरोध में लोग अपना आक्रोश (गुस्सा) भूख हड़ताल, अनशन, राष्ट्रव्यापी जन-आन्दोलन के रूप में करेंगे। भारत की प्रभाव राशि मकर पर सूर्य बुध का योग बना हुआ है, तथा राशिपति शनि छटे भाव में राहु युक्त होकर स्थित है। ध्यान रहे, संवत् २०७० में शनि वर्ष का मन्त्री भी है। जिस कारण यू.पी.ए. के प्रधानमन्त्री, गृहमन्त्री, वित्त-मन्त्री आदि गठबन्धन सरकार की मजबूरियों के दृष्टिगत बढ़ती महँगाई, भ्रष्टाचार एवं प्राकृतिक आपदाओं के कारण होने वाली देशव्यापी, विपत्तियों के प्रति लाचार रहेंगे। कोई प्रभावी कदम नहीं उठा पाएंगे।

देश की उत्तर-पूर्वी सीमाओं पर तथा सीमावर्ती क्षेत्रों में माओवादी नक्सलवादी गुटों सहित चीनी सेनाओं का अतिक्रमण योजनाबद्ध साजिश के तहत जारी रहेगा। चीन के साथ युद्ध के बादल सतत मंडराते रहेंगे। इसके अतिरिक्त पश्चिमी सीमाओं पर तालिबानी संगठनों एवं आतंकी ग्रुपों द्वारा विस्फोटक हथियारों के साथ तथा नकली भारतीय करंसी सहित घुसपैठ करने की कुचेष्टाएँ करते रहेंगे। इस प्रकार भारत के शान्तिपूर्ण लोकतान्त्रिक ढाँचे को हानि पहुँचाने के सतत प्रयास करेंगे। चीन के साथ युद्ध का खतरा बराबर बना रहेगा।

भारत को अपने सुरक्षात्मक प्रबन्धों की ओर मज़बूत करने की आवश्यकता होगी तथा भारत सरकार को चीन, पाकिस्तान आदि पड़ोसी देशों की गुप्त एवं कुटिल सैन्य-गतिविधियों से चौकस रहना होगा।

केन्द्रिय सरकार की दोषपूर्ण नीतियों के कारण देश के साधन सम्पन्न धनी लोग और अमीर तथा अधिकांश सामान्य एवं साधारण लोग जबरदस्त महँगाई की चक्की में पिसते रहेंगे। दैनिक उपभोग्य वस्तुओं की कीमतों में आशातीत तेजी, बिजली एवं पानी विशेषकर पेय-जल की आपूर्ति में कमी, पैट्रोल, गैस, डीज़ल, खाद्यान्न, खाद्य-तेल, सब्ज़ियां, सभी प्रकार की दालें, दूध-पनीर, फलादि सभी उपभोग्य वस्तुओं जैसे-सोना, चान्दी, पीतल, लोहा, ताम्बा, स्टील आदि के थोक व परचून दाम साधारण लोगों की पहुँच से दूर एवं कठिन होते जाएँगे। वस्तुतः आने वाले वर्ष में भारतवर्ष के राजनीतिक (आन्तरिक एवं बाह्य परिस्थितियां) सामाजिक एवं आर्थिक हालात अत्यन्त क्लिष्ट, कठिन एवं संघर्षपूर्ण होंगे। यू.पी.ए. सरकार के लिए अग्नि परीक्षा का वर्ष होगा। देश में भ्रष्टाचार, काला बाज़ार उन्मूलन आदि को लेकर स्वतन्त्रता सेनानी अन्ना हज़ारे तथा बाबा रामदेव जी द्वारा संचालित सत्यग्रह, अनशन व जन आन्दोलन का देशव्यापी प्रभाव आगामी चुनावों में अवश्य पड़ेगा।

वि. सम्वत् २०७० में गोचरग्रह और भारत वर्ष

सन् 2013 ई. के प्रारम्भ में चांद्र पौष मास (1 जन. से 27 जन.) के मध्य पाँच शनि एवं पाँच रविवार होने से अनाजादि दैनिक उपभोग्य वस्तुओं के मूल्यों में जबरदस्त तेज़ी होने से लोगों में क्रोध, भय एवं अशान्ति बढ़ेगी। कुछ स्थलों पर लोगों में क्लिष्ट (पेचीदा) प्रकार के रोगों की व्याप्ति होगी। जन-आन्दोलन, उपद्रव, साम्प्रदायिक दंगे एवं हिंसक घटनाएँ अधिक होंगी।

शनिवारा यदा पंच जायन्ते रविपंचकम्।
महर्घं जायते धान्यं रोगशोकाकुला पृथिवी।।

सन् 2013 ई. के वर्षारम्भ से वर्षान्त तक शनि (जोकि भारत की प्रभावराशि मकर का राशिस्वामी भी है) एवं राहु का योग बना रहेगा। जिसके प्रभावस्वरूप भारत में राजनैतिक समीकरणों में विशेष परिवर्तन देखने को मिलेंगे। कहीं उपद्रव हिंसक घटनाएं एवं युद्ध जैसे हालात बनेंगे-

यदा राहुस्तुले याति क्रूरः क्रूर समन्वितः।
मेदिन्यां सस्य नाशः स्याद् दुर्भिक्षं तत्र दारूणम्।।

फाल्गुण मास (26 फर. से 27 मार्च) में पाँच मंगलवार होने से देश के कुछ भागों में उपद्रव, साम्प्रदायिक टकराव, अग्निकाण्ड, राजनैतिक टकराव एवं हिंसक घटनाएँ होने के संकेत हैं। **केन्द्रिय मन्त्रीमण्डल** में महत्त्वपूर्ण परिवर्तन होने के योग हैं। देश के प्रमुख नेतृत्त्व के लिए अशुभ किंवा अपदस्थ होने के योग हैं-

यत्र मासे महीसूनो जायन्ते पंचवासराः।
रक्तेन पूरिता पृथिवी छत्रभंगस्तदा भवेत्।।

आगे चांद्र चैत्र मास (28 मार्च से 25 अप्रैल) में **पाँच वृहस्पति** (गुरु) वार होने से देश के कुछ भागों जैसे-असम, कश्मीर, उत्तर प्रदेश, पूर्वोत्तरी बिहार-उड़ीसा, गुजरात आदि प्रदेशों में उपद्रव, आतंक एवं हिंसा की घटनाएँ होने के संकेत हैं। देश में भ्रष्टाचार, मुनाफाखोरी एवं अत्यन्त महँगाई के विरुद्ध अनेक समाजसेवी संगठन जैसे-अन्ना हज़ारे, बाबा रामदेव आदि दोषपूर्ण सरकारी नीतियों के विरुद्ध जबरदस्त जन-आंदोलन चलाएँगे। जिनका सरकारी तंत्र पर स्पष्टतः प्रभाव दिखलाई देगा-

यत्र मासे पंचवारा जायन्ते च बृहस्पतेः।
विग्रह पश्चिमी देशे खड्ग युद्धं जायते।।

सीरिया, स्याम तथा पश्चिमी एवं यूरोपीय देशों में भी कहीं आतंकी एवं विस्फोटक घटनाएँ घटित होने के योग हैं।

13 अप्रैल को **वैशाख संक्रान्ति, शनिवार** को होने से सर्वप्रकार के अनाज बहुत महंगे होंगे। लोगों में विशिष्ट प्रकार के रोग होंगे। राजनेताओं और लोगों के मध्य टकराव हों तथा कहीं दुर्भिक्ष एवं युद्ध जैसी स्थितियां बनेंगी।

सौरेश्चवारे रवि संक्रमश्चेद्दुर्भिक्षमायाति च सर्वधान्यम्।
पृथ्वी सरोगानृपतेः प्रजासु भवेन्महायुद्धभयं तदानीम्।।

25 अप्रैल को खण्ड चन्द्रग्रहण होने से खाद्यान्न में तेजीकारक होगा।

28 अप्रैल से 4 मई तक मेष राशि पर सूर्य-बुध, मंग-केतु आदि का पंचग्रही योग, तदनन्तर **5 मई से 12 मई तक** इसी राशि पर चारग्रही बनाने से देश में अनेक स्थानों अर्थात् प्रदेशों एवं यू.पी.ए. सत्तारूढ़ प्रमुख नेता के लिए अशुभ फलकारी होगा-

चत्वारः पंचवा खेटा बलिनस्त्वेक राशिगाः।
राज्ञां बहुभय दद्युः अरिभिः दुखदा मताः।।

देश को अनेक प्रकार से आन्तरिक एवं बाह्य शत्रुओं का भय होगा। **12 अप्रैल से 22 मई के बीच शनि-मंगल** ग्रहों के मध्य समसप्तक योग बना हुआ है। तथा **14 मई से 27 मई** के मध्य वृष राशि पर पुनः **चतुर्ग्रही योग** घटित होगा। इस **कालावधि में राजनीतिक** हालात अस्थिर एवं संघर्षपूर्ण होंगे। देश की अधिकांश विकास योजनाओं की गति धीमी रहेगी।

चान्द्र ज्येष्ठ मास (26 मई से 23 जून) में पाँच **रविवार** होने से देश में कहीं अनाज की कमी हो, अत्यधिक महंगाई व अकाल जैसी स्थिति बने। कहीं छत्रभंग (सत्ता परिवर्तन) के संकेत मिलते हैं। अनिश्चितताओं के कारण लोगों में भय व आतंक रहे-

यत्र मासे रविवाराः जायन्ते पंच सततम्।
दुर्भिक्षं छत्रभंगस्यात् दास्ते च महद्भयम्।

13 अप्रैल से 22 मई तक **शनि-मंगल** के मध्य समसप्तक योग तथा 23 मई से 4 जुला. तक शनि-मंगल मध्ये षडाष्टक योग होने से देश के कुछ प्रदेशों जैसे-उ.प्र., मध्य प्रदेश, बिहार-उड़ीसा, असम, जम्मू-कश्मीर आदि के सीमावर्ती प्रदेशों में उपद्रव, हिंसक एवं विस्फोटक घटनाएं होने के संकेत हैं।

जून के प्रारम्भ से ही गुरु अतिचारी गति से मिथुन राशि में प्रविष्ट हो चुका है, जबकि शनि पहले से तुला राशि में वक्री अवस्था संचार कर रहा है।

फलस्वरूप **जून-जुलाई** में अतिवर्षा के कारण कहीं बाढ़ आदि से जन-धन-धान्य आदि की क्षति होगी। कहीं कम वर्षा से दुर्भिक्ष एवं अनाज की कमी होगी। सत्तारूढ़ प्रमुख नेता के लिए हानिकारक होगा। मंत्रीमण्डल में परिवर्तन के योग हैं-

यदा सौम्य ग्रहः कोऽपि अतिचारोऽपि जायते।
दुर्भिक्षं नृप पीडाच शुभं न दृश्यते क्वचित्।।

सीमावर्ती प्रदेशों पर युद्ध भय एवं विस्फोटक घटनाएँ घटित होने के संकेत हैं।

श्रावण मास (23 जुला. से 21 अग.:) में पुनः **पाँच मंगलवार** होने से सामाजिक व राजनीतिक वातावरण के लिए शुभ नहीं। किसी प्रमुख नेता के अपदस्थ या आकस्मिक मृत्यु अथवा सत्ता परिवर्तन के योग हैं। मंगलवारी अमावस (6 अगस्त) का फल भी शुभ नहीं- **"राज्य भ्रंशो राजयुद्धं क्लेशानां च प्रवर्द्धनम्।"** राजनीतिक रूप से अनिश्चितता की स्थिति बनेगी।

18 अग. से 4 अक्तू. के मध्य **मंगल** कर्क (नीच) राशि में आकर **शनि** के साथ पारस्परिक (4-10) दृष्टि रहेगी।

कर्क राशि में मंगल होने से सब प्रकार के अनाज महँगे होंगे। गाय, भैंस, पशुचारा, ईख आदि महँगे होंगे। मंगल की शनि पर शत्रु दृष्टि होने से चीन, पाकिस्तान आदि पड़ोसी देशों के साथ टकराव एवं सम्बन्धों में तनाव पैदा होंगे। सीमाओं पर शत्रु-सैनिकों की गतिविधियां बढ़ेंगी। सत्तारूढ़ प्रमुख नेतृत्व के लिए यह समयावधि विशेष चिन्तनीय होगी।

17 अक्तूबर को **सूर्य तुला** में प्रविष्ट होकर शनि व राहु के साथ मेल करेगा। ऐसा योग आगामी फसलों के लिए हानिकारक होगा। किसी प्रदेश में अनाजादि कमी के कारण दुर्भिक्ष की स्थिति बनेगी। धान्यादि अभावों के कारण ग़रीबी बढ़ेगी। इससे पूर्व संग्रह किए गए खाद्यान्न धान्यादि का समुचित संग्रह करना लाभप्रदायक होगा। ज्योतिषियों के लिए भी यह योग लाभ प्रदायक होगा-

तुला राशिं यदा राहुः संस्थितः संक्रमेरवेः।
तदाभवति दुर्भिक्षं पितुः पुत्रस्य विक्रयः।।
वार्षिक संग्रहं कुर्यात् व्रीहीणां च विशेषतः।
गणकानां तथा लोके लाभः कंबलकांस्यतः।।

चा. कार्तिक मास (19 अक्तू. से 17 नवं. तक) में पांच शनिवार एवं 5 रविवारों का समावेश होने से लोगों में विचित्र प्रकार के रोग प्रकट होंगे। कहीं उपद्रव, जन-आन्दोलन,

साम्प्रदायिक दंगे एवं विस्फोटक एवं हिंसक घटनाएँ घटित होने का भय है। सीमाओं पर शत्रु की सैनिक गतिविधियाँ बढ़ेंगी।

चान्द्र मार्गशीर्ष मास (18 नवं. से 17 दिसं.) के मध्य पाँच सोमवार तथा पाँच मंगलवार समाविष्ट होने से देश में धान्यादि की फसलें अच्छी होने के संकेत हैं। जनसंख्या में वृद्धि तथा उच्चवर्ग के लिए सुख-साधन व मनोरंजन के साधन बढ़ेंगे। 5 मंगलवार होने से देश के किसी प्रमुख नेता के लिए अशुभकारी होंगे। पाक-चीनादि विरोधी देशों के साथ टकराव के होने के संकेत हैं। केन्द्रिय मंत्रीमण्डल में अथवा किसी प्रान्त में सत्ता परिवर्तन होने के योग हैं। आवश्यक वस्तुओं में जबरदस्त तेजी के कारण प्रजा में आक्रोश एवं गहन असंतोष व्याप्त होगा। 15 दिसं. को रविवार की संक्रान्ति भी देश के प्रमुख प्रधान के लिए अशुभ होगी-

संक्रान्तिरादित्य दिने न शस्ताकरोति युद्धं नृपतेरतीव।
धान्यं महर्घं प्रतिरौद्र वार्ता प्रजाभवेद् दुःखिहीनदीना।।

प्रमुख राजनैतिक दल

–कांग्रेस पार्टी–

कुण्डली कांग्रेस पार्टी

9 (लग्न), 10 मं., 8 सू. बु., 11 रा., 7 गु. शु., 12, 6, 1, 5 के., 3, 2, 4, 1 चं. श.

कांग्रेस पार्टी की कुण्डली में धनु लग्न उदित है। वर्षारम्भ से 30 मई के लग्नेश गुरु षष्ठ भाव में वृष (शत्रु) राशिस्थ होकर संचार करेगा। ता. 31 मई से लग्नेश गुरु की स्वगृही दृष्टि रहेगी। परन्तु वर्षभर शनि की दृष्टि लग्न एवं राशि पर रहेगी। फलस्वरूप सन् 2012 ई. के अन्त या मई, 2013 ई. तक में कुछ राज्यों (हिमाचल, गुजरात, दिल्ली, महाराष्ट्र) में चुनाव हुए तो कांग्रेस पार्टी को हानि होने की सम्भावना रहेगी। ता. 23 मई से 18 अग. तक मंगल, अपरं च 31 मई से वर्षान्त तक गुरु की दृष्टि रहने से कुछ राज्यों में कांग्रेस की स्थिति बेहतर होगी। नए राजनीतिक मंच बनने के बावजूद कुछ राज्यों में कांग्रेस की स्थिति सुदृढ़ होगी। वर्ष के उत्तरार्ध में लोकसभा चुनावों की आहट होने के कारण पार्टी द्वारा लोक लुभावन की विभिन्न योजनाओं की उद्घोषणाएँ की जाएंगी। कांग्रेस कोर कमेटी, संगठन में विशेष परिवर्तन संकेत हैं। **श्री राहुल गाँधी** को भी मन्त्रीमण्डल में महत्त्वपूर्ण पद प्राप्ति के योग हैं।

–भारतीय जनता पार्टी–

भाजपा की स्थापना कुण्डली में मिथुन लग्न उदित है। राशिस्वामी मंगल 25 जन. से 4 मार्च तक शत्रु राशि (कुम्भ) में तथा 18 अग. से 4 अक्तू. के मध्य नीच राशिगत संचार करेगा। परन्तु 31 मई से गुरु इस राशि पर संचार करेगा। ग्रहस्थिति अनुसार आगामी वर्ष के उत्तरार्द्ध में पार्टी के संगठन में विशेष फेरबदल होगा। यद्यपि वर्ष 2012 के अन्त में कुछ राज्यों में विजयी होने के बाद सत्ता के आधिपत्य की भावना से ग्रस्त होने से बचकर पार्टी संगठन की ओर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता रहेगी, अन्यथा पार्टी में कुछ बिखराव एवं अन्तर्विरोध स्पष्ट रूप से सामने आएंगे। कुछ राज्यों में हार के कारण विश्लेषण की आवश्यकता रहेगी, सितम्बर, 13 के बाद शीर्ष नेतृत्व में श्री गडकरी, श्री अरुणजेतली, श्री लाल कृष्ण आडवानी एवम् श्रीमती सुषमा स्वराज के प्रयासों से पार्टी में अन्तर्कलह को विराम लगेगा तथा आगामी लोकसभा चुनावों के लिए स्पष्टतः रूपरेखा तैयार की जाएगी। पार्टी संगठन एवं कोर कमेटी में विशेष परिवर्तन होंगे।

कुं. भारतीय जनता पार्टी

3 (लग्न), 4, 2, 5 मं. गु. श. रा., 1, 6, 12 सू., 9, 7, 11 बु. के., 8 चं., 10

–भारत के कुछ मुख्य प्रान्त–

हिमाचल प्रदेश–इसकी प्रभावराशि मीन तथा नाम राशि कर्क है। 66वें स्वतन्त्र भारत की कुण्डली में इसकी राशि पर शनि की ढैय्या तथा प्रभावराशि का स्वामी गुरु शत्रुराशिगत होकर केतु आक्रान्त है। फलस्वरूप इस वर्ष (अगस्त, 12 के बाद) तथा आगामी वर्ष प्रदेश के लिए कठिन समस्याएँ उत्पन्न होंगी। वर्षान्त में होने वाले विधानसभा चुनावों के दृष्टिगत धूमल जी के नेतृत्व वाली **भाजपा सरकार** द्वारा कई लोकभावन योजनाओं की घोषणाएं की जाएंगी तथा गतवर्षों में भाजपा सरकार द्वारा आरम्भ तथा क्रियान्वित की गई योजनाएं-जैसे-रोज़गार उपलब्धि, गाँवों को सड़कों से जोड़ने की योजना, मुख्य शहरों के बाई-पास, सुपर स्पैशलिटी हॉस्पिटल, पेयजल आपूर्त्ति तथा कई प्रकार की सुरंगों के निर्माण (रोहतांग सुरंग) आदि को बढ़ा-चढ़ा कर बतलाया जाएगा तथा सरकार द्वारा लोगों को मुफ्त बिजली उपकरण, पैंशन, बेरोज़गारी आदि भत्ता आकर्षण सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। परन्तु साधारण वर्ग के लोगों को **प्रदेशव्यापी योजनाओं** का समुचित लाभ नहीं पहुँच पाएगा। फलस्वरूप सत्तारूढ़ दल (भाजपा) को विशेष प्रयास करने होंगे, परन्तु विधानसभा चुनावों में सत्ता विरोधी लहर तथा कांटे की टक्कर के बावजूद अन्ततः भाजपा पार्टी ही विजयी होगी। नवगठित सरकार को हिमाचल की आंतरिक सुरक्षा तथा चीन से सम्पर्क वाली सीमाओं पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता होगी। गगनचुम्बी महंगाई के कारण जन-साधारण लोगों में असंतोष, बेचैनी तथा प्रदेश व केन्द्र-दोनों सरकारों के खिलाफ विक्षोभ रहेगा। वर्षान्त में प्राकृतिक आपदाओं से कृषि, धन एवं लोगों की क्षति होने के योग हैं।

पंजाब–इसकी नाम राशि कन्या तथा प्रभावराशि मीन है। नव गणतन्त्र दिवस कुण्डली तथा स्वतन्त्रता दि. कु. में गोचर ग्रहस्थिति के अनुसार इस प्रदेश के आर्थिक तथा सामाजिक परिस्थितियां विषम सी प्रतीत हो रही हैं।

ध्यान दे, पंजाब शीर्षक के सन्दर्भ में भी गतवर्षीय सं. २०६९ के दिवाकर पंचांग ...

ध्यान दे, पंजाब शीर्षक के सन्दर्भ में भी गतवर्षीय सं. २०६९ के दिवाकर पंचांग के पृष्ठ 70-कालम II पर हमारी भविष्योक्ति (प्रभु-कृपावश) अक्षरशः सत्य प्रामाणित हुई है कि–"अन्ततः अकाली-भाजपा गठबन्धन के पुनः विजयी होने के योग बनते हैं।" पुनः पृष्ठ 63 पर मुख्य कॉलम में भी इस सम्बन्ध में पढ़ें–'**कांग्रेस को आगामी विधानसभा चुनावों में पंजाब, यू.पी. आदि कुछ प्रदेशों में भारी कीमत चुकानी पड़ेगी।'–इस भविष्यवाणी के लिए हमें सैंकड़ों प्रशंसा पत्र एवं टैलीफोन कॉल्स प्राप्त हुईं, जिसके लिए हम अपने पाठकों का हृदय से धन्यवाद करते हैं।**

वर्तमान अकाली-भाजपा सरकार को आगामी वर्ष **वित्तीय प्रबन्धन** की ओर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता होगी। व्यवस्थागत प्रबन्धन में त्रुटियों के कारण किसान, लघु उद्यमी, श्रमिक तथा बढ़ती हुई महँगाई के कारण साधारण जनता अपने आप को असहाय महसूस करेंगे। पंजाब के अधिकांश क्षेत्रों में बिजली एवं पेयजल की कमी, उपभोग्य वस्तुओं की कीमतो में जबरदस्त वृद्धि, भ्रष्टाचार, बेरोजगारी, कानून-व्यवस्था सम्बन्धी समस्या, लघु एवं मध्यम स्तरीय व्यापारियों पर भारी टैक्स वृद्धि ग्रामीण क्षेत्रों की तुष्टिकरण, बिजली कटौती आदि समस्याओं के कारण वर्तमान भाजपा-अकाली सरकार के विरुद्ध शहरी प्रजा तथा व्यापारियों में गहन असन्तोष एवं आक्रोश रहेगा।

जम्मू-काश्मीर–नाम राशि मकर तथा प्रभाव राशि तुला है। 64वें गणतन्त्र दिवस कुण्डली में इसकी प्रभावराशि तुला पर शनि उच्चस्थ होकर राहु युक्त होकर षष्ठस्थ है। ग्रहस्थिति अनुसार आगामी वर्ष सन् 2013 ई. में केन्द्र सरकार द्वारा की गई आर्थिक सहायता के बावजूद राज्य आत्मनिर्भर होने के स्थान पर दिनों-दिन आश्रित होता जाएगा। शिक्षा, स्वास्थ्य एवं गरीबी दर, शिक्षित, बेरोजगारी की समस्या, अनाज उत्पादन में कमी, बिजली एवं पेयजल की आपूर्त्ति, अफीम ड्रग्ज की खेती, छिटपुट आतंकवादी गतिविधियों, घटनाओं के कारण प्रदेश के विकास कार्यक्रमों को हानि पहुँचेगी। पाक प्रेरित आतंकवादी संगठन घाटी में अपनी विध्वंसक कार्यवाहियां करके विश्व का ध्यान काश्मीर की ओर करने की कुचेष्टा करते रहेंगे। अनेक अवरोधों के बावजूद राज्य में **पर्यटन उद्योग** को बढ़ावा मिलेगा। अन्य विकास योजनाओं की ओर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा।

दिल्ली–इसकी प्रभावराशि मकर मानी जाती है। 64वें गणतन्त्र कुण्डली में राशिस्वामी शनि छठे भाव में यद्यपि उच्चस्थ है, परन्तु राहु युक्त तथा अष्टमस्थ एवं व्यय भाव पर अशुभ दृष्टि पड़ रही है। फलस्वरूप इस वर्ष भी सत्तारूढ़ श्रीमती शीला सरकार को गम्भीर चुनौतिपूर्ण उलझनों का सामना करना पड़ेगा। चुनाव पूर्व सरकार परिवहन, सड़क, फ्लाई-ओवर, शिक्षा, पर्यटन तथा खेल के क्षेत्रों में विकास हेतु अनेक सुधारात्मक पग उठाएगी, परन्तु उनका लाभ सामान्य लोगों तक नहीं पहुँच पाएगा। भ्रष्टाचार, अव्यवस्थित वितरण प्रणाली एवं बढ़ती महँगाई के कारण सत्तारूढ़ सरकार की साख एवं प्रतिष्ठा के लिए अत्यधिक क्षतिकारक सिद्ध होगी। आगामी विधानसभा चुनावों में कांग्रेस पार्टी की अपेक्षा भाजपा को स्पष्ट बहुमत मिलने के संकेत हैं।

हरियाणा–इसकी प्रभावराशि मीन तथा नाम राशि मिथुन है। नई गणतन्त्र कुण्डली में मिथुन राशिस्थ मुंथा तथा गु. शत्रु राशिगत होने से जलवायु अनुकूल न रहने से किसान तथा सम्बन्धित वर्ग को विषम परिस्थितियों का सामना करना पड़ेगा। गुटखे पर प्रतिबन्ध, नई लैण्ड पूलिंग योजना, मैट्रो-विस्तार, वन-संरक्षण आदि जैसे-हुड्डा सरकार द्वारा कुछ जन हितैषी निर्णयों से प्रदेश के विकास को कुछ गति अवश्य मिलेगी, परन्तु साधारण जनता तक इसका लाभ पहुँचना सन्देहास्पद रहेगा। सरकार को जन-समस्याओं की ओर विशेष ध्यान देना होगा, अन्यथा परिस्थितयाँ विकट होंगी। असमय वर्षा, खण्ड वर्षा तथा कहीं-कहीं वर्षा के अभाव से दुर्भिक्ष, अकाल जैसी स्थिति रहेगी। आवश्यक वस्तुओं के मूल्यों में आशातीत वृद्धि से जनता में आक्रोश रहेगा।

राजस्थान–प्रभावराशि कर्क तथा नामराशि तुला है। 64वें गणतन्त्र कुण्डली में नाम राशि पर वर्षभर शनि-राहु का संचार प्रभाव राशि पर शनि की दृष्टि आदि गोचरस्थिति अनुसार आगामी वर्ष राज्य के लिए कठिन एवं विषम परिस्थितियाँ लेकर आएगा। साधारण जनता में महँगाई एवं सरकारी नीतियों के विरुद्ध आक्रोश एवं असन्तोष रहेगा।

उपरोक्त भविष्यवाणियाँ देश, स्थान आदि की जन्म कुण्डलियों के ग्रहों की स्थिति दशा एवं गोचर ग्रहों के प्रभाव संकेतानुसार लिपिबद्ध की गई हैं। वास्तव में सर्वज्ञ भविष्यवक्ता तो स्वयं भगवान् ही हैं–

"फलानि ग्रह संचारेण सूचयन्ति मनीषिणः।
को वक्तः तारतम्यस्य वेधसं विना।"

लेख लिपिबद्धम्–
श्रावण शुक्ल पूर्णिमा
2 अगस्त, गुरुवार, सं. 2012 ई.

शुभ चिन्तकः
पं. पन्ना लाल ज्योतिषी पंचाँगकर्त्ता
पं. विवेक शर्मा ज्यो. जालन्धर।

सूर्यादि ग्रहों का राशि प्रवेश, वक्री-मार्गी एवं उदयास्त (घं. मिं.) (सन् 2013-14 ई.)

सूर्य राशि प्रवेश (वर्षारम्भ में धनु में)

ता. मास	राशि	घं. मिं.	ता. मास	राशि	घं. मिं.
13 जन.	मकर	30/59	16 अग.	सिंह.	24/08
12 फर.	कुम्भ	20/01	16 सितं.	कन्या	24/03
14 मार्च	मीन	16/56	17 अक्तू.	तुला	12/00
13 अप्रै.	मेष	25/28	16 नवं.	वृश्चिक	11/48
14 मई	वृष	22/21	15 दिसं.	धनु	26/28
14 जून	मिथुन	28/56	14 जन.(14)	मकर	13/13
16 जुला.	कर्क	15/46	12 फर.	कुम्भ	26/13
			14 मार्च	मीन	23/06

मंगल राशि प्रवेश (संवतारम्भ में मीन में)

12 अप्रै.	मेष	19/36	5 अक्तू.	सिंह	19/40
23 मई	वृष	9/13	26 नवं.	कन्या	19/33
4 जुला	मिथुन	25/11	4 फर.(14)	तुला	14/25
18 अग.	कर्क	25/59	1 मार्च	वक्री	21/52
			25 मार्च	व. कन्या	9/48

बुध राशि प्रवेश (संवतारम्भ में मीन में)

28 अप्रै.	मेष	18/26	10 नवं.	मार्गी	26/51
13 मई	वृष	8/39	1 दिसं.	वृश्चिक	10/04
27 मई	मिथुन	24/43	20 दिसं.	धनु	20/56
26 जून	वक्री	18/37	8 जन(14)	मकर	13/19
20 जुला.	मार्गी	23/46	26 जन.	कुम्भ	23/54
4 अग.	कर्क	21/28	6 फर.	वक्री	27/12
20 अग.	सिंह	28/55	18 फर.	व. मकर	17/43
5 सितं.	कन्या	24/55	28 फर.	मार्गी	19/34
25 सितं.	तुला	6/34	12 मार्च	कुम्भ	9/33
21 अक्तू.	वक्री	15/54			

गुरु राशि प्रवेश (संवतारम्भ में वृष में)

31 मई	मिथुन	6/46	6 मार्च(14)	मार्गी	16/10
7 नवं.	वक्री	10/30	संवतान्त तक मिथुन में रहेगा।		

शुक्र राशि प्रवेश (संवतारम्भ में मेष में)

10 अप्रै.	मेष	17/31	17 जुला.	सिंह	19/32
4 मई	वृष	24/28	11 अग.	कन्या	20/48
29 मई	मिथुन	10/56	6 सितं.	तुला	8/40
[illegible]	[illegible]	[illegible]	2 अक्तू.	वृश्चिक	14/54

शुक्र राशि प्रवेश

ता. मास	राशि	घं. मिं.
5 दिसं.	मकर	14/24
21 दिसं.	वक्री	27/24
(सन् 2014 ई.)		
6 जन.	व. धनु	23/29
31 जन.	मार्गी	26/20
26 फर.	मकर	11/48
31 मार्च	कुम्भ	10/03

—शनि—

(संवतारम्भ में तुला में वक्री)

पूरे संवत् (2013-14 ई.) में तुला राशि में ही संचार करेगा।

8 जुला.	मार्गी	10/29
2 मार्च (14)	वक्री	20/58

—राहु—

(संवतारम्भ में तुला में)

पूरा संवत् तुला में ही संचार करेगा।

—केतु—

(संवतारम्भ में मेष में)

पूरा संवत् मेष में ही संचार करेगा।

—यूरेनस—

सारा संवत् मीन राशि में ही संचार करेगा।

—नैपच्यून—

सारा संवत् कुम्भ राशि में ही संचार करेगा।

—प्लूटो—

ग्रहों का वक्री-मार्गी

मंगल

1 मार्च (14) से वक्री		21/52

30 मार्च (संवतान्त तक वक्री रहेगा।

बुध

26 जून	वक्री	18/37
20 जुला.	मार्गी	23/46
21 अक्तू.	वक्री	15/54
10 नवं.	मार्गी	26/51
(सन् 2014 ई.)		
6 फर.	वक्री	27/12
28 फर.	मार्गी	19/34

गुरु

7 नवं.	वक्री	10/30
6 मार्च (14)	मार्गी	16/10

शुक्र

21 दिसं.	वक्री	27/24
31 जन.(14)	मार्गी	26/20

शनि

8 जुला.	मार्गी	10/29
2 मार्च (14)	वक्री	20/58

संवतान्त तक वक्री रहेगा।

—यूरेनस—

17 जुला.	वक्री	22/49
17 दिसं.	मार्गी	23/10

—नैपच्यून—

7 जून	वक्री	13/58
14 नवं.	मार्गी	00/16

—प्लूटो—

13 अप्रै.	वक्री	01/01

ग्रहों का उदय-अस्त-2013-14 ई.

मंगल

(संवतारम्भ से अस्त)

27 जून	पूर्वोदय	17/25

बुध

30 अप्रै.	पूर्वेऽस्त	5/33
23 मई	पश्चिमोदय	5/17
1 जुला.	व पश्चिमाऽस्त	15/20
18 जुला.	व. पूर्वोदय	19/48
12 अग.	पूर्वेऽस्त	10/15
9 सितं.	पश्चिमोदय	05/24
27 अक्तू.	व. पश्चिमाऽस्त	12/49
7 नवं.	व. पूर्वोदय	23/37
5 दिसं.	पूर्वेऽस्त	9/54
19 जन.(14)	पश्चिमोदय	04/19

बुध (2014 ई.)

9 फर.	व. पश्चिमाऽस्त	23/15
21 फर.	व. पूर्वोदय	25/50

गुरु

6 जून	पश्चिमेऽस्त	21/52
2 जुला.	पूर्वोदय	22/41

शुक्र

(संवतारम्भ से अस्त है)

22 अप्रै.	पश्चिमोदय	13/50
8 जन. (14)	पश्चिमेऽस्त	25/49
15 जन.	पूर्वोदय	04/52

शनि

20 अक्तू.	पश्चिमेऽस्त	14/18
23 नवं.	पूर्वोदय	17/32

✤ ग्रहों का नक्षत्र-चरण प्रवेश-संवत् २०७० वि. (सं. 2013-14 ई.) ✤

सूर्य नक्षत्र प्रवेश

2013 ई.	नक्षत्र	चरण
13 अप्रै.	अश्वि 1 मेष	25/28
17 अप्रै.	अश्वि (2)	11/11
20 अप्रै.	अश्वि (3)	21/04
24 अप्रै.	अश्वि (4)	7/08
27 अप्रै.	भर. (1)	17/21
30 अप्रै.	भर. (2)	27/42
4 मई	भर. (3)	14/12
7 मई	भर. (4)	24/46
11 मई	कृति (1)	11/29
14 मई	कृति 2 वृष	22/21
18 मई	कृति (3)	9/19
21 मई	कृति (4)	20/29
25 मई	रोहि (1)	7/43
28 मई	रोहि (2)	19/04
1 जून	रोहि (3)	6/31
4 जून	रोहि (4)	18/01
8 जून	मृग (1)	5/35
11 जून	मृग (2)	17/23
14 जून	मृग 3 मिथुन	28/56
18 जून	मृग (4)	16/45
21 जून	आर्द्रा (1)	28/33
25 जून	आर्द्रा (2)	16/29
29 जून	आर्द्रा (3)	04/21
2 जुला	आर्द्रा (4)	16/18
5 जुला	पुर्न (1)	28/08
9 जुला	पुर्न (2)	16/04
13 जुला	पुर्न (3)	03/53
16 जुला	पुर्न (4)कर्क	15/46
19 जुला	पुष्य (1)	27/37
23 जुला	पुष्य (2)	15/29
26 जुला	पुष्य (3)	27/13
30 जुला	पुष्य (4)	14/58
2 अग.	आश्ले (1)	26/31

2013 ई.	नक्षत्र	चरण
6 अग.	आश्ले (2)	14/03
9 अग.	आश्ले (3)	25/29
13 अग.	आश्ले (4)	12/50
16 अग.	मघा 1 सिंह	24/08
20 अग.	मघा (2)	11/18
23 अग.	मघा (3)	22/25
27 अग.	मघा (4)	9/21
30 अग.	पू.फा. (1)	20/09
3 सितं.	पू.फा. (2)	6/49
6 सितं.	पू.फा. (3)	17/19
10 सितं.	पू.फा. (4)	03/40
13 सितं.	उ.फा. (1)	13/56
16 सितं.	उफा 2 कन्या	24/03
20 सितं.	उ.फा. (3)	10/02
23 सितं.	उ.फा. (4)	19/53
27 सितं.	हस्त (1)	05/30
30 सितं.	हस्त (2)	14/58
3 अक्तू.	हस्त (3)	24/16
7 अक्तू.	हस्त (4)	9/26
10 अक्तू.	चित्रा (1)	18/24
13 अक्तू.	चित्रा (2)	27/16
17 अक्तू.	चित्रा 3 तुला	12/00
20 अक्तू.	चित्रा (4)	20/33
24 अक्तू.	स्वा. (1)	05/00
27 अक्तू.	स्वा. (2)	13/14
30 अक्तू.	स्वा. (3)	21/20
3 नवं.	स्वा. (4)	05/16
6 नवं.	विशा (1)	13/04
9 नवं.	विशा (2)	20/42
13 नवं.	विशा (3)	04/20
16 नवं.	विशा 4 वृश्चि.	11/48
19 नवं.	अनु. (1)	19/09
22 नवं.	अनु. (2)	26/24
26 नवं.	अनु. (3)	9/31
29 नवं.	अनु. (4)	16/31

2013 ई.	नक्षत्र	चरण
2 दिसं.	ज्ये. (1)	23/27
6 दिसं.	ज्ये. (2)	6/16
9 दिसं.	ज्ये. (3)	13/02
12 दिसं.	ज्ये. (4)	19/46
15 दिसं.	मूल 1 धनु	26/28
19 दिसं.	मूल (2)	9/06
22 दिसं.	मूल (3)	15/43
25 दिसं.	मूल (4)	22/12
28 दिसं.	पू.षा. (1)	28/43
(सन् 2014 ई.)		
1 जन.	पू.षा. (2)	11/12
4 जन.	पू.षा. (3)	17/42
7 जन.	पू.षा. (4)	24/09
11 जन.	उ.षा. (1)	6/39
14 जन.	उषा. 2 मकर	13/13
17 जन.	उ.षा. (3)	19/46
20 जन.	उ.षा. (4)	26/23
24 जन.	श्रव. (1)	9/02
27 जन.	श्रव. (2)	15/43
30 जन.	श्रव. (3)	22/27
3 फर.	श्रव. (4)	05/14
6 फर.	धनि. (1)	12/07
9 फर.	धनि. (2)	19/09
12 फर.	धनि. 3 कुम्भ	26/13
16 फर.	धनि. (4)	9/24
19 फर.	शत. (1)	16/43
22 फर.	शत. (2)	24/05
26 फर.	शत. (3)	7/38
1 मार्च	शत. (4)	15/16
4 मार्च	पू.भा. (1)	22/57
8 मार्च	पू.भा. (2)	6/50
11 मार्च	पू.भा. (3)	14/54
14 मार्च	पू.भा. 4 मीन	23/06
18 मार्च	उ.भा. (1)	7/26
21 मार्च	उ.भा. (2)	15/58

सूर्य नक्षत्र प्रवेश

2013-14 ई.	नक्षत्र	चरण
24 मार्च	उ.भा. (3)	24/35
28 मार्च	उ.भा. (4)	9/23
31 मार्च	रेव. (1)	18/15

मंगल नक्षत्र प्रवेश

(संवतारम्भ में रेव. (4) में)

2013-14 ई.	नक्षत्र	चरण
12 अप्रै.	अश्वि 1 मेष	19/36
17 अप्रै.	अश्वि (2)	05/36
21 अप्रै.	अश्वि (3)	16/06
26 अप्रै.	अश्वि (4)	03/10
30 अप्रै.	भर. (1)	14/45
4 मई	भर. (2)	26/51
9 मई	भर. (3)	15/33
14 मई	भर. (4)	04/48
18 मई	कृति (1)	18/40
23 मई	कृति 2 वृष	9/13
27 मई	कृति (3)	24/21
1 जून	कृति (4)	16/07
6 जून	रोहि (1)	8/33
10 जून	रोहि (2)	25/34
15 जून	रोहि (3)	19/19
20 जून	रोहि (4)	13/48
25 जून	मृग (1)	8/55
30 जून	मृग (2)	04/43
4 जुला.	मृग 3 मिथुन	25/11
9 जुला.	मृग (4)	22/23
14 जुला.	आर्द्रा (1)	20/14
19 जुला.	आर्द्रा (2)	18/48
24 जुला.	आर्द्रा (3)	18/13
29 जुला.	आर्द्रा (4)	18/22
3 अग.	पुर्न (1)	19/06
8 अग.	पुर्न (2)	20/32
13 अग.	पुर्न (3)	22/53
18 अग.	पुर्न 4 कर्क	25/59

मंगल नक्षत्र प्रवेश

2013-14 ई.	नक्षत्र	चरण
24 अग.	पुष्य (1)	05/50
29 अग.	पुष्य (2)	10/31
3 सितं.	पुष्य (3)	15/56
8 सितं.	पुष्य (4)	22/12
14 सितं.	आश्ले. (1)	5/22
19 सितं.	आश्ले (2)	13/34
24 सितं.	आश्ले (3)	22/32
30 सितं.	आश्ले (4)	8/35
5 अक्तू.	मघा 1 सिंह	19/40
11 अक्तू.	मघा (2)	7/57
16 अक्तू.	मघा (3)	21/32
22 अक्तू.	मघा (4)	12/25
28 अक्तू.	पू.फा. (1)	04/40
2 नवं.	पू.फा. (2)	22/40
8 नवं.	पू.फा. (3)	18/22
14 नवं.	पू.फा. (4)	16/21
20 नवं.	उ.फा. (1)	16/36
26 नवं.	उफा. 2 कन्या	19/33
2 दिसं.	उ.फा. (3)	25/46
9 दिसं.	उ.फा. (4)	11/51
15 दिसं.	हस्त (1)	26/49
22 दिसं.	हस्त (2)	23/38
30 दिसं.	हस्त (3)	04/03
(सन् 2014 ई.)		
6 जन.	हस्त (4)	19/01
14 जन.	चित्रा (1)	25/21
24 जन.	चित्रा (2)	7/45
4 फर.	चित्रा 3 तुला	14/25
24 फर.	चित्रा (4)	26/20
1 मार्च	वक्री	21/52
6 मार्च	व. चित्रा (3)	20/12
25 मार्च	व. चित्रा 2 कं.	9/48

बुध नक्षत्र प्रवेश

(संवतारम्भ में पू.भा. में)

2013 ई.	नक्षत्र	चरण
12 अप्रै.	उ.भा. (1)	12/14
14 अप्रै.	उ.भा. (2)	19/39
16 अप्रै.	उ.भा. (3)	24/47
18 अप्रै.	उ.भा. (4)	27/46
21 अप्रै.	रेव (1)	04/56
23 अप्रै.	रेव. (2)	04/27
24 अप्रै.	रेव. (3)	26/26
26 अप्रै.	रेव. (4)	23/05
28 अप्रै.	अश्वि 1 मेष	18/26
30 अप्रै.	अश्वि (2)	12/40
2 मई	अश्वि (3)	05/50
3 मई	अश्वि (4)	21/57
5 मई	भर. (1)	13/13
7 मई	भर. (2)	03/46
8 मई	भर. (3)	17/38
10 मई	भर. (4)	6/58
11 मई	कृति (1)	19/54
13 मई	कृति 2 वृष	8/39
14 मई	कृति (3)	21/19
16 मई	कृति (4)	10/05
17 मई	रोहि (1)	23/11
19 मई	रोहि (2)	12/47
21 मई	रोहि (3)	03/05
22 मई	रोहि (4)	18/25
24 मई	मृग (1)	10/54
26 मई	मृग (2)	04/52
27 मई	मृग 3 मिथुन	24/43
29 मई	मृग (4)	22/43
31 मई	आर्द्रा (1)	23/21
2 जून	आर्द्रा (2)	27/10
5 जून	आर्द्रा (3)	11/10
7 जून	आर्द्रा (4)	24/28

बुध नक्षत्र प्रवेश

2013 ई.	नक्षत्र	चरण
10 जून	पुर्न (1)	21/31
14 जून	पुर्न (2)	6/53
18 जून	पुर्न (3)	19/33
26 जून	वक्री	18/37
4 जुला.	व. पुर्न (2)	
10 जुला.	व. पुर्न (1)	
16 जुला.	व.आर्द्रा (4)	24/50
20 जुला.	मार्गी	23/46
24 जुला.	पुर्न (1)	18/21
29 जुला.	पुर्न (2)	
2 अग.	पुर्न (3)	
4 अग.	पुर्न 4 कर्क	21/28
6 अग.	पुष्य (1)	27/11
8 अग.	पुष्य (2)	
10 अग.	पुष्य (3)	
12 अग.	पुष्य (4)	
14 अग.	आश्ले (1)	13/27
16 अग.	आश्ले (2)	
17 अग.	आश्ले (3)	
19 अग.	आश्ले (4)	
20 अग.	मघा 1 सिंह	28/55
22 अग.	मघा (2)	
24 अग.	मघा (3)	
26 अग.	मघा (4)	
27 अग.	पू.फा. (1)	22/38
29 अग.	पू.फा. (2)	
31 अग.	पू.फा. (3)	
2 सितं.	पू.फा. (4)	
3 सितं.	उ.फा. (1)	27/25
5 सितं.	उफा.2 कन्या	24/55
7 सितं.	उ.फा. (3)	
9 सितं.	उ.फा. (4)	
11 सितं.	हस्त (1)	23/39
13 सितं.	हस्त (2)	
18 सितं.	हस्त (4)	
20 सितं.	चित्रा (1)	14/31
22 सितं.	चित्रा (2)	

2013 ई.	नक्षत्र	चरण
25 सितं.	चित्रा 3 तुला	6/34
27 सितं.	चित्रा (4)	
30 सितं.	स्वा. (1)	6/33
2 अक्तू.	स्वा. (2)	
5 अक्तू.	स्वा. (3)	
8 अक्तू.	स्वा. (4)	
12 अक्तू.	विशा. (1)	11/47
17 अक्तू.	विशा. (2)	
21 अक्तू.	वक्री	15/54
25 अक्तू.	व. विशा. (1)	
29 अक्तू.	व. स्वा. (4)	10/37
31 अक्तू.	व. स्वा. (3)	
3 नवं.	व. स्वा. (2)	
6 नवं.	व. स्वा. (1)	
10 नवं.	मार्गी	26/51
15 नवं.	स्वा. (2)	
18 नवं.	स्वा. (3)	
21 नवं.	स्वा. (4)	
24 नवं.	विशा. (1)	12/03
26 नवं.	विशा (2)	
28 नवं.	विशा (3)	
1 दिसं.	विशा. 4 वृशि.	10/04
3 दिसं.	अनु. (1)	15/03
5 दिसं.	अनु. (2)	
7 दिसं.	अनु. (3)	
9 दिसं.	अनु. (4)	
12 दिसं.	ज्ये. (1)	7/20
14 दिसं.	ज्ये. (2)	
16 दिसं.	ज्ये. (3)	
18 दिसं.	ज्ये. (4)	
20 दिसं.	मूल (1) धनु	20/56
22 दिसं.	मूल (2)	
24 दिसं.	मूल (3)	
26 दिसं.	मूल (4)	
29 दिसं.	पू.षा. (1)	7/21
31 दिसं.	पू.षा. (2)	

2014 ई.	नक्षत्र	चरण
(सन् 2014 ई.)		
2 जन.	पू.षा. (3)	
4 जन.	पू.षा. (4)	
6 जन.	उ.षा. (1)	12/48
8 जन.	उषा 2 मकर	13/19
10 जन.	उ.षा. (3)	
12 जन.	उ.षा. (4)	
14 जन.	श्रव. (1)	13/14
16 जन.	श्रव. (2)	
18 जन.	श्रव. (3)	
20 जन.	श्रव. (4)	
22 जन.	धनि. (1)	14/40
24 जन.	धनि. (2)	
26 जन.	धनि 3 कुम्भ	23/54
29 जन.	धनि. (4)	
1 फर.	शत. (1)	14/49
7 फर.	वक्री	03/12
12 फर.	व. धनि (4)	14/11
15 फर.	व. धनि (3)	
18 फर.	व.धनि 2 मक.	17/43
22 फर.	व. धनि (1)	
28 फर.	मार्गी	19/34
7 मार्च	धनि. (2)	
12 मार्च	धनि. 3 कुम्भ	9/33
15 मार्च	धनि. (4)	
18 मार्च	शत. (1)	18/47
21 मार्च	शत. (2)	
23 मार्च	शत. (3)	
26 मार्च	शत. (4)	
28 मार्च	पू.भा. (1)	20/10
30 मार्च	पू.भा. (2)	

गुरु नक्षत्र प्रवेश

(संवतारम्भ में रोहि. (3) में)

13 अप्रै.	रोहि (4)	17/32
30 अप्रै.	मृग (1)	16/56
16 मई	मृग (2)	8/16

गुरु नक्षत्र प्रवेश

2013-14 ई.	नक्षत्र	चरण
31 मई	मृग (3) मिथुन	6/46
14 जून	मृग (4)	21/10
29 जून	आर्द्रा (1)	10/15
13 जुला.	आर्द्रा (2)	27/56
29 जुला.	आर्द्रा (3)	9/44
14 अग.	आर्द्रा (4)	14/04
1 सितं.	पुर्न (1)	12/43
23 सितं.	पुर्न (2)	9/07
7 नवं.	वक्री	10/30
22 दिसं.	व. पुर्न (1)	11/11
(सन् 2014 ई.)		
16 जन.	व. आर्द्रा (4)	15/15
21 फर.	व. आर्द्रा (3)	15/12
6 मार्च	मार्गी	16/10
19 मार्च	आर्द्रा (4)	21/05

शुक्र नक्षत्र प्रवेश

(संवतारम्भ में अश्वि (1) में)

10 अप्रै.	अश्वि 1 मेष	17/31
13 अप्रै.	अश्वि (2)	
15 अप्रै.	अश्वि (3)	
18 अप्रै.	अश्वि (4)	
21 अप्रै.	भर. (1)	12/09
24 अप्रै.	भर. (2)	
26 अप्रै.	भर. (3)	
29 अप्रै.	भर. (4)	
2 मई	कृति (1)	7/31
4 मई	कृति 2 वृष	24/28
7 मई	कृति (3)	
10 मई	कृति (4)	
12 मई	रोहि (1)	27/32
15 मई	रोहि (2)	
18 मई	रोहि (3)	
21 मई	रोहि (4)	
23 मई	मृग (1)	24/15
26 मई	मृग (2)	

शुक्र नक्षत्र प्रवेश

2013 ई.	नक्षत्र	चरण
29 मई	मृग 3 मिथुन	10/56
1 जून	मृग (4)	
3 जून	आर्द्रा (1)	21/43
6 जून	आर्द्रा (2)	
9 जून	आर्द्रा (3)	
11 जून	आर्द्रा (4)	
14 जून	पुर्न (1)	19/50
17 जून	पुर्न (2)	
20 जून	पुर्न (3)	
22 जून	पुर्न 4 कर्क	24/59
25 जून	पुष्य (1)	18/50
28 जून	पुष्य (2)	
1 जुला.	पुष्य(3)	
3 जुला.	पुष्य (4)	
6 जुला.	आश्ले (1)	18/41
9 जुला.	आश्ले (2)	
12 जुला.	आश्ले (3)	
14 जुला.	आश्ले (4)	
17 जुला.	मघा 1 सिंह	19/32
20 जुला.	मघा (2)	
23 जुला.	मघा (3)	
25 जुला.	मघा (4)	
28 जुला.	पू.फा. (1)	21/48
31 जुला.	पू.फा. (2)	
3 अग.	पू.फा. (3)	
6 अग.	पू.फा. (4)	
8 अग.	उ.फा. (1)	25/35
11 अग.	उ.फा.(2)कन्या	20/48
14 अग.	उ.फा. (3)	
17 अग.	उ.फा. (4)	
20 अग.	हस्त (1)	7/17
22 अग.	हस्त (2)	
25 अग.	हस्त (3)	
28 अग.	हस्त (4)	
31 अग.	चित्रा (1)	15/30

शुक्र नक्षत्र प्रवेश

2013-14 ई.	नक्षत्र	चरण
6 सितं.	चित्रा 3 तुला	8/40
9 सितं.	चित्रा (4)	
11 सितं.	स्वा. (1)	26/40
14 सितं.	स्वा. (2)	
17 सितं.	स्वा. (3)	
20 सितं.	स्वा. (4)	
23 सितं.	विशा (1)	17/54
26 सितं.	विशा (2)	
29 सितं.	विशा (3)	
2 अक्तू.	विशा 4 वृशि.	14/54
5 अक्तू.	अनु. (1)	14/44
8 अक्तू.	अनु. (2)	
11 अक्तू.	अनु. (3)	
14 अक्तू.	अनु. (4)	
17 अक्तू.	ज्ये. (1)	19/41
20 अक्तू.	ज्ये. (2)	
23 अक्तू.	ज्ये. (3)	
27 अक्तू.	ज्ये. (4)	
30 अक्तू.	मूल 1 धनु	14/25
2 नवं.	मूल(2)	
6 नवं.	मूल (3)	
9 नवं.	मूल (4)	
13 नवं.	पू.षा. (1)	10/44
17 नवं.	पू.षा. (2)	
20 नवं.	पू.षा. (3)	
25 नवं.	पू.षा. (4)	
29 नवं.	उ.षा. (1)	27/14
5 दिसं.	उषा 2 मकर	14/24
12 दिसं.	उ.षा. (3)	
21 दिसं.	वक्री	27/24
30 दिसं.	व. उ.षा. (2)	
(सन् 2014 ई.)		
6 जन.	व. उषा 1 धनु	23/29
12 जन.	व. पू.षा. (4)	12/33
18 जन.	व. पू.षा. (3)	

शुक्र नक्षत्र प्रवेश

2013-14 ई.	नक्षत्र	चरण
31 जन.	मार्गी	26/20
5 फर.	पू.षा. (3)	
15 फर.	पू.षा. (4)	
21 फर.	उ.षा. (1)	14/01
26 फर.	उषा. 2 मकर	11/48
2 मार्च	उ.षा. (3)	
6 मार्च	उ.षा. (4)	
10 मार्च	श्रव. (1)	19/37
14 मार्च	श्रव. (2)	
17 मार्च	श्रव. (3)	
21 मार्च	श्रव. (4)	
24 मार्च	धनि. (1)	21/03
27 मार्च	धनि (2)	
31 मार्च	धनि 3 कुम्भ	10/03

शनि नक्षत्र प्रवेश

(संवतारम्भ में व. स्वा. (3) में)

9 मई	व. स्वा. (2)	15/58
8 जुला.	मार्गी	10/29
3 सितं.	स्वा. (3)	26/30
7 अक्तू.	स्वा. (4)	16/48
5 नवं.	विशा (1)	04/29
3 दिसं.	विशा (2)	11/09
(सन् 2014 ई.)		
5 जन.	विशा (3)	8/30
2 मार्च	वक्री	20/58

राहु नक्षत्र प्रवेश

(संवतारम्भ में विशा (2) में)

28 अप्रै.	विशा (1)	14/15
30 जून	स्वा. (4)	11/38
1 सितं.	स्वा. (3)	9/15
3 नवं.	स्वा. (2)	7/00
(सन् 2014 ई.)		
4 जन.	स्वा. (1)	28/37
9 मार्च	चित्रा (4)	8/00

केतु नक्षत्र प्रवेश

2013-14 ई.	नक्षत्र	चरण
(संवतारम्भ में भर. (4) में)		
28 अप्रै.	भर. (3)	14/15
30 जून	भर. (2)	11/38
1 सितं.	भर. (1)	9/15
3 नवं.	अश्वि (4)	7/00
(सन् 2014 ई.)		
4 जन.	अश्वि (3)	28/37
9 मार्च	अश्वि (2)	8/00

यूरेनस नक्षत्र प्रवेश

(संवतारम्भ में उ.भा. (4) में)

9 मई	रेव (1)	12/34
17 जुला.	वक्री	22/49
28 सितं.	व. उ.भा. 4	27/16
17 दिसं.	मार्गी	23/10
(सन 2014 ई.)		
1 मार्च	रेव. (1)	22/38

नैपच्यून नक्षत्र प्रवेश

(संवतारम्भ में शत. (2) में)

7 जून	वक्री	13/58
24 अग.	व. शत. (1)	02/49
14 नवं.	मार्गी	00/16
(सन 2014 ई.)		
28 जन.	शत. (2)	01/58

प्लूटो नक्षत्र प्रवेश

(संवतारम्भ में पू.षा. (2) में)

13 अप्रै.	वक्री	01/01
13 जन.	व. पू.षा. (1)	23/06
20 सितं.	मार्गी	20/52
15 दिसं.	पू.षा. (2)	22/17

ग्रहों की अंशात्मक युतियां

(सन् 2013-14 ई.)

18 जन.	सूर्य-बुध (मकर)
8 फर.	मंग.-बुध (कुम्भ)
26 फर.	मंग.-बुध (कुम्भ)
4 मार्च	सूर्य-बुध (कुम्भ)
7 मार्च	बुध-शुक्र (कुम्भ)
28 मार्च	सूर्य-शुक्र (मीन)
7 अप्रै.	मंग.-शुक्र (मीन)
18 अप्रै.	सूर्य-मंग. (मेष)
8 मई	मंग.-बुध (मेष)
11 मई	सूर्य-बुध (मेष)
25 मई	बुध-शुक्र (वृष)
9 जुला.	सूर्य-बुध (मिथुन)
22 जुला.	मंग.-गुरु (मिथुन)
24 अग.	सूर्य-बुध (सिंह)
18 सितं.	शुक्र-शनि (तुला)
20 सितं.	शुक्र-राहु (तुला)
25 सितं.	शनि-राहु (तुला)
29 अक्तू.	बुध-शनि (तुला)
30 अक्तू.	सूर्य-राहु (तुला)
6 नवं.	सूर्य-शनि (तुला)
26 नवं.	बुध-शनि (तुला)
29 दिसं.	सूर्य-बुध (धनु)
(सन 2014 ई.)	
8 जन.	बुध-शुक्र (धनु)
11 जन.	सूर्य-शुक्र (धनु)
15 फर.	सूर्य-बुध (कुम्भ)

अमृत-कण

धर्म, अर्थ, काम तथा मोक्ष के लिए शरीर को नीरोग रखना चाहिए। नीरोग शरीर से ही सभी पुरुषार्थ प्राप्त किए जा सकते हैं।

द्विग्रही-योग—सन् 2013-14

शनि-राहु	1 जन. से संवतान्त तक (तुला)
मंग.-केतु	12 अप्रै. से 23 मई तक (मेष)
गुरु-शुक्र	4 मई से 29 मई (वृष)
सूर्य-मंग.	23 मई से 14 जून (वृष)
गुरु-शुक्र	31 मई से 22 जून (मिथुन)
सूर्य-बुध	20 अग. से 5 सितं. (सिंह)
सूर्य-बुध	16 सितं. से 25 सितं. (सिंह)
(सन 2014 ई.)	
मंग.-शनि	4 फर. से 24 मार्च (तुला)

तीनग्रही-योग—सन् 2013-14

- 4 जन. से 13 जन. → सू.+बु.+शु. (धनु)
- 15 जन. से 24 जन. → सू.+मं.+बु. (मकर)
- 12 फर. से 3 मार्च → सू.+मं.+बु. (कुम्भ)
- 4 मार्च से 13 मार्च → सू.+बु.+शु. (कुम्भ)
- 28 अप्रै. से 4 मई → सू.+बु.+शु. (मेष)
- 14 मई से 29 मई → सू.+गु.+शु. (वृष)
- 31 मई से 22 जून → बु.+गु.+शु. (मिथुन)
- 15 जून से 22 जून → सू.+बु.+शु. (मिथुन)
- 15 जून से 16 जुला. → सू.+बु.+गु. (मिथुन)
- 5 जुला. से 16 जुला. → सू.+मं.+बु. (मिथुन)
- 4 जुला. से 4 अग. → मं.+बु.+गु. (मिथुन)
- 6 सितं. से 2 अक्तू. → शु.+श.+रा. (तुला)
- 25 सितं. से 2 अक्तू. → बु.+शु.+श. (तुला)
- 25 सितं. से 1 दिसं. → बु.+श.+रा. (तुला)
- 17 अक्तू. से 16 नवं. → सू.+श.+रा. (तुला)

(सन 2014 ई.)

- 6 जन. से 8 जन. → सू.+बु.+शु. (धनु)
- 4 फर. से 24 मार्च → मं.+श.+रा. (तुला)

चतुर्ग्रही-योग—सन् 2013-14

- 21 फर. से 3 मार्च → सू.+मं.+बु.+शु. (कुम्भ)
- 10 अप्रै. से 11 अप्रै. → सू.+मं.+बु.+शु. (मीन)
- 13 अप्रै. से 28 अप्रै. → सू.+मं.+शु.+के. (मेष)

चतुर्ग्रही-योग—सन् 2013-14

- 5 मई से 12 मई → सू.+मं.+बु.+के. (मेष)
- 14 मई से 27 मई → सू.+बु.+गु.+शु. (वृषे)
- 15 जून से 20 जून → सू.+बु.+गु.+शु (मिथुने)
- 5 जुला. से 15 जुला. → सू.+मं.+बु.+गु. (मिथुने)
- 17 अक्तू. से 16 नवं. → सू.+बु.+शु.+शनि (तुला)

–पंचग्रही योग–

- 28 अप्रै. से 4 मई → सू.+मं.+बु.+शु.+के. (मेष)
- 23 मई से 27 मई → सू.+मं.+बु.+गु.+शु. (वृषे)

–समसप्तक योग–

- 12 अप्रै. से 23 मई → मंग.+शनि (मेष-तुला)
- 13 अप्रै. 13 मई → (सूर्य-शनि) (मेष-तुला)
- 30 अक्तू से 4 दिसं. → (गुरु+शुक्र) (मिथुन-धनु)
- 6 जन. से 25 फर. (2014) → गु.+शु. (मिथुन-धनु

–षडाष्टक योग–

- 4 मार्च से 11 अप्रैल → शनि-मंगल
- 23 मई से 4 जुला. → शनि-मंगल

पितृकार्य (श्राद्ध) सम्बन्धी शास्त्र-वाक्य

(1) श्राद्ध में पितरों की तृप्ति ब्राह्मणों के द्वारा ही होती है। (स्कन्दपुराण-२२१/८७)

(2) श्राद्ध के अवसर पर ब्राह्मण को निमन्त्रित करना आवश्यक है। जो बिना ब्राह्मण के श्राद्ध करता है, उसके घर पितर भोजन नहीं करते तथा शाप देकर लौट जाते हैं। (पद्मपुराण-६७/२९-३१)

(3) जो श्राद्धकाल आने पर भी काम, क्रोध अथवा भय से, पाँच कोस के भीतर रहने वाले दामाद, भानजे तथा बहन को नहीं बुलाता और सदा दूसरों को ही भोजन कराता है, उसके श्राद्ध में पितर और देवता अन्न ग्रहण नहीं करते। (पद्मपुराण)

संदिग्ध व्रत-पर्वों का शास्त्रीय विवेचन—वि.सं. २०७०

(1) श्रीदुर्गा अष्टमी (18 अप्रै., गुरुवार)

इस वर्ष चैत्र शुक्ल अष्टमी की वृद्धि होने से अष्टमी तिथि दो दिन (18-19 अप्रै., 2013 ई.) प्राप्त हो रही है। पहले दिन 60 घड़ी (पूर्णा) तथा दूसरे दिन मात्र 2 घड़ी 18 पल है। शास्त्र वचनानुसार श्रीभवानी उत्पत्ति पर्व यद्यपि नवमी युता ही ग्रहण करने का निर्देश दिया गया है।

चैत्रशुक्लाष्टम्यां भवान्या उत्पत्तिः। तत्र नवमीयुता अष्टमी ग्राह्या।। (धर्मसिन्धु)

परन्तु यदि दूसरे दिन अष्टमी तीन मुहूर्त (6 घड़ी) से कम हो, तो उस स्थिति में नवमी विद्धा को त्यागकर पहले दिन पूर्णा तिथि में ही श्रीदुर्गाष्टमी व्रत, पूजन करने का विधान कहा गया है।

अतः, **श्रीदुर्गाष्टमी** पर्व 18 अप्रैल, गुरुवार, सन् 2013 ई. को ही मान्य रहेगा। इसी दिन अशोक कलिकादि पत्रों सहित शिवगौरी का पूजन करके 8 कलिका पुनर्वसु नक्षत्रकालीन भक्षण (ग्रहण) करने से दुःखों की नवृत्ति होती है।

(2) श्रीरामनवमी व्रत (19 अप्रै., शुक्रवार)

शास्त्रानुसार यह व्रत पुनर्वसु नक्षत्र युक्ता तथा मध्याह्न व्यापिनी चैत्र शुक्ल नवमी में किया जाता है। यथा–

चैत्र शुक्ल नवमी रामनवमी।। अस्यां मध्याह्नव्यापिन्यामुपोषण कार्यम्।। पर्वेद्युरेव मध्याह्ने सत्त्वे सैव ग्राह्या।। .... शुद्धाया नवम्या अलाभे मुहूर्त्तत्रय न्यूनत्वे वा सर्वैरप्यष्टमीविद्धैवोपोष्येत्याहुः।। इदं व्रतं नित्यं काम्यं च। (धर्मसिन्धु)

अर्थात् चैत्र शुक्ल नवमी रामनवमी है। इसे **मध्याह्न व्यापिनी में उपवास करें। पहले दिन मध्याह्न में होय तो, वही ग्रहण करें।** अपरं च-यदि दूसरे दिन शुद्ध नवमी (सूर्योदय सहित) न मिलने पर अथवा तीन मुहूर्त्त से न्यून होने पर भी सभी अष्टमी से युक्त नवमी को उपवास करें। यह व्रत नित्य और काम्य है।

उपरोक्त प्रमाणानुसार इस वर्ष 19 अप्रैल, शुक्रवार, सन् 2013 ई. को ही नवमी मध्याह्नव्यापिनी है, अतएव रामनवमी 19 अप्रैल, शुक्रवार को ही शास्त्रसम्मत् एवं ग्राह्य होगी।

यद्यपि कुछ विद्वानों का मत है कि यदि नवमी दूसरे दिन तीन मुहूर्त्त मिले तो पहिले दिन अष्टमीविद्धा मध्याह्नव्यापिनी नवमी को छोड़कर दूसरे दिन यह व्रत करना चाहिए। परन्तु इस मत को अधिक मान्यता प्राप्त नहीं है क्योंकि **वामनपुराण** में भी **मध्याह्नव्यापिनी** नवमी को ही रामनवमी व्रत करने का निर्देश है। यथा–

चैत्र शुक्ला नवमी............सैव मध्याह्नयोगेन महापुण्यतमा भवेत्। (वामन पु.)

(3) अनङ्ग-त्रयोदशी व्रत (23 अप्रै., मंगलवार)

पूर्वविद्धा चैत्र शुक्ल त्रयोदशी को यह व्रत किया जाता है। इस वर्ष यह त्रयोदशी 23 अप्रैल, मंगलवार को पूर्व (द्वादशी) विद्धा है। अतएव यह व्रत 23 अप्रैल को शास्त्रसम्मत होगा।

(4) भगवान् परशुराम जयन्ती (12 मई, रविवार)

वैशाख शुक्ल पक्ष की प्रदोष-व्यापिनी तृतीया तिथि में श्रीपरशुराम जयन्ती मनाई जाती है–"**इयं रात्रिप्रथमयामव्यापिनी ग्राह्या।।**" (धर्मसिन्धु)

भविष्यपुराण अनुसार भी वैशाखशुक्ल तृतीया तिथि की रात्रि के प्रथम प्रहर में भगवान् श्रीपरशुराम का अंशावतार हुआ था। यथा–

वैशाखस्य सिते पक्षे तृतीयां पुनर्वसौ।
निशायाः प्रथम यामे समाख्यः समये हरि।।

इस वर्ष 12 मई, रविवार को ही तृतीया तिथि रात्रि प्रथम प्रहर (प्रदोष) व्यापिनी है, अतएव भगवान् परशुराम जयन्ती 12 मई, रविवार को मनाई जाएगी।

(5) श्रीगंगा दशहरा (18 जून, मंगलवार)

ज्येष्ठ शुक्ल दशमी को हस्त नक्षत्र में स्वर्ग से श्रीगङ्गा का अवतरण हुआ था। अतएव इस दिन गङ्गा आदि का स्नान, अन्न-वस्त्रादि का दान, जप-तप, उपासना और उपवास किया जाए तो दस प्रकार के पाप (तीन प्रकार के कायिक, चार प्रकार के वाचिक और तीन प्रकार के मानसिक) दूर होते हैं। शास्त्रों में इस पर्व की तिथि के निर्णायक वाक्य इस प्रकार वर्णित हैं–

(i) **ज्येष्ठे मासि सिति पक्षे दशम्यां बुधहस्तयोः।**
व्यतीपाते गरानन्दे कन्याचन्द्रे वृषे रवौ
दशयोगे नरः स्नात्वा सर्वपापैः प्रमुच्यते।। —(स्कन्द-पुराण)

(ii) **ज्येष्ठे मासि सिते पक्षे दशमी हस्तसंयुता।**
हरते दश पापानि तस्माद् दशहरा स्मृता।। (ब्रह्मपुराण)

इस प्रकार, यदि दशमी दो दिन पूर्वाह्णव्यापिनी हो तो निम्न दस योगों (तत्त्वों) में से अधिक योगों का समावेश (संयोग) जिस दिन हो, उसी दिन यह पर्व होगा। ये दस योग इस प्रकार हैं–(1) ज्येष्ठ मास, (2) शुक्ल पक्ष, (3) दशमी तिथि, (4) बुधवार, (5) हस्तनक्षत्र, (6) व्यतिपात योग, (7) गर करण, (8) आनन्द योग (बुधवार व हस्त नक्षत्र का संयोग हो तो), (9) वृष का सूर्य और (10) कन्यास्थ चन्द्र।

जिस दिन उपर्युक्त योग अधिक हों, उस दिन विशेष को गंगा दशहरा सम्बन्धी स्नान, दान, जप-तप, व्रतादि करने की शास्त्राज्ञा है।

इस वर्ष (वि. संवत् २०७०) **गंगा-दशहरा** सम्बन्धी योग 18 एवं 19 जून-दो दिन प्राप्त हो रहे हैं। उपरोक्त दस तत्त्वों को अलग-अलग बाँटने पर हमें स्पष्ट हो जाएगा कि गंगा दशहरा किस दिन प्रशस्त होगा। स्कन्दपुराणानुसार तो यदि दोनों दिन इन योगों की संख्या समान हो (5-5), तो यह पर्व पहले दिन प्रशस्त होगा।

18 जून को **(i)** ज्येष्ठ मास, **(ii)** शुक्ल पक्ष, **(iii)** दशमी तिथि, **(iv)** हस्त नक्षत्र, **(v)** गर करण, **(vi)** कन्यास्थ चन्द्रमा तथा 19 जून को **(i)** ज्येष्ठ मास, **(ii)** शुक्ल पक्ष, **(iii)** दशमी तिथि, **(iv)** बुधवार, **(v)** गर करण उपलब्ध हैं। ऐसी स्थिति में **''यत्र बहूना योगाः सा ग्राह्या''** (जिस दिन उपरोक्त दस योगों में से अधिक योग बाहुल्य प्राप्त हों, उसी दिन **गंगादशहरा** पर्व मनाना चाहिए।) के शास्त्र-वाक्य **अनुसार 18 जून, मंगलवार** को ही गंगा दशहरा पर्व मनाया जाना चाहिए।

यद्यपि **19 जून, बुधवार को** भी दशमी उदित तिथि होने के कारण प्रातः 8/44 तक भी गंगा स्नान, दान, जप पूजनादि का माहात्म्य भी रहेगा। परन्तु **हरिद्वार आदि तीर्थ पर** स्नान, मेले, दानादि, मुख्य पर्व तो 18 जून, मंगलवार को ही होगा।

श्रीगंगा पूजा मन्त्र-'' ॐ नमः शिवायै नारायण्यै दशहरायै गङ्गायै नमः।''

(6) श्रीसत्यनारायण व्रत (ज्येष्ठ-पूर्णिमा) (23 जून, शनिवार)

श्रीसत्यनारायण व्रत प्रदोष्व्यापिनी एवं चन्द्रोदय व्यापिनी पूर्णिमा के दिन किया जाता है। इस वर्ष ज्येष्ठ की पूर्णिमा 23 जून, 2013 ई. को 17 घं. 02 मिं. पर समाप्त हो रही है, जिस कारण यह इस दिन प्रदोष व्यापिनी नहीं होगी। इस दिन या एक दिन पूर्व पंजाब, हिमाचल आदि पश्चिमोत्तर प्रान्तों में प्रदोषकाल लगभग 19 घं. 32 मिं. से 22 घं. 20 मिं. तक रहेगा। 22 जून, 2013 ई. को पूर्णिमा 20 घं. 54 मिं. पर प्रारम्भ हो रही है, जिससे इसी दिन प्रदोषव्यापिनी एवं रात्रिव्यापिनी पूर्णिमा होगी। अतएव श्रीसत्यनारायण का व्रत इसी दिन (22 जून, 2013 ई.) को रखना प्रशस्त होगा।

जबकि वटसावित्री का व्रत अगले दिन 23 जून, रविवार को ही प्रशस्त होगा।

(7) मधुश्रवा तृतीया/हरियाली तीज (9/10 अग., शुक्र/शनि)

चतुर्थी-विद्धा श्रावण शुक्ल तृतीया को यह पर्व मनाया जाता है। इस वर्ष 10 अग., 2013 ई. को तृतीया तीन मुहूर्त्त से कम होने के कारण चतुर्थी विद्धा नहीं है, अतएव इसे 9 अग., 2013 ई. को ही मनाना चाहिए। इसी दिन यह पूर्णा (60 घड़ी) भी है। यथा-

....परदिने त्रिमुहूर्त्तव्याप्त्यभावे पूर्वा ग्राह्या। —धर्मसिन्धु

कुछ प्रदेशों में इसे 10 अग., शनिवार को भी मनाया जाएगा। क्योंकि जहाँ सूर्योदय 10 अग. को 5/45 (घं. मिं.) या उससे पहले होगा, वहां 10 अग. को तृतीया तिथि का मान एक मुहूर्त्त (लगभग 2 घड़ी) हो जाएगा। क्योंकि शास्त्रानुसार गौरी तृतीया आदि व्रत द्वितीया युक्त नहीं करने का निर्देश है। यथा-

अत्र तृतीया मुहूर्त्तमात्रापि परा कार्या।। द्वितीयायुक्ता न कार्या।। चतुर्थीयुतायां वैधृत्यादियोगेपि सैव कार्या।। द्वितीयायोगनिषेधस्य बलवत्त्वात्।।

अतएव जिन-जिन नगरों में (उत्तराखण्ड, पूर्वी उ. प्र., बिहार आदि), सूर्योदय 5/45 या उससे पहले होगा, वहाँ **मधुस्रवा/हरियाली तीज 10 अग.** को मनायी जाएगी। **परन्तु पंजाब, हिमाचल, हरियाणा आदि उत्तर-पश्चिम प्रदेशों में 9 अग., शुक्रवार को ही मनायी जाएगी।**

(8) नाग-पंचमी (11 अगस्त, रविवार)

नाग-पंचमी उदयकालिक श्रावण शुक्ल पंचमी तथा पर (षष्ठी) विद्धा पंचमी के दिन मनायी जाती है। यदि उदयकालिक पंचमी तीन मुहूर्त्त (6 घड़ी) से कम और पहिले दिन वह तीन मुहूर्त्त से न्यून चतुर्थी से विद्ध हो रही हो, तो पहिले दिन ही नाग-पंचमी मनानी चाहिए।

''श्रावणशुद्ध पंचमी नागपंचमी। इयमुदये त्रिमुहूर्त्तव्यापिनी परविद्धा ग्राह्या। परेद्यु त्रिमुहूर्त्तन्यूना पंचमी पूर्वेद्युः त्रिमुहूर्त्तन्यूनचतुर्थ्या विद्धा तदा पूर्वैव।''-धर्मसिन्धु

इस वर्ष श्रावणशुक्ल पंचमी 11 अगस्त, रविवार, सन् 2013 ई. त्रिमुहूर्त्त से कम चतुर्थी से विद्ध हुई है, जबकि 12 अगस्त को स्वयं भी त्रिमुहूर्त से कम है। अतएव शास्त्र वचन अनुसार **नाग-पंचमी 11 अगस्त, रविवार को ही शास्त्रसम्मत होगी।**

(9) रक्षा-बन्धन (20/21 अगस्त)

रक्षा-बन्धन का पवित्र पर्व भद्रा रहित अपराह्न व्यापिनी पूर्णिमा में करने का शास्त्र विधान है-**''भद्रायां द्वे न कर्त्तव्ये श्रावणी फाल्गुनी तथा-------।''**

यदि पहले दिन अपराह्न काल भद्रा व्याप्त हो तथा दूसरे दिन उदयकालिक पूर्णिमा तिथि तीन मुहूर्त्त या तीन मुहूर्त्त से अधिक हो, तो उसी उदयकालिक पूर्णिमा (दूसरे दिन) के अपराह्न काल में रक्षाबन्धन करना चाहिए। चाहे वह अपराह्न से पूर्व ही क्यों न समाप्त हो जाएं। परन्तु यदि आगामी दिन पूर्णिमा तीन मुहूर्त्त से कम हो, तो पहिले दिन भद्रा रहित प्रदोष काल में करने का विधान कहा गया है।

''अथ रक्षाबन्धनमस्यामेव पूर्णिमायां भद्रारहितायां त्रिमुहूर्त्ताधिकोदय व्यापिनी अपराह्णे प्रदोषे वा कार्यम्।।''

–धर्मसिन्धु

इस वर्ष सन् 2013 ई. में श्रावण पूर्णिमा दो दिन व्याप्त है। पूर्णिमा 20 अग., मंगलवार को प्रातः 10/22 (घं. मिं.) से आगामी दिन 21 अग., बुधवार को प्रातः 7/15 घं. मिं. तक रहेगी। 20 अग. को भद्रा (मकर राशिगत) भी प्रातः 10घं.22मिं. से रात्रि 20घं. 49मिं. तक रहेगी। अतएव, शास्त्र-वचनानुसार तो 20 अग., मंगलवार को भद्रा रहित प्रदोषकाल में अर्तात् रात्रि (20घं.49मिं. के बाद) रक्षा-बन्धन पर्व मनाया जा सकेगा।

परन्तु पंजाब, हिमाचल, हरियाणा, दिल्ली, जम्मू-कश्मीर आदि प्रदेशों में प्राचीनकाल से उदय-व्यापिनी पूर्णिमा के दिन प्रातःकाल को ही रक्षा-बन्धन पर्व मनाने का प्रचलन है। अधिकांशतः भाई-बहिन, स्नान, पूजा-पाठादि नित्यकर्मों से निवृत्त होकर निराहार रहकर शुद्धमुख सहित मंत्रपूर्वक रक्षाबन्धन करते हैं। कुछ धर्मपरायण बहनें भगवान् श्रीनारायण

अथवा श्रीकृष्ण की मूर्त्ति को रक्षासूत्र (रखड़ी) बान्धकर, तिलक एवं भोगादि लगाकर बाद में निज भ्राताओं को मंगल टीका एवं रक्षा-बन्धन करती हैं। हिमाचल, हरियाणा, पंजाबादि प्रदेशों में लोग अधिकांशत: 21 अग., बुधवार को भद्रा रहित काल में **उदय कलिक पूर्णिमा** में रक्षा-बन्धन पर्व मनाएंगे।

20 अग., मंगलवार को जो लोग भद्रा समाप्ति (20घं. 49मिं.) के बाद रक्षा-बन्धन कर सकते हैं। परन्तु अति आवश्यक परिस्थितिवश परिहारस्वरूप शास्त्रनियम अनुसार भद्रा मुख (16घं. 28मिं. से 18घं. 12मिं. तक) काल त्याग कर अपराह्न काले भद्रा पुच्छ काल (15घं. 25मिं. से 16घं. 28मिं. तक) में भी रक्षाबन्धन करना शुभ एवं ग्राह्य होगा।

कार्येत्वावश्यके विष्टेः मुखमात्रं परित्यजेत्।। (मुहूर्त्तप्रकाश)

इसके अतिरिक्त 20 अग. को चन्द्रमा मकर राशिस्थ एवं भद्रा भूलोक में होने से भी भद्रा का परिहार रहेगा।

21 अग., बुधवार को पूर्णिमा यद्यपि प्रातः 7घं. 15मिं. तक ही व्याप्त होगी, तथापि प्रादेशिक परम्परानुसार एवं आवश्यक परिस्थितिवश मध्याह्न तक भद्रारहित काल में रक्षाबन्धन का पावन कृत्य सम्पादित किया जा सकेगा।

(10) श्रीदूर्वाष्टमी व्रत (28 अगस्त, बुधवार)

भाद्रपद शुक्ल अष्टमी (पूर्वविद्धा) को सन्तान सुख एवं वंशवृद्धि की कामना से यह व्रत किया जाता है। शास्त्रानुसार **भाद्र शुक्लाष्टमी** के समय कन्या का सूर्य (आश्विन मास) आ जाए अथवा **अगस्त्य तारा का उदय** हो चुका हो, तो उस स्थिति में पूर्ववर्ती किसी अन्य मास की अष्टमी (भाद्र कृष्ण या श्रावण शुक्लाष्टमी) में यह व्रत करना चाहिए, जब अगस्तय तारा अदृश्य (अस्तगत) हो-

सिंहार्के एव कर्त्तव्या न कन्याऽर्के कदाचन्।
सिंहस्थे सोत्तमा सूर्येऽनुदिते मुनिसत्तम्।। (स्कन्द पुराण)
अन्येऽपि-**इदं दूर्वापूजनं व्रतं कन्याऽर्केऽगस्त्योदये च वर्ज्यम्।।** (धर्मसिन्धु)

इस वर्ष भाद्र. शुक्लाष्टमी 12 सितं. को है, परन्तु अगस्त्य तारा का उदय 4 सितम्बर को हो चुका होगा। इस स्थिति में 12 सितंबर को दूर्वाष्टमी का व्रतादि करना शुभ नहीं होगा। अतएव शास्त्र निर्देशानुसार भाद्र. कृष्णाष्टमी अर्थात् 28 अगस्त, बुधवार, सन् 2013 ई. को यह व्रत करना शुभ होगा।

(11) राधाष्टमी (12 सितम्बर, गुरुवार)

भविष्यपुराण अनुसार राधाष्टमी भाद्रपद शुक्ल पक्ष की अष्टमी तिथि को मध्याह्न काल, अभिजित् मुहूर्त्त और अनुराधा नक्षत्र योग में विशेष प्रशस्त मानी जाती है। यथा-

भाद्रे मासि सिते पक्षे अष्टमी या तिथिर्भवेत्।
अस्यां दिनार्द्धेऽभिजिते नक्षत्रे चानुराधिके।।

पूजन ठीक मध्याह्न में ही करना चाहिए। इस वर्ष भाद्र शुक्ल अष्टमी तिथि 13 सितम्बर को केवल प्रातः 9घं. 35मिं. तक रहेगी। ता. 12 सितम्बर, गुरुवार को सप्तमी तिथि 11घं. 38मिं. तक है। अतएव मध्याह्न व्यापिनी अष्टमी तिथि के योग से 12 सितम्बर, गुरुवार को ही राधाष्टमी व्रत एवं उत्सव मनाना शास्त्र-सम्मत होगा। इस दिन मध्याह्न काल भी लगभग 11घं. 11मिं. से 13घं. 38मिं. तक रहेगा।

(12) श्रवण-द्वादशी (विष्णुश्रृंखल योग)

भाद्र शुक्ल पक्ष में दिन के समय मुहूर्त्तमात्र भी द्वादशी एवं श्रवण नक्षत्र का योग हो, तो श्रवण-द्वादशी व्रत किया जाता है।

यदि पहले दिन एकादशी विद्धा द्वादशी होकर दूसरे दिन भी अनुवर्तमान हो और दोनों दिन श्रवणनक्षत्र का योग भी हो, तो पहले दिन एकादशी-द्वादशी और श्रवण-इन तीनों का विष्णुश्रृंखल नामक योग होने से पहले दिन में ही उपवास करना चाहिए।

'उपोष्य द्वादशीं पुण्यां विष्णुऋक्षेण संयुताम्। एकादश्युद्भवं पुण्यं नरः प्राप्नोत्यसंशयम्।' इति नारदोक्तेः **'श्रवणेन युता चेत्स्याद् द्वादशी सा हि वैष्णवैः।। स्मार्तैश्चोपीषणीया स्यात्यजेदेकादशीं तदा'** इति माधवोक्तेश्च।

इस वर्ष श्रवण नक्षत्र भाद्र शुक्ल एकादशी एवं द्वादशी-दोनों को स्पर्श कर रहा है। फलस्वरूप **'विष्णुश्रृंखल योग'** बन रहा है। विष्णुश्रृंखल योग 15 सितम्बर की रात्रि 24/19 से प्रारम्भ होकर 16 सितम्बर, सोमवार को रात्रि 22/27 (घं. मिं.) तक रहेगा। शास्त्रानुसार रात्रि के प्रथम प्रहर तक एकादशी-द्वादशी से योग होने पर ही विष्णुश्रृंखल योग माना जाता है। रात्रि के प्रथम प्रहर (प्रदोष) के बाद श्रवण नक्षत्र का एकादशी-द्वादशी से योग होने पर यह योग स्वीकार नहीं किया जाता। विष्णुश्रृंखल योग होने पर श्रवणद्वादशी का व्रत विष्णुश्रृंखल योग वाले दिन ही किया जाएगा।

16 सितम्बर, सोमवार, भाद्र. शुक्लद्वादशी को भी सारा दिन तथा रात्रि के प्रथम प्रहर तक विष्णुश्रृंखल योग है। अतः श्रवण द्वादशी का व्रत इसी दिन करना शुभ रहेगा।

(13) द्वितीया एवं तृतीया का महालय श्राद्ध-

आश्विन कृष्ण पक्ष (पितृ-पक्ष) में मृत व्यक्ति की जो तिथि आए, उस तिथि में पार्वण श्राद्ध करने का विधान है। पार्वण श्राद्ध में पिता, पितामह, प्रपितामह, सपत्नीक अर्थात् माता, दादी और परदादी सहित छः जनों का श्राद्ध होता है। इन्हें अपराह्ण व्यापिनी मृत्युतिथि के दिन करने का निर्देश है-

यथा-पूर्वाह्णे मातृकं श्राद्धपराह्णे तु पैतृकम्।
एकोद्दिष्टं तु मध्याह्ने प्रातर्वृद्धि निमित्तकम्।।

इस वर्ष द्वितीया तिथि का श्राद्ध 21 सितम्बर को होगा, क्योंकि 21 सितं. द्वितीया तिथि अपराह्न काल को अधिक समय तक स्पर्श कर रही है। 20 सितं. को द्वितीया तिथि का अपराह्न काल से स्पर्श मात्र 40 मिं. (15/56-15/16) रहेगा, जबकि 21 सितं. को स्पर्श 53 मिं. (14/25-13/32) रहेगा।

इसी भान्ति, तृतीया तिथि का श्राद्ध भी 21 सितं. को अधिक मान्य रहेगा, क्योंकि 21 सितं. को तृतीया तिथि अपराह्न काल को अधिक समय तक स्पर्श कर रही है। 21 सितं. को तृतीया तिथि का अपराह्न काल से स्पर्श 1 घं. 31 मिं. (15/56-14/25) रहेगा, जबकि 22 सितं. को स्पर्श काल केवल 44 मिं. (14/16-13/32) रहेगा।

इस प्रकार द्वितीया एवं तृतीया तिथि का महालय श्राद्ध 21 सितम्बर को ही होगा। परन्तु जो किसी कारणवश लोग **21 सितं. को तृतीया का श्राद्ध न कर सके**, वे **22 सितं.** को भी 13घं. 32मिं. से 14घं. 16मिं. तक श्राद्ध कार्य कर सकते हैं।

(14) श्रीहनुमान जयन्ती (उ. भारत)

व्रत रत्नाकर अनुसार आश्विन (कार्तिक) कृष्ण चतुर्दशी, भौमवार की महानिशा (अर्धरात्रि) में अञ्जना देवी के उदर से श्रीहनुमान जी का जन्म हुआ था।

आश्विनस्यासिते पक्षे भूतायां च महानिशि। भौमवारेऽञ्जनादेवी हनुमन्तमजीजनत्।।

प्रस्तुत वर्ष 1 नवम्बर, 2013 ई. को कार्तिक कृष्ण चतुर्दशी निशीथव्यापनी है, अतएव श्रीहनुमान जयन्ती पर्व इसी दिन मनाना शुभ होगा। यह हनुमान जयन्ती अधिकांश उपासक उत्तर भारत में परम्परा अनुसार मनाते हैं और व्रत करते हैं, परन्तु मतान्तर में चैत्र शुक्ल पूर्णिमा को भी श्रीहनुमज्जन्म का उल्लेख किया है, जोकि दक्षिण भारत में मनाई जाती है।

(15) बली पूजा, गोवर्धन-अन्नकूट पूजा (4 नवम्बर)

सामान्यतः कार्तिक शुक्ल प्रतिपदा को ही मनाने का विधान है।

अस्यां प्रतिपदि बलि पूजा दीपोत्सवो गोक्रीडनं गोवर्धन पूजा।।--धर्मसिन्धु

परन्तु शास्त्र वचनानुसार जिस प्रतिपदा तिथि में चन्द्रदर्शन होने की सम्भावना हो, तो उस द्वितीया युक्त प्रतिपदा में गोक्रीडन, गोवर्धन पूजा एवं बली पूजा आदि कृत्य नहीं करने चाहिएं। ऐसा करने से सभी पुत्रादि का क्षय, धन हानि एवं राजा का क्षय होने का भय होता है। उस स्थिति में पूर्व विद्धा अर्थात् **अमा. युक्त प्रतिपदा** को ही बली पूजा, गोपूजा, गोवर्धन पूजा आदि कृत्य करने होंगे।

अपरंच-गवां क्रीडादिने यत्र रात्रौ दृश्येत् चन्द्रमाः।।

सोमो राजा पशून हन्ति सुरभिः पूजा कांस्तथा।।-पुराण समुच्चय

शास्त्रानुसार, यदि प्रतिपदा 9 मुहूर्त्त से कम हो, तो उस दिन चाहे चन्द्रदर्शन हो अथवा न हो, उस दिन 'स्थूल चन्द्रदर्शन' मानकर इन सभी पर्वों को पहिले दिन (अमा. युक्ता प्रतिपदा) को ही मनाना चाहिए।

यदि नवमुहूर्त्तौं नास्ति तदा बलिपूजागोक्रीडागोवर्धनपूजामार्गपाली-
-बंधनवष्टिकाकर्षणानि पूर्वविद्धप्रतिपदि कार्याणि।।--धर्मसिन्धु

परन्तु यदि प्रतिपदा सूर्योदय के बाद 9 मुहूर्त्त (18 घड़ी) से अधिक हो, तो उस दिन चाहे वास्तविक चन्द्रदर्शन सायंकाल को हो जाए, परन्तु वहाँ स्थूल चन्द्रदर्शन का अभाव मानकर गोक्रीड़ा, गोवर्धन पूजा आदि उसी दिन मनाएं जाने चाहिए।

इस वर्ष 4 नवम्बर, 2013 ई. (कार्तिक शुक्ल प्रतिपदा) को चाहे चन्द्रदर्शन की प्रबल सम्भावना है, परन्तु सूर्योदय अनन्तर प्रतिपदा 23 घड़ी होने के कारण यहाँ स्थूल चन्द्रदर्शन का अभाव मानकर 4 नवम्बर को ही उपरोक्त पर्व मनाने श्रेयस्कर एवं प्रशस्त रहेंगे।

(16) तुलसी-विवाह (13/14 नवंबर)

यह पर्व कार्तिक शुक्ल एकादशी या द्वादशी तिथि में विवाह नक्षत्र काल में करने का विधान है-

एकादश्यादि पूर्णिमान्ते यत्र क्वापि दिने कार्तिक शुक्लान्तर्गतविवाह नक्षत्रेषु वा विधानादनेक कालत्वं तथापि पारणाहे प्रबोधोत्सव कर्मणा सह---- ।।(धर्मसिन्धु)

तुलसी विवाह एका. व्रत के पारणा वाले दिन रात्रि के प्रथम भाग (प्रदोषकाले) में करने का निर्देश है-(**रात्रि प्रथमभागे प्रशस्तः**)

तुलसी विवाह-आगामी वर्ष दोनों दिन-अर्थात् **13 नवम्बर, बुधवार** को उत्तराभाद्रपद नक्षत्रकालीन भद्रा (19-12 घं. मिं.) के बाद करना शुभ होगा,

तथा 14 नवम्बर, **गुरूवार को सायंकाल** के समय **रेवती नक्षत्र कालीन भी करना शुभ होगा। यद्यपि अधिकांश लोग** शास्त्रानुसार एकादशी पारणा वाले दिन **तुलसी विवाह** का शुभ कार्य करते हैं, परन्तु प्रादेशिक परम्परानुसार कुछ लोग प्रबोधिनी एका. के दिन भी विवाह नक्षत्र कालीन सायं प्रदोष काल में भी तुलसी विवाह का शुभ कृत्य करते हैं।

(17) पद्मक योग (17 नवम्बर)

कार्तिक पूर्णिमा के दिन **चन्द्रमा कृतिका** नक्षत्र पर और सूर्य विशाखा नक्षत्र पर हो तो **'पद्मक'** योग होता है, यह योग पुष्कर तीर्थ में भी दुर्लभ है।

विशाखासु यदा भानुः कृतिकासु च चन्द्रमा।

स योगः पद्मको नाम पुष्करे स्वाति दुर्लभः।। (पद्मपुराण)

इस दिन सूर्य **स्तोत्र एवं गुरू स्तोत्र का पाठ तथा सूर्य गायत्री व गुरु गायत्री मन्त्रों का पाठ तथा दोनों ग्रहों के सम्बन्ध में यथाशक्ति दान, जप तथा कृतिका स्वामी (विश्वस्वामी सूर्य)** के दर्शन किए जाएँ, तो ब्राह्मण सात जन्म तक वेद परायण और धनाढय होता है-

कार्तिक्यां कृतिका योगे च कुर्यात् स्वामिदर्शनम्।

सप्तजन्म भवेद् विप्रो धनाढयो वेदपारगः। (काशीखण्ड)

वि. सम्वत् 2070 अर्थात् सन् 2013 में यह कार्तिक **पूर्णिमा, रविवार, 17 नवम्बर, 2013 ई. कृतिका नक्षत्र, वरियान योग, सूर्य के विशाखा नक्षत्र** रहते-यह प्रशस्त **पद्मक योग बना है।** प्रातः 11/40 बाद से शुरु होकर रात्रि 8/46 तक इसका विशेष माहात्म्य रहेगा।

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी व्रत-महोत्सव

(28 अगस्त, बुधवार-महापुण्य प्रदायक जयन्ती योग)

श्रीमद्भागवत्, भविष्यादि सभी पुराणों के अनुसार भगवान् श्रीकृष्ण का जन्म भाद्रकृष्ण अष्टमी तिथि, बुधवार, रोहिणी नक्षत्र एवं वृष के चन्द्रमा कालीन, अर्द्धरात्रि के समय हुआ था–

मासि भाद्रपदे, अष्टम्यां कृष्णपक्षेऽर्द्ध रात्रके।
वृष राशि स्थितो चन्द्रे, नक्षत्रे रोहिणी युते।। (भविष्य. पु.)

श्री कृष्णजन्माष्टमी पर्व के समय **छहों तत्त्वों भाद्र. कृष्ण पक्ष, अर्द्धरात्रिकाल, अष्टमी तिथि, रोहिणी नक्षत्र** एवं **वृष का चन्द्र** और **बुधवार या सोमवार** की विद्यमानता बड़ी कठिनता से प्राप्त होती है। अनेकों वर्षों में कई बार भा. कृ. अष्टमी की अर्द्धरात्रि को वृष का चन्द्र तो होता है, परन्तु रोहिणी नक्षत्र नहीं होता। इसी कारण पंचाँग में प्रायः सप्तमी विद्धा अष्टमी को स्मार्तानां तथा नवमी विद्धा अष्टमी को वैष्णवानां लिखा होता है। इस वर्ष **28 अगस्त** को प्रायः सभी तत्त्वों का दुर्लभ योग मिल रहा है। **जोकि गत 19 वर्षों के पश्चात् बन रहा है। अर्थात् 28 अगस्त को श्रीकृष्णजन्माष्टमी को बुधवार, अर्द्धरात्रिकालीन अष्टमी तिथि, रोहिणी नक्षत्र एवं वृषस्थ चन्द्रमा का दुर्लभ एवं पुण्य प्रदायक योग बन रहा है।** प्रायः सभी शास्त्रकारों ने ऐसे **दुर्लभ योग की मुक्तकण्ठ** से महिमा गाई है। यथा **निर्णयसिन्धु** में लिखा है कि आधी रात के समय रोहिणी में यदि अष्टमी तिथि मिल जाए, तो उसमें **श्रीकृष्ण का पूजनार्चन करने से तीन जन्मों के पाप दूर हो जाते हैं–**

''रोहिण्यांऽर्धरात्रे च यदा कृष्णाष्टमी भवेत्।
तस्यांऽभ्यर्चनं शौरेः हन्ति पापं त्रिजन्मजम्।।'' (निर्णयसिन्धु)

बुधवार और रोहिणी नक्षत्र का योग हो, तो ऐसी जन्माष्टमी 100 वर्षों में भी मिले-अति उत्तम है–

''भवते बुध संयुक्ता प्राजापत्यर्क्ष संयुता।।
अपि वर्षशतेनापि लभ्यतेवाऽथवा न वा।।''

'गौतमी तन्त्र' में भी इस सम्बन्ध में स्पष्टतः लिखा गया है कि **भाद्रपद कृष्णाष्टमी यदि रोहिणी नक्षत्र और सोम या बुधवार से संयुक्त** हो जाए तो वह **जयन्ती नाम** से विख्यात होती है। जन्म-जन्मान्तरों के पुण्यसंचय से ऐसा योग मिलता है। जिस मनुष्य को जयन्ती-उपवास का सौभाग्य मिलता है, उसके **कोटि जन्मकृत पाप नष्ट हो जाते हैं** तथा जन्म बन्धन से मुक्त होकर वह परम दिव्य वैकुण्ठादि भगवद् धाम में निवास करता है–

अष्टमी रोहिणी युक्ता चार्धरात्रे यदा भवेत्।
उपोष्य तां तिथिं विद्वान् कोटियज्ञफलं लभेत्।।
सोमाहणि बुधवासरे वा अष्टमी रोहिणी युता।
जयन्ती सा समाख्याता सा लम्या पुण्य संचयैः।। (गौ. तन्त्र)

अस्तु, सभी धर्म एवं निबन्ध ग्रंथों में ऐसे दुर्लभ योग की विशेष महिमा कही है। उपरोक्त शास्त्र वचनों के अनुसार 28 अगस्त, बुधवार को प्रातः ध्वजारोहण एवं संकल्पपूर्वक व्रतानुष्ठान करके **ॐ नमः भगवते वासुदेवाय। ॐ कृष्णाय वासुदेवाय गोविन्दाय नमो नमः** आदि मन्त्र जप, श्रीकृष्ण नाम स्तोत्र पाठ, कीर्तनादि तथा रात्रि को श्रीकृष्ण बाल रूप की पूजार्चन, ध्वजारोहण, झूला-झुलाना, चन्द्रार्घ्यदान, जागरण-कीर्तनादि शुभ कृत्य करने चाहिएँ। **रात्रि को बारह बजे गर्भ से जन्म** लेने के प्रतीक स्वरूप **खीरा फोड़कर एवं शंख ध्वनि सहित** भगवान् का जन्मोत्सव मनाएँ। जन्मोत्सव के पश्चात् कर्पूरादि प्रज्वलित कर सामूहिक स्वर से श्री भगवान् की आरती-स्तुति करें। फिर गंगाजल सहित दूध-जल, पुष्पाक्षत, गन्धादि पात्र में डालकर निम्न मन्त्र द्वारा चन्द्रमा को अर्घ्य देकर नमस्कार करें–

गृहणार्घ्यं शशांक इमं रोहिण्या सहितो।। ज्योत्स्नापते
नमस्तुभ्यां नमस्ते ज्योतिषां पते। नमस्ते रोहिणीकान्त अर्घ्यं मे प्रतिगृह्यताम्।।

फिर नमस्कार करके प्रार्थना करें–

त्राहि मां सर्वपापघ्न दुखशोकार्णवात् प्रभो, अर्थात्–हे प्रभो ! दुख व शोक रूपी समुद्र से मेरी रक्षा करो। तत्पश्चात् मक्खन, मिश्री-धनिया, केले आदि फलों का प्रसाद ग्रहण करें। फिर भगवान् श्रीकृष्ण के ध्यान/नाम मन्त्रों का यथाशक्ति जाप करता रहे।

''ॐ नारायणाय नमः, अच्युताय नमः, अनन्ताय नमः, वासुदेवाय नमः।।''

दूसरे दिन **मिष्ठान्न सहित प्रसाद बांटना, ब्राह्मण भोजन** एवं यथाशक्ति दान करके **श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के दुर्लभ पर्व का अवश्य पुण्य लाभ उठाना चाहिए।**

इस दिन अभीष्ट सन्तान प्राप्ति के लिए विधिपूर्वक सन्तान गोपाल स्तोत्र का पाठ करने का भी विशेष माहात्म्य होगा। इस पर्व के सम्बन्ध में संशय या संदिग्ध कुछ भी नहीं है। फिर भी **'जयन्ती योग'** के उपलक्ष्य में माहात्म्य लिखा गया है। अपने स्थानीय नगर में **'श्रीकृष्ण-जन्माष्टमी'** (28 अगस्त) के दिन का चन्द्रोदय जानने के लिए पृष्ठ 13-14 देखें।

दीपावली (श्रीमहालक्ष्मी पूजन)

(3 नवम्बर, रविवार, 2013 ई०)

'ब्रह्मपुराण' के अनुसार अर्द्धरात्रि व्यापिनी अर्थात् आधी रात तक रहने वाली अमावस्या ही श्रेष्ठ होती है। यदि वह आधी रात तक न रहे तो प्रदोषव्यापिनी लेनी चाहिए–

दीपान्दत्त्वा प्रदोषे तु लक्ष्मीं संपूज्य यथाविधि।
स्वालंकृतेन भोक्तव्यं सितवस्त्रोपशोभिना।। (निर्णयसिन्धुः)

लक्ष्मी-पूजा, दीपदानादि के लिए प्रदोषकाल ही विशेषतया प्रशस्त माना जाता है।

कार्तिके प्रदोषे तु विशेषेण अमावस्या निशावर्धके।
तस्यां सम्पूज्येत देवी भोगमोक्ष प्रदायिनीम्।।

इस वर्ष कार्तिक कृष्ण **अमावस 3 नवम्बर, रविवार को सूर्योदय** से लेकर सायं प्रदोषव्यापिनी (18घं. 20मिं. तक) होने से दीपावली पर्व इसी दिन होगा। रात्रि 11 बजकर 03 मिन्ट तक स्वाती नक्षत्र विशेष रूप से प्रशस्त होगा। आयुष्मान योग तथा तुला राशिस्थ

चन्द्रमा कालीन **अमावस पुण्यप्रदायक** रहेगी। दीपावली में अमावस तिथि, प्रदोषकाल, निशीथकाल एवं महानिशीथकाल विशेष महत्त्वपूर्ण माने जाते हैं।

प्रदोष काल–3 नवम्बर को जालन्धर एवं निकटवर्ती नगरों में सूर्यास्त (17घं. 35मिं.) से लेकर 2घं. 39मिं. पर्यान्त (20घं. 14मिं.) प्रदोषकाल रहेगा। (प्रत्येक नगर के रात्रिमान अनुसार इसका समय निर्धारण करें-देखें पृष्ठ 265-266)

सायं 6/15 से रात्रि 8/09 तक वृष (स्थिर) लग्न भी विशेष प्रशस्त होगा। प्रदोषकाल में व्याप्त वृष लग्न, स्वाती नक्षत्र, तुला के सूर्य-चन्द्र होने से अत्यन्त शुभकाल रहेगा।

आगे 17घं. 35मिं. से 19घं. 14मिं. तक '**शुभ**' चौघड़ियां तथा तदुपरान्त 19घं. 14मिं. से 20घं. 54मिं. तक '**अमृत**' की चौघड़ियां भी रहने से इस योग में दीपदान, श्रीमहालक्ष्मीपूजन, कुबेर पूजन, बही-खाता पूजन, धर्म एवं गृह स्थलों पर दीप प्रज्वलित करना, ब्राह्मणों तथा आश्रितों को भेंट, मिष्ठान्नादि बांटना शुभ रहेगा।

इस वर्ष अमावस सायं 18घं. 20मिं. तक ही होने से प्रदोष काल का विशेष महत्त्व रहेगा तथा यथासम्भव इस काल तक पूजन प्रारम्भ कर लेना चाहिए। फिर भी निशीथ एवं महानिशीथ तंत्र, याज्ञिक क्रियाओं के लिए उपयुक्त रहेंगे।

निशीथ-काल–3 नवम्बर, रविवार को जालन्धर में निशीथकाल 20घं. 14मिं. से 22घं. 53मिं. तक रहेगा। ध्यान दें, 20घं. 09मिं. से 22घं. 23मिं. तक मिथुन लग्न मध्यम तदुपरान्त रात्रि 24घं. 46मिं. तक **कर्क** लग्न विशेष प्रशस्त रहेगा।

20घं. 54मिं. से रात्रि 22घं. 33मिं. तक 'चर' की चौघड़ियां भी शुभ रहेंगी। परन्तु तदुपरान्त रोग एवं काल की चौघड़ियां रहेंगी। इस अवधि में श्रीसूक्त, कनकधारा स्तोत्र एवं लक्ष्मी स्तोत्र आदि मन्त्रों का जपानुष्ठान करना चाहिए।

महानिशीथ काल–रात्रि 22घं. 53मिं. से अर्धरात्रि 25घं. 32मिं. तक महानिशीथ काल रहेगा। इस अवधि में रात्रि 22घं. 23मिं. से 24घं. 46मिं. तक '**कर्क**' लग्न तदुपरान्त सिंह लग्न भी (दोनों) विशेष रूप से प्रशस्त रहेंगे। ध्यान दें, 22घं. 33मिं. के बाद '**रोग**' एवं '**काल**' की चौघड़ियां अशुभ रहेंगी। इसलिए 'महालक्ष्मी' पूजन 22घं. 33मिं. से पहले कर लेना चाहिए। महानिशीथ काल में श्रीलक्ष्मी, महाशक्ति काली उपासना, यन्त्र-मन्त्र-तन्त्रादि क्रियाएं व साधना की जाती हैं।

नोट–अपने स्थानीय नगर में चौघड़ियां मुहूर्त्त (समय) जानने के लिए पृष्ठ 245 देखें तथा महालक्ष्मी पूजन एवं साधना के लिए प्रशस्थ वृष, कर्क आदि लग्न के लिए पृष्ठ 259-260 तक का अवलोकन कर निकालें अथवा स्थानीय पंडित जी से '**पंचांगदिवाकर**' दिखाकर परामर्श लें।

आद्या शक्ति की उपासना एवं प्रकट व गुप्त नवरात्रों की महिमा

देवी भगवती की उपासना का पर्व '**नवरात्र**' कहलाता है। आदिशक्ति के हर रूप की नवरात्रों के नौं दिनों में क्रमशः अलग-अलग पूजा की जाती है, जिसमें माँ प्रसन्न होकर आशीर्वाद देती है। '**नवरात्र**' शब्द में संख्या और काल का अद्‌भुत सम्मिश्रण है। **नवानां रात्रीणां समाहार: नवरात्रम्**।। अर्थात् नौं रात्रियों के सम्मिश्रण का नाम नवरात्र है। ध्यान रहे, यह नौं (नव) की संख्या अखण्ड, अविकारी एकरस ब्रह्म ही है। आप एक से दस तक नौं (नव) का पहाड़ा पढ़िए और देखिए कि पूरे पहाड़े में नौं ही नौं अखण्ड ब्रह्म की तरह चमकते रहेंगे। जैसे $9 \times 1 = 9$, $9 \times 2 = 18$, $9 \times 5 = 45$, $9 \times 8 = 72$, $9 \times 9 = 81$, $9 \times 10 = 90$ हर संख्या का जोड़ 9 ही रहेगा।

श्रीदेवीभागवत् में संवत् (वर्ष) में **चार नवरात्रों** का स्पष्ट वर्णन मिलता है–

(1) चैत्र नवरात्रे, (2) आषाढ़ नवरात्र, (3) आश्विन नवरात्र, (4) माघ नवरात्र

इनमें प्रत्येक मास की शुक्ल प्रतिपदा से नवमी तिथि तक नवरात्र कहलाते हैं। कालान्तर में दो **नवरात्र-चैत्र नवरात्र** और **आश्विन नवरात्रों** का अधिक प्रचलन होने के कारण उन्हें **प्रकट नवरात्र** कहते हैं तथा अन्य **दोनों नवरात्रों (आषाढ़ और माघ)** को **गुप्त नवरात्रों** के नाम से पुकारते हैं।

आद्या शक्ति की विशेष उपासना के लिए नौ (9) दिनों के नवरात्र नियत करने के पीछे भी विशेष मर्म (रहस्य) छिपा हुआ है। श्रीमार्कण्डेय पुराण के अनुसार माँ दुर्गा के नौं (नव) स्वरूप हैं–

१-प्रथमं शैलपुत्री, २-द्वितीयं ब्रह्मचारिणी, ३-चन्द्रघण्टा, ४-कूष्माण्ड, ५-स्कन्दमाता, ६-कत्यायनी, ७-कालरात्रि, ८-महागौरी, ९-सिद्धिदात्री-इसी आधार पर श्रीदुर्गा जी के नौ दिन (नवरात्र) व्रत-पूजनादि हेतु विशेष प्रशस्त माने जाते हैं। इसके अतिरिक्त वर्ष के मध्यम दिनों (360) को 9 से भाग देने पर 40 नवरात्र बनते हैं। शून्य (0) को अलग कर देने से 4 प्रमुख नवरात्र बन जाएंगे। यह गणना भी हमें श्रीदुर्गा पूजा के नौ दिन ही रखने का समर्थन करती है।

श्रीदुर्गा सप्तशती (श्री मार्कण्डयोक्त) में भी आद्या शक्ति द्वारा स्वयं के **कथनानुसार** भी नवरात्रों की प्रतिष्ठा एवं महिमा प्रकट होती है–

शरत्काले महापूजा क्रियते या च वार्षिकी।
तस्यां ममैतन्माहात्म्यं श्रुत्वा भक्ति समन्वित:।।
सर्वाबाधा विनिर्मुक्तो धन धान्य सुतान्वित:।
मनुष्यो मत्प्रसादेन भविष्यति न संशय:।।

अर्थात् शरद् ऋतु: में जो वार्षिक महापूजा अर्थात् नवरात्र पूजन होता है, उसमें श्रद्धा-भक्ति के साथ मेरे इस देवी-माहात्म्य (सप्तशती) का पाठ या श्रवण करना चाहिए। ऐसा करने पर नि:संदेह मेरे कृपा प्रसाद से मनुष्य सभी प्रकार की बाधाओं मुक्त होकर धन-धान्य, भूमि-पुत्रादि सम्पत्तियों से सम्पन्न हो जाता है।----(श्री दुर्गासप्तशती)

भारत के अनेक शक्तिपीठों एवं देवी-मन्दिरों में चारों नवरात्रों में नौ दिनों तक आद्या शक्ति

के व्रत और श्री दुर्गासप्तशती का संकल्पपूर्वक पाठ करने का प्रचलन रहा है। सर्वप्रथम प्रातः मंत्रपूर्वक घटस्थापन (जलापूरित) तथा घी का दीपक भी जलाना चाहिए। कलश पर देवी की मूर्ति भी स्थापित करके उसका षोडशोपचारपूर्वक पूजन करना चाहिए। घटस्थापन के साथ ही एक मिट्टी या धातु के खुले मुख वाले पात्र में जौं और गेहूँ बोयें।

तदनन्तर श्रीदुर्गासप्तशती का सम्पुट या साधारण पाठ प्रतिदिन विधि एवं क्रमानुसार करना चाहिए। पाठ की पूर्णाहुति के दिन दशांश हवन अथवा पाठ एवं कन्यापूजन करना चाहिए।

यहाँ पर पाठ की विधि अति संक्षेप से लिखी गई है। अधिक विस्तार से विधि जानने के लिए हमारे कार्यालय से छपी **"श्रीदुर्गा सप्तशती संस्कृत-हिन्दी" अथवा** केवल हिन्दी भाषा वाली मंगवाकर पाठ करें।

चैत्र एवं आश्विन के नवरात्रों के मध्य तो भारत में प्रायः सभी देवी मन्दिरों में श्रीदुर्गा पाठ होते हैं, परन्तु गत कुछ वर्षों में **आषाढ़ एवं माघ-गुप्त नवरात्रों में भी भगवती देवी की पूजार्चना** का चलन शुरु हो गया है।

महाशक्ति ही परब्रह्म परमात्मा है, जो विविध रूपों में विभिन्न लीलाएँ करती हैं। इन्हीं की शक्ति से ब्रह्मा विश्व की उत्पत्ति करते हैं। इन्हीं की शक्ति से श्रीविष्णु सृष्टि का फलन करते हैं। अर्थात् यही सृजन, पालन और संहार करने वाली आद्या पराशक्ति है। ये पराशक्ति नवदुर्गा, दशमहाविद्या हैं। ये ही अन्नपूर्णा, जगत्धारी, कात्यायनी एवं ललिताम्बा हैं। गायत्री, भुवनेश्वरी, काली, तारा, बगला, षोडशी, त्रिपुरा, धूमावती, मातङ्गी, वैष्णवी, कमला, पद्मावती, दुर्गा आदि इन्हीं के रूप हैं।

सभी देवताओं की कारणभूता सनातनी, वही होने के कारण वह सर्वदेवमयी है। वह विश्वरूपिणी है। वह दुखदारिद्रिया का शमन करने वाली, भवभीति से युक्त, व्यक्ति का उद्धार करने वाली, सर्व मन्त्रों की मातृका, सर्व शब्दों की ज्ञानरूपिणी, चिन्मयी, परमानन्द स्वरूपा और समस्त दुराचारों की विध्वंसिका उस शक्ति को पदे-पदे नमस्कार करना चाहिए।

तां दुर्गां दुर्गमां देवीं दुराचारविधातिनीम्। नमामि भवभीतोऽहं संसारार्णवतारिणीम्।।

श्री दुर्गा सप्तशती (हिन्दी भाषा में)

श्री दुर्गासप्तशती मात्र धर्मग्रन्थ ही नहीं, बल्कि एक सिद्ध ग्रंथ है। पं. पन्ना ज्योतिषी द्वारा प्रणीत श्री दुर्गा-सप्तशती के प्रस्तुत सरल हिन्दी भाषा संस्करण में अनेक उपयोगी विषयों का समावेश किया गया है। इस पुस्तक में श्री दुर्गा यन्त्र, संक्षिप्त पाठ एवं संकल्प विधि, श्री देवी कवच, श्री अर्गलास्तोत्र, श्री कीलक स्तोत्र, रात्रिसूक्त, नवार्णमन्त्र, 13 पाठ अध्याय, श्री चण्डी पूजा, चरित्र एवं स्तोत्र, चालीसा एवं आरतियों सहित विस्तृत वर्णन किया है।

ध्यान रहे–बिना संकल्प विधि के किया जप-पाठ एवं कोई भी अनुष्ठान पूर्ण फल नहीं देता। मार्कीट में बिकने वाली अधिकांश हिन्दी भाषी सप्तशतियों में संकल्पविधि, पूजन विधि आदि आवश्यक विषयों का अभाव मिलता है। श्रद्धा पूर्वक सही विधि द्वारा श्री दुर्गा जी के चरित्रों का विधिपूर्वक पाठ करने से मनुष्यों के पाप नष्ट होकर उन्हें धन-धान्य, सौभाग्यादि की प्राप्ति एवं मनोवांछित कामनाओं की सहज पूर्ति होती है। **भेंट–65 रु०**

श्रावण मास में

शिवभक्ति एवं आस्था का प्रतीक काँवड़ी जलाभिषेक

गोमुख, श्रीकेदारनाथ, श्रीअमरनाथ, श्री हरिद्वार, नीलकण्ठ एवं गंगादि तीर्थों से श्री गंगाजल के कलश भरकर भगवान श्री शिव की प्रसन्नता हेतु **आषाढ़ पूर्णिमा से लेकर सम्पूर्ण श्रावण मास पर्यन्त भगवान श्री शिव के प्रतिष्ठित मन्दिरों, विग्रहों, स्वरूपों एवं ज्योतिर्लिङ्गों** तथा क्षेत्रीय मन्दिरों में शिवभक्त काँवड़ियों द्वारा श्रद्धारूपी श्रीगङ्गाजल अभिषेक किया जाता है।

स्कन्दपुराणानुसार श्रावण मास में नियमपूर्वक नक्त व्रत करें और महीने भर प्रतिदिन रूद्राभिषेक करें।

कुर्यात् नक्त व्रतं योगिन् श्रावणे नियतो नरः। रूद्राभिषेकं कुर्वीत मासमात्रं दिने दिने।।

कुछ लोगों का भ्रम है **कि श्रावण-भादों मास में नदियां रजस्वलारूप हो जाने से उनका जल पवित्र नहीं होता। परन्तु स्कन्दपुराण में स्पष्ट लिखा है कि सिन्धु, सूती, चन्द्रभागा, गंगा, सरयू, नर्मदा, यमुना, प्लक्षजाला, सरस्वती–ये सभी नदसंज्ञा वाली नदियाँ–ये रजोदोष से युक्त नहीं होती हैं।–ये सभी अवस्थाओं में निर्मल रहती हैं।**

श्री गंगादि तीर्थों से जल लाने एवं भगवान् शिवपूजन एवं शिवलिङ्ग को जलांजली अभिषेक करने की शुभ एवं पुण्य तारीखें–

पक्ष तिथि	वार	नक्षत्र	तारीखें	पक्ष तिथि	वार	नक्षत्र	तारीखें
आषा. शु. १३/१४	रवि	मूल	21 जुलाई	श्राव. शु. ५/६	सोम	चित्रा	12 अग.
आषा. पूर्णिमा	सोम	पू.षा.	22 जुलाई	श्राव. शु. १३/१४	सोम	उ.षा.	19 अग.
श्राव. कृ. १	मंगल	श्रवण	23 जुलाई	श्राव. शु. १४	मंगल	श्रवण	20 अग.
श्राव. कृ. ७/८	सोम	अश्वि	29 जुलाई	श्राव. पूर्णिमा	बुध	धनि.	21 अग.
श्राव. कृ. १४	सोम	पुर्न.	5 अग.	------------	----	----	-----

अभिषेक हेतु जलामृत लिवाने की यात्रा में शुभ दिन विचार

काँवडियां शुभयात्रा हेतु जाने से पूर्व चन्द्रमा का सम्मुख व दाएँ आदि दिशा वास जानकर शुभ यात्रा आरम्भ करें तो कल्याणकारी होगा। उदाहरणार्थ–जिस दिशा की ओर जाना हो उस राशि से सम्बन्धित दिशा सम्मुख अर्थात् कल्याणकारी कहलाएगी। उससे दाहिनी ओर की दिशा में पड़ने वाली चन्द्र राशि एवं उसकी दिशा भी शुभ एवं लाभकारी होगी। जबकि बाईं ओर पड़ने वाली एवं दिशा कष्टकारी एवं अशुभ होगी।

चन्द्रराशि अनुसार यात्रा में दिशा की शुभाशुभ विचार

दिशा	पूर्व	पश्चिम	उत्तर	दक्षिण
द्वादश राशियां	मेष, सिंह, धनु	मिथुन, तुला, कुम्भ	कर्क, वृश्चिक, मीन	वृष, कन्या, मकर।

शंकाएँ, समस्याएँ और समाधान

लेखक :-पं. पन्ना लाल ज्योतिषी, जालन्धर।

***समस्या*—(i) आपने पंचांगदिवाकर में लिखा है कि यदि लड़की की कुण्डली में १, ४, ७, ८, १२वें मंगल हो और लड़के की कुण्डली में उन्हीं स्थानों पर शनि या राहु हों, तो कुण्डली में मंगलीक दोष भंग हो जाता है। इसका क्या प्रमाण है ?**

(ii) पंचांगदिवाकर में मंगलीक परिहार वाक्यों में आपने उच्च राशि मकर एवं स्वराशि मेष-वृश्चिक, द्वादश मीन के मंगल को भंग माना है। जबकि मेरे अनुभव एवं फलदीपिका-भावार्थप्रबोधिनी अनुसार भी उच्च व स्वराशि का मंगल और भी क्रूर हो जाता है ?

(iii) नाड़ीदोष के परिहार वाक्यों में आठ नक्षत्रों का परिहार बताया गया है ? कुछ ज्योतिषी इसे प्रमाण नहीं मानते। इसका क्या कारण है ?

-पं. ओम प्रकाश साँख्यान ज्यो., मलोट (बिलासपुर) हि. प्र.

***समाधान*—(i)** मंगलीक दोष एवं परिहार के अन्तर्गत हमने जो भी परिहार वाक्य लिखे हैं, वह सभी मुहूर्त्त चिन्तामणि एवं अन्य प्रतिष्ठित मुहूर्त्त ग्रंथों के प्रमाणानुसार दिए गए हैं। ये सभी प्रमाण अपने मन से नहीं बनाए हैं। जैसे कि **शनि भौमोऽथवा कश्चित्पापो------वाला श्लोक मुहूर्त्त चिन्तामणि**-टीका पं. प्रवह श्री योगेश्वर पाठक, प्रकाशक ठाकुर प्रसाद & सन्ज़, वाराणसी द्वारा छापी गई है। पृष्ठ १९३ पर यह श्लोक देख सकते हैं।

-यही श्लोक **मुहूर्त्त पारिजात** (मुहूर्त्त ग्रंथ में) सम्पादक पण्डित सीताराम झा ज्योतिषाचार्य, चौखम्बा विद्याभवन, वाराणसी के पृष्ठ ११३ पर भी मिलता है।

वर कन्या के मिलान पर अन्तिम निर्णय लेते समय अनेक तत्त्वों का विचार करना आवश्यक है। मात्र मंगल व शनि को देखकर शीघ्रता से निर्णय नहीं करना चाहिए। अन्य **महत्त्वपूर्ण सभी तत्त्वों पर भी** विचार करना चाहिए-जैसे **गुणमिलान,** राशि मैत्री, सप्तमेश की स्थिति, सप्तम भाव पर शुभाशुभ दृष्टि, चलित भाव व नवांश में लग्नेश व सप्तमेश की स्थिति, ग्रहदशा गोचर स्थिति आदि। हम एक ही परिहार वाक्य देखकर विवाह का निर्णय देने के पक्ष में नहीं बल्कि अन्य बातों पर भी ध्यान देने का परामर्श देते हैं। इस सम्बन्ध में पंचाँग दिवाकर सं. **२०६९ के मंगलीक योग** के साथ वाले पृष्ठ नं. 165 पर कालम I में मेलापक सम्बन्धी सर्वाङ्ग विवेचन के आगे लिखे छ: (६) नियमों को ध्यानपूर्वक पढ़ें। तभी किसी पर दोषारोपण करना उचित होगा। पंचाँग में दिए गए परिहारों के सम्बन्ध में हमारी शत प्रतिशत सहमति होना आवश्यक नहीं।

***समाधान*—(ii)** मुहूर्त्त चिन्तामणि में पृ. १९४ पर **मीन राशि** का मंगल होने की स्थिति में मंगलीक दोष अभाव लिखा है। हमने तो मंगलीक दोष एवं उसके परिहार सम्बन्धी प्रमाणों का प्रतिष्ठित ग्रंथों से संकलन किया है। फलित दृष्टि में यह श्लोक कहाँ तक उपयुक्त बैठते हैं ? इसकी परीक्षा तो आपको ही स्वयं करनी है।

हमारा परामर्श है कि मिलान में केवल एक ग्रह को लेकर अन्तिम निर्णय न लेवें। मिलान सम्बन्धी अन्य नियमों को भी ध्यान में रखें, इनमें से कुछ नियम पंचाँग २०६९ के पृष्ठ १६५ पर लिखे हुए हैं, पढ़ें।।

***समाधान*—(iii) नाड़ी दोष** के परिहार स्वरूप **ज्योतिष चिन्तामणि** का निम्न श्लोक को भी ज्योतिष विषयों के सम्बन्ध में प्रामाणिक पुस्तक **''ज्योतिनिर्बन्ध''** से उद्धृत किया गया है-श्री काशी विश्वनाथ पंचाँग २०६९ के पृष्ठ १० पर भी यह श्लोक देख सकते हैं। **रोहिण्यार्द्रा मृगेन्द्राग्नि पुष्य श्रवण पौष्णभम्।।**

अहिर्बुध्न्यर्क्षमेतेषां नाड़ी दोषो न विद्यते।।

यह श्लोक कुछ अन्य ग्रंथों में भी उपलब्ध होता है। यद्यपि रोहिणी, मृगशिर, आर्द्रा आदि नक्षत्रों में परिहार के सम्बन्ध में हम भी शतप्रतिशत सहमत नहीं हैं। अपने विद्वान् पाठकों की जिज्ञासा व जानकारी हेतु संकलित किया गया है।

***समस्या* (I)-क्या मृत्युबाण को वर-कन्या के वरण में भी वर्जित किया जाए ?**

पं. तिलक राज भारद्वाज शास्त्री, झिकली आरठ, पालमपुर (H.P.)

समाधान-मृत्युबाण दोष मुख्यत: वर-कन्या के विवाह के समय पर ही विचार करने की शास्त्राज्ञा है। हमारे मतानुसार वर-कन्या के वरण काल में मृत्युबाण का विचार करने की आवश्यकता नहीं, क्योंकि वरण काल में वर-कन्या के वरण का केवल संकल्प ही किया जाता है, वास्तविक सम्बन्ध नहीं।

***समस्या* (II)-क्या ग्रहण के सूतक में मन्दिर बने कपाट बन्द करने शास्त्रोचित है ?**

***समाधान*—**ग्रहण काल में एवं ग्रहण के सूतक काल में श्री भगवान् के मन्दिर के कपाट बन्द करने शास्त्रोचित ही हैं, क्योंकि ग्रहण काल से पूर्व (चन्द्रग्रहण में 9 घंटे पूर्व तथा सूर्य ग्रहण में 12 घंटे पूर्व) प्राय: सभी सम्प्रदायों के लोगों को सूतक लगता है- **''सर्वेषामेव वर्णानां सूतकं राहुदर्शने।।''**

अशौच अवस्था में तथा झूठे मुँह व हाथों से गौ, ब्राह्मण, अग्नि, देव प्रतिमा, आसन, **देवप्रतिमा,** गुरु, आसन, पुष्प वाले वृक्ष, यज्ञोपयोगी वृक्षादि का स्पर्श/अवलोकनादि नहीं करते।।

सूतके उच्छिष्टो वा न स्पृशेदग्नि ब्राह्मणं दैवतं गुरूम्।
स्वशीर्ष पुष्पवृक्षं च यज्ञवृक्षमधर्मिकम्।। (पद्मपुराण सृष्टि)

अतएव ग्रहणादि के सूतककाल में भगवान् की मूर्तियों का स्पर्श, दर्शनादि का शास्त्र निषेध होने के कारण मन्दिरों के कपाट बन्द करने की परम्परा उचित लगती है।

समस्या—आपके पंचाँग दिवाकर २०६९ में श्रावण कृष्ण पक्ष की कामिका एकादशी का व्रत, 14 जुला. शनिवार को लिखा गया है जबकि चण्डीगढ़ अक्षांश से छपने वाले एक पंचाँग में 14 जुला. की एकादशी को स्मार्तः लिखा है, कौन–सी ठीक है ? इस प्रकार हमारे इलाके के पण्डितों में भ्रम की स्थिति पैदा हो गई है। कृपया स्पष्टीकरण देवें।

—पं. सुभाष चन्द्र शर्मा, शिव मन्दिर, पलोरा, जम्मू।।

समाधान—जैसा कि सभी निबन्धकारों ने अरुणोदयकाल में दशमी से वेध युक्त एका. को विद्धा तथा अरुणोदयाकाल **काल में दशमी** से वेध रहित एका. को **शुद्धा** माना है। अरुणोदय में दशमी विद्धा एकादशी हो, तो उसको छोड़कर **वैष्णव** सम्प्र. वाले व्यक्ति को द्वादशी में उपवास करना चाहिए।

अरूणोदय वेधवती विद्धायां त्यक्त्वा वैष्णवै द्वादश्येवो पोष्या।।
अरूणोदय वेधरहिता शुद्धा।--------------------(धर्मसिन्धु)

यदि **अरूणोदय काल** में दशमी एका. को स्पर्श न करे, तो उस स्थिति में वर्तमान शुद्ध नाम्ना एकादशी ही व्रतादि कार्य हेतु ग्रहणीय होगी।

आपके द्वारा निर्दिष्ट कामिका एकादशी 14 जुलाई को ५५ घड़ी २३ पल (27 घं. 46 मिं.) तक व्याप्त है, 13 जुला. को दशमी (25 घं. 16 मिं.) पर समाप्त है, जबकि अरूणोदय 13 ता. को 28 घं. 01 मिंट से प्रारम्भ हो रहा था। इस प्रकार एकादशी में दशमी का वेध नहीं। जिससे स्पष्ट तौर पर एकादशी **14 जुलाई को ही शास्त्र सम्मत** थी।

इसके अतिरिक्त, द्वादशी की वृद्धि होने के कारण भी कामिका एकादशी व्रत (स्मा. व वैष्ण.) को ही शास्त्र सम्मत था। **निर्णयसिन्धु** में इस सम्बन्ध में स्पष्ट निर्देश है।

द्वादशी मात्र वृद्धौ तु शुद्धायां पूर्वैव ग्राह्या।। (निर्णय सिन्धु)

अर्थात् द्वादशी तिथि की वृद्धि हो जाने की स्थिति में पूर्व दिन को शुद्धाख्या एकादशी व्रतार्थ ग्राह्य होगी।

ध्यान रहे, भारत के कुछ अन्य प्रामाणिक पंचाँग में भी कामिका एका. 14 जुलाई को ही मान्य थी।

सोमवती, भौमवासरी आदि अमावस्या का माहात्म्य—2013–14 ई.

सोमवार से युक्त अमावस्या का शास्त्रों में विशेष माहात्म्य कहा गया है। स्कन्द पुराण के अनुसार सोमवार और अमावस्या का योग कभी–कभी होता है। इस दिन भगवान शिव के दर्शन करके पूजन आदि करने का विशेष महत्त्व होता है। विशेषकर सोमेश्वर महादेव की पूजार्चना करने से कोटि (करोड़ों) यज्ञों का फल प्राप्त होता है–

अमासोमेन संयुक्ता कदाचिद् यदि लभ्यते। तस्यां सोमेश्वरं दृष्ट्वा कोटियज्ञफलं लभेत्।।

सोमवती अमावस्या को तीर्थ स्थान, जप, पाठ एवं ब्राह्मणों को भोजन, वस्त्र, दक्षिणादि सहित दान करना विशेष पुण्यप्रद माना गया है।

पुरुषार्थ चिन्तामणि के अनुसार, यदि अमावस्या सोमवार या मंगलवार अथवा गुरुवार को हो तो उस योग के पर्व को **पुष्कर योग** कहते हैं। इन योगों का फल सूर्यग्रहणों में किए हुए दान–पुण्य से सौ गुणा अधिक होता है–

अमा सोमे तथा भौमे गुरुवारे यदा भवेत्। तत्पर्व पुष्करं नाम सूर्यपर्वशताधिकम्।।

स्नानदान आदि पुण्य कर्मों में मंगलवारी अमावस्या भी सोमवती अमावस्या के समान मनानी चाहिए। यदि मंगलवारी अमावस्या हो तो गंगा के स्नानमात्र से सहस्त्र गौओं के दान का फल होता है–

स्नानदानादौ भौमवती अपि सोमवती समा ज्ञेया। अमावस्या भवेद्वारे यदा भूमिसुतस्य वै। जाह्नवी स्नान-मात्रेण गोसहस्त्रफलं लभेत्। —हेमाद्रौ शातातप

सोमवार से युक्त अमावस्या हो तो वहाँ अनन्त फल देने वाली और पितृगणों को दिया हुआ श्राद्ध अक्षय होता है–

सोमवारेण संयुक्ता अमावस्या यदा भवेत्। तत्रानन्तफलं श्राद्धं पितृणां दत्तभक्षयम्।।

सोमवती एवं मंगलवारी अमावस्या के विशिष्ट योग में पितृदोष शान्ति, सम्पदा सम्बन्धी परेशानियां, लड़के/लड़की के विवाह में विलम्ब, सन्तान एवं क्लिष्ट रोगों की शान्ति तथा आध्यात्मिक क्षेत्र में आत्म शुद्धि, स्नानदान, जप-पाठ आदि का विशेष माहात्म्य होता है। इस दिन व्रत धारण करके भगवान श्री विष्णु एवं शिवपूजन, चन्द्रपूजन तथा पीपल वृक्ष की गंगाजल युक्त दुग्ध, पुष्पाक्षत, एवं पुष्प-फल-मिष्ठान से धूप-दीप आदि से पूजन करके 108 प्रदक्षिणा के उपरान्त ब्राह्मणों को दक्षिणा सहित भोजन, वस्त्र, फलों का दान करने का विशेष माहात्म्य होता है।

वर्ष 2013–14 ई. में प्रमुख अमावस्याएँ

(1) 10 फरवरी, 2013 ई., रवि (कुम्भ स्नान)
(2) 11 मार्च, 2013 ई. (सोमवती)
(3) 8 जून, 2013 ई. (शनिवासरी)
(4) 8 जुला. 2013 ई. (सोमवती)
(5) 6 अगस्त, 2013 ई. (भौमवती)
(6) 2 दिसम्बर, 2013 ई. (सोमवती)
(7) 30 जनवरी, 2014 ई. (गुरुवासरी–मौनी)
(8) 1 मार्च, 2014 ई. (शनैश्चरी)

वि. संवत् २०७०, चैत्र शुक्ल पक्ष शाकः १९३५ | सन् 2013 ई. (ता. 11 अप्रैल से 25 अप्रैल तक) हिजरी सन् 1434

सूर्य उत्तरायण, उत्तर गोल, वसन्त-ग्रीष्म ऋतुः | भा.स्टैं.टा. जालन्धर

दिनमान घटी/पल	तिथि	वार	घटी	पल	नक्षत्र	घटी	पल	योग	घटी	पल	करण	घटी	पल	तारीखें: चैत्र शाक	जमा. उल	अप्रैल	सौर प्रवि.	चंद्र राशि प्रवेश घड़ी-पल	ग्रह दर्शन—सायं गुरु पश्चिमक्षितिज के समीप और प्रातः बुध पूर्व में तथा शनि पश्चिमी कपाल में होगा। ता. 22 को शुक्र सायं पश्चिम से उदय होगा।	दै. रा.	सू. अ.	स्प. क.	ष्ट. वि.	सूर्योदय घं.	मिं.	सूर्यास्त घं.	मिं.
३१.४३	१	गुरु	२४	३५	अश्वि	४२	२५	विष्क	५१	४०	बव	२४	३५	२१	२९	11	२९	मेष	पराभव नाम वि. संवत् २०७० प्रा., चैत्र (वासन्त) नवरात्रे प्रा. A	११	२७	१४	५३	६	०९	१८	५०
३१.४५	२	शुक्र	२८	१०	भर.	४७	४८	प्रीति	५२	१८	कौ	२८	१०	२२	जम	12	३०	मेष	मंगल अश्वि (१) मेष में ३३/४०, बुध उ.भा. में १५/१५, (B)	११	२८	१३	४४	६	०८	१८	५०
३१.५०	३	शनि	३२	५८	कृति	५४	१५	आयु	५३	४८	तै	०	३४	२३	२	13	वैश	वृ. ४/२०	सूर्य अश्वि (१) मेष में ४८/२३, वैशाख संक्रान्ति, मु. ३०, C	११	२९	१२	३२	६	०७	१८	५१
३१.५३	४	रवि	३८	४३	रोहि	६०	००	सौभा	५५	५८	व	५	५१	२४	३	14	२	वृष	भ. ५/५३ से ३८/४३ तक, दमनक चतुर्थी	०	००	११	१९	६	०६	१८	५१
३१.५७	५	चंद्र	४५	३	रोहि	१	३५	शोभ	५८	२८	बव	११	५३	२५	४	15	३	मि. ३५/२३	श्री (लक्ष्मी) पंचमी, स. सि. यो.	०	०१	१०	०३	६	०५	१८	५२
३२.०३	६	मंग	५१	२५	मृग	९	१५	अति	६०	००	कौ	१८	१४	२६	५	16	४	मिथुन	**स्कन्द षष्ठी व्रत**	०	०२	०८	४५	६	०४	१८	५३
३२.१०	७	बुध	५७	२३	आर्द्रा	१६	५३	अति	१	००	गर	२४	२४	२७	६	17	५	मिथुन	भ. ५७/२३ से,	०	०३	०७	२३	६	०२	१८	५४
३२.१३	८	गुरु	६०	००	पुर्न	२३	४५	सुक	३	३	वि	२९	५१	२८	७	18	६	क. ७/०८	भ. २९/५१ तक, **श्रीदुर्गाष्टमी** (देखें पृष्ठ 80), **भवान्युत्पत्ति**, अशोकाष्टमी, **D**	०	०४	०६	००	६	०१	१८	५४
३२.१७	८	शुक्र	२	१८	पुष्य	२९	२८	धृति	४	१८	बव	२	१८	२९	८	19	७	कर्क	**श्रीरामनवमी** (देखें पृष्ठ 80), नवरात्रे समाप्त, सूर्य सायन वृष में **(F)**	०	०५	०४	३६	६	००	१८	५५
३२.२३	९	शनि	५	४०	अश्ले	३३	३८	शूल	४	२३	कौ	५	४०	३०	९	20	८	सिं. ३३/३८	बुध रेव में ५७/२३, अगस्त्य अस्त, नवरात्रे पारणा	०	०६	०३	०९	५	५९	१८	५६
३२.२५	१०	रवि	७	१५	मघा	३५	५५	गंड	३	५	गर	७	१५	वैश	१०	21	९	सिंह	भ. ३७/०५ से, शुक्र भर. में १५/२८, शक वैशाख प्रारम्भ,	०	०७	०१	४०	५	५८	१८	५६
३२.३०	११	चंद्र	६	५५	पू.फा	३६	२३	वृद्धि ध्रुव	० ५६	२० ००	वि	६	५५	२	११	22	१०	कं. ५१/१३	भ. ६/५५ तक, कामदा एकादशी व्रत, **शुक्र पश्चिम में उदय १९/४३**	०	०८	००	०९	५	५७	१८	५७
३२.३३	१२	मंग	४	४३	उ.फा	३५	५	व्या.	५०	२३	बा	४	४३	३	१२	23	११	कन्या	भौम प्रदोष व्रत, अनङ्ग त्रयोदशी (देखें पृ. 80) **शुक्र उदय 22 अप्रैल**	०	०८	५८	३५	५	५६	१८	५७
३२.३७	१३	बुध	०	४८	हस्त	३२	१०	हर्ष	४३	२८	तै	०	४८	४	१३	24	१२	कन्या	भ. ५५/२३ से, **श्रीमहावीर जयंती** (जैन)	०	०९	५७	००	५	५५	१८	५८
००.००	१४	बुध	५५	२३	००	०	०	०	०	०	०	०	०	०	०	00	०	००	चतुर्दशी तिथि का क्षय- तिथि, नक्षत्र, चन्द्रादि ग्रहों का घंटा मिंटों में आगामी पृष्ठों पर देखें	०	०	०	०	०	०	०	०
३२.४३	१५	गुरु	४८	५३	चित्रा	२८	००	वज्र	३५	३८	वि	२२	८	५	१४	25	१३	तु. ००/१५	भ. २२/०८ तक, **चैत्र पूर्णिमा, खण्डग्रास चन्द्रग्रहण** (भारत में दृश्य)**(E)**	०	१०	५५	२३	५	५४	१८	५८

तारीख	वार	नक्षत्र	लग्न मुहूर्त
2 मई	गुरु	श्रवण	ल. वृष, कर्क, अभि.
6 मई	सोम	उ.भा.	प्रात: 10/45 बाद, अभि.
11 मई	शनि	रोह.	प्रात: 10/58 बाद,
13 मई	सोम	मृग	अभिजित, अक्षय ३
16 मई	गुरु	पुष्य	ल. ३, अभि., बु. दा.
20 मई	सोम	उ.फा.	ल. ३, ६, अभि. बु. दा.
29 मई	बुध	श्रव.	ल. ३, ६, बु. दा.
22 जुला	सोम	उषा	ल. ६, अभिजित
24 जुला	बुध	धनि	ल. ६,
27 जुला	शनि	उभा	ल. ६, अभिजित्
29 जुला	सोम	अश्वि	अभिजित
2 अग.	शुक्र	मृग	ल. ६, अभिजित्
3 अग.	शनि	मृग	ल. ६, अभिजित्
12 अग.	सोम	चित्रा	अभिजित
19 अग.	सोम	उ.षा.	ल. ६, अभिजित्
23 अग.	शुक्र	उ.भा.	ल. ६, अभिजित्
28 अग.	बुध	रोह.	दुपै. 12/42 बाद, बु. दा.
30 अग.	शुक्र	मृग	ल. ६, अभिजित्
2 सितं.	सोम	पुष्य	ल. ६, अभि., बु. दान
6 सितं	शुक्र	उ.फा.	ल. ६, ९, अभिजित
7 सितं	शनि	हस्त	ल. ९, अभिजित

तारीख	वार	नक्षत्र	लग्न मुहूर्त
5 अक्टू	शनि	हस्त	ल. ९, अभिजित्
12 अक्टू	शनि	उ.षा.	ल. ९, अभिजित्
18 अक्टू	शुक्र	रेव.	ल. ६, अभिजित्
19 अक्टू	शनि	अश्वि	ल. ९, अभिजित्
18 नवं.	सोम	रोहि.	ल. १२, अभिजित्
20 नवं.	बुध	मृग.	ल. धनु (चं.दा.)
22 नवं.	शुक्र	पुन.	ल. धनु (चं.दा.), अभि.
23 नवं.	शनि	पुष्य	ल. अभि., शनिदान
28 नवं.	गुरु	हस्त	ल. ९, अभिजित
29 नवं.	शुक्र	चित्रा	ल. ९, अभिजित
30 नवं.	शनि	चित्रा	ल. ९, अभिजित
7 दिसं.	शनि	श्रवण	ल. ९, अभिजित
13 दिसं.	शुक्र	अश्वि	ल. ९, अभिजित

स्वयं सिद्ध मुहूर्त

चैत्र शुक्ल प्रतिपदा, श्रीरामनवमी, अक्षय तृतीया, विजयादशमी, दीपावली-तिथियां स्वयं सिद्ध (अणपुच्छ) मुहूर्त कहलाती हैं। आवश्यक परिस्थितिवश गृहारम्भादि मुहूर्तों में कोई मुहूर्त न बन पड़े तो इन स्वयं सिद्ध मुहूर्तों में से शुभ कार्य का सम्पादन कर सकते हैं।

गृहारम्भ के मुहूर्त शोधन में

—वृष वास्तु-चक्र विचार—

बैल के अंग	शिर	अगले पाद (पांव)	पृष्ठपाद (पिछले पांव)	पृष्ठ (पीठ)	दक्ष कुक्षि (दाईं कोख)	पुच्छ (पूँछ)	वाम कुक्षि (बाईं कोख)	मुख
नक्षत्र	३	४	४	३	४	३	४	३
फल	अग्नि-भय	शून्य (०)	स्थिरता शान्तिप्रद	श्रीलक्ष्मी प्राप्ति	लाभ-प्रद	स्वामी कष्टकारी	दारिद्र्य	सदा पीड़ा व कष्ट

गत पृष्ठों में दिए गए गृहारम्भ के मुहूर्तों में से मास शुद्धि, ग्रह-बलादि देखने के बाद, कल्पित वृष (बैल) के अंगों पर अभिजित् सहित अट्ठाईस नक्षत्रों को प्रत्यारोप (स्थापित) करें। सूर्याधिष्ठित नक्षत्र से मुहूर्त के दिन तक गणना करने पर मुहूर्त वाला दिन दोषपूर्ण आता हो, तो उस स्थिति में मुहूर्त का दिन बदल लेना चाहिए।

उदाहरण—जैसे सूर्य के नक्षत्र से लेकर प्रथम तीन नक्षत्रों तक गिनने पर **मुहूर्त दिन** पड़ता हो, तो गृह में **अग्निदाह** का भय रहेगा। आगे 4, 5, 6 एवं 7वें नक्षत्र पर मु. नक्षत्र आवे तो शून्य यानि-कुछ भी शुभाशुभ फल न हो। अर्थात् अपने कर्मों के अनुसार ही फल मिले। आगामी चार (8, 9, 10, 11)वें नक्षत्रों के मध्यपात हो तो भाग्य में स्थिरता एवं शान्ति रहेगी। चतुर्थ भाग उससे आगे के तीन नक्षत्रों के मध्य मुहूर्त आ जावे तो लक्ष्मी प्राप्ति अर्थात् धन प्राप्ति के योग होंगे। इसी क्रमानुसार फल जानें।

निष्कर्षतः—गृह निर्माण का आरम्भ करने के लिए सूर्य के नक्षत्र से प्रथम सात नक्षत्र अशुभ। आठवें नक्षत्र से अठारहवें तक शुभ तथा शेष अंतिम दश नक्षत्र पुनः अशुभ होंगे।

नामकरण संस्कार मुहूर्त २०७०

(अन्न प्राशन मुहूर्त में भी ग्राह्य)

अपनी कुल परम्परा अनुसार सूतक समाप्ति के पश्चात् जन्मदिन से १०, ११, १२, १३, १६, १९ या २२वें या ४१वें तथा **विपणि** में दिए गए शुभ मुहूर्तों में नामकरण संस्कार करना चाहिए। मनुष्य के बाह्य एवं आन्तरिक व्यक्तित्व के विकास में उसकी प्रसिद्ध नाम राशि का विशेष महत्त्व होता है। व्यापार, व्यवहार, सर्विस, संकल्पपूर्वक दान दीक्षा-मंत्र-सिद्धि आदि कार्यों में नाम की ही प्रधानता रहती है। नामकरण संस्कार अपने कुल के वृद्ध व्यक्ति, महात्मा, गुरु, पण्डित, ज्योतिषी, पिता या कुल पुरोहित जी से परामर्श के अनुसार अथवा जन्म-नक्षत्र के चरणाक्षर से प्रारम्भ होने वाले अक्षर से युक्त किसी महान् पुरुष, कुलदेवता, ईश्वर या देववाचक, मंगल/कल्याणार्थक तथा कानों को मधुर लगने वाले अक्षर वाला नाम रखना चाहिए। यदि जन्म नक्षत्र/राशि पाप ग्रह से युक्त या दृष्ट हो, तो लग्न, लग्नेश या भाग्येश ग्रह से सम्बन्धित राशि वाले अक्षर से प्रारम्भ होने वाला नाम रखना चाहिए। उस दिन किसी ब्राह्मण द्वारा स्वास्ती वाचन, पंचदेव एवं नवग्रह पूजनादि करवा कर ब्राह्मण का भोजन, वस्त्र, फल दक्षिणा आदि द्वारा सत्कार करना चाहिए।

श्री मदभागवत, हरिवंशपुराण, रामायणादि ...

शिवलिङ्ग एवं शिव मूर्त्ति स्थापना में उपयोगी

—शिववास चक्र—

श्री मद्भागवत, हरिवंशपुराण, रामायणादि प्रारम्भ मुहूर्त्त-सम्वत् २०७० वि.

वैसे तो भगवान् श्री हरि की कथा किसी भी स्थिति या समय में गाई जा सकती है, परन्तु श्री मद्भागवत्, श्रीहरिवंश पुराण, रामायण, शिव महापुराण आदि पूज्य ग्रन्थों के पाठ का प्रारम्भ शास्त्र निर्धारित तिथि, नक्षत्र, वार, मास आदि के अनुसार किया जाए, तो विशेष अधिक पुण्यफल प्रद होता है। सुनिश्चित मुहूर्त्तों में भी कृष्ण पक्ष की अपेक्षा शुक्ल पक्ष **श्रेष्ठतर** माना गया है। श्री शिवपुराण पाठारम्भ में श्रावण, माघ व फागुन मास विशेष प्रशस्त माने जाते हैं। श्रीदेवीभागवत् वाचन हेतु श्री दुर्गा प्रतिष्ठा में लिखे मुहूर्त्त भी ग्राह्य होंगे।

पक्ष तिथि वार	तारीख	नक्षत्र	मुहूर्त्त विवरण (घं. मिं.)
वैशाख			
वैशा. कृ. ८, गुरू	2 मई	श्रवण	ल. २, ४, अभिजित्
वै. कृ.१२, सोम	6 मई	उ.भा.	ल. २, ४, अभिजित्
वैशा. शु. २, रवि	12 मई	रोह.	ल. २, ३, अभिजित
ज्येष्ठ			
वैशा. शु. ५, बुध	15 मई	पुर्न	ल. ४, ५
वैशा. शु. ६, गुरू	16 मई	पुष्य	ल. ३, ५, अभिजित्
वैशा. शु.१०, सोम	20 मई	उ.फा.	ल. ३, अभिजित
वैशा. शु. १२, बुध	22 मई	चित्रा	ल. ३, ६, (मिथुन कन्या)
ज्ये. कृ. ५, बुध	29 मई	श्रव	ल. ३, ६
ज्ये. कृ. १०, रवि	2 जून	उ.भा.	ल. ३, ६
आषाढ़			
आषा शु. २, बुध	10 जुला	पुष्य	ल. ५, ६
आषा. शु. ६, रवि	14 जुला	उ.फा.	ल ५, अभिजित्
श्रावण			
आ. शु. १५, सोम	22 जुला	उ.षा.	ल. ५, ६, अभिजित्
श्राव. कृ. २, बुध	24 जुला	धनि.	ल. ६,
श्राव. कृ. ६, रवि	28 जुला	रेव	ल. ६ (प्रातः 10/16 तक) अभिजित
श्रा. कृ. ७, सोम	29 जुला	अश्वि	ल. ५, अभिजित्
श्रा. कृ. ११, शुक्र	2 अग.	रोह/मृ	ल. ५, ६, अभिजित्
श्राव. शु. ५, रवि	11 अग.	हस्त	ल. ५, अभिजित्
श्रा. शु. ५/६, सोम	12 अग.	चित्रा	ल. ५, अभिजित्
भाद्रपद			
श्रा. शु. १३, सोम	19 अग.	उ.षा.	ल. ६, अभिजित्

पक्ष तिथि वार	तारीख	नक्षत्र	मुहूर्त्त विवरण (घं. मिं.)
श्रा. शु. १५, बुध	21 अग.	धनि.	ल. ६,
भाद्र. कृ. ५, रवि	25 अग.	अश्वि	ल. ९, अभिजित्
भाद्र. कृ. ८, बुध	28 अग.	रोह.	दुपै. 12/42 के बाद
भाद्र. शु. १, शुक्र	6 सितं	उफा	ल. ६, ९, अभिजित्
भाद्र. शु. ३, रवि	8 सितं	हस्त	मु. प्रातः 8/31 तक
आश्विन			
अश्वि शु. १, शनि	5 अक्तू	हस्त	ल. ९, अभिजित्
अश्वि २, रवि	6 अक्तू	चित्रा	ल. ९, अभिजित्
कार्तिक			
अश्वि. पूर्णिमा शुक्र	18 अक्तू	स्वा.	ल. ९ अभि.
कार्ति. कृ. ५, गुरु	24 अक्तू	मृग.	मु. 10/33 तक
कार्ति कृ. ८, रवि	27 अक्तू	पुष्य	अभिजित
कार्ति कृ.११, बुध	30 अक्तू	पू.फा.	ल. ९,
कार्ति कृ. १२, गुरु	31 अक्तू	उ.फा.	ल. ९, अभिजित्
कार्ति शु. ६, शुक्र	8 नवं.	पू.षा.	ल. ९, अभिजित्
का. शु. ८, रवि	10 नवं.	श्रवण	ल. ९, अभिजित्
मार्गशीर्ष			
मार्ग कृ. १, सोम	18 नवं.	रोह.	मु. दुपै. 13/32 बाद
मार्ग. कृ. ३ बुध	20 नवं.	मृग.	ल. ९
मार्ग. कृ. ५, शुक्र	22 नवं.	पुर्न.	ल. ९, अभिजित्
मार्ग. कृ. १०, गुरू	28 नवं.	उफा.	ल. ९, अभि.
मा. कृ. ११, शुक्र	29 नवं.	ह/चित्रा	ल. ९, अभि.
मा. शु. ३, गुरू	5 दिसं	पूषा	ल. ९, अभि.
मार्ग. शु. ६, रवि	8 दिसं	धनि.	ल. ९, १० अभि.
मार्ग. शु. ७, सोम	9 दिसं	शत	ल. ९, १०, अभि.
मा. शु. ११, शुक्र	13 दिसं	अश्वि	ल. ९, १०, अभिजित्

—शिववास चक्र—

शिवलिङ्ग एवं शिव मूर्त्ति स्थापना एवं प्रतिष्ठार्थ

ऊपर लिखे शास्त्रविहित मुहूर्त्तों में से विशेष मुहूर्त्त के चयन हेतु कुछ विद्वान् शिववास चक्र का भी प्रयोग करते हैं। पाठकों के लाभ हेतु शिववास चक्र दिया जा रहा हैं। इस चक्र की प्रयोग विधि इस प्रकार से है–उपरोक्त लिखी गई तिथियों में से अभीष्ट (Required) तिथि की संख्या को दोगुणा करके उसमें, पाँच जोड़ देवें, फिर कुल मान को सात से भाग कर देवें, जो शेष संख्या बचे, उसके अनुसार शिव का वास जानना। उदाहरण–मान लो हमने पंचमी तिथि के सम्बन्ध में शिववास जानना है, तो पाँच संख्या को दोगुणा करने पर दस संख्या मिली, इसमें 5 जमा करके 15 संख्या हुई, इसको 7 द्वारा भाग देने पर शेष 1 बचा, इसका फल लाभ/सुख अच्छा लिखा है। कुछ विद्वान् महामृत्युमुञ्जय आदि शैव मन्त्रानुष्ठान के पश्चात् करणीय होमादि में भी इस शिववास चक्र का विचार करते हैं।

शिववास चक्र

शेष	शिववास	फल
१	कैलाश पर	शुभ/लाभ, सुख
२	गौरी संग	शुभ-लाभ
३	बैल पर	कार्य सिद्धि
४	सभा में	कष्टकारी
५	भोजन	दुख प्रदायक
६	रमण	कष्टप्रद
(शून्य)	श्मशान	नेष्ट फल

प्रदोष व्रतम् माहात्म्य

यह व्रत शिवजी की प्रसन्नता और प्रभुत्व की प्राप्ति के लिए किया जाता है। वैसे तो सभी प्रदोष व्रत अत्यन्त कल्याणप्रद होते हैं, परन्तु **शनि प्रदोष व्रत** सन्तान प्राप्ति के लिए, **भौम प्रदोष** ऋणमोचन के लिए, मनः शान्ति एवं सुरक्षा के लिए **सोम प्रदोष व्रत** तथा आरोग्य प्राप्ति एवं आयु वृद्धि के लिए **अर्क (रवि)** प्रदोष व्रत विशेष अधिक फलदायी होता है। व्रती को चाहिए कि व्रत वाले दिन सूर्यास्त के समय पुनः स्नान करके शिव पूजन एवं कथा करें और तत्पश्चात् **''भवाय भवनाशाय, महादेवाय धीमते। रूद्राय नीलकण्ठाय शर्वाय शशि मौलिने उग्रयोग्राघनाशाय भीमाय भय हारिणे ईशानाय नमस्तुभ्यं पशूनां पतये नमः॥''** से प्रार्थना करके भोजन करें॥

दोषपूर्ण एवं अशुद्ध विवाह मुहूर्त्त–संवत् २०७० वि. (2013–14 ई.)

नीचे वि. संवत् २०७० में उन विशेष दोषपूर्ण एवं अशुद्ध विवाह मुहूर्त्तों का विवरण दिया जा रहा है, जिनके अन्तर्गत विवाह नक्षत्र होते हुए भी उनको शुद्ध विवाह मुहूर्त्तों में सम्मिलित नहीं किया गया। जिज्ञासु पाठकों की शंका समाधान के लिए आगे कुछ अशुद्ध एवं त्याज्य विवाह मुहूर्त्तों का विवरण लिख रहें हैं जिनका प्रत्यक्षत: कोई शास्त्रीय परिहार नहीं मिलता है। जहाँ पर क्रूर-ग्रह की युति का परिहार मिल गया है अथवा भौम-शुक्रादि ग्रह की युति आदि का परिहार हो गया है, उन मुहूर्तों में शामिल कर लिया गया है। निवेदक–पं. पन्ना लाल ज्योतिषी, गणितकर्त्ता

ता. मास	वार	नक्षत्र	दोष विवरण
*10 फर. से 22 अप्रै. 2013 ई० तक शुक्रास्त			
***23 अप्रै. से 25 अप्रै. शुक्र बाल्यत्व दोष**			
***25 अप्रै. से 27 अप्रै. ग्रहणशूल**			
*28 अप्रै.	रवि	अनु	केतु का वेध
30 अप्रै.	मंग.	मूल	नक्षत्रान्त, लग्नाभाव
5 मई	रवि	उ.भा.	**वैधृति दोष**
6 मई	चंद्र	रेवती	कृष्ण त्र्योदशी
13 मई	चंद्र	मृ.आर्द्रा	मासान्त दोष (रात्रि 22/20 से)
17 मई	शुक्र	मघा	लग्नाभाव
21 मई	मंग.	उ.फा.	नक्षत्रान्त, लग्नाभाव
21 मई	मंग.	चित्रा	लग्नाभाव
22/23मई	बु/गु	स्वा.	ग्रहण शूल
24 मई	शुक्र	अनु.	केतु का वेध
25 मई	शनि	अनु.	केतु का वेध
31 मई	शुक्र	धनि.	वैधृति दोष
2 जून	रवि	उ.भा.	रात्रि 12/05 के बाद भद्रा दोष व्याप्ति, भद्रा भू-लोके
*3 जून से 5 जून तक गुरु वार्धक्य दोष			
*6 जून से 1 जुलाई तक गुरू अस्त पश्चिमे			
*3 जुला. से 5 जुला. गुरू बाल्यत्व दोष			
15 जुला.	चंद्र	हस्त	मासान्त
17 जुला.	बुध	स्वा.	राहु युति एवं मृत्युबाण
18 जुला.	गुरू	अनु.	केतु का वेध
19 जुला.	शुक्र	अनु.	केतु का वेध
23 जुला.	मंग.	उ.षा.	नक्षत्रान्त, लग्नाभाव
23 जुला.	मंग.	धनि.	लग्नाभाव
31 जुला.	बुध	रोह.	क्रान्तिसाम्य दोष लग्नाभाव
10 अग.	शनि	हस्त	लग्नाभाव
11 अग.	रवि	चित्रा	लग्नऽभाव
12 अग.	चंद्र	स्वा.	शनि–राहु युति, लग्नाभाव
13 अग.	मंग.	स्वा.	शनि–राहु युति एवं क्रान्तिसाम्य

ता. मास	वार	नक्षत्र	दोष विवरण
14 अग.	बुध	अनु.	केतु का वेध
16 अग.	शुक्र	मूल	संक्रान्ति
17 अग.	शनि	मूल	मंगल का वेध
19 अग.	चंद्र	श्रवण	सूर्य का वेध
20 अग.	मंग.	श्रवण	सूर्य का वेध
24 अग.	शनि	उ.भा.	लग्नाभाव, भुजंगपात
25 अग.	रवि	रेवती	लग्नाभाव
26 अग.	सोम	अश्वि	लग्नाभाव
4 सितं.	बुध	मघा	भा. कृष्ण चतुर्दशी
7 सितं.	शनि	उ.फा.	लग्नाभाव
8 सितं.	रवि	हस्त	लग्नाभाव
9 सितं.	सोम	स्वा.	शनि, राहु की युति, अपरिहार्य
10 सितं.	मंग.	स्वा.	शनि–राहु युति, अपरिहार्य
10 सितं.	मंग.	स्वा.	शनि–राहु युति, अपरिहार्य
11 सितं.	बुध	अनु.	केतु का वेध
12 सितं.	गुरू	अनु.	केतु का वेध
12 सितं.	गुरू	मूल	लग्नाभाव
14 सितं.	शनि	उषा.	मृत्युबाण दोष
15 सितं.	रवि	उषा/श्र	मृत्युबाण + मासान्त
16 सितं.	सोम	श्रव.	संक्रान्ति
17 सितं.	मंग.	धनि.	मंगल का वेध
19 सितं. से 4 अक्तू. तक श्राद्ध रहेंगे।			
6 अक्तू.	रवि	चित्रा	मृत्युबाण व वैधृति
7 अक्तू.	सोम	स्वा.	अपरिहार्य श. रा. युति
8 अक्तू.	मंग.	अनु.	केतु का वेध
9 अक्तू.	बुध	अनु.	केतु का वेध
11 अक्तू.	शुक्र	मूल	लग्नाभाव
12 अक्तू.	शनि	श्रव.	मंगल का वेध
13 अक्तू.	रवि	श्रव.	मंगल का वेध
13 अक्तू.	रवि	धनि.	लग्नाभाव
14 अक्तू.	सोम	धनि	भुजंगपात, भद्रादोष

ता. मास	वार	नक्षत्र	दोष विवरण
16 अक्तू.	बुध	उ.भा.	मासान्त
17 अक्तू.	गुरु	उ.भा.	संक्रान्ति
18 अक्तू.	शुक्र	रेव	मृत्युबाण दोष (दुपै. 12/10 से रात्रि 24/29 तक)
18 अक्तू.	शुक्र	अश्वि	लग्नाभाव
23 अक्तू.	बुध	रोह.	लग्नाभाव
24 अक्तू.	गुरू	मृग	लग्नाभाव
31 अक्तू.	गुरू	हस्त	का. कृष्ण त्र्योदशी
8 नवं.	शुक्र	उषा.	भुजंगपात
11 नवं.	सोम	धनि.	लग्नाभाव
14 नवं.	गुरू	उभा.	लग्नाभाव
15 नवं.	शुक्र	रेव.	मासान्त
16 नवं.	शनि	अश्वि	मार्ग. संक्रान्ति
24 नवं.	रवि	अश्वि	मार्ग. संक्रान्ति
26 नवं.	मंग.	मघा	लग्नाभाव
30 नवं.	शनि	स्वा.	राहु–युति अपरिहार्य
1 दिसं.	रवि	स्वा.	राहु की युति–अपरि.
3 दिसं.	मंग.	मूल	लग्नाभाव
11 दिसं.	बुध	उभा.	**व्यतीपात दोष**
11 दिसं.	बुध	रेव	मंगल का वेध
12 दिसं.	गुरू	रेव	मंगल का वेध
15 दिसं.	रवि	रोह.	पौष संक्रान्ति
(सन् 2014 ई०)			
18 जन.	शनि	मघा	लग्नाभाव
19 जन.	रवि	मघा	भद्रा–दोष
23 जन.	गुरू	स्वा.	राहु–युति
24 जन.	शुक्र	स्वा.	शूल योग, मृत्युबाण
31 जन.	शुक्र	श्रवण	अपरिहार्य सूर्य युति, व्यति
2 फर.	रवि	उभा.	भद्रा दोष व्याप्त
9 फर.	रवि	रोह.	वैधृति दोष,
9 फर.	रवि	मृग	वैधृति दोष
16 फर.	रवि	उफा	लग्नाभाव
18 फर.	मंग.	उफा	लग्नाभाव

ता. मास	वार	नक्षत्र	दोष विवरण
19 फर.	बुध	हस्त	भुजंगपात, लग्न अभाव
20 फर.	गुरू	चित्रा	भौम युति, क्रांतिसाम्य
20 फर.	गुरु	स्वा.	सूर्य का वेध
21 फर.	शुक्र	स्वा.	सूर्य का वेध
23 फर.	रवि	अनु.	मृत्युबाण
25 फर.	मंग.	मूल	लग्नाभाव
26 फर.	बुध	श्रव.	कृष्णत्रोदशी
27 फर.	गुरु	श्रव.	फा. कृ. त्र्योदशी
4 मार्च	मंग.	रेव.	मृत्युबाण दोष

8 मार्च से 16 मार्च तक होलाष्टक

अभिजित मुहूर्त्त

पुराणानुसार अभिजित मुहूर्त्त काल में क्रियमाण सभी कर्म प्राय: सफल होते हैं। भगवान् विष्णु के सुदर्शन चक्र की भान्ति अभिजित् मुहूर्त्त सब दोषों को नाश कर देता है–**दिनमध्यगते सूर्ये मुहूर्ते हि अभिजित् प्रभु:। चक्रमादाय गोविन्द: सर्वान्दोषान्निकृन्तति॥**

दिनमान के अर्ध भाग में स्थानीय सूर्योदय जमा कर देने से अभिजित् मुहूर्त्त का मध्य भाग निकल आता है। 'नारद पुराण' के अनुसार अभिजित् के मध्याह्न काल से १ घटी अर्थात् २४ मिनट पूर्व और मध्याह्न से २४ मिनट पश्चात् तक के समय को अभिजित् काल कहा जाता है।

उदाहरण–मान लो, आपने २८ नवम्बर को अभिजित मुहूर्त्त का समय जानना है, तो उस दिन के दिनमान (२५/३० घटी पल) का अर्धभाग १२ घड़ी, ४५ पल होंगे। इस अर्ध भाग के ५ घंटे, ६ मिनट बनते हैं। इनके उस दिन में जालन्धर के सूर्योदय ७/१० घं. मिं. में जमा कर देने से दुपै. १२ बजकर १६ मिनट पर अभिजित मुहूर्त्त का मध्यकाल होगा। इससे २४ मिनट पूर्व अर्थात् ११/५२ घं. मिं. से अभिजित का प्रारम्भ काल तथा (१२/१६ + ००/२४ मिनट = १२ घं. ४० मिनट पर अभिजित का समाप्ति काल (घं. मिं.) होगा।

...शुभ कार्यों में लग्न शुद्धि विचार

विवाह लग्न सम्बन्धी परिहार वाक्य

...अष्टमस्थ लग्न–वर कन्या की जन्म राशि या लग्न से चतुर्थ, अष्टम तथा

विवाहादि शुभ कार्यों में लग्न शुद्धि विचार

विवाह, मुण्डन, गृहारम्भादि शुभ कार्यों में मास, तिथि, नक्षत्र, योगादि की शुद्धि के साथ विवाह लग्न की शुद्धि को विशेष महत्त्व एवं प्रधानता दी गई है। **तिथि** को शरीर, **चन्द्रमा** को मन, **योग-नक्षत्रों** आदि को शरीर के अंग तथा **लग्न** को आत्मा माना गया है। यथा–

तिथिः शरीरं मन इन्दुवीर्यं विलग्नमात्माऽवयवास्तु–माद्याः —ज्योतिर्निबंध

लग्न बल के बिना जो कुछ भी शुभ कार्य किया जाता है, उसका फल वैसे ही व्यर्थ हो जाता है, जैसे ग्रीष्मकाल में बिना जल के नदी।

लग्नवीर्यं विना यत्र यत्कर्म क्रियते बुधैः।
तत्फलं विलयं याति ग्रीष्मे कुसरिता यथा॥ —ज्योति. विदरणे

सभी शुभ कार्यों में लग्न शुद्धि का विशेष महत्त्व है।

विवाह लग्न का निश्चय करना हो, तो त्रिविक्रम-संहितानुसार, लग्न स्थान में चन्द्र तथा सूर्य, शनि, मंगल, राहु, केतु आदि क्रूर ग्रह न हों, लग्न से छठे स्थान में शुक्र, चन्द्र, व लग्नेश न हो तथा आठवें स्थान में चन्द्र, मंगल, बुध, गुरु, शुक्र व लग्नेश नहीं होने चाहिएं तथा सप्तम स्थान में कोई भी ग्रह नहीं होना चाहिए। **सातवें चन्द्र** और गुरु समफल करते हैं। अर्थात् चन्द्र, गुरु का दानादि करने से शान्ति हो जाती है।

विवाह लग्न में अशुभ एवं पूज्य ग्रह

''त्याज्या लग्नेऽब्दयो मंदः षष्ठे शुक्रेन्दुलग्नपाः।
रन्ध्रे–चन्द्रादयः पंच, सर्वेऽब्जगुरु समौ॥''

परिहारस्वरूप १२वें शनि, तीसरे शुक्र, चतुर्थ में राहु, दशम भाव में मंगल का दोष यथोचित दानादि करने से शान्ति हो जाती है। **'पंचांगदिवाकर'** में लगाए गए लग्न मुहूर्तों में इन तीनों भावों में शनि, शुक्र व मंगल ग्रहों की स्थिति हो वहां उचित दानादि करवा लें।

आगे षष्ठाष्टम एवं द्वादश चन्द्र, शुक्र, अष्टम भौम, लग्नस्थ एवं सप्तमस्थ चन्द्र गुरु आदि के अपवाद (परिहार) लिखे गए हैं।

विवाह में ग्राह्य शुभ लग्न–मुहूर्त ग्रन्थों के अनुसार विवाह लग्न काल में ३, ६, ८, ११वें सूर्य तथा इन्हीं स्थानों (३, ६, ११) में राहु, केतु और शनि भी शुभ होते हैं। ३, ६ और ११वें **मंगल**, २, ३, ११वें **चंद्रमा**, ३, ६, ७ शुभ और ८वें स्थानों को छोड़कर अन्य भावों में स्थित **शुक्र** शुभ होता है। ग्यारहवें भाव में सूर्य तथा केन्द्र त्रिकोण में गुरु लग्नगत अनेक दोषों का परिहार करते हैं–

लग्ने वर्गोत्तमे वेन्दौ द्यूनाथे लाभगेऽथवा।
केन्द्र कोणे गुरौ दोषा नश्यन्ति सकलाऽपि॥ मु. गणपति॥

विवाह लग्न सम्बन्धी परिहार वाक्य

जन्म राशि से अष्टमस्थ लग्न–वर कन्या की जन्म राशि या लग्न से चतुर्थ, अष्टम तथा बारहवीं राशिस्थ लग्न अशुभ कहे गए हैं। यथोक्तम्–

सुखघ्नं तुर्यमुद्वाहे द्वादश वित्तनाश कृत्। जन्म भात् जन्म लग्नाच्च मृत्युदंलग्नमष्टमम्॥

परन्तु परिहार स्वरूप जन्म राशि या लग्न राशि का स्वामी तथा विवाह लग्न का **स्वामी** ग्रह **समान** हो, अथवा **मित्र क्षेत्री** हो, अथवा अष्टमस्थ लग्न राशि का **स्वामी**, केन्द्र स्थित हो अथवा गुर्वादि शुभ ग्रह से वीक्षित हो तो अष्टम लग्न का दोष दूर होता है।

कर्तृरि दोष–लग्न में पापी ग्रह मार्गी होकर १२ भाव में तथा क्रूर (पापी) ग्रह वक्री गत होकर दूसरे भाव में हो, तो कर्तृरि दोष होता है। यह योग दारिद्रय, शोक व मृत्यु तुल्य कष्टकारी होता है।

परिहार–कर्तृरि दोष कारक ग्रह **नीच**, शत्रु क्षेत्री, अथवा अस्तगत हो, तो इस दोष का परिहार हो जाता है। इसके अतिरिक्त गुरु, शुक्र, बुध इनमें से कोई शुभ ग्रह केन्द्र त्रिकोण में अथवा २रे या १२वें भावस्थ गुरु हो तो भी कृर्तरि दोष निवार्य हो जाता है।

अष्टम भौम का परिहार–मंगल अस्तंगत, नीच राशि का (कर्क) या शत्रु राशि (मिथुन एवं कन्या) का होकर अष्टम स्थान में हो, तो दोषकारक नहीं, परन्तु लग्नेश होकर अष्टमगत नहीं होना चाहिए। **अस्तगे नीचगे भौमे शत्रुक्षेत्रगतेऽपि वा।**
कुजाष्टमोद्भवो दोषो न किंचिदपि विद्यते॥ कश्यप॥

छठे, बारहवें चन्द्र का परिहार–नीच राशि, शत्रु राशि या नीच-राशिगत चन्द्रमा ६ या १२वें स्थानस्थ होना दोषपूर्ण नहीं माना गया। जैसे–बृश्चिक, मिथुन, कन्या राशि ३, ६

नीचराशिगते चन्द्रे नीचांशगतेऽपि वा, चन्द्रे षष्ठारि–रिः फस्थे दोषो नास्ति न संशयः।

परन्तु लग्नेश होकर चन्द्र षष्ठाष्टम नहीं होना चाहिए।

लग्नस्थ चन्द्रमा यद्यपि त्याज्य माना गया है, परन्तु यदि लग्नगत चन्द्र पर गुरु की दृष्टि हो, अथवा वह गुरु से युक्त हो, तो अशुभ चन्द्रमा भी शुभ हो जाता है–

''अशुभोऽपि शुभचन्द्रो, गुरुणा लोकितो युतः॥'' (पियूषधारा)

व्रतबन्धोक्त अनुसार वृष, कर्क एवं पूर्ण चन्द्रमा या शुभग्रह से दृष्ट हो लग्न में दोषकारक नहीं होता। मु. मार्त्तंड

षष्ठाष्टमस्थ शुक्रापवाद–नीच एवं शत्रु राशिगत शुक्र छठे, आठवें हो तो दोषकारक नहीं परन्तु लग्नेश होकर इन भावों में न हो। जैसे–

नीच राशिगते शुक्रे शत्रु क्षेत्रगतेऽपि वा।
भृगु षट्कोत्थितो दोषो नास्ति तत्र न संशयः॥ मुहूर्त्त चिं. पीयूषधारा

सप्तम भावस्थ चन्द्र-गुरु–सप्तम भाव में यद्यपि सभी ग्रह वर्जित कहे हैं, परन्तु चन्द्र गुरु का परिहार है। **''चन्द्र चान्द्री शुक्रजीवा यामित्रे शुभकारकाः।''**

'मुहूर्त्तगणपति' अनुसार विवाहादि शुभ कार्य के लग्न में, केन्द्र-त्रिकोण में **गुरु**, **शुक्र** एवं बुध एवं ग्यारहवें भाव में चन्द्र या सूर्य अथवा सप्तमेश हो, तो अनेक दोषों का नाश हो जाता है।

वेध दोष परिहार–पंचशलाका चक्रानुसार विवाह नक्षत्र का क्रूर ग्रह द्वारा वेध हो जाने पर

विवाहित नक्षत्र सर्वथा त्याज्य माना जाता है। परन्तु गुरु, बुध आदि सौम्य ग्रहों का चरण वेध (१ एवं ४थे चरण के मध्य तथा २ रे व ३ रे चरण ही अशुभ माना है। **–ज्योर्तिनिबन्ध**

युतिदोष परिहार–पाप एवं क्रूर ग्रह की युति त्याज्य मानी जाती है। परन्तु यदि चन्द्रमा उच्चस्थ, स्वक्षेत्री या मित्रक्षेत्री (वृष, कर्क, मिथुन, सिंह एवं कन्या) राशि का हो तो युतिदोष अविचारणीय होता है।

यथा–

स्वक्षेत्रगः स्वोच्चगो व मित्रक्षेत्रगतो विधुः।
युति दोषाय न भवेत् दम्पत्योः श्रेयसेतदा॥ (नारदः)

(१०) दग्धा तिथि परिहार–विवाह लग्न समय केन्द्र-त्रिकोण गत गुरु हो एवं एकादश (११वां) भाव शुभ ग्रह से युक्त या दृष्ट हो, तो दग्धातिथि का दोष नहीं रहता।**–मु० गणपति**

पंचांगदिवाकर में शुभ विवाह मुहूर्त्तों में जहाँ कहीं अशुभ योग का स्पर्श हुआ है, वहां विशेष दोषपूर्ण घड़ियों को विचार करके ही वि. मुहूर्त्त लगाए गए हैं।

कश्यपर्वि अनुसार लग्न से केन्द्र, त्रिकोण में गुरू, शुक्र या बुधादि सौम्य ग्रह हो, तो समस्त दोषों का ऐसे परिहार हो जाता है, जैसे भगवान् विष्णु को मात्र स्मरण करने से पापों का नाश हो जाता है .

काव्यो गुरू र्वा सौम्यो वा यदा केन्द्र त्रिकोणगाः।
नाशयन्ति अखिलान् दोषान् पापानि व हरिस्मृतिः॥ (कश्यप)

––तैलाभ्यंग–अर्थात् तैल मालिश करना––

रविवार, मंगलवार, गुरुवार तथा शुक्रवार को तैल लगाना शुभ नहीं माना जाता है। **निर्णय सिन्धु** के अनुसार रविवार तैल लगाने से ताप, मंगलवार को आयु क्षीणता, गुरुवार से धन-हानि, शुक्रवार को तैल लगाने से दुःख होता है। सोमवार, बुधवार तथा शनिवारों को तैल लगाना शुभ होता है। प्रतिदिन तेल लगाने वालों को भी दोष नहीं लगता-(**–अभ्यङ्गके चैव वासिते नैव दूषणम्॥**)

चतुर्कोणों में दिशाशूल विचार

आग्नेय (पूर्व-दक्षिण) में सोम व गुरुवार, **नैऋत्य** (दक्षिण-पश्चिम) दिशा में रविवार व शुक्रवार, वायव्य (उत्तर-पश्चिम) में मंगलवार तथा **ईशान** (पूर्व-उत्तर) में बुध एवं शनिवार के दिन **दिशाशूल** होता है (मुहूर्त्त गणपति)

दिशापति के वार अनुसार उसी दिशा की यात्रा शुभदायिनी तथा उससे पीछे (सामनेवाली) दिशा की यात्रा अनिष्टप्रदा होती है–

दिगीशाहे शुभा यात्रा पृष्ठा हे मरणं ध्रुवम् (ज्योतिस्तत्व)

परन्तु बधवार उत्तर दिशा का स्वामी होते हुए, बुध की उत्तर में निषिद्ध माना गया है (गर्ग)

विशेष–यदि एक जगह से रवाना होकर, उसी दिन गन्तव्य स्थान पर पहुँच जाना निश्चित हो, तो ऐसी यात्रा में तिथि-वार-नक्षत्र, दिशा-शूल, प्रतिशुक, योगिनी आदि जनित दोषों का विचार नहीं करना चाहिए–यथा **''एकस्मिन्नपि दिवसे यदि चेद् गमनं प्रवेशश्च।**
प्रतिशुक्रवार शूलं न चिन्तयेत योगिनी पूर्वम॥।''–(पीयूषधारा)

यात्रादि मुहूर्त्त विचार

किसी कार्य के उद्देश्य से देशान्तर गमन को यात्रा कहते हैं। कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा और २, ३, ५, ७, १०, ११, १३–इन तिथियों में अश्वि., मृग. पुर्न, पुष्य, अनु, हस्त, श्रव., धनि, रेव.– इन नक्षत्रों में तथा चौर, वाण, भद्रा, वैधृति, व्यतियात और मासांत दिनादि दोष रहित समय में यात्रा करें। यात्रा करने से पूर्व क्रोध और मैथुन कर्म का त्याग करना चाहिए।

दिशाशूल

सोमवार, शनिवार को पूर्व, रविवार और शुक्रवार को पश्चिम, मंगलवार, बुधवार को उत्तर तथा गुरुवार को दक्षिण दिशा का दिशाशूल होता है, अतः उक्त वारों को उस दिशा की यात्रा नहीं करनी चाहिए। अत्यावश्यक होने पर रविवार को दलिया एवं घी खाकर, सोमवार को दर्पण देखकर या दूध पीकर, मंगलवार को गुड़ खाकर, बुधवार को धनिया या तिल खाकर, गुरुवार को दही खाकर, शुक्रवार को जौं खाकर दूध पीकर और शनिवार को अदरक या उड़द खाकर प्रस्थान किया जा सकता है।

यात्रा में सदैव चल रही नासिका के श्वास की ओर का पाँव आगे उठाकर चले, इसी तरह सवारी पर चढ़े, यात्रा सफल होगी।

चन्द्रवास ज्ञान चक्र

पूर्व	दक्षिण	पश्चिम	उत्तर
मेष	वृष	मिथुन	कर्क
सिंह	कन्या	तुला	बृश्चिक
धनु	मकर	कुम्भ	मीन

चन्द्रवास विचार

जाने वाली दिशा में चन्द्रमा का वास सम्मुख और दाहिनी ओर को हो तो धन का लाभ और सुख होता है। यदि पीठ की ओर अथवा बाईं तरफ चन्द्रवास हो तो कष्ट और धन की हानि होती है।

सम्मुख चन्द्रमा का विशेष फल

करणदोष, नक्षत्रदोष, वारदोष, संक्रान्ति दोष, अशुभतिथिदोष, कुलिक दोष, प्रहार्द्ध वारवेला दोष, मंगल, शनि, रवि, राहु-केतु के दोष को सम्मुख चन्द्रमा दूर करता है।

'यात्रा के समय शुभ शकुन'

यात्रा के समय श्वेत पुष्पों का दर्शन श्रेष्ठ माना गया है। भरे हुए घड़े का दिखाई देना तो बहुत ही उत्तम है। दूर का कोलाहल, अकेला वृद्ध पुरुष, पशुओं में बकरे, गौ, घोड़े तथा हाथी, देवप्रतिमा, प्रज्वलित अग्नि, दूर्वा, ताज़ा गोबर, सोना, चांदी, रत्न, बच, सरसों आदि औषधियां, मूँग, छाता, पीढ़ा, राजचिह्न, जिसके पास कोई रोता न हो ऐसा शव, फल, घी, दही, दूध, अक्षत, दर्पण, मधु, शंख, ईख, शुभ सूचक वचन, भक्त पुरुषों का गाना-बजाना, मेघ की गम्भीर गर्जना, बिजली की चमक तथा मन का सन्तोष– ये सब शुभ शकुन हैं। 'चले आओ'–यह शब्द यदि सामने की ओर से सुनाई पड़े तो उत्तम है। 'जाओ'–यह शब्द यदि पीछे की ओर से हो तो उत्तम है।

भद्रा का शुभाशुभ एवं परिहार समीक्षा –पं. पन्ना लाल ज्यो. पंचांगकर्त्ता

भद्रा का शुभाशुभ एवं परिहार समीक्षा

—पं. पन्ना लाल ज्यो. पंचांगकर्त्ता

तिथि के अर्द्ध. भाग. अर्थात्-विष्टि नामक करण को ही भद्रा कहते हैं। एक पक्ष में प्राय: चार बार भद्रा की आवृत्ति होती है। **शुक्ल पक्ष** में अष्टमी (८) व पूर्णिमा (१५) तिथियों के **पूर्वार्द्ध** में तथा चतुर्थी (४) एवं एकादशी (११) तिथि. के **उत्तरार्द्ध** में भद्रा होती है। जबकि **कृष्ण पक्ष** की तृतीया (३) व दशमी (१०) तिथि के **उत्तरार्द्ध** में तथा कृष्ण. की सप्तमी एवं चतुर्दशी के पूर्वार्ध में **भद्रा** की व्याप्ति रहती है। (मु. चि.)

मुहूर्त्त चिन्तामणि आदि लगभग सभी मुहूर्त्त ग्रन्थों में भद्राकाल में मुण्डन, गृहारम्भ, विवाह, गृह-प्रवेश, रक्षाबन्धन, शुभ यात्रा, नया व्यवसाय एवं मंगल. कार्यों को आरम्भ करना अशुभ माना गया है।

भद्रा में अग्नि, युद्ध, कैद करना, विषादि, विवाद, **क्रूर** कर्म करना, शस्त्र-प्रयोग, आप्रेशन करना, शत्रु का उच्चाटन, भैंस, ऊँट, घोड़े आदि पशु सम्बन्धी कार्य, मुकद्दमा करना, दुष्ट शत्रु दमन आदि कृत्य करने उचित (ठीक) माने जाते हैं।

सामान्य परिस्थितियों में तो विवाह, मुण्डन, नामकरण, गृहारम्भ, गृहप्रवेश आदि के शुभ मुहूर्त्तों में भद्रा का यथासम्भव त्याग ही करना चाहिए। परन्तु मुहूर्त चिन्तामणि, मुहूर्त्त-मार्तण्ड, मु. परिजात..........आदि ग्रंथों में ही कुछ स्थितियों में भद्रा दोष के परिहार सम्बन्धी विभिन्न शास्त्र वाक्य भी मिलते हैं। निम्नलिखित कुछ प्रमुख परिहारों का वर्णन दिया जाता है।

मुहूर्त्त एवं संहिता ग्रंथों में उपलब्ध परिहार वाक्य

(1) भद्रा वास मतानुसार परिहार—मु. चिन्तामणि अनुसार जब चन्द्रमा **कर्क, सिंह, कुम्भ एवं मीन** राशियों में रहता है, इस समय **भद्रा का वास पृथिवी** पर होता है। जब चन्द्रमा **मेष, वृष, मिथुन** और **वृश्चिक** राशियों पर हो, तो भद्रा स्वर्ग लोक में रहती है। तथा कन्या, धनु, तुला और **मकर** राशियों में चन्द्रमा के रहने पर भद्रा पाताल लोक में रहती है। भद्रा जिस समय जहां रहती है, वहाँ ही (उसी लोक में) अपना फल देती है।''

इस प्रकार चन्द्रमा जब कर्क (४), सिंह (५), कुम्भ (११), एवं मीन (१२) राशि. में संचार करेगा। उस समयावधि में भद्रा पृथिवी लोक में रहने से दोषकारक मानी जाएगी। जबकि **स्वर्गलोक** तथा **पाताल** लोक में रहने वाली भद्रा अशुभ नहीं होगी, अपितु शुभ फलप्रदायिनी कही जाएगी।

स्वर्गे भद्रा शुभं कुर्यात् पाताले च धनागमम्।
मृत्युलोक स्थिता भद्रा सर्व कार्य विनाशनी॥ (पीयूषधारा)

एक अन्य मुहूर्त्त ग्रंथानुसार भी यही स्पष्ट है—

स्थिताभूर्लोख्या भद्रा सदात्याज्या स्वर्ग पातालगा शुभा (मुहूर्त्त मार्त्तण्ड)

उपरोक्त प्रमाणों से स्पष्ट हैं कि मेष, वृष, मिथुन, कन्या, तुला, वृश्चिक, धनु एवं मकर राशि के चन्द्रमा कालीन पड़ने वाली भद्रा (अर्थात्-स्वर्ग एवं पाताल वासी) भद्रा शुभ एवं मंगल कार्यों हेतु ग्राह्य रहेंगी।।

भद्रा लोकवास के बारे में मतान्तर

लल्लाचार्य प्रभृति कुछ आचार्यों ने वृश्चिक राशिगत भद्रा को **पृथिवी पर** तथा **कर्क राशिस्थ** भद्रा का वास **स्वर्ग** में माना है। **कन्या, तुला, धनु व मकर राशिस्थ भद्रा** का वास पाताल में ही रखा है, शेष सभी राशियों का वास **यथावत् मुहूर्त्त चिन्तामणि** अनुसार ही रखा गया है,

परन्तु अधिकांश प्रामाणिक मुहूर्त्त ग्रंथ एवं संहिता ग्रंथ तथा पंचाँगकारों ने **वृश्चिक-राशि की भद्रा** को **स्वर्ग लोक** में तथा **कर्क, सिंह, कुम्भ व मीन राशियों की भद्रा को भूलोक** (पृथ्वी) के अन्तर्गत ही ग्रहण करते हैं। जैसे—मुहूर्त्त चिन्तामणि, मुहूर्त्त गणपति, मु. चिन्तामणि पीयूषधारा, मुहूर्त्त मार्त्तण्ड, मुहूर्त्त-परिजात, बृहज्योतिषसार, बृहद्अबकहडाचक्रम्-इत्यादि।

भारत के **अधिकांश पंचाँगकार** इन्हीं मुहूर्त्त ग्रंथों में वर्णित भद्रावास का अनुसरण कर रहे हैं।

भद्रा लोक वास चक्रम्

लोकवास	स्वर्ग	पाताल	भू-लोक
चन्द्राशि	१, २, ३, ८	६, ७, ९, १०	४, ५, ११, १२
भद्रा-मुख	ऊर्ध्वमुखी	अधोमुख	सम्मुख

मर्त्यलोक (भूलोक) पर भद्रा सदा सम्मुख होने से सर्वदा त्याज्य मानी जाती है।

भद्रा सम्बन्धी कुछ अन्य प्रमुख परिहार—

(2) यदि दिन की भद्रा रात्रि में और रात्रि की भद्रा दिन में आ जावे, तो भद्रा निर्दोष मानी जाती है अर्थात् भद्रा का दोष नहीं होता है। इस प्रकार की भद्रा कल्याण करने वाली होती है— **दिवा भद्रा रात्रौ, रात्रि भद्रा यदा दिवा ।**
न तत्र भद्रा दोषः स्यात् सा भद्रा भद्रदायिनी ॥ (ब्रह्मयामल)

'मु. चि. पीयूषधारा' टीका में भी इसी प्रकार के वचन मिलते हैं—

(ii) **रात्रि भद्रा यदाह्नि स्यात्दिवा भद्रा यदा निशि ।**
न तत्र भद्रा दोषः स्यात् सा भद्रा भद्रदायिनी ॥

अर्थात् रात की भद्रा जब दिन में हो, तथा दिन की भद्रा जब रात में आ जाये तो भद्रा

दोष नहीं होता है। ऐसी भद्रा कल्याण करने वाली होती है।

(3) प्रकारान्तर से **उत्तरार्द्ध** की भद्रा दिन में तथा **पूर्वार्द्ध** की भद्रा रात्रि में शुभ होगी।

तिथेः पूर्वार्धजा रात्रौ दिन भद्रा परार्धजा ।
भद्रा दोषो न तत्र स्यात् कार्येऽत्यावश्यके सति ।।

(4) भद्रा के मुख, एवं पुच्छ द्वारा परिहार–

आवश्यक परिस्थितिवश **भूलोक की भद्रा** तथा **भद्रा मुख-काल** को त्यागकर (अन्य विकल्प न होने पर) स्वर्ग एवं पातालगत भद्राकाल में तथा भद्रा पुच्छकाल में मंगल कार्य किए जा सकते हैं–

पृथिव्यां यानि कर्माणि शुभान्यपि अशुभानि वा ।
तानि सर्वाणि सिद्धयन्ति विष्टि पुच्छे न संशयः ।।

भद्रा मुख एवं पुच्छ जानने की विधि–

मु० चिन्तामणि अनुसार शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि के **(भद्रा के कुल मान के) पाँचवें प्रहर** की आदि की **पाँच (५)** घड़ियों में भद्रा मुख होता है। इसी प्रकार अष्टमी के दूसरे प्रहर के (कुल मान से) आदि की ५ घटियाँ, एकादशी के सातवें प्रहर की प्रथम ५ घड़ियाँ तथा **पूर्णिमा** के (भद्रा के कुलमान के) **चौथे प्रहर** के आदि की **५ घड़ियों** (षष्ठांश तुल्य) में **भद्रा मुख** होता है। इसी भान्ति कृष्ण पक्ष की तृतीया के आठवें प्रहर में आदि की ५ घड़िया **भद्रा मुख**, कृष्ण सप्तमी के तीसरे प्रहर में आदि की ५ घटी में भद्रा मुख होता है.........इसी प्रकार से कृष्ण पक्ष की शेष दोनों तिथियों (१०, १४) के प्रहरों के क्रमशः (६, १) प्रथम ५ घटी मुख जानें।

भद्रा पुच्छ–शुक्ल पक्ष की चतुर्थी तिथि के अष्टम प्रहर की अन्त्य की ३ घटी (दशमांश तुल्य) भद्रा की पुच्छ होती है। **पूर्णिमा** की तीसरे प्रहर की अंतिम 3 घड़ी में भद्रापुच्छ होती है। स्पष्टता के लिए **'पंचांगदिवाकर'** सं. २०६९ का अवलोकन करें।

कुछ विशेष कार्यों में भद्रा परिहार

'ज्योतिष विदाभरण' अनुसार हरितालिका (भाद्र. शुक्ल तृतीया) पूजनविधि में उत्सर्ग में, जातकर्म, विनिमय (किसी वस्तु के बदले में वस्तु लेने या देने) में, शिवपार्वती के पूजन में, श्रावणी कर्म में, होलिका, जलाशय के पूजन में, पाक क्रिया में, यज्ञकार्य में, यज्ञकार्यों के आरम्भ में, इष्टपूजन में तथा राजा (नेता) को कोई वस्तु प्रदान करने में भद्रा सदैव **शुभफल प्रदायिनी** होती है–

विष्टिः स्यात् हरितालिकार्चनविधावुत्सर्ग जातक्रिया वैमेयेषु शिवार्ययोः फलवती होमे सदैवार्चने।

सोपाकर्म्म हुताशनी जलधरार्चापाक यज्ञ क्रियास्वारब्धेऽध्वरकर्मणीष्टयजने भूपप्रदाने तथा।।

भद्रा में जो कार्य विहित (बताए गए हैं।), उन कार्यों को राजा तथा ब्राह्मणों की आज्ञा से करने अथवा कार्य से पूर्व शिव की आराधन करने से भद्रा मनुष्यों के कार्यों को सफल कराती है।

भद्रा विहित कार्याणां नृपभूदेवताज्ञया। नृणां सफल यत्यर्थं सा वा भर्गसपर्यया।।

(5) भविष्य पुराणोक्त भद्रा परिहार–

(क) भविष्य पुराणानुसार भद्रा की **पाँच घड़ी** मुख में, दो घड़ी **कण्ठ में, ११** हृदय में, चार घड़ी नाभि में, पाँच घड़ी कटि में और तीन घड़ी पुच्छ में स्थित रहती हैं। जब भद्रा मुख में रहती है, तब कार्य का नाश होता है, कण्ठ में धन का नाश, हृदय में प्राणों का भय, नाभि में कलह, कटि में अर्थहानि होती है, परन्तु पुच्छ में निश्चित रूप में विजय एवं कार्य सिद्धि हो जाती है–

मुखेतु घटिका : पंच द्वे कण्ठे तु सदा स्थिते। हृदि चैकादश प्रोक्ताः चतस्रो नाभिमण्डले।।
कटयां पंचैव विज्ञेयातिस्त्राः पुच्छे जयावहाः। मुखे कार्य विनाशाय ग्रीवायां धननाशिनी।।

(भविष्यपुराण तथा बृहद् ज्योतिष सार में भी ऐसा ही मिलता-जुलता प्रमाण है।)

(ख) भविष्य पुराण (अध्याय ११७) के अनुसार जो व्यक्ति सपत्नीक विधि अनुसार एवं श्रद्धापूर्वक एकभुक्त भद्रा व्रत रखता है तथा व्रतोपरान्त उद्यापन भी करता है, उसके किसी भी कार्य में विघ्न नहीं पड़ता। **भद्राव्रत** करने वाले व्यक्ति को प्रेत, पिशाच, डाकिनी, शाकिनी तथा अनिष्ट ग्रह आदि कष्ट नहीं देते। उसका इष्ट से वियोग नहीं होता और अन्त में उसको सूर्य. लोक की प्राप्ति होती है।

भद्राव्रत की विधि एवं विस्तृत जानकारी के लिए **भविष्य पुराण का अवलोकन करें।**

(ग) भविष्य पुराण में ही भद्रा के बारहनाम का स्तोत्र भी कहा गया है। जो इस बारह नाम वाले स्तोत्र का प्रातःकाल में श्रद्धापूर्वक पाठ करता है, उसे व्याधि का भय ही होता, और उसके सभी ग्रह अनुकूल हो जाते हैं। उसके कार्यों में कोई विघ्न नहीं होते। युद्ध में तथा राजदरबार में विजय प्राप्त होती है।

धन्या दधिमुखी भद्रा महामारी खराननना। कालरात्रि महारुद्रा विष्टिश्च कुलपुत्रिका।
भैरवी च महाकाली असुराणां क्षयंकारी। द्वादशैव। तु नामानि प्रातरूत्थाय यः पठेत्।।
न च व्याधिर्भवेत् तस्य रोगी रोगात् प्रमुच्यते। ग्रहाः सर्वेऽनुकूलाः स्युर्न च विघ्नादि जायते।।
रणे राजकुले द्यूते सर्वत्र विजयी भवेत्।। (उत्तरपूर्व, ११७ / २७-३०) भविष्यपुराणे

(6) बृहद् ज्योतिष अनुसार–

भद्रा, मंगलवार, व्यतिपात, वैधृति योग और प्रत्यरि तारा (अपने जन्म या नाम नक्षत्र से ५, १४, २३वाँ नक्षत्र) एवं (जन्म नक्षत्र एवं उससे १०वां या १९वां अशुभ नक्षत्र)–ये सब मध्याह्न के बाद शुभ हो जाते हैं–

विष्टिरङ्गारकश्चैव व्यतिपातोऽथ वैधृति।
प्रत्यरि जन्म नक्षत्रं मध्यान्हात्परतः शुभम्।।

(7) घोड़ा, गदहे आदि के प्रसव (जन्म) में, श्रीदुर्गा पूजन में, अन्नादि तुला दान में, दाह एवं घात कार्यों में, शत्रुदमन, शास्त्रार्थ, मुकद्दमा, चोरी आदि में भद्रा शुभ होती है, अन्य कार्यों में भद्रा अशुभ होती है।

खराश्वा, प्रसवे दुर्गा पूजने दानकर्माणि।
दाहघातादि के भद्रा शस्ता नान्यत्र शोभनाः ।। (बृहद् ज्योतिषसार)

विवाहादि शुभ कार्यों में शास्त्रीय विचार

विवाह में जन्म मास, नक्षत्रादि का विचार–

आद्य गर्भ, अर्थात् बड़े लड़के या बड़ी लड़की का विवाह जन्म मास, जन्म नक्षत्र, जन्म तिथि, जन्म लग्न में न करें। "आद्य गर्भ सुत कन्ययो र्द्वयो जन्म मास भतिथौ कर ग्रहः। नोचितोऽथ विबुधैः प्रशस्यते चेद् द्वितीय जनुषोः सुतप्रदः॥ मु. चिंतामणि॥"

परन्तु ज्येष्ठ पुत्र के बाद उत्पन्न पुत्र या कन्या का विवाह जन्म मास, नक्षत्रादि में करना प्रशस्त है। ज्येष्ठ पुत्र-कन्या के अतिरिक्त अन्य स्थितियों में जन्म-मास, जन्म राशि, नक्षत्र एवं जन्म लग्न विशेष शुभ माना है।

जन्ममासे च पुत्राढया धनाढया च धनोदये। जन्म मे जन्मराशौ च कन्या हि ध्रुव सन्तति॥

आचार्य भृगु जी के अनुसार जन्म मास, जन्म नक्षत्र एवं जन्म लग्न में विवाह होने पर दम्पत्ति के सुख एवं प्रतिष्ठा में वृद्धि होती है तथा वह धन सम्पत्ति तथा सन्तान सुख से सौभाग्यशालिनी होती है।

जन्ममासेऽथ जन्मर्क्षे जन्मलग्नेऽथ जन्मनि।
उद्वाहेषु च नारीणां प्रतिष्ठा महती भवेत्। भृगुः
जन्ममासेऽथ पुत्राढ्या धनादया जन्मभोदये।
जन्मभे वा भवेदूढा वृद्धा संतति वर्धिनी॥ (यवनाचार्य)

ज्येष्ठ मास में विवाह का विचार

ज्येष्ठ मास, ज्येष्ठ पुत्र और ज्येष्ठ कन्या यह तीन ज्येष्ठ विवाह संस्कार में विशेषतया वर्जित माने जाते हैं। परन्तु यदि दो ज्येष्ठ वर्तमान हों अर्थात् लड़का-लड़की दोनों ज्येष्ठ (बड़े) हों, परन्तु महीना ज्येष्ठ के अतिरिक्त हो अथवा लड़का-लड़की में से एक ज्येष्ठ हो और दूसरा अनुज हो, तो ज्येष्ठ मास में भी विवाह करना सामान्य एवं मध्यम फल होता है–

द्वौ ज्येष्ठौ मध्यमौ प्रोक्तत्रवेक ज्येष्ठः शुभावहः। —वाराहमिहिर॥
ज्येष्ठ त्रयं न कर्वीत् विवाहे सर्वसम्मतम्

तथापि आवश्यक परिस्थितिवश ज्येष्ठ मास में कृतिका से सूर्य निकल जाने पर सूर्य दानादि करके विवाह करने में कोई हानि नहीं। मुनि भारद्वाज के मतानुसार ज्येष्ठ के महीने की भान्ति मार्गशीर्ष मास में भी अग्रज लड़का-लड़की एवं मार्ग मास-तीनों का यथासम्भव त्याग करें।

(३) सगे भाई-बहन के विवाह छः मास के भीतर नहीं करने चाहिएं। यदि इस बीच संवत् परिवर्तन हो जाए, तो कोई दोष नहीं (**मु. मार्तण्ड**)। पुत्र के विवाह के उपरान्त अपनी कन्या का विवाह ६ महीने तक न करें। इसी तरह विवाह के बाद ६ महीने तक मुण्डन, यज्ञोपवीत आदि शुभ कार्य न करें। (**नारद**), परन्तु कन्या-विवाह के पश्चात् पुत्र विवाह ६ मास के भीतर शुभ है। दो सगे भाईयों का विवाह दो सगी बहनों से न करें (**वसिष्ठ**) तथा जिस वर को अपनी कन्या न करें अथवा एक वर के साथ दो सगी बहनों का विवाह न करें (**वसिष्ठ**) तथा जिस वर को अपनी कन्या देवे, उसकी बहन के साथ अपने लड़के का विवाह न करे (**नारदः**)।

दो सगे भाईयों या दो सगी बहनों का एक संस्कार ६ महीने के भीतर करना सम्भव है (**वृन्द्धमनुः**)। दो सहोदर (भाई-बहन) के संस्कार आवश्यक स्थिति उत्पन्न होने पर नदी, पर्वत, स्थान एवं पुरोहित भेद (भिन्न) से एक ही दिन अथवा ६ महीने के भीतर शुभ होंगे (**शार्गंधर**) जुड़वें भाई-बहन के मांगलिक कार्य एक ही मण्डप में भी शुभ हैं। विवाहादि मंगल कार्य से ६ मास तक लघु मंगल कार्य न करें। यह ६ महीने का निषेध केवल तीन पीढ़ि तक के मनुष्यों के लिए कहा है।

मंगल संस्कार से ६ महीने तक पितृकर्म, श्राद्धादि न करे। वाग्दान अर्थात् विवाह सम्बन्ध का निश्चय हो जाने के बाद यदि [illegible] माता भाई आदि निकटस्थ बन्धु की दुःखद मृत्यु हो जाने पर एक वर्ष के पश्चात् विवाह आदि शुभ कार्य करना चाहिए (निर्णय सिंधु) परन्तु **अपवाद स्वरूप** संकट काल में अथवा अत्यावश्यक परिस्थितिवश एक मास के बाद अथवा सूतक निवृत्ति के बाद जप, पाठ, होम शान्ति एवं यथाशक्ति द्रव्य, वस्त्र, गोदानादि के बाद शुभ कार्य ग्राह्य होंगे–

प्रतिकूलेऽपि कर्त्तव्यो विवाहो मासमन्तरात्।
शान्ति विधाय गां दत्वा वाग्दानादि चरेत् पुनः॥

जन्म नक्षत्र विचार

जातक का जन्म नक्षत्र अन्न प्राशन, उपनयन, मुंडन (चूड़ाकरण), राज्याभिषेक, जन्मदिनादि कृत्यों में प्रशस्त माना गया है, परन्तु यात्रा, सीमान्तोन्नयन तथा विवाहादि कार्यों में जन्म नक्षत्र अनिष्टकर होता है–

बालान्नभुक्तौ व्रतबन्धनेऽपि राज्याभिषेके खलुजन्मधिष्ण्यम्।
शुभं तु अनिष्टं सततं विवाह सीमन्त यात्रादिषु मंगलेषु॥ —वसिष्ठ

मतान्तर से ज्योतिर्निबन्ध एवं मुहूर्त्त दीपिकानुसार केवल चूड़ाकरण (मुण्डन), औषध सेवन, विवाद, यात्रा और कर्णवेध में ही **जन्म-नक्षत्र** का निषेध कहते है, अन्य सभी कार्यों में जन्म नक्षत्र शुभ कहा है–

जन्म नक्षत्रगश्चन्द्रः प्रशस्तः सर्वकर्मसु।
क्षौर भैषजविवादध्वकर्त्तनेषु विवर्जयेत्॥ (मुहूर्त्त दीपिका)

परन्तु जन्म नक्षत्र से २५वां तथा २७वां नक्षत्र शुभ कार्यों में त्याज्य माना जाता है।

जन्म मास अग्रज (बड़े) लड़के या लड़की का विवाह **जन्म नक्षत्र** एवं **जन्म मास** में करने का निर्विवादेन निषेध माना गया है–

न जन्ममासे जन्मर्क्षे न जन्मदिवसेऽपि वा। आद्य गर्भ सुतस्याथ दुहितुर्वा करग्रहः॥ —नारद

परन्तु अनुज लड़के या लड़की का विवाह **जन्म मास** में ग्रहणीय माना गया है–

विबुधैः प्रशस्यते चेत् द्वितीयजनुषोः सुतप्रदः —मुहूर्त्त चिंतामणि

विवाह में सम–विषम वर्षों का विचार

सम वर्षों (१८, २०, २२, २४ आदि) में कन्या का विवाह और **विषम वर्षों** (१९, २१, २३, २५ आदि) में लड़के (पुत्र) का विवाह शुभ माना गया है। -अर्थात् इन वर्षों में कन्या या पुत्र का विवाह करना, उनके वैवाहिक जीवन में सुख, सौहार्द आदि की दृष्टि से कल्याणकारी होता है। इसके विपरीत वर्षों (अर्थात् कन्या का विषम वर्षों में तथा लड़के का सम वर्षों) में करना दुःख, रोग एवं कष्टप्रद होता है–

अब्देषु युग्मेषु च कन्याकानां स्वजन्म वर्षात् शुभदो विवाहः।
अयुग्म वर्षेषु शुभो नराणां विपर्यये दुःखगद प्रदःस्यात्॥ (ज्योतिष तत्त्व प्रकाश)

कन्या वरण मुहूर्त्त–

उपरोक्त शुभ मासों, तिथियों में तथा कृतिका, तीनों पूर्वा, उत्तराषाढ़ा, स्वाती, श्रवण, धनिष्ठा अनुराधादि विवाहोक्त नक्षत्रों में सुपारी, नारियल, मौसमी फल, सुगन्धित द्रव्य, वस्त्र, आभूषण मिष्टान्न, फल, फूलों आदि के साथ वर परिवार के किसी श्रेष्ठ अग्रज अथवा वृद्धजन के कर कमलों के द्वारा कन्या का विधिवत् वरण करें।

आवश्यक मुहूर्त्त विचार

नोट—सभी मुहूर्तों में अधिक मास, पितृ पक्ष, रिक्ता तिथि (४, ९, १४), वैधृति आदि दुष्ट योगों एवं गुरु/शुक्रास्तादि का भी विचार कर लेना उचित होगा।

नाम मुहूर्त्त	शुभ ग्राह्य तिथियां	शुभ वार मास	शुभ नक्षत्र
बच्चे का नाम रखना	१ (कृष्ण), तथा दोनों पक्ष की २, ३, ७, १०, ११, १३ (शुक्ल) तिथियाँ॥ व पूर्णिमा	सूतकान्त (सप्ताह के बाद) १०, १२, १३, १६ आदि दिनों में तथा चंद्र, बुध, गुरु एवं शुक्र वारों में॥	अश्वि, रोह, मृग, पुन, पुष्य, उत्तरा ३, हस्त, चित्रा, स्वा, अनु, श्रव, धनि, शत और रेवती।
बच्चे को स्कूल डालना (विद्यारम्भ)	२,३,५,७,१०,११,१२, १३ (शु.), १४, बुध एवं पूर्णिमा तिथि	उत्तरायण मासों में (14 जन. से 15 जुला. आषाढ़ तक) ५वें या ७वें वर्ष, रवि, चंद्र, बुध, गुरु व शुक्र वार।	अश्वि, मृग, रोह, पुन, पुष्य, श्ले, पूर्वा ३, हस्त, चित्रा, स्वा, श्रव, धनि, शत, उत्तरा–तीनों।
मुंडन संस्कार	१ (कृष्ण), २,३,५,६,७, १०, ११, १३ (शुक्ल, १५ शुभ तिथियाँ।	जन्म से १, ३, ५ इत्यादि वर्षों में, वैशा, ज्ये., आषा. (मास तक), माघ, फागु. (उत्तरायणे), चं. बु. गु. शु.।	अश्वि, मृग, पुन, पुष्य, हस्त, चित्रा, स्वा., ज्ये., श्रव, धनि, शत, रेव एवं जन्म नक्षत्र ग्राह्य॥
दुकान/बही खाता शुरु करना	१ (कृ.), २, ३, ५, ७, १० १२, १३(शुक्ल),१५ तिथियां।	रवि, चंद्र, बुध, गुरु, शुक्र, शनि। वैशा, ज्ये, आषा, श्रा, भा., मार्ग, माघ, फा।	अश्वि, रोह, मृग, पुन, पुष्य, उत्तरा–३, हस्त, चित्रा, अनु, मूल, श्रव, धनि, पूभा, रेवती।
नौकरी आरम्भ करना	२, ३, ५, ६, ७, १०, ११ १२, १५ तिथियां।	रवि, चन्द्र, बुध, गुरु, शुक्र, उत्तरायण महीने प्रशस्त हैं।	अश्वि, रोह, मृग, पुन, पुष्य, उत्तरा ३, हस्त, चित्रा, अनु, ज्ये, श्रव–रेव।
स्कूटर, कारादि गाड़ी खरीदना	१ (कृ.), २,३,५,६,७,१० ११, १२, १३ (शु.), १५।	चंद्र, बुध, गुरु व शुक्रवारों में। तथा द्विपुष्कर, त्रिपुष्कर योगों में।	अश्वि, उत्तरा–३, मृग, पुन, पुष्य, उत्तरा–३, पूर्वा–३, हस्त, चित्रा, स्वा, अनु. धनि, रेवती।
गृहारम्भ (मकान बनाना)	१ (कृ), २,३,५,६,७,१०, ११, १२, १३ (शु.)ष १५।	चन्द्र, बुध, गुरू, शुक्र, शनि, वैशा, ज्ये, श्रव, भाद्र., मार्ग., माघ, फागु. प्रशस्त हैं।	अश्वि, रोह, मृग, पुर्न, पुष्य, उत्तरा (३), हस्त, चित्रा, स्वा, अनु, धनि, शत, रेव।
शिलान्यास (नींव खोदना)	गृहारम्भ वाली तिथियां ग्राह्य।	गृहारम्भ वाले वार एवं मास ग्राह्य। सुप्त भूमि के प्रविष्टे (५,७,९,१५,२१,२४ त्याज्य)	उपरोक्त नक्षत्रों के अतिरिक्त अश्विनी व श्रवण नक्षत्र सुप्त भूमि के प्रविष्टे।
नए घर में प्रवेश करना	१(कृ), २, ३, ५, ७, १०, ११, १३ (शुक्ल) १५ तिथियां।	वैशा, ज्ये, कार्ति., मार्ग, माघ एवं फाल्गु.॥ पुराने गृह में श्राव, भाद्र भी ग्राह्य, वार- चंद्र, बुध, गुरु, शुक्र व शनि।	अश्वि, रोह, मृग, उत्तरा, ३, हस्त, चित्रा, स्वा, पुष्य, अनु, धनि, रेव।

नाम मुहूर्त्त	शुभ ग्राह्य तिथियां	शुभ वार मास	शुभ नक्षत्र
सगाई मुहूर्त्त	१ (कृ), २,३,५,६,७,८,१०, ११, १२, १३ (शु.), १५ शुभ तिथियां॥	रवि, चन्द्र, बुध, गुरु, शुक्र, वैशा, ज्ये, आषाढ़, श्रावण, भाद्र. आश्वि, मार्ग, माघ और फागु.।	अश्वि, रोह, मृग, मघा, पूर्वा ३, उत्तरा ३, हस्त, चित्रा, स्वा., अनु, मूल, श्रव, धनि, रेवती।
विवाह मुहूर्त्त	१(कृ.),२,३,५,७,८,९,१० ११, १२, १३ (शुक्ल), १५।	वै., ज्ये, आषा, श्रा., भा, अश्वि, मार्ग, माघ, फागु. तथा कार्तिक (पर्वतीये केवल)। रवि, चंद्र बुध, गुरु, शुक्र प्रशस्त। मं. श. (मध्यम)।	रोह, मृग, मघा, उत्तरा ३ (तीनों), हस्त, चित्रा, स्वा, अनु, मूल, श्रवण, धनि., रेव।
मुहूर्त्त मुकलावा	२, ३, ५, ६, ७, १०, ११ १२, १३ (शुक्ल) १५ तिथियां।	चन्द्र, बुध, गुरु, शुक्र, वैशा., मार्ग, फाल्गुन मास।	अश्वि, रोह, मृग, पुर्न, पुष्य, उत्तरा ३, हस्त, चित्रा, स्वा, अनु., मूल, श्रव, धनि, रेव।
बीज बोना (हल चलाना)	१ (कृ) २, ३, ५, ७, १० ११, १२, १३ (शु.) १५ तिथियां।	रवि, चन्द्र, बुध, गुरु, शुक्र एवं शनिवार।	अश्वि, रोह, मृग, पुर्न, पुष्य, मघा, उत्तरा ३, हस्त, चित्रा, स्वा, विशा, अनु, मूल, धनि., रेवती।
अनाज संग्रह (भरने का मुहूर्त्त)	२, ३, ५, ७, ८, ११, १२, १३, (शुक्ल), १५।	चन्द्र, बुध, गुरु व शुक्र।	अश्वि, रोह, मृग, पुन, पुष्य, उत्तरा ३, हस्त, चित्रा, स्वा, अनु, मूल, श्रव, धनि, शत, रेवती।
आप्रेशन कराने का मुहूर्त्त	२, ३, ५, ६, ७, १०, १२, १३	रवि, मंगल, गुरु, शनि	अश्वि, रोहि, मृग, हस्त, चित्रा, स्वा, अनु, अभि, श्रव
मन्त्र सिद्ध करने का मुहूर्त्त	२, ३, ५, ७, १०, ११, १३ (शु.) १५ तिथि।	रवि, चन्द्र, बुध, गुरु, शुक्र वारों में।	अश्वि, मृग, उफा, हस्त, श्रवण, विशाखा।
भूमि खरीदने का मुहूर्त्त	१(कृष्ण) तथा ५, ६, १०, ११, १५।	मंगल, गुरु, शुक्र।	मृग, पुन, श्ले, मघा, विशाखा, अनु, पूर्वा ३, मूल, रेवती।
मुकद्दमा दायर करना	३, ५, ८,१०,१३ (शुक्ल) १५, चंद्र व मंग. दोनों बलान्वित होने चाहिएं।	रवि, मंग, बुध, गुरु, वार प्रशस्त हैं।	भर, आर्द्रा, श्ले, मघा, पूर्वा–३, ज्ये., मूल, नक्षत्र।
पशु खरीदने का मुहूर्त्त	१(कृ)२,३,५,६,७,८,१०, ११,१२,१३(शुक्ल) १५।	रवि, चंद्र, बुध, गुरु शनि।	अश्वि, पुन, पुष्य, हस्त, विशा, ज्ये, धनि, शत, रेवती।
औषधि सेवन का मुहूर्त्त	१, (कृ),२, ३, ५, ७, १० ११, १२, १३ (शु.)।	रवि, चंद्र, बुध, गुरु, शुक्र, जन्म नक्षत्र त्याज्य हैं।	अश्वि, मृग, पुष्य, चित्रा, पुर्न, हस्त, अनु, स्वा, अभि, श्रवण, धनिष्ठा हैं।

आपको किस दिन क्या कार्य करना शुभ है ?

नाम वार	रविवार	सोमवार	मंगलवार	बुधवार	वीरवार	शुक्रवार	शनिवार
यात्रा में शुभ ग्राह्य-दिशाएँ	पूर्व, उत्तर आग्नेय (दक्षिण पूर्व)	पश्चिम, दक्षिण वायव्य (उत्तर-पश्चिम)	दक्षिण-पूर्व आग्नेय (दक्षिण-पूर्व)	दक्षिण, पूर्व नैऋत्य (दक्षिण-पश्चिम)	पूर्व, उत्तर ईशान (पूर्व-उत्तर)	पूर्व, उत्तर ईशान (उत्तर-पूर्व)	पश्चिम, दक्षिण नैऋत्य (दक्षिण-पश्चिम)
यात्रा में त्याज्य (दिशाशूले)	पश्चिम, वायव्य (उ. पश्चि. कोण)	पूर्व, उत्तर आग्नेय (दक्षि.-पूर्व)	उत्तर, पश्चिम वायव्य (उत्तर पश्चि.)	उत्तर, पश्चिम ईशान (पूर्व-उत्तर)	दक्षिण, पूर्व नैऋत्य (दक्षि. पश्चि.)	पश्चिम, दक्षिण नैऋत्य कोण (द. पश्चि.)	पूर्व, उत्तर ईशान (पूर्व-उत्तर)
विद्या एवं शिक्षा सम्बन्धी	विज्ञान, इंजीनियरिंग, सेना, उद्योग, बिजली, मैडिकल, एवं प्रशासनिक शिक्षा सम्बन्धी।	लेखनादि कार्य, मैडीकल शिक्षा, सौंदर्य प्रसाधन, औषधि निर्माण व योजना सम्बन्धी।	बिजली (इलैक्ट्रानिक), सर्जरी की शिक्षा, शस्त्र विद्या सीखना, अग्नि, स्पोर्टस, भूगर्भ विज्ञान, दंत चिकित्सा आदि।	गणित, लेखनादि, बौद्धिक कार्य, बैंक वकालत, तकनीकि हुनर, ज्योतिष, विज्ञान, वाहनादि चलाना सीखना।	दर्शन-शास्त्र, धर्म मंत्र ज्योतिष, वकालत, उच्च पद प्रशासनिक शिक्षा वैद्यक आदि।	नृत्य, वाद्य, गायन, कला, संगीत, ऐक्टिंग, गीत-काव्य, रचना, स्त्रियों एवं सौंदर्य सम्बन्धी शिक्षा।	तकनीकी शिल्प, कला, मशीनरी सम्बन्धी ज्ञान (Engineering) अंग्रेज़ी, उर्दू, फारसी का ज्ञान शुरु करना।
व्यापार सम्बन्धी कार्य	राज्य प्रशासनिक कार्य सेनाधिकारी, ज्यूलर्ज, औषधि, शस्त्र, अग्नि, अनाज, सोना, तांबा, चाँदी, गाय, बैलादि का क्रय-विक्रय, मैडीकल, इलैक्ट्रीकल, मंत्रानुष्ठान यज्ञादि।	कृषि, गाय, भैंस, दूध, घी डेयरी, फार्म, औषधि, सोडादि तरल पदार्थ, शंख, मोती, स्त्री, धन सम्पदा, सौंदर्य प्रसाधन, सुगन्धि (Perfumes) सम्बन्धी वस्तुओं का क्रय-विक्रय, विदेशी पत्राचार आदि।	शक्ति, अग्नि एवं बिजली से सम्बिन्धत कार्य, बेकरी electronics, स्पोर्टस Goods, सोना, तांबा, मूंगा, पीतलादि का क्रय भूमि, सर्जरी एवं रक्षा सामग्री, सन्धि विच्छेद आदि कार्य।	कृषि एवं व्यापारिक वस्तुओं का क्रय-विक्रय, शेयरों का क्रय, पुस्तक, लेखन प्रशासन, लेखाकार्य (Accounts) शिक्षण, वकालत, शिल्प, एवं सम्पादन कार्य, वाहन क्रय-विक्रय।	धार्मिक अनुष्ठान, उच्च प्रशासनिक कार्य, उच्च शिक्षा के कार्य, आभूषण, औषधि, लकड़ी, भूमि, वाहनादि का लेन-देन, विदेश गमनादि कार्य।	संगीत, सिनेमा, विदेश बारे, टैलीविजन, स्त्रियों, एवं श्रृंगारिक वस्तुओं से संबन्धित कार्य, रूई, कपड़ा बैंकिंग, चाँदी, जवाहरात, रसायन, शराब, सोडा, सुगन्धित द्रव्य, वाहनादि क्रय-विक्रय, खुशबूदार वस्तु।	मशीनरी, लोहा, लकड़ी चमड़ा, सीमेंट, तेल, पैट्रोल, पत्थर, भूमि, ठेकेदारी, शस्त्रों का क्रय-विक्रय, अन्वेषण एवं आप्रेशण कार्य, अधीनस्थ कर्मचारी, वाहनादि प्रयोग विदेश-यात्रादि कार्य।

नाम वार	रवि	चन्द्र	मंगल	बुध	बृह	शुक्र	शनि
नवीन वस्त्र धारण करना	शुभ है	मध्यम	अशुभ	शुभ	शुभ	अति शुभ	अशुभ
नवीन आभूषण धारण	शुभ	शुभ	मध्यम	शुभ	शुभ	शुभ	अशुभ
तेल लगाना	अशुभ	शुभ	अशुभ	विशेष शुभ	अशुभ	शुभ	विशेष शुभ
हजामत करना	मध्यम	शुभ	अशुभ	शुभ	अशुभ	शुभ	मध्यम
नया जूता पहनना	अशुभ	शुभ	अशुभ	शुभ	मध्यम	शुभ	मध्यम
मुकदमा करना	अशुभ	अशुभ	शुभ	शुभ	अशुभ	मध्यम	शुभ

अनुष्ठान आरम्भ करने का मुहूर्त

मास–वैशाख, श्रावण, अश्विन, कार्तिक, मार्गशीर्ष, माघ, फाल्गुन।

तिथि (शुक्ला)–२, ३, ५, ७, १०, ११, १३।

वार–सू. गु. शु. (सोम मध्यम)।

नक्षत्र–अशिव. रो. मृ. पुन. पु. उत्तरा. ३. ह. स्वा. वि. अनु. ज्ये. श्र. ध. श. रे।

लग्न–शिव की आराधना १, ४, ७, १० लग्नों में एवं विष्णु की २, ५, ८, ११ लग्नों में तथा देवी की ३, ६, ९, १२ लग्नों में कर्त्तव्य है।

अन्य देवताओं के अनुष्ठान में वह राशि लग्न ग्रहण करें, जब ३, ६, ११वें क्रूर ग्रह १, २, ४, ५, ७, ९, १०वें सौम्य ग्रह तथा ८, १२वें प्रहाभाव।

विशेष–आराध्य देवताओं के मास, तिथि, वार, नक्षत्र विशेष शुभ है। पुनश्च, गुरु-शुक्रास्त, बलहीन चन्द्र तथा कुयोग परित्याज्य हैं।

मेलापक में मंगलीक योग एवं परिहार

विवाह योग्य लड़के-लड़की की जन्म कुण्डली में वर्ण, वश्य, तारा, ग्रहमैत्री, नाड़ी आदि अष्टकूट सम्बन्धी गुण मिलान के पश्चात् कुण्डली में मंगल एवं मंगलीक दोष पर विशेष रूप से विचार किया जाता है। मंगलीक दोष का आधार सामान्यतः निम्न श्लोक माना जाता है।

लग्ने व्यये च पाताले जामित्रे चाष्टमे कुजे। कन्या भर्तुर्विनाशाय भर्ता कन्या विनाशकः।

–मु. संग्रहदर्पण

अर्थात् जिस कन्या की कुण्डली में १, ४, ७, ८ या १२वें स्थान में मंगल हो, तो वह कन्या वर (पति) के लिए हानिकारक तथा इसी भान्ति जिस लड़के की कुण्डली में इन्हीं स्थानों में मंगल हो वह कन्या को हानिकारक होता है। इसी भांति लग्न, चन्द्र और कभी-कभी शुक्र की राशि से भी मंगल की उपर्युक्त स्थितियों का विचार किया जाता है।

अपवाद–(१) मंगल दोष वाली कन्या का विवाह मंगलीक दोष वाले वर के साथ करने से मंगल का अनिष्ट दोष नहीं होता तथा वर-वधू के मध्य दाम्पत्य सुख बढ़ता है–

कुज दोष वती देया कुजदोषवते किल। नास्ति दोषो न चानिष्टं दम्पत्योः सुखवर्धनम्॥

मंगलीक सम्बन्धी उपरोक्त श्लोक के परिहार स्वरूप मुहूर्त्त ग्रन्थों में अनेकत्र परिहार वाक्य मिलते हैं। यथा–

(२) यदि लड़की की कुण्डली में जिस स्थान पर मंगल स्थित (मंगलीक कारक) हो, और लड़के की कुण्डली में उसी स्थान पर शनि, मंगल, सूर्य, राहु आदि कोई पाप ग्रह स्थित हों, तो भौमदोष भंग हो जाता है। इसी प्रकार लड़के की कुण्डली में भौम दोष होने पर कन्या की कुण्डली में उसी भाव में कोई पाप ग्रह होने से भी भौमदोष नहीं रहता–

शनि भौमोऽथवा कश्चित् पापो वा तादृशो भवेत्।
तेष्वेव भवनेष्वेव भौमदोष विनाश कृत्॥–फलित संग्रह अन्येऽपि–

भौमेन सदृशो भौमः पापो व तादृशो भवेत्। विवाहः शुभदः प्रोक्तश्चिरायुः पुत्रपौत्रदः॥

अर्थात् एक की कुण्डली में मंगल दोष हो, तो दूसरे की कुण्डली में भी उन्हीं स्थानों में शनि आदि पाप ग्रह होने से मंगलीक दोष भंग होकर विवाह में शुभ होता है।

यामित्रे च सदा सौरि लग्ने वा हिषुके तथा। अष्टमे द्वादशो चैव भौमदोषो न विद्यते॥

यह श्लोक भी लगभग इसी आशय का है।

(३) मेष राशि का मंगल लग्न में, बृश्चिक राशि का चौथे भाव में, मकर का सातवें, कर्क राशि का आठवें, एवं धनु राशि का मंगल १२वें हो, तो मंगल दोष नहीं होता।

यथोक्तम्–

अजे लग्ने व्यये चापे पाताले बृश्चिके कुजे।
द्यूने मृगे कर्किचाष्टौ भौमदोषो न विद्यते॥ **–मु. पारिजात**

प्रकारान्तर से, मीन का मंगल ७वें भाव तथा कुम्भ राशि का मंगल अष्टम में हो, तो भौम दोष नहीं होता।

''द्यूने मीने घटे चाष्टौ भौम दोषो न विद्यते'' **–मु. चिंतामणि**

(४) यदि द्वितीय भाव में चन्द्र-शुक्र का योग हो, या मंगल गुरु द्वारा दृष्ट हो, केन्द्र भावस्थ राहु हो, अथवा केन्द्र में राहु-मंगल का योग हो, तो मंगल दोष नहीं रहता–

न मंगली चन्द्र भृगु द्वितीये, न मंगली पश्यति यस्य जीवा।
न मंगली केन्द्रगते च राहुः, न मंगली मंगल-राहु योगे॥ **–मुहूर्त्त दीपक**

(५) बलान्वित गुरु वा शुक्र लग्न में हो, तो वक्री, नीचस्थ, अस्तंगत अथवा शत्रुक्षेत्री मंगल उपरोक्त दुष्ट स्थानों में होने पर भी भौम दोष नहीं होता–

सबले गुरौ भृगौ वा लग्ने द्यूनेऽथवाभौमे।
वक्रे नीचारि गृहस्थे वाऽस्तेऽपि न कुज दोषः॥ **–मुहूर्त्त दीपक**

(६) इसी भांति केन्द्र व त्रिकोण में यदि शुभ ग्रह हों, तथा ३, ६, ११वें भावों में पाप-ग्रह हों तथा सप्तमेश ग्रह सप्तम में ही हो, तो मंगल दोष नहीं होता–

''केन्द्र कोणे शुभादये च त्रिषडायेऽप्यसद्ग्रहाः।
तदा भौमस्य दोषो न मदने मदपस्तथा॥'' **–मु. चिंतामणि**

अपरं च–

(७) यद्यपि १, २, ४, ७, ८, ११ और १२वें भावों में स्थित मंगल वर-वधू के वैवाहिक जीवन में विघटन उत्पन्न करता है, परन्तु यदि मंगल अपने घर (१, ८) का हो, **उच्चस्थ** (मकर) का **किंवा मित्र क्षेत्री** मंगल दोष कारक नहीं होता–

तनु धन सुख मदनायुर्लाभ व्ययगः कुजस्तु दाम्पत्यम्।
विघट्यति तद् गृहेशो न विघटयति तुंगमित्रगेहेवा॥ **–मु. चिंतामणि**

(८) यदि वर-कन्या की कुण्डलियों में परस्पर राशिमैत्री हो, गणैक्य हो, २७ गुण या अधिक मिलान होता हो, तो भी भौम दोष अविचारणीय है।

राशिमैत्रं यदा याति गणैक्यं वा यदा भवेत्। अथवा गुण बाहुल्ये भौम दोषो न विद्यते॥

–मुहूर्त्त दीपक

विवेचन–उपरोक्त विवेचन से स्पष्ट है कि मुहूर्त्त संग्रह दर्पण में दिए गए मंगलीक सम्बन्धी उपरोक्त श्लोक (''लग्ने व्यये पाताले–'') के परिहारस्वरूप कुछ अर्वाचीन ग्रन्थों में उपलब्ध होते हैं, जिनमें परस्पर विरोध वाक्यता भी मिलती है।

उल्लेखनीय है कि प्राचीन सैद्धान्तिक एवं प्रतिष्ठित मुहूर्त्त ग्रंथों जैसे–विवाह वृन्दावन, मुहूर्त्त मार्तण्ड, सारावली, मु. चिन्तामणि (प्राचीन संस्करण), ज्योतिः निबन्ध आदि) में मंगलीक सम्बन्धी उपर्युक्त श्लोक एवं तत्सम्बन्ध विभिन्न परिहार वाक्यों का स्पष्ट उल्लेख नहीं मिलता।

वर-कन्या की कुण्डली में मंगलीक दोष एवं उसके परिहार का निर्णय अत्यन्त सावधानीपूर्वक करना चाहिए। केवल १, ४, ७, ८ आदि भावों में मंगल को देखकर दाम्पत्य जीवन के सुख-दुःख का निर्णय कर देना उपयुक्त नहीं। मंगलीक वाले स्थानों (भावों) में मंगल के अतिरिक्त कोई अन्य क्रूर ग्रह भी १, २, ७ एवं १२वें स्थानों में हो, तो वह भी परिवारिक एवं वैवाहिक जीवन के लिए अनिष्टकारी होता है। यथा–

लग्ने क्रूरा व्यये क्रूरा धने क्रूराः कुजस्तथा।
सप्तमे भवने क्रूराः परिवार क्षयंकराः॥ –मु. संग्रह दर्पण

मेलापक में मंगलीक योग एवं परिहार

शिव-मन्त्रावली

मंगल अथवा मंगलीक दोष का निर्णय कुण्डली विशेष में सभी ग्रहों के पारस्परिक अनुशीलन के

मेलापक में मंगलीक योग एवं परिहार

मंगल अथवा मंगलीक दोष का निर्णय कुण्डली विशेष में सभी ग्रहों के पारस्परिक अनुशीलन के पश्चात् ही करना चाहिए। सभी लग्न कुण्डलियों में मंगलीक दोष का प्रभाव एक जैसा नहीं होता। इसमें कोई सन्देह नहीं कि कुछ लग्न कुण्डलियों में मंगल अथवा मंगलीक दोष का अशुभ एवं अनिष्ट प्रभाव वर-कन्या के वैवाहिक जीवन पर पड़ता है, परन्तु यदि किसी कुण्डली में मंगल अन्य ग्रहों के सहचर्य से योगकारक हो, उच्चस्थ या स्वराशिगत हो अथवा गुरु आदि शुभ ग्रह की दृष्टि से प्रभावित हो, तो मंगल अशुभ की अपेक्षा **शुभ प्रभाव कारक** होगा। जैसे-मकर, मेष, बृश्चिक, सिंह, धनु और मीन राशि के मंगल को शुभ माना जाता है तथा **कर्क** एवं **सिंह** लग्नों में मंगल **केन्द्र त्रिकोणपति** होने से मंगल अशुभ न होकर योगकारक माना जाएगा-

> **"सर्वे त्रिकोणनेतारो ग्रहा शुभफलप्रदाः।**
> **इसी भान्ति स्वोच्चस्थितः शुभफलं प्रकरोति पूर्णम्।**
धारण विधि–गोमेद रत्न शनिवार को शनि की होरा में, स्वाती, शतभिषा, आर्द्रा अथवा रविपुष्य योग में पंचधातु अथवा लोहे की अंगूठी में जड़वाकर तथा राहु के बीज मन्त्र द्वारा अंगूठी अभिमन्त्रित करके दाएं हाथ की मध्यमा अंगुली में धारण करना चाहिए। इसका वजन ५, ७, ९ रत्ती का होना चाहिए।

राहु बीज मन्त्र–"ॐ भ्रां भ्रीं, भ्रौं सः राहवे नमः"

धारण करने के पश्चात् बीजमन्त्र का पाठ हवन एवं सूर्य भगवान को अर्घ्य प्रदान कर नीले रंग का वस्त्र, कम्बल, तिल, बाजरा आदि दक्षिणा सहित दान करें।

विधिपूर्वक गोमेद धारण करने से अनेक प्रकार की बीमारियां नष्ट होती हैं, धन-सम्पत्ति-सुख, सन्तान वृद्धि, वकालत व राजपक्ष आदि की उन्नति के लिए अत्यन्त लाभकारी है। शत्रु-नाश हेतु भी इसका प्रयोग प्रभावी रहता है।

जिनकी जन्म कुण्डली में राहु १, ४, ७, ९, १० वें भाव में हो, उन्हें गोमेद रत्न पहनना चाहिए। मकर लग्न वालों के लिए गोमेद शुभ होता है।

केतु रत्न लहसनिया (CAT'S EYE STONE)

केतु-रत्न लहसनिया को संस्कृत में वैदूर्य, हिन्दी में लहसनिया, अंग्रेज़ी में Cat's eye Stone कहते हैं। यह नग अन्धेरे में बिल्ली की आंखों के समान चमकता है। लहसनिया चार रंगों में पाया जाता है। काली तथा श्वेत आभा युक्त लहसनिया जिस पर यज्ञोपवीत के समान तीन धारियां खिंची हों, वह वैदूर्य ही उत्तम होता है।

पहचान–(१) असली लहसनिया को यदि हड्डी के ऊपर रख दिया जाए तो वह २४ घण्टे के भीतर हड्डी के आर-पार छेद कर देता है। (२) असली वैदूर्य में ढाई या तीन सफेद सूत्र होते हैं, जो बीच में इधर-उधर घूमते हिलते रहते हैं।

धारण विधि–लहसनिया रत्न बुधवार के दिन अश्विनी, मघा, मूला नक्षत्रों में, रविपुष्य योग में पंचधातु की अंगूठी में कनिष्ठका अंगुली में धारण करें। धारण करने से पूर्व केतु के बीज मन्त्र द्वारा अंगूठी अभिमन्त्रित करें। ५ रत्ती से कम वज़न का नहीं होना चाहिए। प्रत्येक ३ वर्ष पश्चात् नई अंगूठी में लहसनिया जड़वाकर उसे अभिमन्त्रित कर धारण करना चाहिए।

केतु बीज मन्त्र–"ॐ स्रां स्रीं, स्रौं, सः केतवे नमः"

रत्न धारण करने के पश्चात् बुधवार को ही किसी श्रेष्ठ ब्राह्मण को तिल, तेल, कम्बल, धूर्मवर्ण का वस्त्र, सप्तधान्य (अलग-अलग रूप में) यथाशक्ति दक्षिणा सहित दान करें।

विधिपूर्वक लहसनिया धारण करने से भूत प्रेतादि की बाधा नहीं रहती है। सन्तान सुख, धन की वृद्धि एवं शत्रु व रोग नाश में सहायता प्रदान करता है।

अधिक विस्तृत जानकारी के लिए हमारे यहाँ 'आपका भाग्यारत्न' पुस्तक 60 रु० भेजकर मंगवा सकते हैं। **बृहदरत्न शास्त्र, मूल्य 150 रुपये, जनरल बुक डिपो, अड्डा होशियारपुर, जालन्धर।**

दिनमान से मध्याह्न, अपराह्न, सायाह्न, प्रदोष काल जानना

दिनमान से मध्याह्न, अपराह्न, सायाह्न, प्रदोष काल जानना

प्राचीन भारतीय महर्षियों ने विभिन्न शास्त्रीय, वैदिक एवं लौकिक कार्यों को करने के लिए अपने सहस्त्रों वर्षों के अनुभवों एवं अनुसन्धानों के आधार पर मानव-उपयोगी '**काल मान**' के ज्ञान का प्रकाश किया था। आजकल यद्यपि काल-विभाजन अधिकांशत: घण्टा मिनटों, सैकिण्डों आदि में किया जाता है, परन्तु भारतीय ज्योतिषाचार्यों ने दिन-रात (अहोरात्र) का विभाजन दिनमान, रात्रिमान, घड़ी, पल, विपल, प्रहर, मुहूर्त्तों आदि में दिया गया है। व्रत, पर्व, त्यौहारों एवं याज्ञादि अनुष्ठानों सम्बन्धी नियमों में मध्याह्न, अपराह्न, प्रदोष, ब्रह्म आदि काल के विशेष उल्लेख मिलते हैं।

—अथ दिवारात्रौ पंचदश मुहूर्त्ता—

मुहूर्त्त—मुहूर्त्त मार्त्तण्ड के अनुसार दिन और रात में पन्द्रह-पन्द्रह कुल (३०) मुहूर्त्त होते हैं। दिनमान अथवा रात्रिमान को १५ से भाग देने पर प्रत्येक मुहूर्त्त का समान मान निकलता है।

दिन के पांच भाग—अक्षांश भेद एवं सूर्योदयास्त में अन्तर होने के कारण प्रत्येक नगर के दिनमान और रात्रिमान परिवर्तित होते रहते हैं। सम्भवत: इसी कारण हमारे पूर्वाचार्यों ने दिवस का प्रारम्भ काल सूर्योदय से मानते हुए दिन के पाँच भाग किए हैं, यथा-सूर्योदय से ३ मुहूर्त्त (२ घण्टा, २४ मिनट) तक **प्रात:काल**, उसके बाद २ घण्टा, २४ मिनट **संगवकाल**, इसके बाद २ घण्टे २४ मिनट तक **मध्याह्नकाल**, फिर २ घण्टा, २४ मिनट के बाद **अपराह्नकाल** और फिर आगे २ घण्टा २४ मिनट का **सायंह्नकाल** होता है।

प्रात:काल स्नानादि के पश्चात् देवपूजन, जपादि के लिए प्रशस्त, मध्याह्न में **ब्रह्मयज्ञ**, ऋषि तर्पण आदि, अपराह्न में श्राद्ध, पितृकर्म तथा **सायंकाल** में भी स्नान, संध्या, जप, देवार्चन आदि करने की शास्त्राज्ञा है।

अभिजित मुहूर्त्त—यह दिन का अष्टम मुहूर्त्त है। यह विशेष प्रशस्त मुहूर्त्त कहलाता है। नारद पुराण अनुसार दिन के बारह बजे से 1 घड़ी पूर्व और एक घड़ी पश्चात् अर्थात् मध्याह्न 11/36 से 12/24 बजे तक का समय तथा तदनन्तर नवम मुहूर्त्त '**ब्राह्म**' या '**रौहिण**' कहलाता है, जो श्राद्ध में श्रेष्ठ माना जाता है। अभिजित् काल में क्रियमाण सभी कार्य सफल होते हैं, ऐसी मान्यता है।

—मध्याह्न, अपराह्न आदि का प्रारम्भ व समाप्ति—

मध्याह्न काल—अभीष्ट दिन के दिनमान को अढ़ाई से भाग देकर जो मान (घड़ी-पलों या घण्टा-मिनटों में) प्राप्त होवे, उसको अपने स्थानीय सूर्योदय में जमा करने से, आपको अपने नगर के **मध्याह्न** का **आरम्भकाल** ज्ञात होगा।

दिनमान को अढ़ाई से भाग देने के पश्चात् जो संख्या घण्टा/मिनटादि प्राप्त हो, उसे २ से भाग देकर अर्ध-भाग करें, तथा इस अर्ध-संख्या को **मध्याह्न** के आरम्भकाल में जमा कर देने से मध्याह्न का समाप्ति काल जान सकते हैं।

मध्याह्न काल की समाप्ति से अपराह्न का प्रारम्भकाल शुरु होता है।

दिनमान से मध्याह्न, अपराह्न, सायह्न जानने की प्रक्रिया

भारतीय भूखण्ड में दिनमान का विस्तार लगभग 9/30 घं. मिंट से लेकर 14-30 घं. मि. के मध्य में पड़ता है। इसीलिए 9/30 घं. मिं. दिनमान से लेकर 14/30 घं. मिं. के दिनमान के मध्यान्तर में आने वाले मध्याह्न, अपराह्न आदि के आरम्भ व समाप्ति काल जानने की प्रक्रिया लिख रहे हैं। मध्याह्न तथा अपराह्न काल के प्रारम्भ एवं समाप्ति काल के घण्टा मिनट को अपने नगर के सूर्योदय में अलग-अलग जमा कर देने से क्रमश: मध्याह्न एवं अपराह्न काल का प्रारम्भ तथा समाप्तिकाल पता चल जाएगा।

उदाहरण—मान लीजिए हमें जम्मू नगर में 31 अग. 2012 को मध्याह्न का आरम्भ, समाप्ति व मध्यम काल जानना है, तो 31 अग. के सूर्योदय (6/08) को उस दिन के सूर्यास्त (18-53 घं. मिं.) में से घटा देने पर हमें 12 घं. 45 मिनट का दिनमान प्राप्त हुआ। आगे दी गई तालिका में दिनमान घं. 12/45 मिं. के आगे दाईं ओर देखने से हमें मध्याह्न का आरम्भ 5 घं. 6 मिं. मिला। इसको उस दिन के सूर्योदय (6-08) में जमा कर देने से हमें मध्याह्न का प्रारम्भ 11 घं. 14 मिं. तथा उसी दिनमान के सामने समाप्ति काल (7.39) में सू.उ. जमा करने से हमें 31 अग. के मध्याह्न का समा. काल (13-47) प्राप्त हुआ। आरम्भ व समाप्ति के समयान्तर के अर्ध भाग (10/17) को मध्याह्नारम्भ (11-14) में जमा कर देने से हमें मध्याह्न का मध्य काल प्राप्त होगा।

दिनमान		मध्याह्न				अपराह्न				सायह्न			
		प्रारम्भ		समाप्ति		प्रारम्भ		समाप्ति		प्रारम्भ		समाप्ति	
घं.	मिं.	घं.	मिं.	घं.	मिं.	घं.	मिं.	घं.	मिं.	घं.	मिं.	घं.	मिं.
9	30	3	48	5	42	5	42	7	36	7	36	9	30
9	45	3	54	5	51	5	51	7	48	7	48	9	45
10	00	4	00	6	00	6	00	8	00	8	00	10	00
10	15	4	06	6	9	6	9	8	12	8	12	10	15
10	30	4	12	6	18	6	18	8	24	8	24	10	30
10	45	4	18	6	27	6	27	8	36	8	36	10	45
11	00	4	24	6	36	6	36	8	48	8	48	11	99
11	15	4	30	6	45	6	45	9	00	9	00	11	15
11	30	4	36	6	54	6	54	9	12	9	12	11	30
11	45	4	42	7	03	7	03	9	24	9	24	11	45
12	00	4	48	7	12	7	12	9	36	9	36	12	00

दिनमान		मध्याह्न				अपराह्न				सायह्न			
		प्रारम्भ		समाप्ति		प्रारम्भ		समाप्ति		प्रारम्भ		समाप्ति	
घं.	मिं.	घं.	मिं.	घं.	मिं.	घं.	मिं.	घं.	मिं.	घं.	मिं.	घं.	मिं.
12	15	4	54	7	21	7	21	9	48	9	48	12	15
12	30	5	00	7	30	7	30	10	00	10	00	12	30
12	45	5	06	7	39	7	39	10	12	10	12	12	45
13	00	5	12	7	48	7	48	10	24	10	24	13	00
13	15	5	18	7	57	7	57	10	36	10	36	13	15
13	30	5	24	8	06	8	06	10	48	10	48	13	30
13	45	5	30	8	15	8	15	11	00	11	00	13	45
14	00	5	36	8	24	8	24	11	12	11	12	14	00
14	15	5	42	8	33	8	33	11	24	11	24	14	15
14	30	5	48	8	42	8	42	11	36	11	36	14	30
15	00	6	00	9	00	9	00	12	00	12	00	15	00

इसी भान्ति अभीष्ट दिनमान की दाईं तरफ लिखे कालम में अपराह्न के आरम्भ तथा समाप्ति के घं.मिं. उस दिन के स्थानीय सूर्योदय में अलग-अलग जोड़ देने पर अपराह्न का आरम्भ व समाप्ति काल (भा. स्टैं. टा.) मालूम हो जाएगा।

सायह्नकाल का प्रारम्भ और समाप्ति जानने के लिए भी दी गई तालिकानुसार दिनमान देखकर उसके सामने लिखे अनुसार प्रारम्भ और समाप्ति (घं. मिं.) काल में अभीष्ट दिन को सूर्योदय जोड़ देने से सायंकाल का प्रा. व समाप्ति निकल आएगी।

–प्रदोषकाल ज्ञात करना–

स्थानीय सूर्यास्त के बाद मध्यमान से तीन मुहूर्त्त (6 घड़ी), अर्थात् 2 घण्टे 24 मिनट तक प्रदोष काल होता है–**''त्रिमुहूर्त प्रदोषःस्यात् भानौऽस्तं गते सति।''**

प्रदोषकाल में सूर्यास्त के बाद शिवपूजनार्चनादि तथा ब्राह्मण भोजन का विधान है। कुछ विद्वान् सूर्यास्त के बाद **2 घड़ी** (1 घण्टा, 12 मिनट) तक के काल को प्रदोष मानते हैं। सम्भवतः यह काल प्रदोष काल में शिवपूजन में ही विशेष प्रशस्त होने से ग्राह्य माना गया है। **रात्रिमान** में 15 मुहूर्त्तों में से प्रथम मुहूर्त्त का स्वामी भी भगवान् शिव ही हैं।

पुरुषार्थ चिन्तामणि के अनुसार सूर्यास्त के बाद 3 घड़ियाँ तक प्रदोष काल होती हैं। रात्रिमान के आधार पर प्रदोष काल का आरम्भ काल तो स्थानीय सूर्यास्त से ही माना जाता है। अतएव आगे प्रत्येक रात्रिमान के स्थानिक सूर्यास्त से प्रदोष काल शुरु होकर, उसकी दाईं तरफ लिखे हुए घण्टा मिनट जोड़ देने से आपके नगर के प्रदोष काल का समाप्ति काल प्राप्त हो जाएगा। (घं.मिं.) सूर्यास्त में से सूर्योदय घटा देने से **दिनमान** निकल आता है तथा कुल चौबीस घण्टों में से **दिनमान घटा देने से रात्रिमान** घण्टा मिनट में प्राप्त हो जाता है।

अपनी अभीष्ट रात्रिमान के साथ लिखे स्थानीय सूर्यास्त से प्रदोषकाल शुरु होगा। उस सूर्यास्त के साथ दाहिनी ओर प्रदोष समाप्ति के घण्टा मिनट जमा करने से प्रदोष काल का समाप्ति काल ज्ञात हो जाएगा।

निशीथकाल—**प्रदोषकाल** के **समाप्तिकाल** से **निशीथकाल** का प्रारम्भ माना जाता है, तथा उसमें 3 मुहूर्त्त (2 घण्टा, 24 मिनट) जमा कर देने से हमें निशीथ का समाप्ति काल प्राप्त हो जाएगा। **निशीथ** में 2 घ. 24 मिनट जोड़ देने से **महानिशीथ** काल निकल आएगा।

उदाहरण—जैसे 7 जुलाई को जालन्धर में प्रदोष का प्रारम्भ एवं समाप्ति काल जानना है। इसी दिन जालन्धर में रात्रिमान 10 घं. 00 मिं. है। इस रात्रिमान के आगे नीचे के कोष्ठक में **'प्रदोषकाल'** के नीचे **'प्रारम्भ'** और **'समाप्ति'** के घं.मिं. क्रमशः **'सूर्यास्त'** और २ घं. ०० मिं. है। अतएव जालन्धर के इस दिन के सूर्यास्त 19 घं. 33 मिं. से प्रदोष काल का प्रारम्भ काल तथा इसमें समाप्तिकाल के २ घं. ०० मिं. जोड़ने से 21 घं. 33 मिं. प्रदोषकाल का समाप्तिकाल होगा।

इसी प्रकार इसी दिन के अरुणोदय काल जानने के लिए हमें 7 जुलाई को जालन्धर के सूर्यास्त में **'अरुणोदय'** के नीचे प्रारम्भ और समाप्ति के घं.मिं. को, क्रमशः 8 घं. 40 मिं. और 10घं.00मिं. जमा करने होंगे। सूर्यास्त काल 19घं.33मिं. में इन्हें अलग-अलग जोड़ने पर हमें 28घं.13मिं. और 29घं.33मिं. मिले, जो इस दिन जालन्धर में अरुणोदय काल के क्रमशः प्रारम्भ और समाप्ति काल (भा. स्टैं. टा.) हैं।

इसी प्रकार किसी भी नगर का रात्रिमान निकालकर आप स्थानीय प्रदोष, निशीथ, महानिशीथ, अरुणोदय काल निकाल सकते हैं।

रात्रिमान	प्रदोषकाल		निशीथकाल		महानिषीथकाल		अरूणोदयकाल	
	प्रारम्भ	समाप्ति	प्रारम्भ	समाप्ति	प्रारम्भ	समाप्ति	प्रारम्भ	समाप्ति
घं. मिं.	घं. मिं.	घं. मिं.	घं. मिं.	घं. मिं.	घं. मिं.	घं. मिं.	घं. मिं.	घं. मिं.
9 30	सूर्यास्त	1 54	1 54	3 48	3 48	5 42	8 14	9 30
9 45	सूर्यास्त	1 57	1 57	3 54	3 54	5 51	8 27	9 45
10 00	सूर्यास्त	2 00	2 00	4 00	4 48	6 00	8 40	10 00
10 15	सूर्यास्त	2 03	2 03	4 06	4 06	6 09	8 53	10 15
10 30	सूर्यास्त	2 06	2 06	4 12	4 12	6 18	9 06	10 30
10 45	सूर्यास्त	2 09	2 09	4 18	4 18	6 27	9 19	10 45
11 00	सूर्यास्त	2 12	2 12	4 24	4 24	6 36	9 32	11 00
11 15	सूर्यास्त	2 15	2 15	4 30	4 30	6 45	9 45	11 15
11 30	सूर्यास्त	2 18	2 18	4 36	4 36	6 54	9 58	11 30
11 45	सूर्यास्त	2 21	2 21	4 42	4 42	7 03	10 11	11 45
12 00	सूर्यास्त	2 24	2 24	4 48	4 48	7 12	10 24	12 00
12 15	सूर्यास्त	2 27	2 27	4 54	4 54	7 21	10 37	12 15
12 30	सूर्यास्त	2 30	2 30	5 00	5 00	7 30	10 50	12 30
12 45	सूर्यास्त	2 33	2 33	5 06	5 06	7 39	11 03	12 45
13 00	सूर्यास्त	2 36	2 36	5 12	5 12	7 48	11 16	13 00
13 15	सूर्यास्त	2 39	2 39	5 18	5 18	7 57	11 29	13 15
13 30	सूर्यास्त	2 42	2 42	5 24	5 24	8 06	11 42	13 30
13 45	सूर्यास्त	2 45	2 45	5 30	5 30	8 15	11 55	13 45
14 00	सूर्यास्त	2 48	2 48	5 36	5 36	8 24	11 58	14 00
14 15	सूर्यास्त	2 51	2 51	5 42	5 42	8 33	12 11	14 15
14 30	सूर्यास्त	2 54	2 54	5 48	5 48	8 42	12 24	14 30
15 00	सूर्यास्त	3 00	3 00	6 00	6 00	9 00	12 50	15 00

सामान्य रूप में सूर्योदय से 4 से 5 घड़ी पूर्व **उषाःकाल** होता है। इसे **ब्राह्म मुहूर्त्त** भी कहते हैं। इस मुहूर्त्त में श्री भगवान् का चिन्तन, पूजा, ध्यान पाठ आदि करने का विशेष फल होता है।

अरूणोदय—सूर्योदय से 4 घड़ी पूर्व **अरूणोदय** काल होता है, इसमें भी स्नान, जप, पुण्य श्लोकों व स्तोत्रों का पाठ आदि करने का विशेष फल होता है।

प्रदोषकाल में भगवान शिव पूजन व जप करने का विशेष विधान होता है। निशीथ एवं महानिशीथ (महानिशा) काल में ध्यान, समाधि श्री दुर्गालक्ष्मी, व काली की उपासना तथा यन्त्र, मन्त्र, तन्त्रादि अनुष्ठान का विशेष प्रभावी होता है। सोमवासरी, भौमवारी एवं दीपावली की रात्रि को महानिशीथ काल में यन्त्र, मन्त्र एवं तन्त्र सम्बन्धी साधनाओं का विशेष महत्त्व होता है।

[illegible] नक्षत्रों एवं राशियों का फल (ज्योतिष तत्त्व (फलित खण्ड) से उद्धृत)

द्वादश लग्नों एवं राशियों का फल [ज्योतिष तत्त्व (फलित खण्ड) से उद्धृत]

मेष लग्न—मेष लग्न (राशि) का स्वामी **मंगल** है। जातक का मध्यम कद, मुख का वर्ण लाल अथवा गेहुँआ होगा। राशिपति मंगल की स्थिति शुभ होने से रक्तवर्ण नेत्रों वाला, चंचल एवं उग्र स्वभाव, अत्यन्त साहसी, सतर्क एवं महत्वाकांक्षी होगा। जातक उद्यमी, तीव्र बुद्धि, स्वतन्त्र विचारों वाला, अस्थिर किन्तु तेज स्मरण शक्ति वाला, अत्यधिक उत्साही, स्पष्टवादी एवं भ्रमणप्रिय व्यक्ति होगा। प्रायः अपने परिश्रम के बल पर आय एवं धन के साधन जुटा लेगा। सगे सम्बन्धियों की ओर से सहायता व सुख कम होगा। यह राशि चर और अग्नि तत्त्व प्रधान होने के कारण मेष राशि (लग्न) का जातक परिवर्तनशील प्रकृति, अस्थिर स्वभाव तथा शीघ्र क्रोधित हो जाने वाला एवं शीघ्र ही मान जावे। व्यवसाय में अनेक कठिनाईयों के बावजूद उन्नति के लिए प्रयास करता रहता है। जायदाद एवं व्यवसाय में कई प्रकार के झंझट (उलझनें) आती हैं और इन्हीं कामों के द्वारा लाभ भी होता रहता है। पित्त, कफ, सिर दर्द, रक्त विकार, नेत्र विकार, त्वचा आदि रोगों का भय रहता है। मंगल शुभ होने पर जातक को खेल-कूद व संगीतादि में भी विशेष शौक रहता है। सामान्यतः **मूंगा** मेष लग्न वालों के लिए शुभ रहता है, परन्तु योग्य ज्योतिषी से परामर्श के बाद धारण करना चाहिए। **भाग्योदयकारक** वर्ष १६, २२, २८, ३२, ३६वें होंगे।

वृष लग्न—वृष लग्न का **स्वामी शुक्र** है। यदि शुक्र शुभ हो तो जातक सुन्दर, सुगठित शरीर व मध्यम कद वाला होगा। गोल, बड़ी व चमकदार आँखें, सुन्दर वर्ण एवं आकर्षक व्यक्तित्व वाला होगा। जातक परिश्रमी, हँसमुख एवं सौम्य प्रकृत्ति वाला, धीर, शान्त एवं दृढ़ स्वभाव का होता है। जातक उदारहृदय, प्रसन्नहृदय और प्रभावशाली व्यक्ति होगा। स्वावलम्बी, उच्चाभिलाषी तथा भौतिक सुखों के लिए कठोर परिश्रम से भी पीछे नहीं हटेगा। जातक मधुरभाषी, सौन्दर्य प्रेमी, संगीत कला-साहित्यादि कार्यों में विशेष रुचि रखने वाला होगा। घर-दफ्तर आदि स्थानों पर सजावट रखेगा तथा ऐश्वर्य साधनों में निरन्तर वृद्धि करते रहने का प्रयास करेगा। जातक प्रायः अपनी इच्छानुसार ही कार्य करने वाला, ऐश्वर्ययुक्त जीवनयापन का इच्छुक, विपरीत योनि वालों के साथ मैत्री करने का आकांक्षी, व्यवहार कुशल तथा कठिन परिस्थितियों में भी अपना कार्य निकालने में कुशल होगा। जातक प्रायः चन्द्र-बुध की स्थिति शुभ होने पर कामर्स, गणित, बैंकिंग, एक्टिंग, वस्त्र उद्योग, क्रय-विक्रय (Trading) आदि में सफलता प्राप्त कर लेता है। **शुभ नग हीरा है**। भाग्योदायकारक वर्ष २८, ३६, ४२ एवं ४८वें होंगे।

मिथुन लग्न—मिथुन लग्न (राशि) का स्वामी बुध है। मिथुन लग्न वाला जातक, गौरवर्ण, चंचल आँखों वाला, सामान्य एवं ऊँचे कद वाला होगा। जातक अस्थिर किन्तु मौलिक विचारों से युक्त, तीव्र बुद्धि, परिवर्तनशील प्रकृति, मित्रों को हर प्रकार से सहायक तथा नीति के अनुसार आचरण करने वाला, तर्क-वितर्क करने में कुशल, दूर-दूर के स्थानों की यात्राएँ करने का सौभाग्य प्राप्त करेगा। जातक में बुद्धि तत्त्व एवं भाव तत्त्व दोनों प्रबल होने के कारण पठन-पाठन, कानूनी कार्य, व्यापार सम्बन्धी और लेखन सम्बन्धी कार्यों को बड़ी गम्भीरता से करेगा, मजबूत हृदय वाला परन्तु नर्म स्वभाव होने के कारण कमजोर समझा जाता है। द्विस्वभाव होने से एक ही समय पर एक से अधिक कार्य शुरू करने की प्रवृत्ति रहेगी, अपने कार्य-क्षेत्र (व्यवसाय) में प्रायः परिवर्तन करता रहता है तथा प्रायः अपने परिश्रम, बुद्धि एवं चातुर्य के बल पर जीवन में सफलता प्राप्त कर लेगा। नए-नए मित्र बनाने में कुशल, बातचीत करने की कला में निपुण होगा। क्रय-विक्रय, पुस्तक-लेखन, लेखाकार (Accounts), बैंक, वकालत, अध्यापन, इंजीनियरिंग, कल-पुर्जों के कार्य-व्यवसाय में सफलता प्राप्त हो सकती है। **शुभ नग पन्ना है, स्त्रियों के लिए पुखराज** भी अच्छा होगा। भाग्योदयकारक वर्ष २२, ३२, ३५, ३६, ४२ वें होंगे।

कर्क लग्न—कर्क लग्न (राशि) का स्वामी चन्द्रमा है। जल तत्त्व प्रधान एवं चर राशि होने से जातक सुन्दर एवं आकर्षक मुखाकृति, गोल चेहरा और मध्यम कद होगा। **चन्द्र-मंगल** शुभ हो तो जातक बुद्धिमान, संवेदनशील, भावुकहृदय, नयायप्रिय व दयालु स्वभाव वाला होगा। सामान्यतः परिवर्तनशील स्वभाव, चंचल, जलीय वस्तुओं (Liquids) का प्रिय, उच्च कल्पनाशील, समयानुकूल काम निकालने में कुशल, मिलनसार प्रकृति होगी। यदि चन्द्रमा अशुभ हो तो चिड़चिड़ा स्वभाव, वातावरण से शीघ्र प्रभावित होने वाला होगा। प्राकृतिक सौन्दर्य, कला-संगीत व साहित्य में विशेष रुचि रखे तथा सौन्दर्यानुभूति भी विशेष रूप से रहे। ऐसा जातक परिस्थितिनुसार ढल जाने वाला, प्यार सम्बन्धों में सच्चा, ईमानदार और सहृदय दयालु प्रकृति का होगा। ऐसा जातक दिल से जिस काम को करना चाहे कर ही लेता है। कल्पना (विचार) शक्ति प्रबल होती है, अन्य पुरुष के भावों को शीघ्र समझ लेने की विशेष क्षमता होती है। कर्क राशि वालों को मकर, बृश्चिक, मीन राशि वालों के साथ मित्रता शुभ रहती है। **शुभ** नग **सुच्चा मोती तथा सफेद पुखराज** है। भाग्योदयकारक वर्ष २४, २५, २८, ३२, ३६, ४० होंगे।

सिंह लग्न—सिंह लग्न (राशि) का स्वामी सूर्य है। इस लग्न (राशि) में जन्म लेने वाला जातक सुन्दर-पुष्ट शरीर वाला, चौड़ा मस्तक, सुगठित, आकर्षक एवं प्रभावशाली व्यक्तित्व वाला होगा। जातक बुद्धिमान, उद्यमी, कर्मठ, निडर, स्वतन्त्र विचारों वाला, पराक्रमी, व्यवहार कुशल, नीति के अनुसार आचरण करने वाला, उच्चाकांक्षी, खानपान का शौकीन, देश-विदेश में भ्रमण करने वाला, शीघ्र क्रुद्ध हो जाने की प्रकृति होने पर भी अपने बुद्धि-चातुर्य से स्थिति को सम्भाल लेने वाला होगा। छोटी-छोटी एवं मामूली बातों को उपेक्षा की दृष्टि से देखने वाला होगा तथा बड़े-बड़े कामों को भी अपने उद्यम द्वारा पूरा करने से तत्पर हो जाएगा। भाई-बन्धु होने पर भी उनका सुख कम रहता है। उच्चाभिलाषी होने के कारण प्रत्येक कार्य-व्यवसाय को बड़े पैमाने एवं उच्चस्तर पर करना पसन्द करेगा। उच्चस्तरीय, वैभवशाली एवं रईसी जीवन-यापन करने की प्रबल इच्छा रखेंगे जिसके कारण अपनी सीमा से बढ़कर भी खर्च कर डालते हैं। इस लग्न वाले जातक का बाह्य रूप में आकर्षक रूप एवं अच्छा स्वास्थ्य रहता है। **शुभ नग माणिक्य है। सिंह लग्न (राशि) वालों को सूर्य उपासना** करनी चाहिए। भाग्योन्नति वर्ष १६, २२, २४, २६, २८, ३२ होते हैं।

कन्या लग्न—कन्या लग्न (राशि) वाले जातक का मध्यम कद, कोमल शरीर, सुन्दर व आकर्षक आँखें, लम्बी नाक, वाणी तेज और बारीक होगी। जातक प्रियभाषी, हर कार्य में सहायक, लज्जाशील प्रकृति, नर्म स्वभाव और नीति के अनुकूल काम करने वाला होगा। कल्पनाशील, सूक्ष्मदर्शी, एवं संवेदनशील (Senstivie) स्वभाव होगा। शान्तचित्त एवं एकान्तप्रिय प्रवृत्ति होगी। परन्तु कठिन एवं विपरीत परिस्थितियों में भी स्वयं को ढालने का सामर्थ्य होगा। एक ही समय पर अनेक यात्राएँ एवं विषयों में पारंगत होने की चेष्टा करेगा। संगीत, कला एवं साहित्य की ओर विशेष दिलचस्पी रखेगा। द्विस्वभाव एवं परिवर्तनशील प्रकृति होने के कारण एक विषय पर चिरकाल तक स्थिर नहीं हो पाता। **बुध-शुक्र** का शुभ योग होने से लेखा-गणित, (Account), संगीत, कला, अध्यापन, लेखन, क्रय-विक्रय आदि की ओर विशेष झुकाव रहेगा तथा सफलता भी होगी। धन की अपेक्षा बौद्धिक कार्यों में विशेष रुचि रहती है। बुद्धिमान, तीव्र स्मरणशक्ति एवं अध्ययनशील प्रकृति होगी। **शुभ नग पन्ना है**। भाग्योन्नतिकारक वर्ष २५, ३२ तथा ३५, ३६, ४२ वें वर्ष होते हैं।

तुला लग्न–तुला लग्न (राशि) का स्वामी शुक्र है। तुला लग्न (राशि) में उत्पन्न जातक श्वेत व सुन्दर वर्ण, मध्यम अथवा लम्बा कद, सौम्य एवं हंसमुख प्रकृति होगी। जातक/जातिका न्यायप्रिय, हंसमुख, व्यवहारशील एवं नीति के अनुसार कार्य करने में कुशल होगा। ईमानदार, मिलनसार, नए-नए मित्र बनाने में कुशल होगा। सौंदर्यानुभूति विशेष होगी, संगीत, कला, नाट्य की ओर विशेष झुकाव होगा। रहन-सहन का ढंग रईसी एवं प्रभावपूर्ण होगा। जातक पर संगीत का प्रभाव जल्दी होगा। **चन्द्र-शुक्र** शुभ हों, तो मानसिक एवं कल्पनाशक्ति प्रबल होगी, परन्तु मन की केन्द्रीय शक्ति बहुत देर तक नहीं रहती। जब तक किसी कार्य में लगा रहे तब तक दिलोजान और मजबूत दिल से करे, परन्तु अपने विचार व योजना में परिवर्तन करने में भी शीघ्र तैयार हो जाएगा। जातक को देश-विदेशों में अनेक स्थानों पर भ्रमण करने के अवसर प्राप्त होते हैं। बुद्धिमान्, तर्कशील, सावधान एवं सतर्क रहने वाला, मध्यस्थता एवं न्याय करने में कुशल, विपरीत योनि (Sex) के प्रति विशेष झुकाव रखे। इनको **हीरा** (Diamond) अथवा **श्वेत मोती शुभ नग है** जोकि किसी सुयोग्य ज्योतिषी के परामर्शानुसार धारण करने चाहिएं। जीवन के २५, २७, ३२, ३३, ३५ एवं ४७वें वर्ष भाग्य वृद्धिकारक होंगे।

वृश्चिक लग्न–वृश्चिक लग्न (राशि) का स्वामी मंगल है। इस लग्न (राशि) में उत्पन्न जातक सुन्दर मुख वाला, परिश्रमी, अपने सामर्थ्य पर ही भरोसा करने वाला, धार्मिक प्रवृत्ति होगी। **मंगल** शुभ हो तो उत्साही, उदार, परिश्रमी, साहसी, ईमानदार, स्पष्टवादी, परोपकारी, व्यवहार-कुशल, कर्त्तव्यनिष्ठ, दृढ़ संकल्प शक्ति वाला होगा। भाई बहनों अथवा सम्बन्धियों की सहायता कम मिलती है, निजी पुरुषार्थ द्वारा ही निर्वाह योग्य आय के संसाधन जुटा पाते हैं। तनिक विरुद्ध बात हो जाने पर शीघ्र उत्तेजित हो जाएंगे, परन्तु सच्चाई अथवा सुपात्रता की दृष्टि से सुयोग्य जन की सहायता करने में अपने स्वार्थ की भी बलि देने से पीछे नहीं हटेंगे। जातक जिस कार्य को करने का निश्चय कर लेता है, उसे दृढ़तापूर्वक पालन करने का प्रयास करता है। कैमिस्ट, इंजीनियर, वकील, पुलिस, सेना विभाग, अध्यापन, ज्योतिष, अनुसंधानकर्त्ता के क्षेत्र में विशेष सफलता प्राप्त करेंगे। **शुभ नग मूँगा** है। शुभ रंग लाल, संतरी, पीला, हल्का गुलाबी (Pink) है। अपनी आयु के २४, २८, ३२, ३६, ४४वें वर्ष विशेष भाग्योन्नति कारक होंगे।

धनु लग्न–धनु लग्न (राशि) का स्वामी गुरु है। इस लग्न (राशि) में उत्पन्न जातक का ऊँचा मस्तक, कान बड़े, लग्न भाव में क्रूर ग्रह होने की स्थिति में सिर मध्य अल्पबाल अथवा गंजा हो सकता है। **गुरु-बुध** की स्थिति शुभ हो तो सौम्य एवं शान्त, सरल स्वभाव, धार्मिक प्रकृत्ति, उदार हृदय, परोपकारी, संवेदनशील, करुणा-दया आदि भावनाओं से युक्त होगा। दूसरों के मनोभावों को जान लेने की विशेष क्षमता होगी, इस लग्न (राशि) प्रभावित व्यक्ति में बौद्धिक एवं मानसिक शक्ति की प्रबलता के साथ-साथ अश्व जैसी तीव्रता, उत्साह एवं उत्तेजना से कार्य करने की क्षमता होगी। द्विस्वभाव राशि के कारण शीघ्र कोई निर्णय नहीं ले पाएं और इनको क्रोध जल्दी नहीं आता, परन्तु जब आता है तो देर तक क्रोधित रहते हैं। अग्नि तत्त्व प्रधान होने के कारण कठिन से कठिन समस्याओं को अपने सब, साहस एवं परिश्रम के द्वारा सुलझा लेंगे तथा निजी पुरुषार्थ द्वारा जीवन के हर क्षेत्र में उन्नति करने वाला, धन, सम्पदा, भूमि-जायदाद व सवारी आदि सुखों को प्राप्त करने में सफल होगा। **मंगल-गुरु** शुभ हो तो उच्च व्यवसायिक विद्या के योग है। शिक्षक, धर्म-प्रचारक, राजनीतिक, वैद्य-डॉक्टर, वकील, पुस्तक व्यवसाय आदि के क्षेत्र में सफलता प्राप्त होगी। **शुभ नग पुखराज** है। अपनी आयु के २३, २७, ३२, ३६वें वर्ष विशेष भाग्योन्नति कारक होंगे।

मकर लग्न–मकर लग्न (राशि) का स्वामी शनि है। इस लग्न (राशि) में जन्म लेने वाले जातक का मध्यम कद, नयन नक्श तीखे, सुन्दर मुखाकृति, काले घने बाल एवं पतली कमर वाला होगा। जातक गम्भीर, भावुक, हृदय, संवेदनशील, उच्चाभिलाषी, सेवाधर्मी, मननशील एवं धार्मिक प्रवृत्ति वाला होगा। बुध व शुक्र शुभ होने पर व्यवहार-कुशल, गहन विचार एवं सूक्ष्म विश्लेषण के पश्चात् ही महत्त्वपूर्ण निर्णय लेते हैं। क्षमाशील प्रायः कम होते हैं तथा इन्हें बदले एवं शत्रुता की भावना भुला पाना अत्यन्त कठिन होता है। चर राशि एवं लग्न होने से जातक की मानसिक एवं आत्मिक शक्ति प्रबल होगी। **गुरु-शनि** शुभ हो तो, जातक नर्म स्वभाव (विनम्र), विनयशील, व्यवहार-कुशल, नीति के अनुकूल आचरण करने वाला, तर्कशील, भली-बुरी बात की पहचान करने में कुशल, विश्वसनीय, मित्रता स्थापित करने में अत्यन्त सावधान (Selective) तथा ईमानदार होंगे। तर्क-वितर्क करने में कुशल, अपने विरुद्ध बात को हृदय से भुला पाना कठिन होता है। खांसी तथा वायु रोग से सावधानी बरतें। **शुभ नग नीलम** है। भाग्योन्नति वर्ष २२, २४, २८ एवं ३२, ४६ होते हैं।

कुम्भ लग्न–लग्नेश (राशिपति) शनि शुभ अवस्था में हो तो जातक मध्यम अथवा ऊँचे कद वाला, सुन्दर प्रभावशाली व्यक्तित्त्व होगा। बुद्धिमान, साधन सम्पन्न, तीव्र स्मरण शक्ति एवं गम्भीर प्रकृत्ति वाला होगा। दूसरों के प्रति दयाभाव रखने वाला, परोपकारी मित्रों एवं सगे-सम्बन्धियों के लिए हर प्रकार से सहायक होगा। व्यावहार कुशल, मिलनसार, स्पष्टवादी एवं निस्वार्थ भाव से सेवा करने में तत्पर होगा। जातक स्वाभिमानी, स्वतन्त्रताप्रिय एवं नए-नए मित्र बनाने में भी पीछे नहीं हटेगा। उद्योगी, उद्यमी, परिश्रमी प्रकृति एवं प्रबन्धात्मक योग्यता विशेष होगी एवं उपयुक्त साधन उपलब्ध होने पर देश-विदेशों में जाने के सुअवसर प्राप्त होंगे। महत्त्वकांक्षी होते हुए भी क्रियात्मक दृष्टिकोण रखेंगे तथा अनेक विघ्न-बाधाओं व कठिनाइयों के होने पर भी जीवन में उच्च स्थिति, धन पदादि प्राप्त करने में सफल होंगे। कुम्भ लग्न मे यदि गुरु मित्र क्षेत्री या शुभ में हो तो जातक उच्चाधिकारी, उच्चपदासीन, क्रय-विक्रय, प्रोफेसर, जज-वकील अथवा उच्च एवं धनी-व्यापारी होगा, प्रारम्भिक जीवन में आर्थिक क्षेत्र में विशेष संघर्ष होगा। आर्थिक क्षेत्र में विशेष संघर्ष व कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। **शुभ नग नीलम है। स्त्रियों के लिए, पुखराज नग शुभ** होगा।

मीन लग्न–मीन लग्न (राशि) का स्वामी गुरु है। मीन लग्न (राशि) में उत्पन्न जातक बुद्धिमान्, गम्भीर एवं सौम्य प्रकृति, परोपकारी कार्य करने में तत्पर, ईमानदार, सत्यप्रिय, धार्मिक, धर्म-कर्म एवं फिलास्फी, साहित्य एवं गूढ़ विद्याओं की ओर विशेष अभिरुचि रखेगा। उच्चाभिलाषी, उच्चाकांक्षी एवं स्वाभिमानी प्रकृति, अपनी मान-मर्यादा एवं प्रतिष्ठा का विशेष ध्यान रखें। सेवाभाव रखने वाला, तीव्र बुद्धि, परिश्रमी, उद्यमी, दूरदर्शी, व्यवहार कुशल एवं नीति के अनुसार आचरण करने वाला, विश्वसनीय, ईमानदार तथा हर प्रकार से मित्रों एवं सगे-सम्बन्धियों के लिए सहायक होगा। परिस्थितियों के अनुसार स्वयं को ढाल लेने की अपूर्व क्षमता होगी। देव तुल्य प्रकृति होती है। दूसरों पर न तो अन्याय करेंगे न ही किसी भान्ति अन्याय को सहन करेंगे। जातक कलाकार, चल-चित्र, व्यवसाय, खाने-पीने की वस्तुओं से सम्बन्धित, समाज सुधारक, अध्यापन सम्बन्धी कार्यों में सफल होते हैं। **शुभ नग पुखराज** है। शुभ वैवाहिक जीवन के लिए **पन्ना** धारण करें। भाग्योन्नतिकारक वर्ष २४, २८, ३३, ३८, ४५ वर्ष होते हैं।

पुस्तकों के महासागर में से मोती रूप पुस्तकें वी. पी. द्वारा मंगवाएँ

टैक्निकल पुस्तकें

पुस्तक	मूल्य
सट्टे का कल्प वृक्ष (मंदा-तेजी)	120 रु.
मोटर मैकेनिक गाईड	50 रु.
मोटर वाईडिंग	40 रु.
पशु चिकित्सा	150 रु.
विवाहित आनन्द	40 रु.
गर्भावस्था व शिशुपालन	150 रु.
कष्टनिवारक उपाय-टोटके	100 रु.
संस्कृत-हिन्दी कोष	350 रु.
व्यापार रत्न	350 रु.
तबला वादन कोर्स	80 रु.
Dictionary (Big)	250 रु.
हिन्दी शब्द कोष	300 रु.
ताश के जादू	60 रु.
स्माल स्केल इण्डस्ट्रीज़ (बड़ी)	200 रु.
इंग्लिश स्पीकिंग कोर्स	200 रु.
कम्प्यूटर कोर्स (बड़ा)	280 रु.
इलैक्ट्रिक गाईड	120 रु.
फोटोग्राफी व कलर प्रोसेसिंग	80 रु.
जूडो कराटे सीखें	60 रु.
हारमोनियम सीखिए	80 रु.
होम टेलरिंग कोर्स	80 रु.
सिलाई कटाई शिक्षा	75 रु.
101 मैजिक ट्रिक्स	60 रु.
मोटर ड्राइवरी शिक्षा	60 रु.
हिन्दी उर्दू टीचर	30 रु.
घरेलू आयुर्वेदिक गाइड	200 रु.
महिलाओं के उद्योग	120 रु.
पोल्ट्री फार्मिंग	150 रु.
मॉडर्न सोप इन्डस्ट्रीज़	300 रु.
कॉस्मेटिक्स इन्डस्ट्रीज़	200 रु.
इन्वर्टर सर्विसिंग	80 रु.
ए. सी. मोटर वाईंडिंग	80 रु.
स्क्रीन प्रिंटिंग गाईड	150 रु.
आर्य संगीत रामायण (नाटक)	151 रु.

घर में रखने योग्य पुस्तकें

पुस्तक	मूल्य
बनाइये खाना वेजीटेरियन	90 रु.
खाना खजाना	250 रु.
कुकरी बुक (बड़ी)	100 रु.
आचार, चटनी व मुरब्बे	60 रु.
भारतीय व्यंजन	60 रु.
आलू पनीर के व्यंजन	40 रु.
माइक्रोवेव कुकिंग	60 रु.
फल सब्जी से चिकित्सा	60 रु.
चाइनिज़ कुकरी	60 रु.
शहनाज़ ब्यूटी बुक	140 रु.
योगासन चिकि. स्वा. रामदेव	125 रु.
प्राणायाम चिकित्सा	50 रु.
ब्यूटी पार्लर कोर्स (रंगीन)	180 रु.
हिन्दुओं के व्रत और त्यौहार	60 रु.
55 चालीसा एवं आरती संग्रह	50 रु.

चिकित्सा सम्बन्धी पुस्तकें

पुस्तक	मूल्य
एलोपेथिक चिकि. (कोकचा)	200 रु.
वृहद् होम्योपैथिक चिकित्सा	180 रु.
अमृतसागर	200 रुपए
माधवनिदान	100 रुपए
स्वदेशी चिकित्सा सार	70 रुपए
घर का वैद्य	80 रुपए
रसराज महोदधि	250 रुपए
आयुर्वेदिक गाईड	300 रुपए
अनुपम आयुर्वेदिक गाईड	100 रुपए
एलोपैथिक मैडी. गाईड	135 रुपए
होम्योपैथी द्वारा ईलाज	50 रुपए
योगासन एवं साधना	60 रुपए
वृहद् बूटी प्रचार	50 रुपए
जड़ी-बूटियाँ	60 रुपए
आयुर्वेद सार संग्रह (वैद्यनाथ)	210 रु.
यूनानी चिकित्सा सार (वैद्यनाथ)	150 रु.
सचित्र योगासन व ध्यान	95 रु.
वनौषधि शतक (वैद्यनाथ)	100 रु.
भैषज्य भास्कर	60 रु.
ईलाजुलगुर्बा	100 रु.
दादी माँ के नुस्खे	80 रु.
भोजन द्वारा चिकित्सा	60 रु.
आयुर्वेद मंथन	50 रु.
महत्त्वपूर्ण जड़ी-बूटियां	300 रु.
रसेन्द्र सार संग्रह	245 रु.
गुणकारी जड़ी-बूटियां	60 रु.
आयुर्वेदिक पेटेण्ट चिकित्सा	80 रु.
होम्योपैथिक चिकित्सा	70 रु.
भावप्रकाश निघन्टु	135 रु.
योग के अद्भुत चमत्कार	60 रु.
आपका आरोग्य आपके हाथ	65 रु.
योगासन	60 रु.
प्राकृतिक चिकित्सा	60 रु.
घरेलू इलाज	60 रु.
चरक संहिता (सम्पूर्ण)	175 रु.
आयुर्वेद चिकित्सा विज्ञान	250 रु.
योगासन व स्वास्थ्य	80 रु.
प्राणायाम कुण्डलिनी हठयोग	60 रु.

यन्त्र-मन्त्र-तन्त्र

पुस्तक	मूल्य
काली किताब	500 रु.
काली किताब (छोटी)	200 रु.
महाइन्द्रजाल	500 रु.
असली प्राचीन इन्द्रजाल	100 रु.
शाबर मंत्र विद्या	80 रु.
तंत्र-मंत्र-यंत्र रहस्य	300 रु.
यंत्र-मंत्र महाशास्त्र	1000 रु.
काला ईल्म	100 रु.
इस्लामी तंत्र शास्त्र	90 रु.
हिन्दू तंत्र शास्त्र	105 रु.
श्री दुर्गा साधना तंत्र	150 रु.
भारतीय तंत्र विद्या	200 रु.
अनुभूत यंत्र तंत्र और टोटके	120 रु.
बगुलामुखी रहस्यम्	60 रु.
कालिका सिद्धि	150 रु.
सिद्ध शाबर मन्त्र	150 रु.
तांत्रिक सिद्धियां	80 रु.
काली तंत्र शास्त्र	100 रु.
तारा तंत्र शास्त्र	90 रु.
तांत्रिक मुद्रा विज्ञान	95 रु.
तंत्र विद्या के अद्भुत प्रयोग	60 रु.
यंत्र-मंत्र-तंत्र टोटके	50 रु.
छिन्नमस्तका तंत्र शास्त्र	80 रु.
ब्रह्मास्त्र विद्या व बगुलामुखी सा.	700 रु.
महाकाल संहिता	600 रु.
तंत्र द्वारा यश धन प्राप्ति	60 रु.
11000 गंडे ताबीज़ और टोटके	300 रु.
महाशक्तिशाली टोने टोटके	300 रु.
महाकाल संहिता (4 भाग)	2400 रु.
तन्त्रराजतन्त्रम् (2 भाग)	1200 रु.
श्रीदेवीरहस्यम् (2 भाग)	1200 रु.
मंत्र रहस्य	100 रु.
यंत्र विधान	200 रु.
यंत्र विद्या के 121 प्रयोग	90 रु.
नवग्रह अनुकूलन तंत्र	60 रु.
धन प्रदायक साधनाएं	60 रु.
ग्रह नक्षत्र तंत्रम्	60 रु.
श्री यन्त्रम् महिमा	60 रु.
मनोकामना सिद्धि	60 रु.
वशीकरण मन्त्र	60 रु.
चीन बंगाल का जादू	50 रु.
कामाक्षा मन्त्र	60 रु.
सूर्य तन्त्रम्	60 रु.
कामाख्या उपासना	80 रु.
रुद्रायमल तंत्र (बड़ा)	150 रु.
परमसिद्ध 121 चमत्कारी यन्त्र	80 रु.

कर्मकाण्ड सम्बन्धी पुस्तकें

पुस्तक	मूल्य
गण्डमूल नक्षत्र शांति प्रयोग	50 रु.
कार्तिक स्त्री प्रसूता शांति	20 रु.
जन्मदिन पूजा पद्धति	30 रु.
कर्मकाण्ड प्रदीपः	95 रु.
विवाह पद्धति	60 रु.
शिवरात्रि व्रत कथा (भा. टी.)	25 रु.
कर्मकाण्ड पद्धति	125 रु.
दुर्गा सप्तशती (भा. टी.)	75 रु.
नित्यपूजा (क्यों और कैसे ?)	150 रु.
कर्मकाण्ड भास्कर	100 रु.
कर्मकाण्ड भारती	100 रु.
पूजा पद्धति	50 रु.
पूजा भास्कर	60 रु.
हवन रहस्यम्	60 रु.
नवग्रह पूजा विधान (नवग्रह उपायों सहित)	30 रु.
नित्यकर्म व देवपूजा पद्धति	55 रु.
रुद्राष्टाध्यायी भा. टी.	60 रु.
श्रीसूक्तम् व कनकधारा	20 रु.
महालक्ष्मी पूजन विधान	25 रु.
गरुड़ पुराण (भाषा टीका)	70 रु.
गरुड़ पुराण (भाषा) बड़ा	150 रु.
सनातन संस्कार विधि	150 रु.
षोडश संस्कार पद्धति	150 रु.
श्राद्ध विवेक	150 रु.
नित्यकर्म पद्धति	65 रु.
पितृकर्म पद्धति	75 रु.
सर्वदेव पूजा पद्धति	25 रु.
सर्वदेव प्रतिष्ठा प्रकाश	200 रु.
हवन पद्धति	50 रु.
वशिष्ठी हवन पद्धति	30 रु.
आदित्य हृदय स्तोत्र (भा.टी.)	18 रु.
सर्वदेव प्रतिष्ठा (लघु)	150 रु.
अन्त्येष्टि कर्म रहस्यम्	50 रु.
सर्व व्रतोद्यापन रहस्यम्	200 रु.
नित्यकर्म पूजा प्रकाश	60 रु.
दुर्गार्चन पद्धति	150 रु.

अपने आर्डर के साथ 50/- रु. पेशगी अवश्य भेजें। वी.पी. द्वारा मंगवाने का पता--

जनरल बुक डिपो

अड्डा होशियारपुर, जालन्धर शहर। फोन--2457959

मानव जीवन को सुधारने वाले धार्मिक ग्रन्थ

गो. तुलसीकृत रामायण (भाषा-टीका)

आठ काण्ड वाली सम्पूर्ण रामायण जिसमें गो० स्वामी तुलसी कृत दोहे व चौपाइयों को इतनी सरल भाषा में दिया गया है कि साधारण पढ़ा लिखा व्यक्ति भी श्रीराम चरित् की महिमा को हृदयांगम कर सकता है। इस पवित्र रामायण को पठन-पठनार्थ घर में रखना अथवा दान-दहेज में देना पुण्य का काम समझा जाता है। सुन्दर छपाई, चित्रों सहित व मोटे अक्षरों में इस रामायण की कीमत 301/- रु.। आर्डर के साथ 100 रुपए पेशगी अवश्य भेजें। मध्यम रामायण का मूल्य 150 रु. (डाक व्यय अलग)

श्री वाल्मीकि रामायण (सचित्र)

हिन्दी भाषा में सुन्दर मोटे अक्षरों में प्राप्य हैं। (मूल्य 250 रु.) ये ग्रन्थ **पंजाबी भाषा** में भी उपलब्ध हैं। मूल्य 800 रुपए। डाक व्यय अलग।

श्री प्रेम सागर (सचित्र)

प्रेम, भक्ति और भावना से परिपूर्ण भगवन् श्री कृष्ण की बाल लीलाओं तथा उनके जीवन चरित्रों का सजीव एवं सचित्र वर्णन जिसे धर्म में श्रद्धा रखने वाले प्रत्येक व्यक्ति को पढ़ना चाहिए। मूल्य 150 रुपए, डाक व्यय अलग।

सुखसागर बड़ा

श्रीमद्भागवत पुराण के 12 स्कन्धों का सरल हिन्दी अनुवाद जिसमें भगवान् विष्णु के 24 अवतारों का विशद वर्णन, शुकदेव जी द्वारा राजा परीक्षत को श्री कृष्ण, इत्यादि तत्त्वों को उदाहरण देकर समझाया गया है। इसके श्रवण और मनन मात्रा से परम शान्ति प्राप्त हो जाती है। मूल्य सचित्र 300 रुपए, आर्डर के साथ 100 रुपए पेशगी अवश्य भेजें। **मध्यम सुखसागर-मूल्य 175 रु.।**

सम्पूर्ण 'कार्तिक माहात्म्य'

प्रस्तुत पुस्तक में कार्तिक मास में व्रत, स्नान, पूजन आदि के विशेष नियम, तुलसी एवं श्रीगङ्गा की उत्पत्ति, तुलसी, आँवला, पोपल, करवा-चौथ, अहोई व्रत तथा कार्तिक मास में दीप दान एवं मार्जन का महत्त्व, मुख्य पर्वों जैसे-एकादशी, धन, त्र्योदशी, दीपावली, अन्नकूट, भाई-दूज, भीष्मपंचक, कार्तिक व्रत उद्यापन, तुलसी विवाह विधि, तुलसी स्तोत्र एवं आरती और भगवान की आरतियां संग्रहीत हैं। मूल्य-30 रु.

अष्टावक्र गीता

चित्त के सन्देहों को दूर करने एवं ज्ञान के मुमुक्षयों को तमोमय अंधकार नष्ट करने तथा शान्त, अद्वैत और निर्मल आत्मा के लिए इस पुस्तक का अध्ययन अवश्य करना चाहिए। **(मूल्य 150 रु.)**

श्री दुर्गा सप्तशती (भाषाटीका)

भगवती देवी पर यह पुस्तक अनेक वर्षों से अप्रकाशित रही है जोकि अब पं० देवी दयालु ज्योतिष कार्यालय से प्रकाशित हो चुकी है। इसमें दुर्गा हवन विधि, सिद्ध सम्पुट मन्त्र नवार्ण, दुर्गा पाठ, शतचण्डी विधि श्री दुर्गा पाठाध्याय के अतिरिक्त और भी बहुत विशेषताओं का समावेश कर दिया गया है। मूल्य केवल 65 रुपए। सजिल्द 75 रुपए।

श्री हरिवंश पुराण

निःसन्तान दम्पत्ति को सन्तान प्रदान करने वाला, निर्धन को धन देने वाला और महापातकी मनुष्य के सब पापों का नाश कर देने में समर्थ ये 'हरिवंश पुराण' सुनने से अथवा पढ़ने से कलियुग में व्यक्ति महापापों से भी मुक्त हो जाता है।

मूल्य 350 रुपए।

श्रीमद्भगवत् गीता (सचित्र)

भगवद् गीता विश्व ज्ञान का अपूर्व भण्डार है जिसमें कर्म, भक्ति और ज्ञान का अद्भुत समन्वय मिलता है। अर्जुन को दिया गया भगवान् कृष्ण का परम ज्ञान जो प्रत्येक भारतीय के लिए आवश्यक है। 18 अध्याय वाली माहात्म्य व अनेक आरतियों सहित यह पुण्य ग्रन्थ आज ही मंगवाएँ। **मूल्य 150 रु.।**

चारों वेद (भा. टी.)

ऋग्वेद-4 खण्डों में, यजुर्दवेद-1 खण्ड, अर्थर्ववेद-2 खण्ड, समावेद-1 खण्ड में उपलब्ध हैं जिसे प्रत्येक भारतीय को अवश्य पढ़ना चाहिए। आज ही मंगवाएँ। **मूल्य सम्पूर्ण सैट-650 रु.।**

श्री शिव महापुराण (बड़ा) सचित्र

जिसमें शिव महिमा, पार्थिव, पूजन, शिव पूजन विधि, सृष्टि वर्णन, योग वर्णन इत्यादि पौराणिक कथाओं सहित विस्तृत वर्णन दिया गया है। शिव-भक्ति में श्रद्धा रखने वालों के लिए अनिवार्य ग्रन्थ है। **मूल्य केवल 280 रु.।** मनीआर्डर के साथ 50 रुपए पेशगी अवश्य भेजें। डाक व्यय 40 रु. पृथक।

शिवरात्रि व्रत कथा (भा. टी.) 25/-

कुछ अन्य उपयोगी ग्रन्थ

ग्रन्थ	मूल्य
श्रीमद्देवी भागवत पुराण	221/-
श्री विष्णु पुराण	200/-
श्री विश्वकर्मा महापुराण	150/-
योग वशिष्ठ (दो भाग)	500/-
व्यापार रत्न	350/-
धर्मसिन्धु (भाषा टीका)	450/-
निर्णयसिन्धु (भाषा टीका)	500/-
व्रतराज	425/-
चाणक्य नीति	60/-
विदुर नीति	60/-
महामृत्युञ्जय साधना	80/-
श्री गरुण पुराण (प्रेतकल्प)	70/-
कर्मकाण्ड कुसुमाञ्जली	35/-
कर्मकाण्ड प्रदीपः	95/-
कर्मठगुरु	**90/-**
कवच संग्रह (भा.टी.)	80/-
भद्रबाहु संहिता (मंदा-तेज़ी पर)	150/-
लाल किताब गुटका	135/-
मंत्र महोदधि	500/-
षोडश संस्कार पद्धति	120/-
वास्तु शान्ति प्रयोग	25/-
मन्त्र सागर	100/-
बगुलामुखी उपासना	60/-
मंत्र द्वारा कामना सिद्धि	60/-
मंत्र द्वारा रोग निवारण	60/-
मंत्र शक्ति	60/-
मनोकामना पूरक मंत्र	60/-
वृहद् कौवा तंत्र	50/-
सूर्यशक्ति से इलाज	25/-
तंत्र द्वारा यश धन प्राप्ति	50/-
आरती संग्रह ग्लेज़चित्र	30/-
योग वसिष्ठ महारामायण	250/-
55 चालीसा संग्रह आरतियों सहित	50/-
गरुड़ पुराण भा. टी.	70/-
विशाल हस्त सामुद्रिक	100/-
सन्तानगोपाल स्तोत्र	15/-
विशाल भृगु संहिता पद्धति	300/-
पं. देवीदयालु का राशिफल	**36/-**
माघ महात्म्य	30/-
चन्द्र हस्त विज्ञान	**395/-**
कार्तिक महात्म्य	30/-
ज्योतिष सर्व संग्रह	55/-
सन्तान गोपाल स्तोत्र	15/-
असली आल्हाखण्ड	**151/-**
विवाहपद्धति देवीदयालु	**60/-**
दुर्गा सप्तशती (भा. टी.)	**65/-**
सूर्य पुराण भाषा	100/-
हस्त रेखा विज्ञान	60/-
सूर्य उपासना	60/-
तान्त्रिक सिद्धियाँ	80/-
रामायण तर्ज राधेश्याम	150/-
दुर्गार्चन रहस्यम्	150/-
श्री हरिवंश पुराण (मध्यम)	150/-
श्रीगणेश महापुराण	225/-
मनुस्मृति	200/-
देवी-देवता सिद्धि	60/-
कर्मकाण्ड पद्धति	**125/-**
भजन सरोवर	150/-
लाल किताब (हिन्दी)	800/-
शिव मंत्रावली	160/-

अपने आर्डर के साथ 50/- रुपए पेशगी अवश्य भेजें। अपना नाम व पता साफ पूरा लिखें। वी. पी. द्वारा मंगवाने का पता-

जनरल बुक डिपो

अड्डा होशियारपुर, जालन्धर शहर

फोन-2457959

ज्योतिष सम्बन्धी प्रामणिक पुस्तकें वी० पी० द्वारा मंगवाएँ

पं० देवी दयालु ज्यो० जालन्धर द्वारा प्रकाशित पुस्तकें

पुस्तक	मूल्य
श्री अर्द्धशताब्दी पंचांग	740 रु.
श्रीदशवर्षीय पंचांग (1994-04 ई.)	200 रु.
दशवर्षीय पंचांग (2004-14 ई.)	400 रु.
मुफीद आलम जन्त्री (हिन्दी-उर्दू-पंजाबी)	60 रु.
वर्षफल चन्द्रिका	80 रु.
ज्योतिष तत्त्व (गणित खंड)	95 रु.
ज्यो. तत्व (फलित खण्ड-I)	275 रु.
ज्यो. तत्व (फलित खण्ड-II)	275 रु.
शिव मन्त्रावली	**160 रु.**
अनिष्ट ग्रहों के चमत्कारी उपाय-टोटके	60 रु.
विवाह पद्धति	55 रु.
दुर्गा सप्तशती (हिन्दी-भाषा)	65 रु.
श्री दुर्गासप्तशती (भा.टी.)	65 रु.
गण्डमूल शान्ति प्रयोग	**50 रु.**
कार्तिक स्त्री प्रसूता शान्ति	20 रु.
नवग्रह पूजा विधान	30 रु.
जन्मदिन पूजा पद्धति	30 रु.
कार्तिक माहात्म्य	30 रु.
55 चालीसा आरती संग्रह	50 रु.
लघु पंचांग दिवाकर	25 रु.
शिवरात्रि व्रत कथा-भा.टी.	25 रु.
षड्वर्गीय जन्मपत्रिका (28 पृ.)	10 रु.
जन्माङ्क पत्रिका (16 पृ.)	8 रु.
जन्माङ्क पत्रिका (12 पृ.)	6 रु.
ज्यो० ज्ञान शास्त्र (गुरमुखी)	100 रु.
टेवा फार्म छपा/प्लेन	110 रु. सैंकड़ा
श्री सूक्तम्-कनकधारा स्तोत्र	21 रु.
लाल किताब (गुरमुखी)	120 रु.
फलित ज्योतिष (गुरमुखी)	400 रु.
राशिफल सन् 2013 ई.	36 रु.

अन्य प्रकाशनों की ज्यो. सम्बन्धी प्रामाणिक पुस्तकें

पुस्तक	मूल्य
कालसर्प योग-शोध संज्ञा	415 रु.
ग्रह और भावबल	55 रु.
ग्रहरोग निदान चिकित्सा	75 रु.
ग्रहलाघव-गणेश दैवज्ञ	275 रु.
चमत्कार चिन्तामणि	245 रु.
जातक निर्णय (2 भाग) (बी.वी. रमण आधारित)	290 रु.
जातक-पारिजात (2 भाग)	600 रु.
ज्योतिष और हम	65 रु.
ज्योतिष जगत्	50 रु.
ज्योतिष तत्त्व प्रकाश	245 रु.
ज्योतिष रत्नाकर	325 रु.
ज्योतिष रहस्य	195 रु.
ज्यो. शास्त्र में रोग विचार	145 रु.
ज्यो. शास्त्र में स्वर विज्ञान	95 रु.
जीवनफल दर्पण	75 रु.
जैमिनी ज्यो. का अध्ययन	55 रु.
षड्वर्ग फलम्	200 रु.
गणेश होरा शास्त्रम्	500 रु.
राशिफल विचार	160 रु.
परमायु दशा	150 रु.
ज्यो. और रोग (2 भाग)	300 रु.
तीन सौ महत्त्वपूर्ण योग	115 रु.
त्रिफला	125 रु.
दशाफल दर्पण	100 रु.
दशाफल विचार	60 रु.
पुत्रेष्टि अनुष्ठान	495 रु.
समृद्धि सूत्र (2 भाग)	925 रु.
प्रश्नचन्द्र प्रकाश	95 रु.
फलदीपिका	175 रु.
फलित ज्यो. में कालचक्र	85 रु.
बृहज्जातकम्	220 रु.
मंत्र पुष्पाञ्जली	395 रु.
मेलापक मिमांसा	395 रु.
मंत्र संदर्शन	295 रु.
मुहूर्त-चिन्तामणि (पीयूषधारा)	265 रु.
मुहूर्त्त गणपति	295 रु.
मुहूर्त्त मार्तण्ड	135 रु.
मुहूर्त्त पारिजात	150 रु.
योग-शृंखला (2 खण्ड)	795 रु.
लग्नचन्द्रप्रकाश	245 रु.
लघुपराशरी सिद्धान्त	295 रु.
लघुपराशरी भाष्य	225 रु.
लघुपराशरी	**60 रु.**
वैवाहिक सुख	**295 रु.**
वैवाहिक विलम्ब के आयाम	345 रु.
शनि शमन (दो भाग)	600 रु.
शत्रु शमन	195 रु.
हस्तरेखा सामुद्रिक शास्त्र	125 रु.
हस्तरेखा विज्ञान	160 रु.
चन्द्रहस्त विज्ञान	395 रु.
सन्तानसुख-सर्वाङ्ग चिंतन	245 रु.
होरा-रत्नम्	790 रु.
नक्षत्र विचार	250 रु.
भृगु संहिता	300 रु.
मंगलीक योग भ्रान्ति निदान	135 रु.
कालसर्प योग कारण-निवारण	200 रु.
शनि-साढ़ेसति से छुटकारा	40 रु.
दशाफल दर्पण	300 रु.
ज्योतिष सर्वस्व	300 रु.
जातक सत्याचार्य	80 रु.
केवलज्ञान प्रश्न चूड़ामणि	100 रु.
भारतीय ज्यो. (नेमिचंद्र शा.)	320 रु.
काली किताब	450 रु.
काली किताब (मध्यम)	200 रु.
रावण संहिता (बड़ा)	2000 रु.
रावण संहिता (मध्यम)	600 रु.
लाल किताब (वृहद्)	2000 रु.
लाल किताब	800 रु.
लाल किताब-टोटके	120 रु.
लाल किताब कष्ट निवारण	150 रु.
लाल किताब-पं. किसनलाल	250 रु.
प्रश्न भास्कर	80 रु.
प्रश्न विद्या	60 रु.
प्रश्न दर्पण	120 रु.
प्रश्न रहस्य	120 रु.
सारावली	225 रु.
वृहद्पराशरहोराशास्त्र	250रु.
सामुद्रिक शास्त्र (2 भाग)	600 रु.
विंशोंतरी दशाफल निर्णय	150 रु.
उलझे प्रश्न सुलझे उत्तर	60 रु.
जातकालंकार (भा.टी.)	60 रु.
गोचर विचार	60 रु.
चुने हुए ज्योतिष योग	60 रु.
कर्ज से मुक्ति	120 रु.
पितृदोष कारण-निवारण	120 रु.
विदेश जाने के उपाय	150 रु.
दशाफल विचार (वृहद्)	200 रु.
सन्तान सुख विचार	200 रु.
ज्यो. गणित व खगोल-शास्त्र	200 रु.
भावफल् विचार (2 भाग)	300 रु.
फलित ज्योतिष	135 रु.
बुद्धि विद्या विचार	200 रु.
गृह क्लेश क्यों ?	120 रु.
महाशक्तिशाली टोने-टोटके	300 रु.
5001 प्रभावशाली टोने-टोटके	200 रु.
11000 गंडे तावीज टोटके	300 रु.
नक्श सूलेमानी	150 रु.
प्रश्न-मार्ग (दो. खण्ड)	300 रु.
आयुनिर्णय	200 रु.
प्रश्न फल निर्णय	100 रु.
सम्पूर्ण ज्यो. विज्ञान	200 रु.
फलित दर्पण	300 रु.
सुगम वैदिक ज्योतिष	350 रु.
शनि शांति सरल उपाय	450 रु.
मंगली दोष कारण-निवारण	100 रु.
उत्तर कालामृत	300 रु.
रत्न ज्योतिष	60 रु.
रत्न पहने भाग्य बदलें	80 रु.
रत्न प्रदीप	100 रु.
सम्पूर्ण रत्न विज्ञान	120 रु.
रत्न और रूद्राक्ष-भाग्य	250 रु.
रत्न परिचय	40 रु.
रत्नों का रहस्यमय संसार	200 रु.
आपका भाग्यरत्न	60 रु.
अंक विद्या रहस्य	60 रु.
अंकों में छिपा भविष्य	60 रु.
अंकों का अद्भुत संसार	125 रु०
अंक ज्योतिष (कीरो)	60 रु.

वास्तुशास्त्र विज्ञान पव

पुस्तक	मूल्य
सम्पूर्ण वास्तुशास्त्र	120 रु.
वास्तुशास्त्रानुसार भवन निर्माण	150 रु.
विना तोड़-फोड़ वास्तुशास्त्र	100 रु.
रेमिडियल वास्तुशास्त्र	150 रु.
व्यावहारिक वास्तुशास्त्र	100 रु.
वास्तुकला और भवन निर्माण	150 रु.
वास्तुशास्त्र रहस्य	400 रु.
वास्तुशास्त्र रहस्य (2 भाग)	450 रु.
फेंगशुई 151 स्वर्णिम सूत्र	100 रु.
इंटीरियर डिजाइनिंग वास्तुशास्त्र	200 रु.

ज्योतिष की दुर्लभ

"लाल किताब"

(उर्दू भाषा में फोटोस्टेट) असली अब उपलब्ध है। मूल्य 1750 रु. (डाक व्यय सहित)
हिन्दी रुपान्तरण 'अरुण संहिता' मूल्य 550 रु.

सभी प्रकार की पुस्तकें मंगवाने का पता :

50 रु. अग्रिम मनीआर्डर द्वारा अवश्य भेजें।

जनरल बुक डिपो,
अड्डा होशियारपुर चौंक,
जालन्धर शहर (पंजाब)
फोन-0181-2457959

स्थापित सं० 1875 ई०

मशहूर आलम पण्डित देवी दयालु ज्योतिष संस्थान के सर्वप्राचीन प्रतिष्ठित

पंचाँग दिवाकर ज्योतिष कार्यालय के नियम

गौरवमयी वर्ष प्रवेश 138 वाँ

परम पिता परमात्मा की असीम कृपा से उत्तरी भारत में सर्वप्राचीन एवं सुप्रतिष्ठित मशहूर पण्डित देवी दयालु ज्योतिष संस्थान से छपने वाली सुप्रसिद्ध पंचाँग दिवाकर व मुफीद-आलम जन्त्री, उर्दू, हिन्दी, पंजाबी एवं अन्य ज्योतिष व धार्मिक प्रकाशनों को, पंचाँग प्रवर्तक पं० देवी दयाल (लाहौर) से लेकर आज तक की दीर्घावधि में राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर जो ख्याति प्राप्त हुई है, वह हमारे सुविज्ञ पाठकों से छिपी नहीं।

हमारे ज्योतिष कार्यालय में प्रामाणिक जन्मपत्री एवं वर्षफल आदि शुद्ध गणित द्वारा तैयार किए जाते हैं जिससे आप घर बैठे ही अपना भविष्य जान सकते हैं। **ध्यान रहे,** सही फलादेश का आधार वैज्ञानिक ढंग से बनी शुद्ध जन्मपत्री है। जीवन के महत्त्वपूर्ण पक्षों जैसे विद्या में सफलता, व्यवसाय एवं कैरियर सम्बन्धी प्रश्न, भाग्योदय, विवाह-सन्तानादि, पारिवारिक सुख, विदेश गमन योग इत्यादि प्रश्नों के उत्तर जन्मपत्री एवं ग्रहों के आधार पर अनुशीलन करके भेजे जाते हैं। यदि ग्रहों सम्बन्धी कोई विघ्न बाधाएं हों, तो अनिष्ट ग्रहों के उपाय भी शास्त्रोक्त विधि पर आधारित बतलाए जाते हैं।

मध्यम जन्मपत्री–संक्षिप्त रूप से अपना भविष्य जानने के लिए जन्म तारीख, जन्म समय, जन्म स्थान, पिता का नाम, दादा का नाम, गोत्र आदि लिखें। जिसकी फीस 551/- रु. होगी। विदेश में उत्पन्न जातक की जन्मपत्री के लिए 751/- रु. अथवा 21 पौंड होगी।

सम्पूर्ण वृहद् जन्मपत्री–आपके जीवन के महत्त्वपूर्ण पक्ष जैसे–नौकरी, व्यवसाय, शिक्षा, विवाहादि के सम्बन्ध में विशेष रूप से विवरण तथा हस्तलिखित उपाये दिए जाते हैं। बड़ी हस्तलिखित जन्मपत्री बनवाने के लिए जन्म समय, जन्म स्थान, जन्म तारीख, गोत्र, प्रसिद्ध नाम, पिता तथा माता का नाम, दादा का नाम, वर्तमान व्यवसाय आदि लिख भेजें। इस **मध्यम षड्वर्गी जन्मपत्री** के लिए फीस 851/- रु. होगी। **वृहद् जन्मपत्री की फीस 1250/- रु. होगी।** विदेश में उत्पन्न जातक के लिए फीस 1600/- रु. अथवा 31 पौंड होगी। डाक व्यय अलग। वृहद् सप्तवर्गी (40 पृष्ठ) जन्मपत्री की फीस 2100/- रु. होगी जिसमें कैरियर सम्बंधी विशेष मार्गदर्शन एवं विशिष्ट उपायों का विवरण होगा।

कम्प्यूटर (Computerized) शुद्ध / वैज्ञानिक जन्मपत्री–लैटेस्ट प्रामाणिक सौफ्टवेयर से तैयार कम्प्यूटर जन्मपत्री एवं हस्तलिखित उपायों सहित मध्यम 501/- रु., वृहद् षड्वर्गी फलादेश व हस्तलिखित उपायों सहित 851/- रु.

पत्र व्यवहार एवं मनीआर्डर / ड्राफ्ट भेजने के लिए पता–

पं. पन्ना लाल ज्योतिषी M.A. (संस्कृत-हिन्दी) (गणितकर्त्ता)

पंचांगदिवाकर ज्योतिष कार्यालय (पं. देवी दयालु ज्योतिषी एण्ड सन्ज़)

चौंक अड्डा होशियारपुर, जालन्धर (पंजाब)-पिन 144008

वर्षफल–आपके लिए आगामी वर्ष [illegible] कुण्डली की फोटो कापी अवश्य साथ भेजें। यदि [illegible] समय, तारीख, सन् ई०, व्यवसाय [illegible] पारिवारिक व कारोबारी समस्या स्पष्ट लिखें [illegible] लिखें। फलादेश के लिए फीस 501/- रुपए होगी। [illegible] भेजें। विदेश के लिए 21 पौंड होगी। डाक व्यय अलग।

वायदा एवं शेयर व्यापारियों को विशेष सूचना

वायदा व हाज़िर व्यापारियों के लिए रुई, सोना, चाँदी, कापर, बिनौले, खल, सरसों, गुड़, चने आदि के लिए दैनिक चाँस की एडवांस (Advance) रूप में अर्थात् आने वाले महीने की खास मासिक रिपोर्ट तैयार की जाती है। **एक मास की प्रति (एक) जिन्स की फीस 751/-रु. होगी।** जोकि मनीआर्डर या ड्राफ्ट आने पर लिखित रूप में एक महीने की एडवांस रिपोर्ट भेजी जाएगी।

जो सज्जन/व्यापारी प्रतिदिन रिपोर्ट के अतिरिक्त फोन पर भी बातचीत कर किसी जिन्स या शेयर बाज़ार का रूख जानना चाहते हैं, उनके लिए फीस 2500/-रु. मासिक होगी। फीस (Advance) आने पर ही आगामी मास की रिपोर्ट बेजी जाएगी।

शेयर-बाज़ार–शेयर बाज़ार के उतार-चढ़ाव तथा प्रमुख शेयरों में तेज़ी के चाँस के लिए शेयर बाज़ार की दैनिक अर्थात् एडवांस मासिक रिपोर्ट की फीस 751/-रु.। विस्तृत विज्ञापन **'व्यापारिक वस्तुओं व शेयरों में मन्दा-तेजी'** लेख के प्रारम्भ में देखें। प्रतिदिन फोन पर रुख जानने के लिए फीस 2500/-रु. मासिक होगी।

M.O./ ड्राफ्ट भेजने के लिए पता : फोन-0181-2457959

पं. विवेक शर्मा सुपुत्र पं. पन्ना लाल ज्योतिषी, अड्डा होशियारपुर, जालन्धर-8 (पं.)